# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 156 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शुक्रवार 05 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय किसान सभा की मांग, गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति कुंटल की जाए

नई दिल्ली। भारत सरकार कैपिटल द्वारा कैबिनेट द्वारा 2023–23 के लिए गन्ने का मूल्य 305 प्रति कुंतल निश्चित किए जाने पर अखिल भारतीय



किसान सभा ने गंभीर आपत्ति दर्ज की है। सरकार का दावा कि पिछले कई वर्षों की तुलना में वर्तमान गन्ना लागत का समर्थन 305 रुपए प्रति क्विंटल की दर तय किया जाना एक बड़ी कामयाबी है। सरकार का यह दावा हास्यास्पद है। पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत गन्ना मूल्य का बढ़ाया जाना किसानों को गंभीर आघात पहुंचा रहा है। पिछले 1 वर्ष में डीजल, पेट्रोल, खाद कीटनाशक एवं खेती किसानी मैं इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के के दाम 25: से अधिक बड़ गए। इसकी तुलना में 2.4: की खरीद वृद्धि किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की मंशा को दर्शाता है।

अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं स्वामीनाथन कमीशन के सदस्य अतुल कुमार कुमार अनजान देश के पांच करोड़ गन्ना किसानों को सीटू प्लस 50 के आधार पर 450 प्रति क्विंटल राम न्यूनतम दाम निर्धारित किए जाने की मांग की है। किसान सभा महामंत्री ने आगे यह भी कहा कि अब मात्र किसानों को गन्ना से पैदा हुई शक्कर के दामों में हिस्सेदारी नहीं चाहिए बल्कि गन्ना से मिलो मे पैदा होने वाली बिजली, शीरा अल्कोहल, बगांश और उससे बनने वाले कागज, दफ्ती से होने वाली आय में भी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।

### ईडी ने बेंगलुरु की कावेरी टेलीकाम की 40 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु की एक कंपनी के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में




40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है केंद्रीय एजेंसी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कावेरी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के आवासीय अपार्टमेंट, प्लॉट, कृषि भूमि और बैंक जमा को कुर्क करने का एक शुरुआती आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 40.14 करोड़ रुपये है। यह धन शोधन का मामला जुलाई, 2015 में बेंगलुरु में सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधक शाखा द्वारा कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के बाद सामने आया है।

### 200 मीटर रेस के सेमीफाइनल में पहुंची हिमा दास, हैमर थ्रो में मंजू बाला ने फाइनल में किया प्रवेश

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है. वहीं, इस



बीच हिमा दास ने 200 मीटर रेस के सेमीफाइनल में जगह बना ली है. उन्होंने 23.42 सेकेंड के समय में अपनी रेस पूरी की. इसके अलावा हिमा दास हीट में पहले स्थान पर रहीं।

इसके अलावा मंजू बाला ने हैमर थ्रो के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है. दरअसल, मंजू बाला ने 59.68 मीटर का थ्रो किया और क्वालीफाइंग राउंड में 11वें स्थान पर रहीं. हालांकि, भारत की दूसरी एथलीट सरिता फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं. सरिता ने 57.48 मीटर का थ्रो किया, लेकिन फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही. सरिता 13वें स्थान पर रहीं, जबकि टॉप 12 एथलीट को फाइनल में जगह मिली।

वहीं, इससे पहले कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में एथलेटिक्स का पहला मेडल तेजस्विन शंकर ने दिलाया. गौरतलब है कि उन्होंने 2.22 मीटर की हाई जंप लगाकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. यह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में हाई जंप में भारत का पहला मेडल है. इससे पहले भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में एथलेटिक्स में मेडल जीतने में नाकामयाब रहा था।

# गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, नारीशक्तिको आजादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप में लाना सभी का दायित्व : मोदी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वलसाड जिले में श्रीमद राजचंद्र मिशन धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण हुआ है तो पशुओं के अस्पताल का शिलान्यास हुआ है। महिलाओं के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंसी का निर्माण कार्य भी आज से शुरू हुआ है। इससे गुजरात के ग्रामीणों, गरीबों, हमारी माता और बहनों को बहुत लाभ होगा। आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से



बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद् राजचंद्र जी ऐसे ही संत थे जिनका एक विराट योगदान इस देश के इतिहास में है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश की नारीशक्ति को आजादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। केंद्र सरकार आज बहनों–बेटियों के सामने आने वाली हर उस अड़चन को दूर करने में जुटी है, जो उसे आगे बढ़ने से रोकती है। आज भारत स्वास्थ्य की जिस नीति पर चल रहा है उसमें हमारे आसपास के हर जीव के आरोग्य की चिंता है। भारत मनुष्य–मात्र की रक्षा करने वाले टीकों के साथ ही पशुओं के लिए भी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चला रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि ये दुर्भाग्य रहा है कि भारत के ज्ञान को, भारत की असली ताकत से देश और दुनिया को परिचित कराने वाले ओजस्वी नेतृत्व को हमनें बहुत ही जल्द खो दिया। पूज्य बापू महात्मा गांधी ने कहा था कि हमें शायद कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन श्रीमद के लिए एक ही जन्म काफी है। अध्यात्म और सामाजिक दायित्व दोनों कैसे एक दूसरे के पूरक हैं, श्रीमद राजचंद्र जी का जीवन इसका प्रमाण रहा है। उन्होंने अध्यात्म और समाजसेवा की भावना को एकीकृत एवं मजबूत किया, इसलिए उनका प्रभाव आध्यात्मिक और सामाजिक हर लिहाज से गहरा था।

# नेशनल हेराल्ड केस को लेकर संसद में खूब हुआ हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली ।आज संसद के दोनों सदनों में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर विपक्ष जबरदस्त तरीके से सत्ता पक्ष पर हावी रहा। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से यह दावा किया गया कि अगर भ्रष्टाचार हुआ है तो कहीं ना कहीं उसकी जांच जरूर होगी। विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है कि वह राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने के उद्देश्य से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वहीं सत्ता पक्ष इसे पूरी तरीके से खारिज कर रहा है। सत्ता पक्ष का दावा है कि कांग्रेस अपने शासनकाल में ऐसा करती होगी, लेकिन भाजपा ने ऐसा कभी नहीं किया है। इस सप्ताह दोनों सदनों में कुछ कामकाज जरूर देखने को मिला था। हालांकि आज दोनों सदनों में इस जबरदस्त तरीके से हो–हल्ला हुआ जिसके बाद से दोनों सदन के कामकाज आज दिन भर के लिए स्थगित कर दिए गए।

'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और महंगाई के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को लोकसभा में कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी सदस्यों के हंगामे कारण कार्यवाही एक



बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। हंगामे के कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा, वहीं शून्यकाल नहीं चल सका।

सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को बताया कि सेंट्रल विस्टा विकास / पुनर्विकास योजना के तहत 5 परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है और इसमें नये संसद भवन के निर्माण का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। लोकसभा में राजेन्द्र अग्रवाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में शहरी कार्य एवं आवास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने यह जानकारी दी।

बांध सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित समय–सीमा के भीतर 20 राज्यों ने बांध सुरक्षा पर राज्य समिति (एससीडीएस) और 16 राज्यों ने राज्य बांध सुरक्षा संगठन (एसडीएसओ) का गठन किया। लोकसभा में हिबी ईडन के प्रश्न के लिखित उत्तर में जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टूडू ने यह जानकारी दी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से कहा कि उन्हें नियम–प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। उन्होंने मंत्री को उस वक्त यह हिदायत दी जब उन्होंने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र अमरावती के कई गांवों में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पहुंचने से जुड़े महाराष्ट्र सरकार के प्रमाणपत्र की प्रति वह उन्हें दे देंगे।

सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि देश में वर्ष 2017 से 2020 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 4.46 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री की ओर से मुहैया कराए गए आंकड़े के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2017 में 1,47,913 लोगों की मौत हुई।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक बृहस्पतिवार को एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित हो गई।

कुटुम्ब न्यायालय (संशोधन) विधेयक को बृहस्पतिवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच राज्यसभा ने आज इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई तथा अपने शीर्ष नेताओं, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के आवासों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती का मामला उठाया।

# बीजेपी की जीत पर आजमगढ़ को योगी आदित्यनाथ ने दिया रिटर्न गिफ्ट

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक संकीर्णताओं के कारण विभाजनकारी ताकतों की शिकार हुई आजमगढ़ जिले की प्रतिभाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था, मगर यहां चुनावों में पराजय के बावजूद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने हालात बदल दिए हैं. सीएम योगी ने आजमगढ़ में 143 करोड़ रुपए की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम ने कहा याद करिए, पांच वर्ष पहले जब आजमगढ़ का नौजवान अपने जिले से बाहर जाता था तो उसे अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होना पड़ता था क्योंकि अगर वह बोलता था कि मैं आजमगढ़ से आया हूं तो आजमगढ़ के नाम पर उसे होटल में कमरा तक नहीं मिलता था और कोई अपने मोहल्ले में किराए पर भी नहीं रहने देता था. लेकिन इस धारणा को बदलने के लिए प्रधानमंत्री




नरेन्द्र मोदी ने 'एक भारत– श्रेष्ठ भारत' के अभियान को आगे बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने कहा आप सबने हाल ही में संपन्न आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव को विजयी बनाकर देश की सर्वोच्च पंचायत में भेजा है।

इससे आजमगढ़ के बारे में लोगों की अच्छी धारणा बनी है और इससे उत्तर प्रदेश का मान भी बढ़ा है। उत्तर प्रदेश में बीजपी की सरकार 2017 में बनी तो हम लोगों ने प्रदेश के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम तैयार किए. आजमगढ़ में भले ही हमारा विधायक ना रहा हो, लोकसभा चुनाव में भी आजमगढ़ और लालगंज सीट हम हारे थे लेकिन हमने आजमगढ़ के विकास को रुकने नहीं दिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में आजमगढ़ में आकर पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे का शिलान्यास किया. इस एक्सप्रेस वे ने आजमगढ़ के विकास को एक नई गति दी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के माध्यम से आजमगढ़ से मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंचा जा सकता है और पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे और यमुना एक्सप्रेस–वे से मात्र सात घंटे में दिल्ली पहुंच सकते हैं. उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कटाक्ष करते हुए कहा श्वर्षों से यह मांग थी कि आजमगढ़ में एक विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए. पहले बहुत सारे लोग आजमगढ़ आए लेकिन विश्वविद्यालय भी डबल इंजन की सरकार ने ही दिया. अब आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सुहेलदेव विश्व विद्यालय में प्रसिद्ध साहित्यकार रांगेय राघव के नाम से एक नई शोध पीठ स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा आजमगढ़ साहित्यकारों की धरती रही है. यहां के सुप्रसिद्ध साहित्यकार रांगेय राघव की रचनाएं हम सबको एक नई दिशा देती हैं।

# बारिश की संभावना को लेकर यूपी के 32 जिलों में येलो अलर्ट

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से अच्छी बारिश हो रही है. हालांकि राज्य के पूर्वांचल वाले इलाके में अब भी औसत से काफी कम बारिश हुई है. जिससे सुखे के हालात बने हुए हैं. वहीं मौसम विभाग ने यूपी के 32 जिलों में गुरुवार को बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के जिन बारिश की संभावना जताई गई है, उनमें बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत कबीर नगर, कानपुर देहात, कानपुर शहर, शामली, मुज्जफरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, जालौन, हमीरपुर, महौबा, झांसी और ललितपुर हैं. इन जिलों में से आगरा, फिरोजाबाद, इटावा में भारी बारिश की संभावना है।

# आम आदमी को राहत, 5 रुपए तक सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। पेट्रोल–डीजल की कीमतें जल्द ही सस्ती होने वाली है। इसका दावा हम नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेल की कीमतें बता रही है। जानकारी के लिए बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। क्रूड ऑयल की कीमतें फिसलकर 6 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे यह आशंका लगाई जा रही है कि ईंधन के दामों में गिरावट आ सकती है।

बुधवार को कच्चे तेल का भाव 4 फीसदी लुढ़ककर 96.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। वहीं अमेरिकी आंकड़ों के मुताबिक पिछले हफ्ते कच्चे तेल और गैसोलीन के भंडार में बढ़ोतरी हुई है। सप्लाई बढ़ने से कीमतों



पर दबाब बढ़ गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता होगा।

अगर तेल सस्ता होता है तो इससे भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में गिरावट आ सकती हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, बीते तीन महीने में एमसीएक्स पर कच्चे तेल की कीमतों में 18 फीसदी की गिरावट आई है। मार्च 2022 में 139 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर इसकी कीमत पहुंची। विशेषज्ञ उम्मीद जता रहे हैं कि भारत में जल्द ही पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3 से 5 रुपये तक कम हो सकती हैं।

# मुख्तार अंसारी की पत्नी के खिलाफ पुलिस का एक्शन, 50 लाख की अवैध जमीन कुर्क

गाजीपुर। गाजीपुर में माफिया मुख्तार अंसारी पर पुलिस का एक्शन लगातार जारी है. मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी की अवैध जमीन को पुलिस ने कुर्क कर लिया है. गाजीपुर पुलिस के द्वारा ये कार्रवाई मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के जाफराबाद में हुई है. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिस जमीन को कुर्क किया गया है, उसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। गाजीपुर पुलिस ने बुधवार को मुख्तार अंसारी की पत्नी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट 14 (1) के तहत कार्रवाई की है. इस दौरान जिले के जाफराबाद में अवैध तरीके से हड़पी गई करीब 50 लाख की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क कर लिया. इस कार्रवाई के दौरान जिले के अधिकारियों के साथ भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

इससे पहले बीते दिनों पुलिस ने लखनऊ में दो अवैध संपत्तियों को कुर्क किया था. तब मुख्तार अंसारी के सहयोगी भीम सिंह की जमीन पर ये कार्रवाई हुई थी. लखनऊ में भीम सिंह के



आवास और एक जमीन पर कुर्क की कार्रवाई की गई थी. तब लखनऊ की दो टीमें इस कार्रवाई में लगी थी।

इससे पहले 29 जुलाई को मुख्तार अंसारी के करीबी आनंद यादव की 83 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की गई थी. आनंद यादव पर ये अवैध तरीके से अर्जित संपत्तियों को लेकर गैंगस्टर एक्ट के तहत ये कार्रवाई हुई थी. ये जमीन आनंद यादव की पत्नी मीरा देवी नाम पर थी।

बता दें कि मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की तलाश पुलिस कर रही है. उनके खिलाफ चुनाव के दौरान अधिकारियों को धमकी देने के मामले में गैर–जमानती वारंट बीते दिनों जारी किया था. हालांकि पुलिस अब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

# बाहुबली विजय मिश्रा के पेट्रोल पंप से मिली एके-47 राइफल और मैग्जीन, बेटे विष्णु मिश्रा की निशानदेही पर हुई जब्त

भदोही। भदोही के ज्ञानपुर जिला कारागार में बंद विष्णु मिश्रा को स्पेशल टास्क फोर्स यानी कि एसटीएफ ने रिमांड पर ले लिया है. विष्णु मिश्रा बाहुबली और पूर्व विधायक विजय मिश्रा का बेटा है. उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था. वहीं विष्णु से पूछताछ में बड़े खुलासे हुए हैं और उसकी निशानदेही पर विजय मिश्रा के ठिकाने से एके–47 राइफल बरामद की गई है। एसटीएफ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बुधवार को विष्णु मिश्र की रिमांड देने की अपील की थी. अदालत ने एसटीएफ की अपील के बाद पांच घंटे के लिए विष्णु की रिमांड उन्हें सौंप दी है. बता दें कि बीते महीने एसटीएफ द्वारा छापेमारी किए जाने के दौरान विष्णु मिश्रा पिस्टल फेंक कर फरार हो गया था. उसे बीते दिनों वाराणसी एसटीएफ ने महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया था।



पूछताछ के दौरान विष्णु मिश्रा ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. उसकी निशानदेही पर पिता विजय मिश्रा के पेट्रोल पंप से असलहे बरामद किए गए हैं. इसकी तस्वीर अब पुलिस ने साझा की है जो की हैरान करने वाली है. एसटीएफ का दावा है कि विजय मिश्रा के ठिकाने से एके–47 राइफल, एक पिस्तौल , 4 एके–47 मैगजीन, एके–47 के 375 मैग्जीन, नौ एमएम की पिस्तौल के नौ कारतूस बरामद किए गए हैं. पुलिस विष्णु मिश्रा को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी. यह सारे हथियार गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के अमवा में मौजूद पेट्रोल पंप से बरामद हुए हैं.।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने दो नाबालिग बहनों को बुरी तरह पीटा, अस्पताल में भर्ती

कानपुर देहात। यूपी के कानपुर देहात से एक शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है. यहां पर दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं है. यहां के मंगलपुर थाना क्षेत्र के बहबलपुर गांव में दबंगों ने पहले दो नाबालिग बहनों के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की और जब लड़कियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें बड़ी बेरहमी के साथ उनकी पिटाई की. परिजनों ने बदहवास हालत में बच्चियों को अस्पताल पहुंचाया है।

# संक्षिप्त समाचार

## मण्डलायुक्त ने किया इन्ट्रीग्रेटेड कमाण्ड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**• शहर के नागरिकों द्वारा की गयी विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से दर्ज की गयी शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली : मण्डलायुक्त ने**



लखनऊ। लखनऊ शहर की समस्याओं से निजात पाने के लिए लखनऊ आयुक्त लखनऊ, डा0 रोशन जैकब ने आज स्मार्ट सिटी स्थित इन्ट्रीग्रेटेड कमाण्ड कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर शहर के नागरिकों द्वारा की गयी विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से दर्ज की गयी शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने जाना कि कमाण्ड कन्ट्रोल रूम में लखनऊ एप, 1533, 112, 311, 153 पर दर्ज की जा रही शिकायतों का निस्तारण किन–किन स्तरों पर किया जा रहा है। उन्होंने इन्ट्रीग्रेटेड कमाण्ड कण्ट्रोल रूम में लगे स्क्रीन पर लोगों द्वारा दर्ज की गयी शिकायतों का स्तर देखा और प्रतिदिन दर्ज की जा रही शिकायतों का निस्तारण किन–किन विभागों द्वारा किया जा रहा है की जानकारी ली। सभी विषयवार शिकायतें जैसे–कूड़ा उठान न होना, जल भराव होना, मरे जानवरों का उठान आदि का निस्तारण कर सही समय पर रिर्पोट पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अलावा अन्य विभाग जैसे विद्युतध्लेसा, पी0डब्लू0डी0, जल निगम आदि विभाग अपने–अपने सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण कर समस्याओं का समाधान कर आयुक्त व जिलाधिकारी को अवगत करायेगें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो और साथ ही फोटो भी अपलोड की जाये, जैसे कि शिकायतों की फोटो अपलोड की जाती है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण की गई शिकायतों की फोटो सोशल मीडिया के सभी प्लेट फार्मो पर अपलोड करें मण्डलायुक्त को बताया गया कि लखनऊ ऐप में प्रतिदिन 400 शिकायतें दर्ज की जाती है आज प्रातः 09:40 पर 47 शिकायतें आयी। उन्होंने शिकायत के निस्तारण की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम अच्छा है इसको और ब्रांड करने की आवश्यकता है ताकि जनमानस की शिकायतों के निस्तारण के साथ उनका विश्वास भी प्रदेश सरकार के कार्यों पर हो।

## जनपद में कान्ट्रेक्ट बेसिस पर एक साल के लिए एक फैसीलिटेटर का किया जायेगा चयन

कानपुर। राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमानखेड़ा, लखनऊ के द्वारा जनपद कानपुर देहात में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के व्यवसायियों अथवा इच्छुक कृषि निवेश व्यवसायियों के लिए देशी (डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेस फार इनपुट डीलर्स) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कान्ट्रेक्ट बेसिस पर एक साल के लिए एक फैसीलिटेटर का चयन किया जाना है। जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदक की योग्यता स्नातक/परा–स्नातक कृषि/हार्टीकल्चर के साथ इस क्षेत्र में पांच साल का अनुभव हो। कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालय अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र में 20 वर्ष का अनुभव को, वरीयता दी जायेगी। जिसके लिए निर्धारित मानदेय देय होगा। उक्त फैसीलिटेटर पद के चयन के लिए अपना आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता का प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न कर जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उर्वरक पटल पर दिनॉक 16.08.2022 तक जमा करें। साक्षात्कार की सूचना आपके दूरभाष नम्बर एवं ई0–मेल के माध्यम से दी जायेगी।

## राज्य आपदा मोचक बल की टीम ने बाढ़ बचाव का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशानुसार एवं अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसील भोगनीपुर में जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण कानपुर देहात द्वारा राज्य आपदा मोचक बल की टीम ने बाढ़ बचाव, सर्पदंश, प्राथमिक उपचार एवं स्थानीय संसाधन से जीवन रक्षक उपकरणध्राफ्ट बनाने का प्रशिक्षण लेखपाल, ग्राम प्रधान, आशा ,आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को तहसील सभागार भोगनीपुर में प्रशिक्षण दिया गया एवं दामिनी एप के बारे में बताया, जोकि आकाशीय बिजली गिरने से चार घण्टे पहले बीस किलोमीटर के दायरे में इसकी सूचना से हमे अवगत कराती है, दामिनी एप को हम अपने मोबाइल में प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड कर सकते है, हरा रंग बिजली न करने का संकेत, पीला रंग लगभग बिजली गिरेगी, लाल रंग लगभग बिजली गिरना तय है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी भोगनीपुर अजय राय, तहसीलदार अनीता शेखर, नायब तहसीलदार मनीष, आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा, बीरेन्द्र राव, आरके राममिलन आदि मौजूद रहे।

## चैम्बर शिफ्टिंग के कार्य को युद्धस्तर पर करा लिया जाये ताकि लोक निर्माण विभाग के कार्य में व्यवधान न आये : डा.रोशन जैकब

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत शहर के चिन्हित 12 मार्गों पर कार्य कराया जा रहा है, उसमें खुदाई होने के पश्चात सीवर के चौम्बर शिफ्टिंग का कार्य आपके द्वारा किया जाना है। चौम्बर शिफ्टिंग के कार्य में विलम्ब होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क, फुटपाथ निर्माण कार्य में व्यवधान आ रहा है।

जिसके कारण आम जनता व व्यापारियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है तथा व्यापार पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चैम्बर शिफ्टिंग के कार्य को युद्धस्तर पर करा लिया जाये ताकि लोक निर्माण विभाग के कार्य में व्यवधान न आये एवं चिन्हित 12 मार्गों का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण हो सके।

## एन एच आई 91 के अधिकारियों के लापरवाही के कारण गांव हुआ जलमग्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर। सपा पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह के पैतृक गांव हसौली काजीगंज में जीटी रोड चौड़ीकरण में एन एच आई अधिकारियों की लापरवाही से पूरा गांव बारिश के पानी से जलमग्न है सपा नेत्री रचना सिंह ने कहा कि अगर एन एच आई 91 वालो ने रोड बनाने के साथ–साथ पानी निकास की सही व्यवस्था की होती तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती इससे हसौली काजीगंज में बीमारी फैलने की आशंका है कानपुर बिल्हौर प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकरएन एच आई के कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई करें और पानी निकास की उचित व्यवस्था कराई जाए।



सपा नेत्री ने कहा कि 48 घंटे के अंदर पानी निकास की सही व्यवस्था अगर नहीं की जाती है तो हम सभी ग्रामीण मिलकर जीटी रोड धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

## शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित हुए चंद्रपाल राजभर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता। देश का गौरव बढा रहे आर्टिस्ट चंद्रपाल राजभर को अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में टालेंटिला शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया जनपद सुल्तानपुर के सजनपुर निवासी चंद्रपाल राजभर को उनकी कलाकृति स्ट्रगल के लिए टालेन्टिला फाव की टीम एंव विश्व स्तर की जजमेन्ट कमेटी में इण्डिया केरला से अनीश अंजी जी, साउथ कोरिया से युन ज्योंग्ग, लिथोनिया से एरिका पेटूनोव्यन, जर्मनी से राशिम मास्लिक,सिंगापुर से अज्नेता,इजिप्ट से ॲल क्वासास जी ने मिलकर चन्द्रपाल राजभर की मार्डन आर्ट वाटर कलाकृति स्ट्रगल को मूल्यॉंकन के बाद शाईनिंग



स्टर एवार्ड से सम्मानित किया आप को बताते हुये हमें अपार खुशी हो रही है कि चन्द्रपाल राजभर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यह पहला ऐवार्ड नहीं है ऐसे कई दर्जनों ऐवार्डो एंव सम्मानों से सम्मानित होकर जनपद सुल्तानपुर के साथ–साथ भारत देश का नाम विश्व पटल लहराया है चन्द्रपाल राजभर एक सरल,भावनात्मक,ईमानदार,मधुर व्यक्तित्व के धनी है ऐसे व्यक्तित्व की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी ही कम है।

## आनन्देशवर मंदिर में सफाई अभियान



कानपुर। अनुचर सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने आनन्देशवर मंदिर में सफाई अभियान चलाकर भणडारा प्रसाद वितरण अनुचर सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने आज आनन्देशवर मंदिर में संस्थान के अध्यक्ष श्रीमती सिम्पल चौहान के नेतृत्व में महिलाओं व पुरुषों ने हाथों में झाड़ू लेकर आनंदेश्वर मंदिर परिसर की सफाई कर कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण किया उसके बाद बाबा आनन्देश्वर मंदिर परिसर में बाबा का भण्डारा प्रसाद का वितरण किया गया ।

उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन फी करना वमहिलाए को आत्मनिर्भर स्वालम्बी बनाकर उनको अपने पैरों पर खड़ा करना तथा महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण फी देना तथा बुजुर्गों की सेवा करना ही उद्देश्य है अनुचर सेवा संस्थान आगमी 6अगस्त कोदक्षिण क्षेत के रतनलाल नगर में आजादी के अम्रत महोत्सव के 75वे वर्ष गांठ पर देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के परिजनों का सम्मान में उत्तर प्रदेश शासन के खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान महिला कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्वनिल वरुण, महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय,व वरिष्ठ पार्षद नवीन पंडित पूर्व पार्षद आशा फेरवानी विधायक महेश तिरवेदी, सुरेंद्र मैथानी सेनानियों के उत्तराधिकारी विनायक राव टोपे, राजेश शर्मा एडवोकेट सर्वेश पाण्डेय हरीराम गुप्ता , सतेन्द्र सिन्हा का सम्मान किया जाएगा।यह जानकारी संस्थान के उपाध्यक्ष कार्यक्रम रमेश सिहवानी ने कहा कि संस्था के पदाधिकारियों के साथ अपर नगरआयुक्त प्रथम सूर्य कांत तिरपाठी से मिलकर कार्यक्रम स्थल की सफाई, मार्ग प्रकाश, गढ्ढों का पैचअप कार्य, आवारा कुत्तों, पशुओं के पकड़ने पानी के लीकेज ठीक कराने, टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए भण्डारा वितरण करने वालों में मुख्य रूप से सवश्री सिम्पल चौहान रमेश सिहवानी, निशा निगम, सिमरनजीत कौर,नीलम सिहवानी ज्योति श्रीवास्तव, राजशेखर नायर रति नायर रेनू सिंह रीना सिंह गौर, प्रमोद सिंह सीमा सिंह विमला चौहान शशि श्रीवास्तव आदि ने भण्डारा वितरण में सहयोग किया।

## जिला स्तर से समयान्तर्गत आख्या उपलब्ध न होने के कारण काफी संख्या में अनापत्ति के प्रकरण लम्बित

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने बताया कि लखनऊ मण्डल के जिलों में विद्यालयों के संचालन हेतु विभिन्न शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता हेतु दी जाने वाली अनापत्ति के सम्बन्ध में जिला स्तर से समयान्तर्गत आख्या उपलब्ध न होने के कारण काफी संख्या में अनापत्ति के प्रकरण लम्बित हैं। अनापत्ति हेतु ऑनलाइन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को जाँच हेतु जिला स्तर पर प्रेषण के उपरान्त मानिटरिंग के अभाव में जाँच रिपोर्ट समय से उपलब्ध नहीं करायी जाती हैं, जिसके कारण अनापत्ति निर्गत किये जाने में अनावश्यक रूप से विलम्ब होता है।

इस सम्बन्ध में सुनिश्चित करें कि जिनकी रिर्पोटें प्राप्त हो गई हैं, उन विद्यालयों की परीक्षाणोपरान्त सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए यथाशीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करवाएं तथा मण्डल के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित कर दिया जाये कि अनापत्ति के लम्बित सन्दर्भों पर यथाशीघ्र आख्याएं उपलब्ध करायी जायें। जाँच आख्याओं के अभाव में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत होने में विलम्ब के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## जोन स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन में दिनांक 4अगस्त 2022 को संपन्न

राम कृपाल सिंह नेशनल ब्यूरोचीफ कानपुर नगर। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जोन स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बी०एन०एस०डी० शिक्षा निकेतन में दिनांक 4अगस्त 2022 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के प्राचार्य श्री श्री बृजमोहन सिंह डॉक्टर मोहन सिंह एवं एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी कानपुर नगर श्रीमती आरती जैस्वाल द्वारा किया गया कार्यक्रम आयोजन का समापन मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्री आदित्य शंकर बाजपेई एवं सहायक प्रबंधक श्याम अरोड़ा द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन द्वारा पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।




इस युवा उत्सव में कानपुर मंडल एवं झांसी मंडल के विजेता कलाकारों ने भाग लिया।

लोकगीत में शिवांगी एंड ग्रुप कानपुर नगर, लोक नृत्य में आकांक्षा एंड ग्रुप कानपुर नगर, भरतनाट्यम में जान्हवी तिवारी, कत्थक में सौंदर्य गुप्ता, एकांकी में डीएवी कॉलेज, एक्टेंपोर में दिव्यांशी दुबे कानपुर नगर, तबला वादन में शुभम विश्वकर्मा,बांसुरी वादन में आकाश कुमार, को ओडीसी में अंतर गुप्ता, सितार में स्वाति पांडे, शास्त्रीय गायन में झांसी मण्डल के बालकृष्ण दीक्षित ने ख्याल गायन में राग बिखेर कर तथा चेतन गुप्ता कानपूर मंडल ने ध्रुपद गायन में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया जिला युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती आरती जैसवाल द्वारा बताया गया कि जोन स्तरीय युवा उत्सव के विजेता कलाकार कल दिनांक 29 से 31अगस्त 2022 को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें इस वर्ष राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जनपद कानपुर नगर द्वारा 29 से 31अगस्त में कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, अमित कुमार, सुश्री रिचा मिश्रा, सुश्री निधि पांडे,सुश्री स्मिता सिंह के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया। मंच संचालन की भूमिका व्यायाम प्रशिक्षक श्री धीरेंद्र सिंह द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।निर्णायक मंडल में डॉ आदर्श त्रिपाठी,हरीश झा एवं विपिन निगम जी उपस्थित थे।

## जनपद में किए जा रहे विकास कार्य की मशनिटरिंग प्रतिदिन करते हुए उसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएः जिलाधिकारी

कानपुर नगर। जनपद में किए जा रहे विकास कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करते हुए उसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कायाकल्प योजना के तहत 184 नए मॉडल स्कूलों का चयन किया गया है सभी 184 मॉडल स्कूलों में 19 पैरामीटर में ही गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि आइजीआरएस पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का प्रत्येक स्थिति में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें आईजीआरएस पोर्टल में यदि कोई शिकायत किसी अन्य विभाग की है जिसमें विभागीय समन्वय की आवश्यकता है तत्काल विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए शिकायत का गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित कराएं। समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड में ही रुके जिसका प्रमाण पत्रभी उपलब्ध कराए। रविवार को बूस्टर डोज के लिए जनपद में विशेष वैक्सीनेशन कैंपो का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 50 हजार वेक्सीनेशन डोज लगाए जाएंगे जिसके लिए 400 स्थानों पर कैंप का आयोजन किया जायेगा। वैक्सीनेशन कैम्प सभी अस्पतालों , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो ,उप स्वास्थ्य केंद्रों , ब्लाक ,सरकारी कार्यालयों में कैंपो का आयोजना किया जायेगा। जनपद में किए जा रहे समस्त विकास कार्यो का जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा जांच कराने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने विकास भवन के सभागार में विकास कार्यो एवं जनपद में निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान समस्त संबंधित अधिकारियों को दिए।



उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किए जा रहे समस्त विकास कार्य गुणवत्ता पूर्ण है इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों से किए जा रहे कार्य की जांच कराने के निर्देश दिए। समस्त विभाग यह सुनिश्चित कराए कि उनके जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं कार्य में धन की कमी है तो संबंधित विभाग द्वारा शासन को धन उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र प्रेषित करायें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर श्री सुधीर कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी धर्म के त्योहारों को पूर्ण सौहार्द के साथ मनाया जाए : जिलाधिकारी नेहा जैन

अनुज प्रताप सिंह ब्यूरोचीफ कानपुर देहात। शास्त्र प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जनपद में परंपरागत आयोजन ही किये जायें। ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखें व भीड़ के नियंत्रण हेतु पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। त्यौहार शांति व पूर्ण सौहार्द एवं सुरक्षित रह कर बनाएं। किसी भी प्रकार से भीड़ एकत्रित न होने दें। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। जल भराव क्षेत्रों का चयन कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी नेहा जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनीति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहार/ मुहर्रम के दृष्टिगत कानून/शांति व्यवस्था की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित शांति समिति के सदस्यों व पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने आगामी मुहर्रम एवं अन्य त्योहारों को पूर्ण सद्भाव से यथा संभव अपने अपने घरों पर ही मनाएं जाने हेतु सबसे सुझाव लिए जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी धर्म के त्योहारों को पूर्ण सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से भीड़ एकत्र न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रस्तावित पारंपरिक रूप से ही आयोजन किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को त्योहार के मध्य निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के साथ ही झूलते तारों की मरम्मत कराये जाने,



समस्त अधिशासी अधिकारी को अपने क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए चूना आदि का छिड़काव इमाम चबूतरों के समीप किये जाने, सदस्यों द्वारा बताई गई अन्य समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनीति द्वारा भी आगामी त्योहारों के संबंध में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक निर्देश दिए एवं शास्त्र प्रदर्शन पर रोक के चलते किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर निगाह रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को सुगमता से पूर्ण सौहार्द से त्योहार मनाने एवं किसी भी प्रकार की समस्या एवं लड़ाई व अन्य गैर कानूनी गतिविधियों हेतु इमर्जेंसी पुलिस हेल्पलाइन न0 112 डायल किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 144 के दृष्टिगत भीड़ एकत्रित न करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों के पास पड़ने वाले सुअर बाड़ों को नोटिस देकर पूर्ण रूप से बंद कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में भी चर्चा करते हुए सभी से आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य राष्ट्रीय ध्वज को पूर्ण सम्मान से सभी झंडों से ऊंचा लगाए जाने एवं उसके सम्मान व प्रतिष्ठा को बनाये रखते हुए स्थापित किये जाने एवं अपने आस पास सभी को प्रेरित कर समीप के कोटाधारक से छोटे व बड़े जिस भी आकार का ध्वज स्थापित कर सकते हैं न्यूनतम डर पर खरीद कर फहराए जाने का आग्रह भी समस्त पीस कमेटी के सदस्यों से किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)जे पी गुप्ता, नवागंतुक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) केशव नाथ गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा भी त्योहारों एवं कोरोना संक्रमण से संबंधित सभी के सुझाव सुनते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष एवं पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## आर्बीट्रिशन लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री-ट्रायल हुई संपन्न

कानपुर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर 'सुशील कुमार सिंह' द्वारा बताया गया कि ' जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर, 'श्री मयंक कुमार जैन'' की अध्यक्षता में दिनांक 6 अगस्त 2022 को आयोजित आर्बीट्रेशन लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल का सफल आयोजन किया गया।

इसी क्रम में मननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में जन सूचना अधिकारी के साथ एक बैठक आहूत की गई उक्त बैठक में दिनांक 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रतिदिन न्यूज पेपर में छपवाने का आश्वासन दिया गया।



## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विमानपत्तन पर्यावरण हवाई अड्डा प्रबंधन समिति की बैठक

लखनऊ। मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में आज विमानपत्तन पर्यावरण/हवाई अड्डा प्रबंधन समिति की बैठक आज आयुक्त सभागार में की गयी। बैठक में सर्वप्रथम लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन से सम्बन्धित पावर प्वांइट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। मण्डलायुक्त को बताया गया कि एयरपोर्ट के बाउण्ड्री के नजदीकी क्षेत्र (रेड जोन) में अवैध ऊंचे भवन निर्माण व अवैध मोबाइल टावरों को हटाने के लिये नोटिस जारी की गयी है। जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि रेड जोन क्षेत्र में हो रहे आवासीय एवं व्यवसायिक निर्माण को देखते हुए मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के आस–पास के क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाया जायें, इसके अलावा जन–जागरण अभियान भी चलाया जाये।

मण्डलायुक्त ने डी0एफ0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि लखनऊ इण्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0 द्वारा ऊंचे वृक्षों के समूहों को चिन्हित किया गया था जो विमानों के उड़ान में गम्भीर खतरा कर सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि एक अभियान चलाकर ऐसे सभी वृक्षों की कटाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि विमानों के उड़ान के समय अक्सर देखा गया है कि सियारों द्वारा परेशानी होती है इसके लिये प्रभागी वन अधिकारी चार दिवारी की नींव में तीन मीटर की जाली लगाने का सुझाव दिया गया था, उस पर कितना कार्य हुआ की जानकारी हासिंल की। उन्होंने जीव जन्तुओं को पकड़ने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अक्सर जल भराव के कारण पक्षियों की उपस्थिति रहती है जो विमान प्रचालन हेतु गम्भीर खतरा है।

इस पर उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिये गये थे इसे तत्काल इस पर कार्यवाही करते हुए अवगत करायें। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट के आस–पास के गांव में कूड़ेध्गंदगी के निस्तारण हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया था कि एयरपोर्ट के आस पास विद्यमान चिल्लावां, रहीमाबाद, भक्तिखेड़ा इत्यादि गांव के कूड़ा निस्तारण हेतु नियमित तौर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये थे। इस पर उन्हें बताया गया कि कूड़ा निस्तारण हेतु गाड़ी एवं अच्छी गुणवत्ता के बड़े डस्टबिन एस0एस0आर0 निधि से उपलब्ध कराये गये है जो कि सम्बन्धित अधिकारियों की देख–रेख में लगाये जा रहें। उन्होंने मुख्य सुरक्षा अधिकारी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि0 को निर्देशित किया कि कानपुर रोड़ पर रनवे 09 की ओर ट्रक इत्यादि की पार्किंग की जाती है जिससे विमानों के लैडिंग एवं टेकऑफ के मार्ग में



बाधा न हो इस कारण उन्होंने दिवारों को ऊंचा करने तथा सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोट लि0 लखनऊ, सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ, प्रभागीय वनाधिकारी अवध वन प्रभाग लखनऊ, जिला वन अधिकारी लखनऊ, अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा बरेती में प्रधान पद के लिए उपचुनाव हुआ संपन्न



भदफर सीतापुर। विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत बरेती में पिछले वर्ष हुए चुनाव में रामपाल पुत्र मथुरा ने ग्राम पंचायत के चुनाव में जीत दर्ज की थी परंतु कुछ दिनों के बाद रामपाल को हार्ट अटैक हो गया जिससे उनका असामयिक निधन हो गया उनकी पत्नी राम कुमारी पंचायत सदस्य थी राम कुमारी को प्रधानी का कार्य देखने के लिए नियुक्त किया गया उसके पश्चात दिनांक 4 अगस्त 2022 दिन गुरुवार को हुए प्रधान पद के उपचुनाव में महेश रूपचंद दिनेश नवल किशोर इन 4 लोगों ने अपनी–अपनी किस्मत की जोर आजमाइश की ग्राम पंचायत बरेती में कुल मतदाताओं की संख्या 1070 है जिसमें से बूथ नंबर 346 पर 513 वोट पड़े और बूथ नंबर 347 पर 326 वोट पड़े कुल मिलाकर 839 मतदाताओं ने अपना अपना मत देकर प्रधान पद के उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य मतपेटियों में कैद करवा दिया मुख्य मुकाबला रूपचंद और महेश के मध्य माना जा रहा है।

## नगरपालिका अध्यक्ष ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए बुलाई बैठक

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स भरथना,इटावा। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा वितरण कराए जाने के लिए आज नगर पालिका परिषद भरथना के कार्यालय में पालिकाध्यक्ष हाकिम सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमे प्रधान लिपिक अरविंद कुमार यादव द्वारा झंडा वितरण कार्यक्रम में वार्ड बार लगाए गए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और यह भी अवगत कराया कि प्रत्येक कर्मचारी को झंडा सम्मान पूर्वक भवन एवं दुकान स्वामी को प्रदान करें और झंडा लगाने के नियमों को भी अवगत कराएं।वही पालिका अध्यक्ष हाकिम सिंह ने सभी कर्मचारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि झंडा वितरण कल से होना है इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाए सभी को समय पर झंडा पहुंचा दिया जाए यदि कहीं कोई असुविधा अथवा समस्या है तो वह तत्काल प्रधान लिपिक को अवगत कराएं। इस दौरान आदित्य प्रताप सिंह द्वारा यह बताया गया कि प्रत्येक वार्ड में दो कर्मचारियों को झंडा वितरण एवं आवश्यक कार्य हेतु लगाया गया है इसके साथ ही सहयोग के लिए सभासद, समाजसेवी के अनुरोध किया



गया है। इस दौरान आनंद प्रकाश श्रीवास्तव,राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार यादव, राहुल त्रिपाठी, साहेब खान, अरविंद सिंह रावत,पवन पोरवाल,अशोक यादव सहित वार्ड सभासद बृजेश यादव,दलवीर यादव आदि उपस्थित रहे।

## नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ दंपत्ति ने रोशन किया जिले का नाम

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। एनएचएम के अंतर्गत खीरी जिले में तैनात संविदा के दो डॉक्टर्स ने खीरी जिले का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। यह दोनों डॉक्टर नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ हैं और इनके द्वारा कान की एक अनुवांशिक बहरेपन की बीमारी पर शोध किया गया था।

जिसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस इंग्लैंड ने प्रकाशित किया है और अब यह शोध पत्र विश्व के अन्य चिकित्सकों के लिए संपादकीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जानकारी देते हुए डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि वे 2020 में एनएचएम के अंतर्गत संविदा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में तैनात थे। नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ होने के चलते वहां पर उनके द्वारा लोगों इलाज किया जा रहा था। वहीं जिला पुरुष अस्पताल में तैनात उनकी पत्नी डॉ. प्रियंका शर्मा द्वारा भी लोगों को इलाज के साथ–साथ दोनों के द्वारा मिलकर कान की एक अनुवांशिक बहरेपन की बीमारी ऑटोस्क्लोरोसिस के इलाज के लिए स्टेपीडीटोपी ऑपरेशन पर शोध किया जा रहा था। जिसमें इस बीमारी के ठीक होने को लेकर शोध के पूरे होने पर 98.5 प्रतिशत की सफलता का आंकलन किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह शोध उपरोक्त ऑपरेशन में विश्व का दूसरा सबसे ज्यादा संख्या के मरीजों पर किया गया प्रकाशन है। इस शोध पत्र पर जनवरी 2020 में समीक्षा



शुरू हुई थी। जब वे और उनकी पत्नी स्वास्थ्य विभाग में तैनात थे।

लगभग 2 वर्ष की संपादकीय समीक्षा के बाद नवंबर 2021 में इस शोध पत्र को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस इंग्लैंड द्वारा प्रकाशन के लिए स्वीकार किया गया एवं प्रकाशन स्वीकार होने के पश्चात शोध पत्र की समीक्षा तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर द्वारा भी की गई थी और इस दौरान उनके द्वारा इस शोध की प्रशंसा की गई थी। सभी सैद्धांतिक अनुसंधान कार्यों के पश्चात यह शोध पत्र संपादकीय वेबसाइट पर विश्व के अन्य चिकित्सकों के लिए अब उपलब्ध है। इसे लेकर सीएमओ खीरी डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी, और एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा दोनों ही चिकित्सक के शोध पत्र की सराहना और प्रशंसा भी की गई है।

## डेंटल सर्जन डॉ. अंकिता ने सीएचओ को पढ़ाया दांतों की समस्या समझने का पाठ



- तीन सीएचसी के सीएचओ के कार्यों की मासिक बैठक में की गई समीक्षा

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर की मासिक समीक्षा बैठक गुरुवार को सीएमओ ऑफिस सभागार में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की। समीक्षा बैठक में दांतों की समस्याओं को लेकर रीजनल मैनेजर लखनऊ डेंटल सर्जन डॉ. अंकिता द्वारा सभी सीएचओ को विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार, एचडब्ल्यूसी नोडल डॉ. बीसी पंत, रीजनल मैनेजर लखनऊ अनूप श्रीवास्तव, डीपीएम अनिल कुमार यादव और डैम सतपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने बताया कि फरधान, बांकेगंज, ईसानगर के समस्त सीएचओ की मासिक समीक्षा बैठक की गई है। जिसमें डेंटल हाइजीन (दांतों की समस्या) के बारे में रीजनल मैनेजर लखनऊ डेंटल सर्जन डॉ. अंकिता द्वारा विस्तार से सभी को बताया गया है। वर्तमान समय में दातों में हो रही विभिन्न समस्याओं को कैसे पहचाना जाए और इनका उपचार आसानी से किया जा सके, इसे लेकर सभी सीएचओ को जानकारी दी गई है। किसानों ने यह भी बताया वर्तमान समय में लोग दांतो की सफाई पर विशेष ध्यान नहीं देते जो धीरे–धीरे दांतों की बड़ी समस्या में परिवर्तित हो जाता है और इसके बाद लोगों को डॉक्टर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। साथ ही समीक्षा बैठक में ईसंजीवनी पोर्टल सहित एनसीडी स्क्रीनिंग और ओपीडी सहित बीपीआई संबंधित पॉइंट पर विस्तार से चर्चा की गई है। ऑनलाइन पोर्टल पर लगातार अपडेट रहने के सभी को निर्देश दिए गए हैं।

पोर्टल पर आ रही समस्याओं का समाधान भी किया गया है। इस दौरान सीएचओ विकास शर्मा, दीपा बोरा, हेमलता वर्मा, प्रीती भार्गव, विश्वजीत, रोजी और सोहन द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की प्रगति से अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## अकीदत के साथ निकला अलम का जुलूस

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी में पांचवी मोहर्रम का अलम का जुलूस बड़ी अकीदत के साथ इमामबाड़ा मोहल्ला–बाजार खुर्द से या हुसैन की सदाओ के बीच में उठा। जिसमें बड़ी संख्या में अंजुमन हुसैनिया तथा अकीदत मंद लोगों ने जुलूस में हिस्सा लिया, जो मोहम्मदी की मुख्य मार्गों में शुक्लापुर चौराहे से पुवायां रोड, देवस्थान से नत्थू चौराहा चौराहा, तालिव अली से सरैया से होता हुआ देररात इमामबाड़ा बाजारखुर्द में समाप्त हुआ। जुलूस इमाम हुसैन की शहादत के बारे में विस्तार से बताया कि पैगंबर साहब के नवासे इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में ऐसी कुर्बानी पेश की, जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं मिलती है। उन्होंने भाई भतीजे और बेटे सभी को खुदा की राह में करबला के मैदान मे सभी की कुर्बानी पेश की। इमाम हुसैन ने दुनिया को बता दिया कि हक–हक होता है और वातिल वातिल होता है, हमेशा सच्चाई की जीत होती है। अंजुमन हुसैनिया के मातमदारों ने नौहाख्वानी मातम और जोरदार मातम करते हुए अजुमने के सभी मार्ग से गुजरे। अलम के जुलूस में हुसैनीअत जिंदाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगे। इस जुलूस में प्रमुख रूप से मोहम्मद अब्बास नकवी, आलिम रजा, मोहम्मद हसन नकवी, जमीर हसन, लकी जैदी, अच्छन रिजवी, अकरम रिजवी, जहीर हसन, मेराज हसन, नजफ अली, मुन्ने जैदी, हसन अली, वहीद हसन सहित काफी मातम दार मौजूद रहे। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन के सचिव मो. हसन नकवी एडवोकेट ने किया। सुरक्षा की दृष्टि को कस्बा इंचार्ज शिव प्रताप पांडे सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



## एनडीआरएफ टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, दिया प्रशिक्षण



विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 डी टीम ने बुधवार को मिर्जापुर मल्लापुर, रानीबेहर, सरैयांकला इत्यादि बाढ़ प्रभावित गावों का दौरा किया तथा एक जन–जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक सभागार ईसानगर में किया। कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए हुए ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों, पंचायत मित्रों, आपदा मित्रों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआर एफ 11डी टीम ने जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों से आपदा प्रबंधन व जन–जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। टीम ने सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, भूकम्प से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को एस्टेबलाइज करना व पीड़ित की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया।

इस कार्यक्रम से ब्लॉक में उपस्थित समस्त लोग लाभान्वित हुए। इस प्रोग्राम के दौरान एनडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के साथ 10 सदस्यीय टीम के अतिरिक्त एडीओ एग्रीकल्चर सुरेश गुप्ता, एडीओ पंचायत शिवाशीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। थाना सम्पूर्णानगर परिसर में मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर शांति सभा की बैठक का आयोजन हुआ। एसडीएम पलिया रेनू सिंह, सीओ पलिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम धर्म के जो त्यौहार होते हैं, वह आपसी भाईचारा सिखाते हैं। त्यौहारों के दौरान किसी भी तरह की नई परंपरा न डालें। पूर्व में जिन मार्गों से ताजिए के जुलूस निकाले जाते रहे हैं, उन्हीं रास्तों से ही निकाले। जुलूस के दौरान किसी भी तरह के अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होगा। बैठक के दौरान एसएचओ बलवंत शाही ने ताजिएदारों से बातचीत की और कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाए। शासन के आदेश का पूरी तरह से पालन किया जाएगा, अगर कोई भी शरारती तत्व त्योहारों के दौरान खलल उत्पन्न करने



की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान ओमप्रकाश मद्धेशिया, इश्ति याक अहमद खान, दिनेश गुप्ता, इंद्रजीत सूरी, अश्विनी सिंह, शमशाद खान, भुट्ट खान, जितेंद्र यादव, राजनाथ यादव, नईम कुरैशी, डॉ. इजहार अहमद खान सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व रिकार्ड कार्यक्रम में फिर हिस्सा लेंगे गोविन्द गुप्ता

विमलेश भदौरिया लखीमपुर,खीरी। कस्बा मोहम्मदी के कवि व समाजसेवी गोविन्द गुप्ता अपने 12वे विश्व रिकार्ड कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। उन्होने बताया कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति द्वारा विश्व के सबसे बड़े वर्चुअल कविसम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जो 21 अगस्त से प्रारंभ होकर 02 सितंबर तक चलेगा। बताते चले कि बीते वर्ष संस्था द्वारा आयोजित 207 घण्टे तक अनवरत चले कवि सम्मेलन में इंडिया ने वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना दर्ज कराया था। इस वर्ष विश्व के लगभग 25 देशों से मां हिन्दी के उपासक इस काव्य महायज्ञ में अपनी शब्दाहूति देंगें। 300 घण्टों तक अनवरत चलने वाले इस कविसम्मेलन का सीधा प्रसारण भारत, कनाडा, न्यूज़ीलैंड व ऑस्ट्रेलिया से किया जाएगा। श्री गुप्ता इससे पूर्व 12 ऑनलाइन व एक ऑफ लाइन काव्य विश्व रिकार्डो में हिस्सा ले चुके है, जो खुद में एक रिकार्ड है।



### 81 फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट

श्रद्धा सिंह भदौरिया लखीमपुर,खीरी। तहसील निघासन के गांव खैरहनी में प्रधानी के उपचुनाव में लोगों ने बढ़–चढ़कर मतदान किया। सुबह सात बजे से हुए मतदान में 81.03 फीसदी मतदान हुआ। एआरओ ओमवीर सिंह ने बताया कि सुबह से ही लोगों ने मतदान में रुचि दिखाई। 1819 मतदान में 1474 लोगों ने मतदान किया। एसडीएम राजेश कुमार ने मौका मुआयना किया। फर्जी वोट डालने आए एक व्यक्ति पीठासीन अधिकारी ने पुलिस के हवाले किया। मतगणना शुक्रवार को होगी।



### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। ओयल चौकी क्षेत्र के जमुनिया मार्ग पर रोड से थोड़ी दूरी पर खेत में लगे नीम के पेड़ पर फंदे से लटक कर युवक ने अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची ओयल पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, ओयल चौकी क्षेत्र के ग्रामसभा ओयल देहात के मजरा परवन सिंहपुरवा निवासी रोहन सिंह (29) पुत्र जसपाल सिंह ने ग्राम जमुनिया क्षेत्र के अपने ही खेत में लगे नीम के पेड़ में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतक के पिता जसपाल सिंह ने बताया कि दोपहर में रोहन खाद लेने गया था। खाद घर पर उतरवाकर रोहन खेत की तरफ चला गया। ग्राम जमुनिया की तरफ से आए राहगीर ने बताया कोई व्यक्ति खेत में लगे पेड़ पर लटक रहा है, तब ग्रामवासी खेत गए तो देखा कि रोहन पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक रहा है। रोहन के तीन बच्चे हैं।



### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला गायब गुमशुदगी दर्ज

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र की बेहजम पुलिस चौकी के अन्तर्गत धंवरपुर गांव की एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में कस्बे से गायब हो गई। जिसकी गुमशुदगी सूचना थाने पर दी गयी है। परिजन और पुलिस कस्बे के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, बेहजम चौकी क्षेत्र के धंवरपुर निवासी संजू देवी पत्नी राकेश सिंह उम्र करीब 40 वर्षीय अपने घर से दोपहर को दवा लेने बेहजम सीएचसी एक दिन पहले बुधवार को गयी थी। वहीं से वह वापस अपने घर नहीं पहुंची है। महिला के पति राकेश सिंह ने बताया कि उसका मोबाइल नंबर स्वीच बंद बता रहा है। नीमगांव थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नीमगांव पुलिस और परिजनों ने महिला की तलाश मे कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो घायल

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र के लखीमपुर मैंगलगंज मार्ग पर बेहजम चौकी क्षेत्र के गौंहरपुर प्लाईवुड फैक्ट्री के नजदीक तेज रफ्तार दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमें मुकेश कुमार (27) निवासी मलिगवां थाना नीमगांव गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस के द्वारा बेहजम सीएचसी लाया गया, जिसे गंभीर हालत के चलते डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार अरविंद कुमार पुत्र आशा राम (25) को हल्की–फुल्की चोट लगने से प्राथमिक उपचार कराकर घर भेज दिया गया है।

### सावन माह के चलते पकड़ी गई मांस के गाड़ी

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील क्राइम संवाददाता रमाकांत की रिपोर्ट। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के विकासखंड रामपुर मथुरा थाने के बांसुराचौकी के 500 मीटर पहले एक मास की गाड़ी पकड़ी गई। जिसमे लगभग दो कुंतल मॉंस था। जिसमे डॉक्टर के जांच के दौरान उसकी कार्यवाही की जाएगी। और जब गाड़ी यस ओ ने पकड़ी तो गाड़ी का नंबर यूपी 41 एटी 1063 हमारे पत्रकार महोदय गाड़ी का पीछा बहुत दूर से करते आए अपने आप में काबू ना कर सके तो कानूनी सहायता ली और पत्रकार के कहने पर भी गाड़ी नहीं रोकी और धमकी भी दी कि हट जाओ नहीं तुम मर जाओगे उसी समय रामपुर मथुरा के एस ओ को कॉल किया और एस ओ ने तुरंत मौक पर पहुंचे और गाड़ी की जांच की और उसमे मॉंस पाया गया तब गाड़ी को थाने में लाया गया और कार्यवाही की गई व डाक्टरों को बुलाया गया। मांस को जांच के लिए सील करके मथुरा भेज दिया गया। डॉक्टर ने बताया जांच के दौरान इस पर मुकदमा लिखा जाएगा और कार्यवाही होगी अब देखो पुलिस क्या कार्यवाही कर रही है। और वहां पर बजरंग दल के भी बहुत से कार्यकर्ता आए हुए थे उन्होंने एप्लीकेशन लगाए और कार्यवाही के लिए सूचना दी और दो व्यक्तियों को जेल भी भेज दिया गया है।

# सम्पादकीय....

## स्वाधीनता से उपजी देश की एकता, अखंडता, इसे चिरकाल तक बनाए रखेंस

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग–अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग–अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे–धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

## फिल्म प्यार का देवता का ट्रेलर हुआ आउट,अरविन्द अकेला कल्लू और यामिनी सिंह की जोड़ी मचाएगी धमाल

भोजपुरी सिनेमा के यंग स्टार अरविंद अकेला कल्लू के फैंस उन्हें जल्द ही बड़े पर्दे पर एक शानदार फिल्म के साथ देख पाएंगे, जिसका नाम प्यार का देवता है. अरविंद अकेला कल्लू और यामिनी सिंह की भोजपुरी फिल्म प्यार का देवता का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस फिल्म के ट्रेलर को आज वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड भोजपुरी चौनल पर रिलीज किया गया है.इस फिल्म में कुल आठ गाने है जिस की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में की गई है. दर्शक इस फिल्म के सभी गाने भोजपुरी टीवी के सभी सैटेलाइट चौनल पर देख सकते हैं. प्यार का देवता फिल्म प्रेम की एक अनोखी दस्ता है, जो हर एक लोगों के दिल को छू रही है. फिल्म का निर्माण व्यापक स्तर पर किया गया है. इसमें अरविन्द अकेला कल्लू की भूमिका जितनी मजबूत है, उतना ही अभिनेत्री यामिनी सिंह की भूमिका भी मजबूत है. इस फिल्म की कहानी बहुत अच्छी शूट हुई है जो सभी दर्शको को पसंद आएगी. भोजपुरी फिल्म प्यार का देवता में




अरविन्द अकेला कल्लू का साथ यामिनी सिंह दे रही हैं, जिनके साथ कल्लू पहले भी काम कर चुके है और इन दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था.कल्लू ने बताया कि फिल्म श्प्यार का देवताश का निर्माण साई श्रृंगार के बैनर से हुआ है। फिल्म के निर्माता संजय कुमार सिंह ( राजा ) ,लेखक संजय राय हैं। निर्देशक एम फैजल रियाज हैं।दोनों के साथ मेरे काम करने का अनुभव भी खास रहा है। इसके अलावा फिल्म में समर्थ चतुर्वेदी, सपना सिंह, देव सिंह, कृष्ण कुमार ,रजनीश पाठक और नूर अहमद तुबा हैं। फिल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं। डीओपी अयूब अली,प्रोडक्शन शाहनवाज हुसैन । मारधाड़ दिनेश यादव ,म्यूजिक ओम झा ने दिया है। कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी का है। फिल्म लाजवाब है और ट्रेलर शानदार, तो देखिएगा जरूर। यह फिल्म प्यार का देवता अगले महीने सभी सिनेमा हॉल में प्रदर्शित की जाएगी।

# प्रकृति रक्षति रक्षित

संस्कृत भाषा मे लिखित श्लोक धर्मो रक्षति रक्षितः जिसका वर्णन महाभारत व मनुस्मृति में मिलता है का अर्थ है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है और पूर्ण श्लोक ष्धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितःध्तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्ष् का अर्थ है जो मनुष्य धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म की रक्षा करने वाला मनुष्य कभी पराजित नहीं होता, क्योंकि उसकी रक्षा स्वयं धर्म (ईश्वर, मनुष्य, प्रकृति, ब्रह्माण्ड, इत्यादि) करता है। आज जब मानव प्राकृतिक असंतुलन की वजह से अनगिनत गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है तो ठीक इसी श्लोक की भाँति ष्प्रकृति रक्षति रक्षितः ष मतलब जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति भी उसी की रक्षा करती है, की महती आवश्यकता है। मानव जीवन की उत्पत्ति के साथ ही प्रकृति ने मनुष्य को उसकी जरूरत की हर चीज मुहैया कराई, लेकिन तदनुपरांत मनुष्य की जरूरतें ना खत्म होने वाली ख्वाहिशों और दिखावट में तब्दील होने लगीय मनुष्य और प्रकृति के बीच एक जंग छिड़ गई, जिसका कुपरिणाम दोनों को ही झेलना पड़ रहा है। प्रकृति अपने दर्द का निवारण खुद कर सकती है लेकिन उसकी समय अवधि ज्यादा होती है इसलिए हम मानव जाति से यह अपेक्षा की जाती है कि हम प्रकृति को मलहम लगाने में अपने स्वार्थ से उठकर मदद करें ताकि प्रकृति हमें हमारी जरूरत की चीजें – साफ हवा, पानी, अन्न आदि बिना किसी भेदभाव के प्रदान करती रहे। दुनिया का हर धर्म शांति का पैरोकार है कम से कम तब जब प्रकृति संरक्षण की बात होती है। विश्व के सभी धर्मों में पर्यावरण को संरक्षित करने की बात कही गई है। प्रकृति के संरक्षण के लिये विभिन्न धार्मिक समूहों द्वारा वैश्विक या स्थानीय स्तर पर कई प्रयास किये जा रहे हैं। पाकिस्तान में स्थित कब्रगाहों में प्राचीन वृक्षों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं क्योंकि इनको काटना गुनाह माना जाता है, लेबनान के मैरोनाईट चर्च ने हरीसा के जंगलों को पिछले 1,000 वर्षों से संरक्षित रखा है, थाईलैंड के बौद्ध भिक्षुओं ने संकटग्रस्त जंगलों की रक्षा हेतु वहाँ छोटे–छोटे विहारों की स्थापना की है तथा उसको पवित्र जंगल घोषित किया गया है।

इसके अलावा जर्मनी के 300 चर्चों ने स्थानीय समुदायों के सहयोग से सौर ऊर्जा प्रणाली अपनाई है तथा वृहत स्तर पर इसका लगातार प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। अमेरिका में रहने वाले अफ्रीकी मूल के लोगों द्वारा क्वान्जा त्योहार प्रकृति संरक्षण का एक उपयुक्त उदाहरण है। वर्ष 1986 में इटली के शहर असीसी में विश्व वन्यजीव कोष द्वारा 'असीसी घोषणा' का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के पाँच प्रमुख धर्मों (ईसाई, हिंदू, इस्लाम, बौद्ध तथा यहूदी) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था ताकि वे इस मुद्दे पर सुझाव प्रस्तुत कर सकें कि उनके धर्मों में प्रकृति संरक्षण हेतु क्या प्रावधान है तथा किस प्रकार वे योगदान कर सकते हैं। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न धर्मों के सहयोग से अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन नामक संगठन की स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी। विश्व वन्यजीव कोष द्वारा तथा अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन के सहयोग से 'लिविंग प्लैनेट कैंपेन' नामक एक मुहिम शुरू की गई। इसके तहत विश्व के प्रमुख धर्मों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की तथा उनकी इस प्रतिबद्धता को 'जीवंत पृथ्वी के लिये पवित्र उपहार' का नाम दिया गया। इस अभियान के तहत वकालत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि, संपत्ति, जीवनशैली तथा मीडिया के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना शामिल है। इस प्रतिबद्धता के तहत जैन धर्म ने अंतर्राष्ट्रीय जैन व्यापार पुरस्कार प्रारंभ किया है। इसके तहत उन कंपनियों को पुरस्कृत किया जाता है जिन्होंने पर्यावरणीय प्रभावों को कम करते हुए प्रगति की है। इसी प्रकार स्वीडन के लूथरन चर्च के सहयोग से स्वीडन में नेशनल फॉरेस्ट स्टीवार्डशिप काउंसिल की स्थापना की गई। भारतीय परिप्रेक्ष्य की बात करें तो लोक संस्कृति में मानव की भूमिका प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षक/प्रबंधक के रूप में मानी गई है। इसमें मानव के साहचर्य के हजारों सन्दर्भ हैं और पर्यावरण के साथ उत्तम सामंजस्य रखने की सीख दी गई है। पेड़ों की पूजा करने से लेकर धरती व नदियों को मां के पवित्र सम्बोधन से नवाजने का संस्कार भी है। हमारे लोकगीत, लोक नृत्य, लोक कथाएं, लोक त्योहार – ये सब प्रकृति–प्रेम को प्रकट करने वाले हैं। मनोरंजन, खेतों में बुवाई, धान की कटाई आदि अवसरों पर हमारे पुरखे मिल–जुलकर जल, पृथ्वी, वायु अग्नि और आकाश की महिमा का बखान करते थे। कृतज्ञता का भाव उनके रोम– रोम से प्रकट होता था। लोक कहावतों व लोक कथाओं पर नजर डालें तो उनकी सीख में पर्यावरण के प्रति श्रद्धा का भाव झलकता है। रामायण, महाभारत, गीता, वायु–पुराण, स्कन्द पुराण, भविष्य पुराण, वराह पुराण, ब्रह्म पुराण, मार्कण्डेय पुराण, मत्स्य पुराण, गरुड़ पुराण, श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, श्रीदेवी भागवत पुराण वेद, उपनिषद तथा अन्य धार्मिक ग्रन्थ, पेड़–पौधे, जीव–जन्तुओं पर दया करने की सीख देते हैं। मानसिक शान्ति, शारीरिक सुख, इन सबकी पूर्ति के साधन प्राकृतिक सम्पदा ही है। गेहूँ, जौ, तिल, चना, चन्दन, लाल पुष्प, केसर, खस, कमल, ताम्बूल, श्वेत पुष्प, बांस, मिट्टी, फल, तुलसी, हल्दी, पीत–पुष्प, शहद इलाइची, सौंफ, उड़द, काले–पुष्प, सरसों के फूल, मुलेठी देवदार, बिल्व वृक्ष की छाल, आम, पला, खैर, पीपल, गूलर, दूब, कुश आदि को संरक्षित रखने के उद्देश्य से इन्हें किसी दिन,त्योहार, देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना से जोड़ा गया है। औषधि के रूप में फलों तथा जड़ी–बूटियों की रक्षा करने की बात कही गयी है और इन्हें घरों के निकटस्थ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी है, जैसे– अंगूर, केला, अनार, सेब, जामुन, प्याज, लहसुन, गाजर, मूली, नींबू, अदरक, आंवला, घीया, बादाम, आम, टमाटर, अखरोट, अजवाइन, अनानास, अश्वगंधा, गिलोय, तम्बाकू, तरबूज, तुलसी, दालचीनी, धनिया, पुदीना, संतरा, पान, पीपल, बबूल, ब्राह्मी बूटी, काली मिर्च, लाल मिर्च, लौंग, हरड़, बहेड़ा आदि अनेक बूटियों का प्रयोग करने से मनुष्य निरोग रह सकता है। हमें प्रकृति संरक्षण सीखने के लिए किसी अन्य देश या तकनीक की आवश्यकता नहीं है। हमारे धर्म, शास्त्रों में यह बहुतायत में लिखा गया है और हमारे पूर्वजों ने प्रकृति संरक्षण के अनेकों बेहतरीन उपाय बताए हैं जिसकी लिए ज्यादा धन की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होनें इसे हमारी आदत में शामिल कर के एक रोजमर्रा की चीज की तरह पेश किया था ना कि आज की तरह किसी खास दिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम की तरह। संरक्षण में सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उनकी जान बचाना भी शामिल है और यह किस तरह किया जा सकता है, यह हमें विरासत में मिली है जिसे हमें पुनर्जीवित करने की और उन्हें संभालने की खास जरूरत है। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है. इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है– श्वृक्षात् वर्षति पर्जन्यरू पर्जन्यादन्न सम्भवरूश अर्थात् वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। जंगल को हमारे ऋषि आनंददायक कहते हैं– श्अरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तुश यही कारण है कि हिन्दू जीवन के चार महत्वपूर्ण आश्रमों में से ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास का सीधा संबंध वनों से ही है। हम कह सकते हैं कि इन्हीं वनों में हमारी सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन हुआ है। हिन्दू संस्कृति में वृक्ष को देवता मानकर पूजा करने का विधान है। वृक्षों की पूजा करने के विधान के कारण हिन्दू स्वभाव से वृक्षों का संरक्षक हो जाता है। सम्राट विक्रमादित्य और अशोक के शासनकाल में वन की रक्षा सर्वोपरि थी। वैदिक काल में जीवित वृक्षों को काटना प्रतिबंधित था और ऐसे कृत्यों के लिए दंड निर्धारित किया गया था। उदाहरण के लिए, याज्ञल ६ए, स्मृति, ने पेड़ों और जंगलों को काटने को दंडनीय अपराध घोषित किया है और 20 से 10–रानी का दंड भी निर्धारित किया है। चाणक्य ने भी आदर्श शासन व्यवस्था में अनिवार्य रूप से अरण्यपालों की नियुक्ति करने की बात कही है। पर्यावरण संरक्षण के कानून की दृष्टि से मुगल सम्राटों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है उनके महलों के चारों ओर फलों के बागों और हरे भरे पार्कों की स्थापना, केंद्रीय और प्रांतीय मुख्यालय, सार्वजनिक स्थान, नदियों के किनारे और घाटी में वे गर्मी के मौसम के स्थानों या अस्थायी मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करते थे। हमारे महर्षि यह भली प्रकार जानते थे कि पेड़ों में भी चेतना होती है, इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर बृहदारण्यकोपनिषद्, पद्मपुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं. छान्दोग्य उपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र श्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओतप्रोत होते हैं और मनुष्यों की भाँति सुख–दुरूख की अनुभूति करते हैं। हिन्दू दर्शन में एक वृक्ष की मनुष्य के दस पुत्रों से तुलना की गई है– दशकूप समावापीरू दशवापी समोह्रदरूध्दशह्रद समरूपुत्रो दशपत्र समोद्रुमरू। इसी संस्कृति में हर भारतीय घर में तुलसी का पौधा कहीं न कहीं मिल ही जाता है। तुलसी का पौधा मनुष्य को सबसे अधिक प्राणवायु ऑक्सीजन देता है। तुलसी के पौधे में अनेक औषधीय गुण भी मौजूद हैं पीपल को देवता मानकर भी उसकी पूजा नियमित इसलिए की जाती है क्योंकि वह भी अधिक मात्रा में ऑक्सीजन देता है। देवों के देव महादेव तो बिल्व–पत्र और धतूरे से ही प्रसन्न होते हैं। यदि कोई शिवभक्त है तो उसे बिल्वपत्र और धतूरे के पेड़–पौधों की रक्षा करनी ही पड़ेगी। वट पूर्णिमा और आंवला ग्यारस का पर्व मनाना है तो वट वृक्ष और आंवले के पेड़ धरती पर बचाने ही होंगे। हिन्दुओं के चार वेदों में से एक अथर्ववेद में बताया गया है कि आवास के समीप शुद्ध जलयुक्त जलाशय होना चाहिए। जल दीर्घायु प्रदायक, कल्याणकारक, सुखमय और प्राणरक्षण होता है। शुद्ध जल के बिना जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए हमारे ऋषियों ने इन्हें सम्मान दिया। पूर्वजों ने कल–कल प्रवाहमान सरिता गंगा को ही नहीं वरन सभी जीवनदायिनी नदियों को मां कहा है। हिन्दू धर्म में अनेक अवसर पर नदियों, तालाबों और सागरों की मां के रूप में उपासना की जाती है। छान्दोग्योपनिषद् में अन्न की अपेक्षा जल को उत्कृष्ट कहा गया है। महर्षि नारद ने भी कहा है कि पृथ्वी भी मूर्तिमान जल है। अंतरिक्ष, पर्वत, पशु–पक्षी, देव–मनुष्य, वनस्पति सभी मूर्तिमान जल ही हैं। जल ही ब्रह्मा है। महान ज्ञानी ऋषियों ने धार्मिक परंपराओं से जोड़कर पर्वतों की भी महत्ता स्थापित की है। पर्वत, देश के प्रमुख पर्वत देवताओं के निवास स्थान हैं और अगर पर्वत देवताओं के वास स्थान नहीं होते तो कब के खनन माफिया उन्हें उखाड़ चुके होते। विंध्यगिरी महाशक्तियों का वास स्थल है, कैलाश महादेव की तपोभूमि है। हिमालय को तो भारत का किरीट कहा गया है। महाकवि कालिदास ने श्कुमारसम्भवम्श में हिमालय की महानता और देवत्व को बताते हुए कहा है– श्अस्तुस्त्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजरूश भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा का विधान इसलिए शुरू कराया था क्योंकि गोवर्धन पर्वत पर अनेक औषधि के पेड़–पौधे थे, मथुरा के गोपालकों के गोधन के भोजन–पानी का इंतजाम उसी पर्वत पर था। मथुरा–वृन्दावन सहित पूरे



देश में दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा धूमधाम से की जाती है। इसी तरह हमारे महर्षियों ने जीव–जन्तुओं के महत्व को पहचान कर उनकी भी देवरूप में अर्चना की है। मनुष्य और पशु परस्पर एक–दूसरे पर निर्भर हैं। हिन्दू धर्म में गाय, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, हाथी, शेर और यहां तक की विषधर नागराज को भी पूजनीय बताया है। प्रत्येक हिन्दू परिवार में पहली रोटी गाय के लिए और आखिरी रोटी कुत्ते के लिए निकाली जाती है। चींटियों को भी बहुत से हिन्दू आटा डालते हैं। चिडियों और कौओं के लिए घर की मुंडेर पर दाना–पानी रखा जाता है। पितृपक्ष में तो काक को बाकायदा निमंत्रित करके दाना–पानी खिलाया जाता है। इन सब परंपराओं के पीछे जीव संरक्षण का संदेश है। हिन्दू गाय को मां कहता है, उसकी अर्चना करता है। नागपंचमी के दिन नागदेव की पूजा की जाती है। नाग–विष से मनुष्य के लिए प्राण रक्षक औषधियों का निर्माण होता है। नाग पूजन के पीछे का रहस्य ही यह है। हिन्दू धर्म का वैशिष्ट्य है कि वह प्रकृति के संरक्षण की परम्परा का जन्मदाता है। हिन्दू संस्कृति में प्रत्येक जीव के कल्याण का भाव है। हिन्दू धर्म के जितने भी त्योहार हैं, वे सब प्रकृति के अनुरूप हैं। मकर संक्रान्ति, वसंत पंचमी, महाशिवरात्रि, होली, नवरात्र, गुड़ी पड़वा, वट पूर्णिमा, ओणम, दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, छठ पूजा, शरद पूर्णिमा, अन्नकूट, देव प्रबोधिनी एकादशी, हरियाली तीज, गंगा दशहरा आदि सब पर्वों में प्रकृति संरक्षण का पुण्य स्मरण है। प्रकृति का उपहार हमें अपनी आगे वाली पीढ़ी से गिरवी के रूप में मिली है जिसकी जान बचने की जिम्मेदारी हम पर है। महात्मा गाँधी कहते थे – प्रकृति के पास हमारी जरूरतों के लिए पर्याप्त संसाधन है लेकिन लोभ के लिए पूरी पृथ्वी अलबत्ता पूरा ब्रह्माण्ड भी कम है। अपनी जरूरतों को अगर सीमित नहीं कर सकते तो जरूरतों को लालच में तब्दील ना करने की कोशिश जरूर करनी चाहिए। मार्टिन लूथर किंग ने कहा है – किसी एक के ऊपर अन्याय सबके ऊपर अन्याय है। यदि प्रकृति के साथ आज आप अपने आस पास न्याय नहीं कर रहे हैं तो इसके दूरगामी परिणाम आपके विश्व के किसी कोने में किसी न किसी रूप में देखने को मिलेंगे। पृथ्वी पर एक स्वस्थ जीवन की परिकल्पना मनुष्य और प्रकृति के साहचर्य के बिना करना असंभव है। हम सब को चेतने की सख्त जरूरत है और यदि अब भी देर की तो यह आखिरी देर होगी।

सलिल सरोज
नई दिल्ली

# सशक्तिकरण किसका, स्त्री का या पुरुष का?

द्रोपदी मुर्मु स्त्री हैं इसलिए उन्हें राष्ट्रपति नहीं, राष्ट्रपत्नी कहा जाना चाहिए। हम अभी भी स्त्री और पुरुष के बीच की सीमा पर घर–घर का खेल खेल रहे हैं। स्त्री सशक्तिकरण की ध्वजा ले कर इधर से उधर भाग रहीं स्त्रियां अभी भी यह मान रही हैं कि पूरा पुरुष वर्ग उन्हें कुचलने–दबाने और उनके अस्तित्व को गुलाम बनाने को तैयार बैठा है। वह पुरुष नहीं मर्द है, इस बात का अभिमान सीने में लिए सियार की तरह घूम रही पुरुषों की टोली अभी भी यह मान रही है कि स्त्रियों की बुद्धि पैर के घुटनों से आगे नहीं बढ़ी है। ऐसी स्त्रियों और ऐसे पुरुषों के बीच स्त्रीत्व और पुरुषत्व की लड़ाई चलती ही रहती है और हम सशक्तिकरण के झंझावात में गहरे से गहरे फंसते जा रहे हैं। हम भले यह मानते हैं कि हमारा देश अलग–अलग धर्मों में विभाजित है, जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारा देश अभी भी स्त्री–पुरुष दो जातियों में फंसा है। मेरा तो साफ मानना है कि स्त्रीत्व और पुरुषत्व की यह लड़ाई अब बंद होनी चाहिए। स्त्री स्त्री है और पुरुष पुरुष है। स्त्री चाहे भी तो पुरुष की जगह नहीं ले सकती और पुरुष चाहे तो भी स्त्री के अस्तित्व को मिटा नहीं सकता। मेरे दादा के दादा ने आप की दादी की नानी को स्त्री होने के नाते नुकसान पहुंचाया था, इसलिए आज मैं बहुत खुश हूं। पर इसका अर्थ यह नहीं है कि वर्षों पहले की स्त्रियां पीड़ित थीं, इसलिए हमें इस समय स्त्रियों का सपोर्ट करना चाहिए। हां, मैं ऐसी स्त्री के सपोर्ट में निश्चित खड़ा रहूंगा, जो सही अर्थ में पीड़ित है, दुखी है। वर्षों पहले स्त्री पीड़ित थी, इसलिए वर्षों बाद आज स्त्री सशक्तिकरण का झंडा हाथ में ले कर मुझे नहीं घूमना। हम एलेक्सा का उपयोग करते हैं। हम सीरी को आदेश देते हैं। एक वर्ग ऐसा भी है, जो यह मानता है कि एलेक्सा या सीरी ऐसे स्त्रीलिंग नाम इसलिए रखे गए, क्योंकि कही गई बातें तो स्त्री ही झेल सकती है। पूछे गए सवालों के जवाब स्त्री ही दे सकती है। स्त्री जवाब दे यानी महान हो गई? स्त्री कही गई बातें झेलती रहे तो महान हो गई? प्रत्येक परिवारों की व्यक्तिगत रूप से झरती ली जाए तो पता चलेगा कि ज्यादातर परिवारों में सवाल पूछने की भूमिका में स्त्री ही होती है। कहां गए थे, कब आओगे, क्या खाओगे, किससे बातें कर रहे थे, वह तुम्हारी कौन है, उनके यहां खाने क्यों जाना है, आदि आदि सवाल स्त्री ही पूछ सकती है। हिम्मत से पूछ सकती है और सीना तान कर पूछ सकती है। पूछे गए सवालों के जवाब न देना या जवाब न देने की भूमिका से हट जाना सशक्तिकरण नहीं है। पर पूछे गए सवालों के सही जवाब देने की हिम्मत रखना सशक्तिकरण है। कही गई बातें न झेलना हो तो न झेलने का कारण बेधड़क कह देना सशक्तिकरण है। एलेक्सा या सीरी स्त्री की सोच की आगेवानी नहीं करतीं। यह ये सूचित करती हैं कि अभी भी पुरुषों के आकर्षण की अपेक्षा स्त्री का आकर्षण अधिक है। स्त्री की आवाज पुरुषों की आवाज की अपेक्षा सुनने में मीठी लगती है। इस समय एक कांसेप्ट चल रहा है हाउस वाइफ स्त्रियों को सेलरी देने का। जिस स्त्री को उसका पति बिलकुल पेसे नहीं देता, जिस स्त्री को अपनी इच्छानुसार जीने के लिए तड़पना पड़ता है, ऐसी स्त्रियों के लिए यह कांसेप्ट उचित है। पर किटी पार्टियां करने वाली, महीने में 2–3 बार ब्यूटीपार्लर में जा कर अपनी साफ–सफाई कराने वाली हाउस वाइफ स्त्रियां अगर सेलरी की डिमांड करें तो वे मूर्ख लगती हैं। ऐसी स्त्रियां यह भूल जाती हैं कि परिवार की जिम्मेदारी स्त्री और पुरुष दोनों के कंधों पर होती है। अगर पुरुष नौकरी करता है, कमाता है तो स्त्री घर संभालती है। स्त्री को घर संभालना अगर नौकरी लग रही है और उसे सेलरी चाहिए तो नौकरी करने वाले पुरुष को क्या डिमांड करना चाहिए? सशक्त होना और स्वच्छंद होना... ये दोनों अलग बातें हैं। स्त्री की लिबर्टी के बारे में मेरे ख्याल बिलकुल अलग हैं। मेरा साफ मानना है कि स्त्री चाहे जितनी भी सशक्त हो जाए, जिस इलाके से पुरुष पांच लाख का बैग ले कर जाने से कतराता हो उस इलाके से आधी रात को अकेली जाने के दुस्साहस को मैं सशक्तिकरण नहीं मानता। यही बात पुरुषों को भी समझने की जरूरत है। जो स्त्री सर्वोच्च स्थान पर बैठी है, उसने अपने स्त्री होने का अपना विक्टिम कार्ड खेला है, यह जरूरी नहीं है। आपकी स्त्री जब बॉस हो तो वह आत्मनिर्भर महिला अभियान के तहत वहां पहुंची ही, यह जरूरी नहीं है। उसकी बुद्धि आप से अधिक है। उसके अनुभव आप से अधिक हैं, इस बात को स्वीकार करना चाहिए। द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति नहीं राष्ट्रपत्नी के रूप में संबोधन करना चाहिए, यह कहने वाले तमाम लोगों से मेरा यही कहना है कि पति एक प्रकार का संबोधन है। पति वह है जो मुश्किल में निर्णय ले सके, पति वह है जो परिवार को एकजुट रखने की कोशिश करे, पति वह है जो अर्थ उपार्जन का कार्य करे, पति वह है जो नियम बनाए और पति वह है जो उन नियमों का पलन हो, इस बात का ध्यान रखे। हमने पति शब्द को पुरुषवाचक बना दिया है। जो स्त्री ये सभी भूमिकाएं निभा सकती है, उसे भी पति के रूप में संबोधित किया जा सकता है। स्त्री और पुरुष को अलग करने वाली रेखा तब खत्म होगी, जब स्त्री कहे जाने वाले सशक्तिकरण का झंडा हाथ से नीचे फेंक देंगे और पुरुष स्त्री के सीने के बजाय दिमाग की ओर नजर करेगा।

वीरेंद्र बहादुर सिंह

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

### आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**


दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284




# संक्षिप्त समाचार

## माननीय सदस्या राज्य महिला आयोग पहुंची माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष आवास, प्रकट की शोक संवेदना

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। माननीय सदस्या राज्य महिला आयोग, कुमुद श्रीवास्तव माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा के पुत्र वधू की आसमयिक मृत्यु की खबर सुनकर बृहस्पतिवार को विकास खण्ड गिलौला के अंतर्गत ग्राम सभा कलाम गांव माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी और भगवान से प्रार्थना की कि परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहने की छमता प्रदना करे और मृतक पुत्र वधू की आत्मा को शांति प्रदान करे। उक्त अवसर पर तुलसी राम मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि/सदस्य जिला पंचायत समय प्रसाद मिश्रा, बृजेश तिवारी, महाराज प्रकाश, राधेश्याम गौतम, जगदीश सिंह, मुन्ना सिंह एवं पंकज मिश्रा सहित परिवार के सदस्यगण व ग्रामवासी मौजूद रहे।





## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाएगा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.08.2022 की सफलता हेतु आज दिनांक 04,08.2022 को समय सायं 04.30 बजे श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०0)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीमान उमेश कुमार (द्वितीय), श्रावस्ती के विश्राम कक्ष में प्रशासनिक अधिकारीगण की बैठक आहूत की गयी, श्री मृत्युंजय श्रीवास्तव प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (प्र०ख०) ( त्वरित न्यायालय) श्रावस्ती, श्री केशव चन्द्र गोस्वामी अपर पुलिस अधीक्षक, श्री सन्त प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री आशुतोष अपर जिलाधिकारी, श्री डॉ० उदय गोस्वामी सीवएम0ओ0 श्रीमती अर्चना रावत उपप्रभागीय वनाधिकारी, श्री श्रद्धा पाण्डेय जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्री सिपाही सरन डीवएस०ओव/ए0आर0ओ0, श्री प्रेम कुमार राय तहसीलदार इकौना, श्री सुरेश चन्द्र त्रिपाठी सहायक अभियन्ता लो०निवविव, श्री आलोक कुमार गुप्ता अवर अभियन्ता बीवएस०एन०एल०, श्री सुबोध कुमार सिंह डीवपीवओ०, श्री कमलाकान्त मिश्र ए०डीपीवआर०ओव, श्री भगत राम नगर पालिका श्रावस्ती आदि उपरिथित रहै। बैठक में श्रीमान अपर जनपद न्यायाधीश (एस०सी०/एस०टी०)/नोडल अधिकारी श्रीमान उमेश कुमार (द्वितीय), श्रावस्ती ने सभी प्रशासनिक अधिकारीगणों को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 की सफलता हेतु अधिक से अधिक वादो को सुलह –समझौते के आधार पर निस्तारित कराये। अपर जनपद न्यायाधीश ( एस०सी०/एस०टी0)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री उमेश कुमार (द्वितीय) ने बताया किं माननीय जनपद न्यायाधीश के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयो व जिलाधिकारी के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व कार्यालयों पर प्रातः 1000 बजे से आयोजित की जायेगी, जिसमें भरण के मामले, विद्युत अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद एवं नगर पालिका अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्टांप एक्ट ,चकबंदी वाद, दाखिल खारिज तथा दीवानी मामलों निस्तारण सुलह– समझौते के आधार पर तथा ई चलानी के वाद निस्तारित किए जाएंगे एवं फौजदारी लघुवाद का निस्तारण किया जाएगा और प्रिलिटिगेशन वादों का निस्तारण भी सुलह– समझौते के आधार पर किया जाएगा।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। इंदरगढ़ क्षेत्र के अगौस गांव मे क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 1 का उपचुनाव प्राइमरी पाठशाला मैं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें कुल 771 मताधिकार अपने मत का प्रयोग करने वाले थे। जिसमें शाम 5:00 बजे तक 86 . 82: मतदान 361 वोट डाले गए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए उपचुनाव कराया गया। वार्ड संख्या 1 से क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे कन्हैया लाल की मौत होने पर उस सीट का उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उपचुनाव में करीब आधा दर्जन प्रत्याशी चुनाव मैदान मे है। आज सुबह से ही मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। दोपहर तिर्वा छेत्र अधिकारी दीपक दुबे , उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। थाना प्रभारी कमल भाटी के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ।



## महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं को किया जागरूक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। छात्राओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस तरह से सजग है।एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर महिला सब स्पेक्टर हेमलता ने पुलिस बल द्वारा छात्राओं और युवतियों की सुरक्षा के लिये अभियान चलाकर उन्हे जागरूक किया जा रहा हैं।बुधवार को भी जिले भर में यह अभियान चलाया गया।जिसके अन्तर्गत कोतवाली पुलिस की नारी सुरक्षा दल टीम द्वारा बस स्टाप पीएसएम कालेज के गेट के पास भ्रमण कर छात्राओं को महिला सुरक्षा सशक्तिकरण हेतु प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी गयी।इसके साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 ,यूपी 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, ऑपरेशन कवच इत्यादि के बारे में कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया ।



# पतखुरी में भव्य रूप सें महाशिवपूराण का आयोजन



दैनिक अयोध्या टाइम्स
सरीला (हमीरपुर)। क्षेत्र के पतखुरी गांव में श्रावण मास में महाशिवमहापुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग सें किया जा रहा है.शिव महापुराण कार्यक्रम हेतू बिंद्रावन धाम सें आये व्यास पंडित प्रदीप शास्त्री जी महाराज व आचार्य पंडित जीतेन्द्र कृष्ण शाश्त्री को सुनने के लिऐ हजारों की संख्या में गांव व क्षेत्र के लोग आते है. गुरुवार को माता सती चरित्र कथा व माता अनुसुइया चरित्र कथा को श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर सुना.व्यास पंडित प्रदीप शास्त्री जी महाराज ने कहा कि सावन मास में भगवान शिव की कथा जीवन में धर्म के प्रति जागरूक करती है.इस दौरान . कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बलराम दादा व डालचन्द्र,अशोक, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजबहादुर अनुरागी सहित समस्त ग्रामवासियो का भरपूर सहयोग रहता है. कार्यकम का समापन 11 अगस्त को भोज भंडारे के साथ किया जाएगा।

# बेसिक शिक्षा विभाग निकालेगा तिरंगा यात्रा



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना जायसवाल के निर्देशन में नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सदर रवि प्रकाश सिंह ने की इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं शिक्षक ने कहा कि 11 से 18 अगस्त के मध्य नगर में बेसिक शिक्षा के बच्चों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के माध्यम से नगर शिक्षा प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील कमल के नेतृत्व में विराट तिरंगा यात्रा स्काउट और गाइड दलों के नेतृत्व में निकाली जाएगी जिससे कि बच्चों में राष्ट्रप्रेम, नेतृत्व, तिरंगे के प्रति सम्मान देश की धरोहर के प्रति सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम एवं अमृत महोत्सव की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना के अंतर्गत भी बेसिक शिक्षा विभाग तिरंगा कार्यक्रम चलाएगा। नगर के साथ ही जनपद हमीरपुर के बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त बच्चों के माध्यम से स्काउट गाइड दलों द्वारा घर–घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चे तिरंगा निर्माण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं तथा रैली के माध्यम से देश प्रेम का भाव पैदा किया जा रहा है आज बैठक में नगर क्षेत्र प्रभारी दिलीप सिंह गौतम, श्रीकांत मिश्रा, अर्जुन सिंह, सुनीता देवी, रमाकांत पाण्डेय, पवन, पंकज गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## शराब बनाने वाले उपकरण के साथ अभियुक्तगिरफ्तार की कार्रवाई

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। इंदरगढ़ क्षेत्र मे अवैध शराब के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की। इंदरगढ़ थाना अध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन पर अवैध शराब पर छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले उपकरण के साथ करीब 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। रामचरन पुत्र गंगा दीन निवासी ग्राम टिहुला इंदरगढ़ कन्नौज को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की।



## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हेमपुर पहुंचकर लिया मतदान का जायजा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय हेमपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चौबेपुरवा में चल रहे मतदान का जायजा लिया। तथा मतदान में लगे पीठासीन अधिकारियों/मतदान अधिकारियों से मतदान की जानकारी भी ली। यहां यह उल्लेखनीय है कि ग्प्रम पंचायत हेमपुर में सदस्य क्षेत्र पंचायत का पद रिक्त था, इस पद के निर्वाचन के लिए गुरूवार को मतदान कराया गया। उन्होने बताया कि सदस्य ग्राम पंचायत हेमपुर के उपनिर्वाचन हेतु कुल 03 बूथ बनाये गये थे, प्राथमिक विद्यालय हेमपुर में 02 बूथ बनाये गये थे। जहां पर 905 मतदाता थे, जिसमें से 456 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं चोबे पुरवा में 421 मतदाता थे, जिसमें से 266 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार ग्राम पंचायत हेमपुर के सदस्य क्षेत्र पंचायत निर्वाचन हेतु तीनों बूथों को मिलाकर 1326 मतदाताओं में से 722 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां पर मतदान का प्रतिशत 54.45 रहा। मतदान बूथ पर जायजा लेने के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट/अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड–6 अजय कुमार मौजूद रहे। मतदान बूथ पर जायजा लेने के दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार एवं थानाध्यक्ष सिरसिया भी मौजूद।



# विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते हैं

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी। जनपद श्रावस्ती जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ हो गयी है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के नियम–23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम–26बी द्वारा अधिसूचित फार्म–6बी में दिया जाएगा। फार्म–6बी ऑनलाइन nvsp.in पर उपलब्ध रहेगा। स्व प्रमाणन के साथ सम्बन्धित मतदाता, मतदाता पोर्टलध्एप पर ऑनलाइन फार्म–6बी भर सकता है तथा यूआईडीएआई में पंजीकृत अपने मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने वाले ओटीपी का उपयोग करके आधार को स्वयं प्रमाणित कर सकता है। स्व प्रमाणीकरण के बिना मतदाताओं द्वारा आवश्यक संलग्नकों के साथ फार्म–6बी ऑनलाइन जमा किया जाएगा।
आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु अगस्त माह में 2 तिथियां यथा–07 अगस्त एवं 21 अगस्त दिन रविवार को विशेष कैम्प आयोजन के लिए निर्धारित किया गया है। यह कैम्प प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर किया गया है, जहां पर मतदाता सूची में शामिल मतदाता फार्म–6बी में स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नम्बर बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध करा सकते है। मतदाताओं द्वारा आधार उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधान नम्बर को सार्वजनिक नही किया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त आयोग द्वारा परिवर्धन/अपमार्जन/संशोधन इत्यादि से संबंधित फार्मों को परिवर्तित किया गया है। परिवर्तित फार्मों में से प्रथम बार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति हेतु तथा पूर्व से शामिल नाम को अपमार्जित करने के हेतु फार्म–7 तथा निवास परिवर्तनधनिर्वाचक नामावली में संशोधनध्मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/ दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म–8 है। उन्होने यह भी बताया कि आयोग द्वारा चार अर्हक तिथियां यथा 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। उक्त अर्हक तिथियों को या उससे पूर्व यदि कोई मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करा सकते है।

# कजरी तीज मेला में पालीथीन का प्रयोग रहेगा पूर्णतः प्रतिबन्धित : जिलाधिकारी

- खूफिया पुलिस/सी0सी0टी0वी0 कैमरे से मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर रखी जायेगी कड़ी निगरानी–पुलिस अधीक्षक

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत विभूतिनाथ मन्दिर पर चल रहे सावन मेला, कांवड़ यात्रा एवं आगामी कजरी तीज मेला के दृष्टिगत मन्दिर परिसर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले मेलार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सभी व्यवस्थाए चुस्त–दुरूस्त रखें, ताकि मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसरध्मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ–सफाई आदि का भी निर्देश दिया।
जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला में पालीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। दुकानदार पालीथीन का प्रयोग न करें, इसके लिये मेला में व्यवस्था कार्य देख रहे मन्दिर कमेटी के सदस्यगण दुकानदारों को जागरूक करके उन्हें प्रेरित करें कि जो भी सामान की बिक्री करेगें वह झोले अथवा कागज के लिफाफे में ही सामग्री देगें क्योंकि पालीथीन के प्रयोग से पर्यावरण पर तमाम प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ते हैं। उन्होने कहा कि पूर्व अनुभवों के आधार पर मेले में आने वाली श्रृद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य कैम्प, सफाई व्यवस्था, बैरकेटिंग, शौचालयध्वैकल्पिक शौंचालयध्मोबाइल टायलेट एवं प्रकाश की व्यवस्था पहले से ही सुव्यवस्थित कर ली जाएं, ताकि बेहतर ढंग से मेले को सम्पन्न कराया जा सके। मेला स्थल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा निजी वाहन स्टैण्डो को लगाने से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। जनपद बलरामुपर एवं भिनगा के रास्ते से आने वाले वाहनों हेतु अलग–अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों को जाम का सामना न करना पड़े।
उन्होने कहा कि मेले को शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होने मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसरध्मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ–सफाई आदि व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होने मेलार्थियों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था तथा पानी टैंकर की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि मेले में स्वास्थ्य कैंप, कुशल चिकित्सकों एंव आवश्यक व्यवस्थाओं से सुसज्जित मोबाइल एम्बुलेंस की उपलब्धता मेला समाप्ति तक मेला परिसर में सुनिश्चित की जाएं।



जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला के समय बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विभूतिनाथ के जलाभिषेक हेतु रजिया तालाब से जल लेकर आते हैं, श्रृद्धालुओं को जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग और वन विभाग की टीम आपस में सामजंस्य बनाकर एवं स्थलीय निरीक्षण कर जहां उचित प्रतीत हो रजिया तालाब से लेकर मन्दिर तक वाच टावर की व्यवस्था कर मेला के दौरान चौबिसों घण्टे वन विभाग एवं सुरक्षा बलों की तैनाती कर सघन निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कडी निगरानी के लिए व्यापक मात्रा में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की व्यवस्था की गई है तथा इसके साथ ही मेलार्थियों के भेष में पुरूषध्महिला पुलिस भी तैनात है जो मेलार्थियों के बीच में ही रह कर अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी और यदि कोई भी व्यक्ति शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल खुफिया पुलिस उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही करेगी। उन्होने सभी पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियो को निर्देश दिया कि अपने–अपने क्षेत्रों में निरन्तर मेला समाप्ति तक भ्रमण कर शान्तिपूर्ण ढंग से मेला सम्पन्न करायेगें, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पावे।
बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित, अधिशासी अभियंता जल निगम ए स0 एम0 असजद, ए0डी0ई0ओ0 पंचायत सिरसिया, महन्त शिवनाथ गिरी, ज्ञानी बाबा, चन्दन गिरी, मेला प्रबन्धन समिति के प्रबन्धक पदमाकर दुबे, प्रधान बाबादीन सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार्यो में लापरवाही बरतने पर सचिव सस्पेंड, एडीओ पंचायत का वेतन रोका

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य तथा उसको हैंडओवर करने तथा अन्य विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत सुमेरपुर मनफूल पाल का वेतन रोकने, स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। तथा कार्यो में लापरवाही पर इंगोहटा के ग्राम पंचायत सचिव को सस्पेंड करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है अतः इस प्रकार के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । जिलाधिकारी ने कहा कि कहीं पर भी सामुदायिक शौचालय में ताला नहीं लगा होना चाहिए ,उसको क्रियाशील रखा जाए तथा अच्छा मैकेनिज्म विकसित कर इसकी नियमित रूप से निगरानी रखी जाए तथा समय समय पर निरीक्षण किया जाए। लोगों को इसके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शौचालय निर्माण कार्य में किसी भी तरह की पेंडेंसी ना रखी जाए ,अभियान चलाकर अपूर्ण शौचालयों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यूनिवर्सल सैनिटेशन कवरेज ध् ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जनपद में व्यक्तिगत शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालय के निर्माण का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उन्हें समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाय। जिन लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की सहायता धनराशि की किस्त अवमुक्त की जा चुकी है उनको प्रेरित करके शीघ्रता से शौचालयों का निर्माण कराया जाय। शौचालय निर्माण के बाद पोर्टल पर उसकी फोटो अपलोड कराई जाय। तथा उसको जियोटैग कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों का नियमित रूप से समय से नियमानुसार भुगतान किया जाय। लोगों को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया जाए।
जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में नामित प्रधान स्वयं प्रतिभाग करें , महिला प्रधान के स्थान पर उनके प्रतिनिधि प्रतिभाग ना करें बल्कि प्रधान स्वयं प्रतिभाग करें ,इससे महिलाओं को जहाँ आत्मबल मिलेगा वहीं कार्यों के प्रति भी वह प्रोत्साहित हो सकेंगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्रा, डिप्टी कलेक्ट्रेट पूजा सोनी , वरिष्ठ कोषाधिकारी दिनेश कुमार, सीएमओ डॉ एके रावत, एसीएमओ डॉ पीके सिंह, बीएसए कल्पना जायसवाल ,डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, बीडीओ, एडीओ पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अमृत महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज
कन्नौज। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर होने वाली तैयारियों मे आगामी हर घर तिरंगा एवं की साफ–सफाई को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से तत्पर दिखाई देती है उसी के चलते हैं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहा त्रिपाठी की अध्यक्षता मेंभाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अमृत महोत्सव की तैयारियों और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर के साथ–साथ प्रभात फेरी शहीद की स्मारकों की साफ–सफाई को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय कार्यसमिति माया यादव ने अपने विचार व्यक्त किए तो वही कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला वही क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सुप्रिया मिश्रा ने आगामी पंद्रह अगस्त पर हर घर तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से राष्ट्रभक्ति की भावना का आम जनमानस में संचार होगा कार्यक्रम में महिला मोर्चा की दर्जनों महिलाएं सम्मिलित रहीं।



# संक्षिप्त समाचार

## तहसीलदार कालपी ने विधिक सक्षारता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम के बारे में दी जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। तहसीलदार, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील कालपी ने विधिक सक्षारता शिविर, जागरूकता कार्यक्रमों के सम्बन्ध में बताया कि सचिव, न्यायाधीश कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालैन स्थान उरई के पत्र के द्वारा माह अगस्त 2022 में विधिक सेवा कार्यक्रमों / विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील कालपी के ग्राम हरखूपुर के प्राथमिक विद्यालय में 05 अगस्त को सायं 04:00 बजे लोक अदालत के लाभ, कोविड–19 के पीड़ितों के अधिकार के विषय पर एवं ग्राम लमसर के प्राथमिक विद्यालय में 20 अगस्त को सायं 04:00 बजे राष्ट्रीय खेल दिवस, विधिक सेवाऐं के विषय पर आयोजन किया जाना है जिसमें आप दोनों को टीम लीडर नामित किया जाना है।

## कलेक्ट्रेट पहुंच कर खर्रा के मनरेगा मजदूरों बकाया भुगतान की मांग उठाई एक्टू प्रांतीय उपाध्यक्ष रामसिंह के नेतृत्व में सौपा अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। विकास खंड जालौन के ग्राम खर्रा के मनरेगा मजदूरों ने आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर एक्टू प्रांतीय उपाध्यक्ष रामसिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए मजदूरी का बकाया भुगतान दिलवाये जाने की मांग उठाई है। जालौन विकास खंड क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी मनरेगा मजदूर सरदार सिंह, ममता, रितिका सिंह, संतोष, ईश्वर दयाल, रविन्द्र कुमार, राजरानी, रेखा, सुनीता, माया देवी आदि ने बताया कि उक्त लोगों ने ग्राम में मनरेगा के तहत जलरोध बाध निर्माण में काम किया था जिसमें हम लोगों ने 50 दिन काम किया था।जिसमें 30 मजदूर शामिल थे जिनकी सम्पूर्ण मजदूरी 30 हजार रुपये बकाया है जिसका भुगतान आज तक नहीं किया गया है तथा मजदूरी मांगने पर टाल मटोल कर बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है।मजदूरों का कहना कि मजदूरी न मिलने की बजह से भुखमरी की कगार पर पहुंचते जा रहे है। मनरेगा मजदूरों ने जिला प्रशासन से मजदूरी का बकाया भुगतान करवाये जाने की मांग उठाई है।इस मौके पर एक्टू प्रांतीय उपाध्यक्ष रामसिंह चौधरी एवं भाकपा माले महासचिव का. राजीव कुशवाहा ने भी प्रशासन से मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान करवाये जाने की मांग उठाई है अन्यथा की स्थिति में आंदोलन करने की भी बात कही है।



## मोहर्रम की तैयारियां जोरों पर,कारीगर अपने कुशल कारीगरी से ताजियों को दे रहे भव्य रूप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। शहर में मोहर्रम के लिए ताजिये सजाये जाने लगे है। मुस्लिम इलाकों में ताजिया बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं मोहर्रम के लिए ढालें भी सजने लगी है। जो मोहर्रम के जुलूस में शामिल होगी। अभी मेहदी, तक्ख और आलम के जुलूस निकाले जा रहे है जो कि तीन दिन तक चलेगे। शहर मे अलग अलग स्थानों में इस समय ताजिया बनाने का काम तेजी के साथ किया जा रहा है।शहर के सदनपूरी स्थित युवा राजा अली व फरीद अली द्वारा ताजिया बनाया जा रहा है। जिसे रंग बिरंगी पतंगियों के अलावा थर्माकोल, रूई व अन्य चीजों के सजाकर तैयार किया जा रहा है। मोहल्ले के अल्ताफ अली व मोमिन अली ने बताया कि रिजवान,समीर अली,मोहसिन खां,फरीद व राजा बाबू के द्वारा बीते 25 दिनों से उनके द्वारा यह ताजिया तैयार किया जा रहा है



जो कि आधा बन चुका है जो हिस्सा बाकी है वह भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताजिया सजाने में उनके साथ मोहल्ले के बच्चे भी हाथ बंटा रहे है।वहीं तिलक नगर स्थित शरीफ पठान के इमामबाड़े में ढालें सजाने का भी काम शुरू हो गया है।इमामबाड़े में जिला हमीरपुर के मोहदा तहसील से आये कारीगर मननी खान व आदिल खान के द्वारा धान सवारी को सजाने व सवारने का कार्य किया रहा है।यह ताजिया व ढालें आगामी आठ व नो अगस्त को निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस में शामिल होगें। मोहर्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है और आकर्षक ताजिए तैयार किए जा रहे है।अभी मेहदी, तक्ख और अलम का जुलूस निकाला जायेगा। जो अभी तीन दिन तक चलेगा।

## पीडित छात्रा ने एसपी को सौपा शिकायती पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। स्कूल से घर जा रही छात्रा के साथ दो युवकों ने मिलकर छेडखानी की। जिसकी शिकायत छात्रा ने अपने परिजनों से की। जिसको लेकर युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत पीडित छात्रा ने परिजनों के साथ जाकर थाने में दी लेकिन थाने में शिकायत को ना सुनते हुए पीड़ित छात्रा को वहां से भगा दिया। परेशान छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौपते हुए न्याय की गुहार लगाई। शासन द्वारा महिलाओं व छात्राओं पर हो रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर पुलिस विभाग को जहां पर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए जा रहे है तो वहीं पर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से ना लेते हुए उन्हे थाने से भगाया जा रहा है। ऐसा ही मामला कदौरा थाना क्षेत्र में देखने को मिला जहां पर एक गांव निवासी हाईस्कूल की छात्रा ने एसपी को शिकायती पत्र सौपते हुए अवगत कराया है कि मंगलवार को छात्रा स्कूल से घर जा रही थी तभी रास्ते में दो युवक उसके साथ छेडखानी करने लगे। जब इसकी शिकायत उसने परिजनों से की तो उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। जिसकी परिजन पुलिस को शिकायत करने गए तो पुलिस ने पीडिता को थाने से भगा दिया। हाला कि इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक उमाकांत ओझा से इसकी जानकारी ली तो उन्होनें कहा कि अभी उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है जानकारी के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## दलित महिला का आरोप दुकान पर आकर कोतवाली के दरोगा ने की अभद्रता सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौप लगाई न्याय की गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। शहर के मुहल्ला रामनगर ईदगाह के पीछे रहने वाली दलित महिला ने कोतवाली में तैनात दरोगा पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती सौप कर न्याय की गुहार लगाई है।

शहर कोतवाली उरई के मुहल्ला रामनगर ईदगाह के पीछे रहने वाली दलित महिला रजनी पत्नी बाबू ने आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि 3 अगस्त की शाम 5 बजे के लगभग कोतवाली में तैनात अनिल दरोगा एवं पुलिस कर्मी के साथ मेरी दुकान के पास आये और चिल्ला कर बोले की दुकान चला रही हो हमने पहले भी कहा था कि दुकान चलाओगी तो कुछ देना पड़ेगा। इस पर महिला ने कहा कि हम कुछ नहीं देगे तो दरोगा अनिल ने दुकान पर पानी से भरी रखी प्लास्टिक की कैन का भरा पानी फैला दिया। तो महिला ने कहा कि हम तो दूर से पानी भरकर लाते है। महिला का आरोप है कि इतनी सी बात पर दरोगा अभद्रता पर उतर आये और जातिसूचक गालियां भी दे डाली तथा जेल में बंद करवा देने की धमकी दी। महिला का कहना है कि वह गरीब मजदूर है तथा दुकान चलाकर लगभग दस साल से बच्चों और परिवार का भरण पोषण कर रही है। दलित महिला ने सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहर लगायी है।

## नदीगांव विकास खण्ड के धौरपुर में खूब लग रहा भृष्टाचार का तड़का, 6 माह भी न हो पाए इंटरलॉकिंग की खीसें निपुर गई



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच (जालौन)। इंटरलॉकिंग का कार्य हुआ तब जमकर भृष्टाचार का तड़का लगाया गया, सीमेन्ट के गुम्मे के नीचे मात्र थोड़ी बहुत डस्ट डाली गई, वांकी पतली गिट्टी, मोटी गिट्टी व अन्य किसी तरह की कोई सामग्री नीचे नहीं डाली गई, जिससे कि भारी वाहन निकलते समय इस इंटरलॉकिंग सड़क में गड्ढे न पड़े। इंटरलॉकिंग के नीचे डाली जाने वाली सामग्री में लगा दिया गया भृष्टाचार का जोरदार तड़का। जिस कारण 6 माह के अंदर ही जगह जगह हो गए इंटरलॉकिंग में गड्ढे, ऊंट की पीठ की तरह हो गयी इंटरलॉकिंग। कोई इंटरलॉकिंग ईंटें किसी तरह जा रही तो कोई किसी तरफ अब जब जगह जगह धसने लगी इंटरलॉकिंग तो खुलकर पोल आने लगी सामने नदीगांव विकास खण्ड के ग्राम धौरपुर में सत्तार से कृष्ण कुमार के मकान तक 3.88 लाख की लागत से होने वाले इंटरलॉकिंग के नीचे डाली जाने वाली सामग्री में लगा दिया गया भृष्टाचार का जोरदार तड़का इंटरलॉकिंग ऐसे दिख रही जैसे कोई साँप पूरे रोड पर नच रहा हो, इंटरलॉकिंग में दिख रहीं 75 तरह की ऊपर नीचे मोड़ें पूरे मामले पर ग्राम प्रधान कुछ भी बोलने से कर रहे इंकार। उच्चाधिकारियों को इस मामले ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत और कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुनः इंटरलॉकिंग उखड़वाकर मानक के अनुसार सही ढंग से कार्य करवाया जाए।

## प्राथमिक विद्यालय के मिड डे में सब्जी दाल दूध की माला कम



तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम पंचायत माखूबेहड के प्राथमिक विद्यालय मे मिड डे के हिसाब मे जैसे कि हरी शब्जी सोयाबीन दाल दूध मौसमी फल विद्यालय मे बच्चो का पोषाहार भोजन आता है लेकिन वही माखूबेहड प्राथमिक विद्यालय मे कल दिनांक 3/8/2022 बुधवार को तहरी आलू सोयाबीन युक्त व 200 उस दूध था वही पर ग्रामीणो का आरोप है पूर्णतया बच्चो को खाना नही मिल रहा 200 उस की जगह एक चिमची दूध दिया जाता है तहरी मे आलू सोयाबीन सिर्फ नाम का पडता है जिस तहरी को जानवर भी नही खाना पसंद करते है 15 लीटर दूध 10 लीटर मे ही बच्चो को दिया जाता है पत्रकार के द्वारा जब प्रधानाध्यापक से बात की गई तो कहा 15 लीटर दूध लिया गया है रसोई की अम्मा ने कहा 10 लीटर दूध लिया गया है वही तहरी मे आलू सोयाबीन का नामोनिशान नही तहरी मे आलू सोयाबीन गल गया है जब विद्यालय के प्रधानाचार्य ही बच्चो का हक मार रहे है तो आम लोगो की क्या बात वही आप को बताते चले बहुत से ग्रामीणो का आरोप है की समय से भी नही आ रहे पान खाकर बच्चो को शिक्षा देते है विद्यालय को भी मंदिर का दर्जा दिया गया है।

## आवास के नाम पर किया जा रहा है खिलवाड झोपडपट्टी मे रहने को मजबूर

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

तम्बौर सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के ग्राम पंचायत चांदी के मुन्ना पुत्र चेतराम,जयदेबी पत्नी रामकुमार के नाम से मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास सूची में दर्ज था जो अब सूची से नाम गायब है मुन्ना पुत्र चेतराम जयदेबी पत्नी रामकुमार का आरोप है कि हमारा पांच लोगो का परिवार है ।

मै मेरी बीबी तीन लडकी एक लड़का जो एक ही छप्पर के नीचे अपना जीवन यापन कर रहे है वही दूसरी तरफ जय देवी पत्नी रामकुमार का भी यही आरोप है कि मै मेरे पती पांच बच्चे छः परिवार के साथ एक ही छप्पर के नीचे अपना गुजारा कर रहे है हम जैसे गरीब परिवार की कोई सुनने वाला नही पहले बताया आप लोगो का आवास सूची मे



नाम है आप को आवास मिलेगा फिर बाद मे कहा जाता है आप का आवास नही है जहा हमारी सरकार कहती है हम इस देश की गरीबी को हटाऐगे वही दूसरी तरफ हमारे कुछ भ्रष्ट अधिकारी कहते है गरीबी नही गरीबो को ही हटाओ आखिर इन आवासों का बंदर बाट कौन कर रहा है के क्या इसी तरह गरीबों के साथ खिलवाड़ होता रहेगा या गरीब मुन्ना और जयदेबी को आवास भी मिलेगा य नही।

## वी जी एम कॉलेज में आयोजित किया गया तुलसी जयंती पर भव्य कार्यक्रम

औरैया,दिबियापुर। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर के बी एड विभाग में तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता तमिल के तुलसी कहे जाने वाले हिंदी और तमिल के प्रख्यात साहित्यकार डॉ एम गोविंदराजन ने तुलसी के साहित्य को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि तुलसी का साहित्य समाज की प्रगति के लिए है। उन्होंने तमिल कवि कंबन की रामायण के प्रसंग उद्धृत करते हुए तुलसी की रामचरितमानस को समन्वय वादी रचना बताते हुए कहा कि अवधी भाषा के



द्वारा तुलसीदास ने राम कथा को संस्कृत से जनमानस की भाषा हिंदी में अवतरित करके सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं प्रमुख समाजसेवी लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि तुलसी की रामचरितमानस और भगवान राम का जीवन हमें धैर्य की शिक्षा देता है और प्रत्येक स्थिति को समभाव से स्वीकार करने का साहस प्रदान करता है। उन्होंने तुलसी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इकरार अहमद ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार तुलसी जयंती समारोह से ही शिक्षण कार्य विधिवत आरंभ होता है ।इसलिए आज से ही शिक्षण कार्य विधिवत आरंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश तिवारी ने किया ।इस अवसर पर डॉ शोभारानी गुप्ता, डॉ महेंद्र तिवारी ,डॉ यश कुमार, डॉ मोहित तिवारी , प्रो श्रीनंदन पांडे, डॉ गजेंद्र यादव ,डॉक्टर विनीत त्रिपाठी , डॉ अनुज मिश्रा डॉ संदीप ओमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जनपद के सभी आहरण-वितरण अधिकारियों के साथ टी0डी0एस0 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा राज्य कर अधिकारी के साथ बैठक हुई संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुल्तानपुर प्रमुख सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर आयुक्त ग्रेड–1 अयोध्या, जोन अयोध्या श्री अनन्जय कुमार राय द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुक्रम में सरकारी विभागोंध्संस्थानों निकायों जो आपूर्ति प्राप्त करते हैं, के आपूर्ति पर टी0डी0एस0 कटौती (श्रोत पर कर की कटौती) के पश्चात जी0एस0टी0 पोर्टल पर रिटर्न जी0एस0टी0आर–07 दाखिल करने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त आहरण–वितरण अधिकारियों के साथ वरिष्ठ कोषाधिकारी ए0के0 सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त मो0 नाजिम द्वारा बताया गया कि विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सरकारी धनराशि से बहुत सी वस्तुओं व सेवाओं की आपूर्ति प्राप्त की जाती है। इसके लिये इन सभी सरकारी विभागों का भी जीएसटी में पजीयन अनिवार्य है। यूपी जीएसटी अधिनियम–2017 की धारा–51 एवं धारा–24 (VI) के प्राविधानों के अनुसार टीडीएस कटौती के लिये जीएसटी में पंजीयन अनिवार्य है। किसी संविदा के अन्तर्गत किसी सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्था तथा सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अधिसूचित किसी व्यक्ति रू0 2.50 लाख से अधिक मूल्य की कर योग्य वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति प्राप्त किये जाने की दशा में ऐसे विभाग, निकाय, संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा कुल 2 प्रतिशत (1% CGST+1% SGST अथवा 2% IGST) की दर से टीडीएस कटौती किया जाना अनिवार्य है। यूपी अधिनियम–2017 के प्रावधानों का अनुपालन न करने पर जीएसटी अधिनियम की धारा–122 के अन्तर्गत दण्डनीय है। यह भी बताया गया कि जिस माह भुगतान करने के उपरान्त टीडीएस काटा गया है उसके अगले माह के 10 तारीख तक कर विवरणीय जी0एस0टी0आर0–07 भरा जाना अनिवार्य है। राजस्व हित में यह आवश्यक है कि सरकारी विभाग संस्था निकाय जो कोई भी आपूर्ति सेवा प्राप्त करते हुए भुगतान कर रहे हैं, अपने स्तर से यह सुनिश्चित करें कि आपूर्ति सेवा केवल पंजीकृत व्यक्ति संस्था से ही प्राप्त करें। बताया कि स्थानीय निकायों के अन्तर्गत ग्राम पंचायतें भी शामिल है अतः इन पंचायतों पर भी टीडीएस सम्बन्धी प्राविधान लागू होंगे। ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त की गयी कर योग्य वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति यदि टीडीएस कटौती हेतु निर्धारित मूल्य सीमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतें भी शामिल है। अतः इन पंचायतों पर भी टी0डी0एस0 सम्बन्धी प्राविधान लागू होंगे।

ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त की गयी कर योग्य वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति यदि टीडीएस कटौती हेतु निर्धारित मूल्य सीमा के अन्तर्गत आती है, तो इन संस्थाओं द्वारा टीडीएस कटौती किया जाना अनिवार्य है। सहायक आयुक्त अखिलेश कुमार द्वारा राज्य कर में टीडीएन नं0 लेने हेतु आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी प्रदान की गयी। राज्य कर विभाग के सिस्टम इन्टीग्रेटर मुकेश द्वारा विभागीय बेवसाइट पर पंजीयन प्राप्त करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

बैठक में टीडीएस कटौती के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी ए0के0 सिंह द्वारा सभी सरकारी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को नियमानुसार टीडीएस एवं जीएसटी कटौती करने एवं अभी तक टीडीएन नं0 न प्राप्त हो, तो प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। बैठक में उत्तर प्रदेश प्रमुख



सचिव, राज्य कर उत्तर प्रदेश एवं कमिश्नर, राज्य कर उ0प्र0 द्वारा जारी शासनादेश एवं पत्र की प्रति को वितरित किया गया।

बैठक के अन्त में वरिष्ठ कोषाधिकारी ए0के0 सिंह ने समस्त आहरण–वितरण अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप जीएसटी विभाग में टी0डी0एन0ध्पंजीयन प्राप्त करते हुए 02 प्रतिशत की टीडीएस कटौती करने एवं जनपद सुलतानपुर के नोडल अधिकारी को प्रान्तीय अधिनियम की धारा–51 के अन्तर्गत कटौती करने वाले दायी प्रत्येक व्यक्ति (आहरण–वितरण अधिकारी) का वितरण (नाम, विभाग का नाम, ई–मेल एवं मोबाइल नं0) गूगल शीट पर 02 कार्य दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर जनपद के समस्त आहरण–वितरण अधिकारी एवं राज्य कर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिंदू मुस्लिम समाज के लोग सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार : डीएम चांदनी सिंह

- अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही– एसपी रवि कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। हिन्दू मुसलिम समाज के सभी लोग सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाये यदि कहीं पर भी किसी तरह से कोई अराजक तत्व द्वारा अराजकता फैलायी जाती है तो उसकी तुरंत जानकारी दें अफवाह फैलाने व शांति भंग करने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जायें तथा ताजियों को चिन्हित स्थानों से ही निकाला जायें। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उस पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें



अधिकारियों को डीएम व एसपी ने निर्देशित किया। डीएम चांदनी सिंह ने कहा कि मोहर्रम, रक्षाबन्धन, जन्माष्टमी आदि पर्व पर शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न होने चाहिए। हम सभी की यह जिम्मेदारीदारी है। त्यौहारों पर प्रशासन व पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरे तरीके से नजर रखी जायेगी। संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेंगा। किसी तरह की अफवाह फैलाने व शान्तिभंग करने का प्रयास करने वाले लोगों को पकड़ कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कहा कि मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जिले में चिन्हित स्थानों से ताजिया निकलेंगे। ताजिया जुलूस में हर स्थान पर वालेंटियर्स नामित किये जायें, जो प्रशासन का सहयोग करेंगे। अधिकारी संयुक्त रूप से अपने अपने क्षेत्र में ताजिया रूटों का निरीक्षण कर लें। बैठक में एसपी रवि कुमार ने कहा कि जैसे कावड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराया गया, उसी प्रकार ताजिया का जुलूस सकुशल सम्पन्न होने चाहिए। कहा कि इस बात का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि सावन माह क चौथा सोमवार पड़ रहा है। जिसमे मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड होगी। इसी के साथ सोमवार को ताजिया का जुलूस भी निकलेगा। त्यौहार सकुशल सम्पन्न हो यह हम सब की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रभारी एडीएम बीरेन्द्र कुमार मौर्य, एसडीएम रामकुमार, अंकुर कौशिक, अंगद सिंह, केके सिंह, सीओ विजय आनंद, राम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन नवीन गोवंश आश्रय स्थल सौरमऊ विकास खण्ड दूबेपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। सुलतानपुर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा गुरूवार को विकास खण्ड दूबेपुर के ग्राम पंचायत सौरमऊ देहात के घासीपुर में निर्माणाधीन नवीन गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि गोवंश आश्रय स्थल तक आने वाले सम्पर्क मार्ग का कुछ ग्राम वासियों द्वारा खतौनी की भूमि होने के कारण क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु भूमि के आवंटन के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश आश्रय स्थल के अवशेष भूमि पर खॉई खुदवाई जाय। इससे पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत उघरपुर, वि0ख0 दूबेपुर में निर्माणाधीन अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान एवं सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर निर्माण के अवशेष कार्य को तत्काल पूर्ण करायें।

इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर



संदीप सिंह, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी इशरत रोमेल, सचिव ग्राम पंचायत मन्नू कुमार, लक्ष्मण राम, रवि प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान सहित आदि उपस्थित रहे।

# घर-घर झंडा लगाने की अपील की

औरैया। अजीतमल विकासखंड में घर–घर तिरंगा वितरण कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक अनवर वारसी के निर्देशानुसार चलाया गया नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर तिरंगा वितरण कर आजादी की रणवाकुरो के बारे में विस्तार पूर्वक आम जनता को जानकारी दी ।

कार्यकर्ताओं ने आव्हान किया कोई घर बकाया ना रहे आजादी की 75 वी वर्षगांठ को देश बड़े धूमधाम से मना रहा है यह कार्यक्रम 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अनवरत चलाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नेहरु युवा मंडल की अध्यक्ष देवेंद्र सिंह व सचिव आदर्श सहित नेहरु युवा मंडल की तमाम स्वयंसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बेतिया में साढ़े 13 हजार रुपए रिश्वत ले रहा था पर्यवेक्षिका का पति, निगरानी ने रंगेहाथ दबोचा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। पश्चिम चंपारण के बेतिया से है, जहां निगरानी विभाग की टीम ने बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका के पति को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। निगरानी की टीम ने पर्यवेक्षिका के पति को साढ़े 13 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा है। पर्यवेक्षिका के पति को गिरफ्तार करने के बाद टीम उसे अपने साथ ले गई जहां उसे मुजफ्फरपुर स्थित निगरानी की कोर्ट में पेश किया जाएगा।



जानकारी के मुताबिक पश्चिम चंपारण के गौनाहा प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना के कार्यालय में पर्यवेक्षिका के पद पर तैनात रेणु कुमारी के पति को निगरानी के टीम ने नरकटियागंज स्थित उनके आवास से 13 हजार 500 रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सुनीता कुमारी ने पर्यवेक्षिका रेणु कुमारी और उनके पति राजेश गुप्ता पर पोषाहार वितरण और मानदेय भुगतान करने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप लगाय था। निगरानी विभाग ने जांच के दौरान मामले को सत्य पाया।

जिसके बाद धावादल का गठन कर पर्यवेक्षिका के पति को उनके आवास के पास 13 हजार पांच सौ रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ धर दबोचा।

## मोतिहारी में अनुमंडल प्रशासन व फूड विभाग की टीम ने मिठाई दुकानों में की छापेमारी, बासी स्वीट्स को नष्ट कर कई सामानों का लिया जांच सैंपल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। श्रावण मास में मोतिहारी के अरेराज प्रसिद्ध सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भक्तों की भड़ी लगी रहती है। इस दौरान मिठाई और किराना सामान की बिक्री खुब होती है, लेकिन बढ़ते भीड़ के चलते नकली सामान भी खपा दिया जाता है। इस पर लगाम लगाने के लिए बुधवार को फूड विभाग व अरेराज अनुमंडल प्रशासन ने छापेमारी की गई। छापेमारी में 7 दुकानों से मिठाई व सरसो तेल का सैम्पल जांच के लिए लिया गया। साथ ही टीम ने मंदिर के आसपास के दर्जनों दुकान से बासी जलेबी, खराब क्वालिटी के पेड़े, दही, रसगुल्ला व मिठाई को नष्ट किया।

छापेमारी की खबर मिलते ही दर्जनों किराना व मिठाई दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गए। फूड इंस्पेक्ट ने बताया कि शिव मिष्ठान भंडार, ओम साईं स्वीट्स, आंनद होटल की जांच की गयी। जांच में आंनद होटल का लाइसेंस नहीं पाया गया। वहीं सभी दुकानों से मिठाई का सैम्पल जांच के लिए लिया गया। वहीं पंडित किराना दुकान से सरसो का तेल जांच के लिए सैम्पल लिया गया। जिस तेल मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल का सैंपल लिया गया,



उसके जांच के लिए मुम्बई भेजा जाएगा।

वहीं मिठाई सैम्पल जांच के लिए कलकत्ता भेजा जाएगा। जांच के दौरान कई दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि घरेलू गैस सिलिंडर प्रयोग करते पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वहीं सीओ पवन कुमार झा ने सभी मिठाई दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि बासी भोजन व खराब क्वालिटी की मिठाई पकड़े जाने पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी कर जेल भेजा जाएगा। वहीं पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण मिठाई व भोजन देने का निर्देश सभी दुकानदारों को दिया गया है।

## जहरीली शराब से मौत के मामले में पुलिस द्वारा दो दर्जन लोग हिरासत में



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। मंगलवार को शराब पीने से रामदासपुर गांव के दो युवकों की हुई मौत के बाद स्थानीय थाने की पुलिस ने मंगलवार की रात जीपुरा, तुर्की, धेनुकी आदि गांवों में छापेमारी कर नट जाति के लगभग दो दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया हैं। बुधवार की सुबह इस समुदाय की दर्जनों महिलाएं पानापुर पहुंची एवं थाने के मुख्य द्वार पर हंगामा करने लगी।

हंगामा कर रही महिलाओं का कहना था कि रामदासपुर गांव में हुई मौत के मामले में जहरीली शराब से मौत होने का अंदेशा सामने आते ही पुलिस बौखला गयी है एवं अपनी नाकामी छुपाने के लिए निर्दोष लोगों को हिरासती में लेकर परेशान कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने नट जाति के 21 निर्दोष लोगों को हिरासत में लिया है वही स्थानीय पुलिस सिर्फ 6 लोगो को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की बात कह रही है। हंगामे के दौरान कई महिलाएं बेहोश भी हो जा रही थी।

हंगामा बढ़ते देख जदयू के महादलित प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव ज्ञानती देवी मौके पर पहुँची एवं महिलाओं को समझाबुझाकर शांत कराया वही स्थानीय पुलिस प्रशासन से भी निर्दोष लोगों को परेशान नही करने का आग्रह किया।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में छाया रहा विद्यालय में मिडेमिल रूपये की घोटाले



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिमरिया। पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रोहन साहू ने किया। बैठक में जिप सदस्य देवनंदन साहु, रोहनी देवी और बीडीओ नीतू सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में विभिन्न विभागों की क्रियाकलापों की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यालयों में वितरित किए जाने वाले कोरोना काल का बकाया खाने की राशि की घोटाले का मामला छाया रहा। बैठक में सदस्यों ने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को जानकारी दी कि लगातार शिकायतें मिल रही है कि कोरोना अवधि के प्रतिपूर्ति राशि के वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। बच्चों के बीच निर्धारित राशि से कम का वितरण किया गया है। सदस्यों ने इसकी पूरी जानकारी अविलंब उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं अनुपस्थित रहने वाले स्वास्थ्य विभाग, अंचल कार्यालय और बैंक प्रबंधक से स्पस्टीकरण की मांग की है। साथ हीं आपूर्ति विभाग, बाल विकास परियोजना, वन विभाग, पेयजल आपूर्ति, मनरेगा योजना सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई तथा उन्हें पारदर्शिता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुधीर कुमार सिंह, उपप्रमुख दामोदर गोप,पंसस परमेश्वर यादव, भोला सिंह, बीपीओ सुबोध कुमार, उस्मान मियां, अखिलेश उपाध्याय, मिथुन रजक, रोहित कुमार, प्रधान सहायक अजय पासवान सहित दर्जनों विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे।

मोकिम अंसारी सिमरिया

## कोल कम्पनियों द्वारा रूल को ताख पर रख किया जा रहा है ओवरलोड़ कोयले की ढुलाई

☒ नियम संगत 57750 टन के हिसाब से है पासिंग, जबकि 65520 टन ओवरलोड़ किया जा रहा है ढुलाई

☒ यह खेल कोल कंपनी के बने काटे घर में कंप्यूटर से छेड़छाड़ कर किया जा रहा है हेराफरी

☒ यही से अवैध कोयले कि की जाती है हेराफरी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। एशिया के सबसे बड़ा कोल माइंस आद्योगिक नगरी आम्रपाली में इन दिनों 18 चक्के बड़ी वाहनों से कोयला ओवरलोड़ का खेल धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। और इस बात की भनक किसी को कानोकान तक नहीं हो रही है। जबकि कम्पनी और परिवहन ढुलाई रूल नियम यह है कि 18 चक्का वाहनों से 57750 टन की ढुलाई किया जाना है। लेकिन बड़ी वाहनों में 65520 टन की ढुलाई धड़ल्ले से किया जा रहा है। रूल नियम के अनुशार 7 टन ओवर लोड की ढुलाई 18 चक्का वाहन से किया जा रहा है। सभी बड़ी वाहन झारखण्ड छोड़ विभिन्न अन्य राज्यों से यहां आम्रपाली कोल कम्पनियों में चलाया जा रहा है। कांटा घर में कोयला लोड वाहन को चालक द्वारा खड़ा किया जाता है उसके बाद मौजूद कांटा घर के ऑपरेटर द्वारा दो वजन चलान बनाया जाता है जिसमें एक शुध्द वजन और दुशरा ओवरलोड़ वजन का रसीद कम्प्यूटर से छेड़छाड़ कर निकाला जाता है। वहीं चालको को हिदायत दिया जाता है कि जरूरत के अनुशार वजन चलान का इस्तेमाल करना है। हमारे पास मौजूद वीडियो में कांटा घर के कम्प्यूटर मेन ओवरलोड़ को कम लोड का रसीद कैसे निकाल रहा है। इस तरह सैकड़ो वाहनों से कोयले की ढुलाई नित्यप्रतिदिन किया जाता है। बता दें कि आम्रपाली शिवपुर रेलवे साइडिंग तक आरकेटीसी बीएलए ज्वाइंट वेंचर कम्पनी द्वारा ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद किया गया था। कम्पनी के अधिकारी टिकेराव ने कहा था कि सीसीएल प्रबन्धन के निर्देश पर यह ट्रांसपोर्टिंग बंद किया गया है।जबकि सीसीएल महाप्रबन्धक वीके शुक्ला से पूछे जाने पर खा था कि यह अंदरूनी मामले को लेकर बंद किया गया है। बहुत जल्द समझौता हो जाएगा। जबकि यह ओवरलोड़ व कोयले की हेराफरी को



लेकर बंद किया गया था।

मोकीम अंसारी सिमरिया की रिपोर्ट।

## जदयू नेत्री डिंपल गुप्ता ने पेड़ लगाते हुए दिया नारा,पेड़ लगाओ जीवन बचाओ पर्यावरण को शुद्ध बनाओ : डिम्पल गुप्ता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स)

डिम्पल गुप्ता,स्नातक राजनीति शास्त्र ऑनर्स दिल्ली विश्व विद्यालय,राज्य परिषद सदस्य दिल्ली प्रदेश महासचिव,पूर्व निगम प्रत्याशी वार्ड 23-S जेडीयू नेत्री ने पेड़ लगाते हुए दिया नारा, पेड़ लगाओ जीवन बचाओ पर्यावरण को शुद्ध बनाओ। उन्होंने कहा कि जल जीवन और हरियाली तभी होगी खुशहाली । डिंपल गुप्ता ने कहा कि जब तक पर्यावरण शुद्ध नहीं होंगे तब तक मानव का स्वास्थ्य स्वस्थ नहीं रहेंगे। हमें मानव के स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध हवा की



आवश्यकता है शुद्ध हवा की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए पेड़ों का लगना बहुत ही अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से अपील करती हूं कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं और उसके सुरक्षा स्वयं करें जब तक कि वह अपने बड़ी ना हो जाती है।

## जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान 13 तक चलेगा



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। जिले में बुधवार से सदर अस्पताल के साथ सभी 27 प्रखंडों यथा मोतिहारी, जीवधारा, पिपराकोठी, सुगौली, रक्सौल, अरेराज आदि के स्वास्थ्य केंद्र के साथ चयनित विद्यालयों, सामुदायिक स्थानों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोविड टीकाकरण किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि महाअभियान के तहत जन जागरूकता देखी जा रही है। जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गुरुवार 04 अगस्त से 13 अगस्त तक कोविड टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा, जिसमें किशोरों, महिलाओं व युवाओं को लक्षित करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीकाकरण किया जा रहां है। डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि 86 हजार 609 टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। आज दिन के 2 बजे तक 32,585 लोगों का टीकाकरण हो चुका है। कोविड टीकाकरण में छात्रों, महिलाओं व युवाओं में बारिश के मौसम में भी उत्साह देखा जा रहा है। कोविड टीकाकरण में जीविका दीदीयों व समाजसेवियों, जनप्रति निधि आदि भी सहयोग कर रहे हैं। कोविड 19 टीकाकरण की स्थितियों पर सीएस, डीआईओ, डीपीएम, डीईओ व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहां है। मोतिहारी सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि नौरंगिया, लखौरा, बासमन, ढेकहा, सिरसा आदि स्थानों के टीकाकरण केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों से फीडबैक ली जा रही है। टीका में कमी होने पर तुरंत उपलब्ध कराई जा रही है। वही टीकाकरण के संबंध में लोगों से मुलाकात कर जानकारी ली जा रही है। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि कोविड19 वैक्सीन लेने में कोई परेशानी नहीं हुई। जिले में कोरोना से बचाव के टीका करण को लेकर 12 वर्ष से ऊपर के किशोरों और बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जिला प्रशासन ने जिले के लोगों व टीकाकरण से वंचित लोगों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील की है। कि निर्धारित समय पर कोविड का तीनों डोज खासकर बूस्टर डोज अवश्य लें। टीकाकरण के बाद भी पूर्ण रूपेण सुरक्षित रहने के लिए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें। उन्होंने बताया कि मास्क का उपयोग कर ही भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर जाएं, नियमित अंतराल पर अपने हाथ साबुन से धोएं तथा कोरोना के कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत कोविड नियंत्रण कक्ष के टॉल फ्री नंबर 1800–3456–624 या 06252–242418 पर संपर्क करें।

## जमीनी विवाद में भिड़े दो पक्ष मारपीट के बाद 6 लोग घायल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार के सहरसा जिले में जमीनी विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है।जिला प्रशासन द्वारा हर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन भी किया जा रहा है।

इसके बावजूद जमीनी विवाद में मारपीट जैसी घटना लगातार घट रही है।मामला सदर थाना क्षेत्र के गोबरगढ़ा वार्ड नंबर 8 का है। घटना से जुड़ी जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक यहां डेढ़ बीघा जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट के दौरान एक पक्ष के एक महिला समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



परिजनों ने सभी घायलों को आनन–फानन में सदर अस्पताल में एडमिट कराया।

## श्वेता कुमारी हाय जंपर प्रतिभागी ईस्ट जोन नेशनल के लिए चयनित की गइश्वेता कुमारी हाय जंपर प्रतिभागी ईस्ट जोन नेशनल के लिए चयनित की गई

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 29 से 31 जुलाई 2022 तक आयोजित है 88वी राज्य सीनियर एवं जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पटना वेस्ट के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए 2 स्वर्ण 3 रजत एवं 8 कांस्य पदक जीतकर परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में श्वेता कुमारी ने भाग लेकर ऊंची कूद में जंप लगा कर गोल्ड मेडल अपने नाम करते हुए प्रतियोगिता में मीट रिकॉर्ड बनाई। पटना वेस्ट एथलीट के सचिव चंदन कुमार मैनेजर देव पांडे कुछ प्रमोद कुमार सहायक अमित कुमार का भरपूर योगदान रहा। यह सभी प्रतिभागी विजेता बाढ़ शहर के ही हैं यह सब अभी संत जोसेफ कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय .2 बाढ़ में पढ़ाई कर रही हैं। वहां की प्राचार्या सिस्टर दीपिका ने अपने विद्यालय के प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी हैं साथ ही साथ विजेता खिलाड़ियों को लौटने पर सिस्टर दीपिका राजेश कुमार डॉक्टर सियाराम सिंह गोपाल बहादुर ने बधाई दी है। आए दिन लगातार श्वेता कुमार के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिस कारण श्वेता कुमारी को अपने ऊपर गर्व है और पूरे बाढ़ वासियों को बाढ़ की बेटी के ऊपर गर्व महसूस हो रहा है और



सब दुआएं कर रहे हैं की बालिका नेशनल के लिए चयनित हो जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## योजनाओं की जांच को पहुंचे डीएम ने नलकूप का किया निरीक्षण

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले के चौनपुर प्रखंड के करजांव पंचायत में बुधवार को डीएम नवदीप शुक्ला द्वारा सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में डीएम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय करजांव का निरीक्षण किया गया। जहां बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। डीएम द्वारा बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा गया और सुधार के संबंध में शिक्षकों को निर्देश दिया गया। इसके बाद डीएम ने करजांव वार्ड संख्या पांच में गली नाली योजना का कार्य देखा। योजना का क्रियान्वयन संतोषजनक पाया गया। नल जल योजना अंतर्गत करजांव ग्राम में वार्ड पांच का निरीक्षण किया गया। कुछ घरों में जलापूर्ति नहीं हो रही थी। डीएम ने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र करजांव का निरीक्षण किया गया। बच्चे ड्रेस में थे। आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम करजांव में पौधारोपण से संबंधित योजना का निरीक्षण किया। डीएम द्वारा पौधारोपण भी किया गया। डीएम ने ग्राम नेउरा में लघु सिंचाई विभाग के नलकूप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। हालांकि नलकूप चालू हालत में था। इस दौरान डीएम ने किसानों से खेतीबाड़ी की स्थिति के बारे में जानकारी ली।



## मानवता का संविधान है श्री मद भागवत महापुराण,स्वामी सियाराम शरण

जय शंकर शाही अयोध्या टाइम्स मानवता का सम्बिधान है श्री मद भागवत महापुराण,डॉक्टर बौआ जी के निज निवास नवादा में चल रहे श्री मद भागवत कथा के पंचम दिवश श्री धाम वृंदावन से आये अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता स्वामी सियाराम शरण जी बता रहे थे कि भागवत को सिर्फ ग्रन्थ न माने यह मानवो का सम्बिधान है, इसमें स्पस्ट रूप से बताया गया है कि हमे कौन सा कर्म करना चाहिए,क्या करने से हमारी जीवन सफलता की सोपान को पायेगा,आज कल लोग कर्म पर ज्यादा जोड़ देते है किंतु उन्हें यह पता नही की हमे कौन सा कर्म करना चाहिए,कर्म तीन प्रकार का है,सत्कर्म,अकर्म, विकर्म, तीनो कर्म ही है लोग आज कल कहते नजर आते की कर्म करो फल स्वतः प्राप्त हो जाएगा,अब विचार करे कि तीन कर्मो में हम जो कर्म कर रहे है वो कौन सा कर्म है,आज कल लोग पूजा करते है और उसे सत्कर्म कहते है क्या वो वास्तव मे सत्कर्म हो पाता है,पूजा का मतलब है समर्पण किन्तु हम उस से दूर है,मंत्र कुछ पढ़ते और वस्त्र कुछ और देते,ऐसे कर्म को किस श्रेणी में रखा जाय आप खुद विचार करे,उन्होंने कहा कि श्री मद भागवत महापुराण वो ग्रन्थ है जिसमे भगवान के श्री मुख से बताया गया है कि हमारे भक्त हम से किस प्रकार मिल सकते है,हमे पा सकते है,और भगवान को प्रेम से ही पाया जा सकता है,समर्पण से ही प्राप्त किया जा सकता है,अगर मानव ये जानले की मै उनका हु और वो मेरे है फिर भगवान को पाना बिल्कुल आसान हो जाता है,तुम्ही निवेदित भोजन करही,प्रभु प्रसाद पट भूषण धरही।।अर्थात जो है, हम जो करे सब उनके लिए करे,भगवान निश्चित मिलेंगे,इस कलयुग में मुख्य रूप से सिर्फ एक साधन बताया गया है वो है हरि किर्तन ,कहहु कहां लगी नाम बड़ाई, राम न सकहि नाम गुण गई।अर्थात भगवान का नाम जो लेगा वो निश्चित रूप से भवसागर पार करेगा,उसे भक्ति प्राप्त होगी और वो भगवान के परम पद पायेगा,जो जापे हरि को सदा वो परम पद पायेगा,वही झूला के अनेकों पद का गान स्वामी जी व उनके सहयोगी,शास्त्री जी,प्रवीण जी,डी के जी,बबलू जी के द्वारा किया गया जिसे सुन लोग मंत्रमुग्ध हो गए।



## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

(सत्य नारायण कामत दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ निर्मली सुपौल)। मुहर्रम को लेकर ओपी (थाना) परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई स बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने किया।

बैठक मुहर्रम के लिए शांतिपूर्ण व सौहादपूर्ण आयोजन को लेकर लोगों से अपील की गई स बैठक में निर्णय लिया गया है कि मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष एवं कमिटी के सभी सदस्यों को कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करें एवं किसी भी प्रकार का सौरगुल नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि कोरोना के पिछले लहरों के कारण काफी परेसनियों का सामना करना पड़ा था, कोरोना के तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है ऐसे में इसका ध्यान रखते हुए पर्व मानना है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व का आयोजन सरकार के गाइडलाईंस के अनुसार ही होना चाहिए। वही ओपी अध्यक्ष लालजी प्रसाद ने कहा कि आप मुहर्रम के इस पर्व को शांतिपूर्ण व सौहादपूर्ण तरीके से मनायें प्रसासन आपके साथ है एवं आप, सभी सरकार के गाईडलाईंस का पालन करें। वही पूर्व प्रखंड



प्रमुख रामप्रवेश यादव, सरपंच जीवच कामत, मुखिया गंगा प्रसाद साह ने कहा मुहर्रम शांतिपूर्ण हो इसके लिए हम सभी साथ साथ हैं। बैठक में उपस्थित– संतोष कुमार पासवान, मुहम्मद वकील, मो० हसिबुर रहमान, मो० नसरुल, राजेश कुमार मंडल रामबिलास सहनी जितेंद्र कुमार साह इत्यादि।

## सीतामढ़ी जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी पर निगरानी रखी जा रही है। उर्वरक अधिकृत विक्रेता से बैग पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य पर पॉस बायोमेट्रिक से ही क्रय किया जायेगा एवं बिक्री रसीद दिया जायेगा। सभी प्रखंडों में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है बैरगनिया 5.940, बाजपट्टी 40.815, बथनाहा 30.077, बेलसंड, 7.650 बोखरा 7.155, चोरौत 96.705, डुमरा 7.875, 155, सुरसंड 117.945. कुल 694.981 टन उर्वरक जिले में उपलब्ध है।किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता की शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर 06526–250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं।या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत दूरभाष संख्या–0612–2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक।



मेजरगंज 21.825, नानपुर 61. 695, परिहार 32.885 परसौनी 13.905, पुपरी 120.510, रीगा 28.625, रुनीसैदपुर 62.180 सोनबरसा 14.199, सुप्पी 25. डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम) यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा (45 किलोग्राम)।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान घर घर जाकर फैलाई जा रही जागरुकता

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जिले में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज संस्थान द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला के चार प्रखंडों कांटी, बोचहॉ, मुशहरी एवं मीनापुर में पंचायत के मुखिया, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ आम जनों के बीच घर–घर जाकर जागरुकता रैली की जा रही है। धात्री व गर्भवती माताओं के साथ बैठक करते हुए बच्चे के प्रति मॉ के साथ–साथ पिता की जवाबदेहियों का ज्ञान कराया जा रहा है। बच्चे के पिता को इस बात के लिए प्रेरित किया जा रहा है कि मॉ के लिए उचित आहार ही उनके स्तन में दूध की बढोत्तरी का कारक होता है। गर्भ काल से ही मॉ का सही पोषण होना आवश्यक है जिससे बच्चे के जन्म के उपरांत जरूरत के अनुसार मॉ को दूध आए तथा बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पहला गाढ़ा पीला दूध मिल सके। मॉ के पहले दूध को नवजात के लिए सर्वोत्तम आहार व सर्वोत्तम औषधीय गुण वाला बताया गया। इस संदेश को लेकर कांटी प्रखंड के पानापुर हवेली की मुखिया प्रियंका कुमारी, हरचंदा की मुखिया मदिना खातून, स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष कामिनी गुप्ता, गोदाइ फुलकांहॉ के पीएचएफ डब्लूभीएससी की अध्यक्ष वार्ड सदस्या प्रमिला, पंचायत की मुखिया जनकदेव सहनी के



साथ सभी स्थलों पर आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविका व प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक रागिनी और बोचहॉ प्रखंड के पटियासा पंचायत के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति की सदस्या हुस्न आरा, करणपुर उत्तरी पंचायत समिति की अध्यक्षा रंजू देवी के साथ कार्यक्रम मे सहयोग के लिए बोचहॉ प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक रीता कुमारी का योगदान रहा। सी थ्री के जिला समन्वयक अभय कुमार ने बताया कि सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज पिछले चार वर्षों से पोषण सम्बन्धी व्यवहारों में अपेक्षित बदलाव सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ कार्य कर रहा है। स्तनपान एक महिला को कम से कम छह महीनों के लिए गर्भवती न होने की 98 फीसदी सुरक्षा प्रदान करता है– लेकिन यह केवल तब, जब उसका मासिक–धर्म दोबारा शुरू नहीं हुआ हो।

## जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। अपर समाहर्ता ,श्री पवन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार जाति आधारित गणना 2022 के सफल आयोजन हेतु चार्ज , गणना ब्लॉक एवं उप गणना ब्लॉक के निर्धारण के संबंध में जिला , अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि जिले भर में जाति आधारित गणना की इकाई ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर होगी। यदि वार्ड की जनसंख्या 700 या उससे कम होगी तो प्रत्येक वार्ड एक गणना ब्लॉक के रूप में निर्धारित किया जाएगा । यदि आबादी 700 से अधिक होगी तो 700 के गुणक संख्या अनुरूप उप गणना ब्लॉक बनाया जाएगा। उदाहरण स्वरूप यदि किसी वार्ड की आबादी 1000 है तो उसमें दो उप गणना ब्लॉक होंगे ।

14 सौ तक की आबादी में दो उप गणना ब्लॉक होंगे और 14 सौ से अधिक और 21 सौ से कम होने पर तीन उप गणना ब्लॉक होंगे। इसी प्रकार गणना ब्लॉक/ उप गणना ब्लॉक का निर्धारण किया जाएगा ।किसी भी परिस्थिति में गणना ब्लॉक की सीमा वार्ड की सीमा के बाहर निर्धारित नहीं होगी। ब्लॉक का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा कि यह निर्धारण सुस्पष्ट हो और उसकी सीमा उस क्षेत्र के सड़कों से होकर गुजरती हो, ताकि वह क्षेत्र पूर्ण रूप से भूमि पर परिभाषित हो सके। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी जाति गणना कोषांग , जिला सांख्यिकी पदाधिकारी , अवर निबंधन पदाधिकारी , नगर आयुक्त ,सभी नगर पालक पदाधिकारी ,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें ।

## एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनस सेंटर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कृषि स्नातकों के लिए 20 लाख तक की नाबार्ड की योजना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर पर दिनांक 04 अगस्त 2022 को मोतिहारी के एलडीएम ऑफिस के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नाबार्ड डीडीएम आनंद अतिरेक ने की। कार्यक्रम में एलडीएम ऑफिस के बैंक अधिकारी, आरसेटी के अधिकारी, जिले मे कार्यरत



सभी बैंकों के जिला समन्वयक, प्रगतिशील युवा किसान और कई कृषि स्नातकों ने भाग लिया। डीडीएम आनंद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एसीएबीसी योजना के अंतर्गत, कृषि स्नातक, मैनेज (ड।छ।ळम्) संस्था से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर के स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 20 लाख रुपये तक की परियोजना स्वीकृत की जा सकती है और ग्रुप योजना में 1 करोड़ रुपये तक की परियोजना स्वीकृत की जा सकती है। योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लिए 36 प्रतिशत और महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए 44 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है।

एलडीएम संजय सिंह ने बैंक समन्यवकों से अनुरोध किया कि बैंक लाभुकों का चयन कर नाबार्ड के माध्यम से अनुदान दिलाएँ। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डीडीएम ने बताया कि एसीएबीसी योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं संबधित क्षेत्रों में अधिक से अधिक ऋण प्रवाह करना और कृषि स्नातकों को व्यवसाय के लिए आसान शर्तों पर ऋण मुहैया कराना है। उन्होंने बताया कि ऐसी कार्यशालाओं का उद्देश्य बैंकों के मध्य केंद्र सरकार की कृषि संबधित योजनाओं के लिए जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में बैंकों के जिला समन्यवकों, प्रगतिशील किसान और कृषि स्नातकों ने अपने विचार व्यक्त किए और नाबार्ड को कार्यशाला का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया।

## जिले में टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन बढ़ाने की कवायद जारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया। जिले में टीबी मरीजों का नोटीफिकेशन बढ़ाने के लिए जोर–शोर से काम हो रहा है। इसके लिऐ संस्था केएचपीटी द्वारा केएचपीटी जिला कार्यालय में कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर की मासिक समीक्षा बैठक जिला लीड मेनका सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेनका सिंह ने कहा कि टीबी संक्रामक बीमारी है, इसे जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीबी को मात देना मुश्किल नहीं है, बस नियम से दवाएं लेते रहने की जरूरत है। इस जानकारी को देने के लिए हमारी टीम हर क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। क्षेत्र भ्रमण कर वे टीबी मरीजों को दवा सेवन, उनके खान–पान, रहने व सोने के तरीकों, मास्क के उपयोग समेत अन्य दिनचर्या की जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सीएस द्वारा ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग रेफरल करने के बारे में चर्चा की गई। मेनका सिंह ने कहा कि सभी रेफर वाले व्यक्तियों को हर हाल में सीएस के द्वारा रेफरल स्लीप के साथ ही रेफर करवाने की कोशिश करें।

वही केएचपीटी के राज्य अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समन्यवक पंकज कुमार शर्मा ने विगत तीन माह का डेटा शेयर करते हुए बताया कि रेफर की संख्या कम है। स्क्रीनिंग और रेफर बढ़ाने के लिए हेल्थ



ऑटो, एसीएफ कैम्प, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भ्रमण, पंचायती राज संस्था के सदस्यों द्वारा सहयोग लेने के बारे में चर्चा की गई। बैठक में कम्यूनिटी कोऑर्डिनेटरों द्वारा टीयू में मानव संसाधन की कमी तथा खराब उपकरण के कारण रेफर मरीज की जाँच नहीं होने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान केएचपीटी के राज्य एडमिन एवं फाइनेंस पदाधिकारी विवेक कुमार ने बिल, वाउचर आदि को ससमय जमा करने एवं बिल संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी सुमित कुमार ने डेटा के माध्यम से टारगेट एवं अचीवमेंट के बारे में चर्चा की। बैठक में कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर अनु कुमारी, नीलम पांडेय, मनोज कुमार ओझा, अनिल कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार ठाकुर, नीरज कुमार, रमेश कुमार, डॉ घनश्याम, दीपेश कुमार राय उपस्थित थे।

## जिले में कोरोना टीकाकरण महाअभियान 13 तक चलेगा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) बेतिया।जिले के बगहा–1, नरकटियागंज, चनपटिया, नौतन, मझौलिया, बगहा–2 सहित विभिन्न प्रखंडों में कॉविड टीकाकरण महाभियान जारी है। इस क्रम में बगहा–1 प्रखण्ड में आज डीवीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने



टीकाकरण स्थल पतीलार केंद्र पर मॉनिटरिंग किया। डीवीडीसीओ ने कहा कि जिले के आखिरी व्यक्ति तक कोरोना का टीका पहुंच सके, इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। बीच–बीच में महाअभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब आज से 13 अगस्त तक जिले में रोज महाअभियान चलाया जाएगा। स्कूलों से लेकर अस्पतालों तक में कोरोना टीका देने की व्यवस्था की गई है। ऐसे में लोगों को भी इसमें सहयोग करने की जरूरत है, तभी जिले में शत–प्रतिशत टीकाकरण हो पाएगा। उन्होंने बताया कि जिनलोगों ने अभी तक एक भी टीका नहीं लिया है, वे लोग तुरत नजदीकी केंद्र पर जाकर कोरोना का टीका ले लें। साथ ही 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों ने एक या दो टीका ले लिया है, वे समय पूरा होने पर दूसरा या तीसरा (बूस्टर डोज) टीका भी ले लें। जिनकी उम्र 18 साल से कम है और उन्होंने पहला टीका ले लिया है और समय पूरा हो गया है तो दूसरा टीका जल्द ले लें। 18 साल से कम उम्र वाले वैसे लोग जिन्होंने एक भी टीका नहीं लिया है, वे देरी नहीं करें। दिन के 4 बजे तक 12988 लोगों का टीकाकरण किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस एन महतो ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एक–एक व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रहा है, इसलिए टीका लेने के लिए लोगों को सामने आना चाहिए। जिनलोगों ने कोरोना का तीनों टीका ले लिया है, वे दूसरे लोगों को इसके प्रति प्रेरित करें। तमाम जागरूकता कार्यक्रम के बाद भी अगर किसी के मन में कोई भ्रम रह गया है तो वह टीका ले चुके व्यक्ति के जरिये आसानी से दूर हो सकता है। इसलिए महाअभियान में अधिक–से–अधिक लोग टीका लेने के लिए सामने आएं।

डीवीडीसीओ ने कहा कि कोरोना टीकाकरण का फायदा लोग देख चुके हैं। पहली और दूसरी लहर के दौरान लोगों को टीका नहीं लगा था, इसलिए इन दोनों लहर में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ था, लेकिन जब तीसरी लहर आई तो काफी संख्या में लोग टीका ले चुके थे। इसका असर यह हुआ कि बड़े पैमाने पर लोग संक्रमित नहीं हुए। यदि हुए भी तो अस्पताल में भर्ती होने की नौबत नहीं आई। अभी कोरोना की चौथी संभावित लहर को लेकर चिंताएं हैं। जिन लोगों ने टीका ले लिया है, उनके संक्रमित होने का खतरा कम–से–कम है। इसलिए टीकाकरण के लिए लोग सामने आएं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कहते हैं कि कोरोना टीका की तीसरी यानी प्रीकॉशन डोज की अवधि पहले नौ माह थी, लेकिन अब उसे घटाकर छह माह कर दी गई है। यानी आपने कोरोना टीके की दो डोज समय पर ले चुके हैं तो तीसरी डोज अब दूसरी डोज लेने की तारीख से छह महीने के बाद ही ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि काफी लोग दो टीका लेने के बाद निश्चिंत हो गए हैं। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। तीसरी डोज लेने के बाद ही आपके टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी होगी। मॉनिटरिंग के दौरान डीवीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस एन महतो, डीवीडीएस डॉ सुजीत कुमार वर्मा, बीएचएम अमरेश कुमार आदि भी उपस्थित थे।

## साहब दुर्गावती थानेदार गुंडा है बिना केस किए साइकिल चोरी के आरोप में 3 दिन पीटा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बिहार के कैमूर में थानाध्यक्ष पर एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है मिली जानकारी के अनुसार साइकिल चोरी के शक में सब्जी विक्रेता फिरोज फारूकी को पुलिस ने थाने लाकर तीन दिन तक पिटाई की जिसके बाद पीड़ित की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो उसे उसके घर पहुंचा दिया गया पीड़ित ने दुर्गावती थानाध्यक्ष पर उसे बेरहमी से मारने का गम्भीर आरोप लगाया है पीड़ित फिरोज फारूकी ने मामले में न्याय दिलाने के लिए डीआईजी से गुहार लगाने की बात कही हैपुलिस पर युवक की पिटाई का आरोप फिरोज फारूकी ने पुलिस पर कार्रवाई की मांग की है. दुर्गावती थाना बाजार की घटना बताई जा रही है बताया जा रहा है कि फिरोज फारूकी दुर्गावती बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है देर शाम को सब्जी बेच कर घर जा रहा था, उसी रात एक साइकिल की चोरी हो गई चोरी की सूचना पुलिस को मिली तो घटना स्थल का सीसीटीवी कैमरे के आधार पर सब्जी बेचने वाला फिरोज को पूछताछ के लिए पुलिस थाने ले गई, जहां उसे तीन दिन



तक बांध कर पिटाई की गई जब उसकी तबीयत खराब होने लगी तो उसे घर पर पुलिस ने छोड़ दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## आचार्य बालकृष्ण जी के 50 जन्मदिवस पर जड़ी-बूटी के रूप में मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय महाराजगंज शहर के चेतनापुरी महाराजगंज के दिनांक 4 अगस्त 2022 को पाठशाला ग्लोबल स्कूल में आचार्य बालकृष्ण जी के 50 वा जन्मदिवस पर जड़ी–बूटी दिवस के रूप मनाया गया अंगद जी महाराज ने कहा पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है आज मैं इसीलिए स्कूली बच्चों के साथ मनाया ताकि आने वाले दिनों में भारत का भविष्य बच्चे ही हैं बच्चे जब स्वस्थ बनेंगे बच्चे जब जड़ी बूटी का प्रयोग करेंगे अपने घरों में कमरों में तुलसी एलोवेरा नीम गिलोय



पत्थरचट्टा नागदोन का पौधा के प्रयोग करके शुगर बीपी थायराइड एलर्जी खांसी जुकाम को दूर करेंगे तो आने वाली हमारी पीढ़ियां भारत फिर से पुनः विश्व गुरु बनेगा फिर से भारत स्वस्थ बनेगा और एलोपैथिक दवाइयों का बहिष्कार करेगा और जड़ी बूटी के द्वारा सभी बीमारियों का बिना साइड इफेक्ट का काम करता है एलोपैथिक दवाइयों में केमिकल रहता है एक बीमारी को ठीक करता है तो दूसरा बीमारी को जन्म दे देता है इसीलिए हम लोग का पूर्ण बहिष्कार करना है और जड़ी बूटी और योग अपना करके भारत को फिर से स्वस्थ एवं समृद्ध बनाना है क्योंकि भारत का आधा पैसा दवाइयों में खर्च होता है बीमारियों में खर्च होता है इसके बचाने के लिए सभी स्कूलों में कॉलेजों में बच्चों को जागरूक करना होगा योग और जड़ी बूटी के बारे में बताना होगा जागरूक करना होगा कि हमारे पूर्वज सभी लोग इसी को इस्तेमाल करके स्वस्थ रहते थे और 100 साल तक जीते थे मौके पर उपस्थित रहे पाठशाला ग्लोबल के निदेशक विकास कुमार सिंह ,अभिषेक कुमार,स्नेहा कुमारी,रेशमी कुमारी,कुणाल गुप्ता,पूजा कुमारी,नेहा कुमारी,गुड़िया कुमारी, स्वाति कुमारी,रिचा मिस,पम्मी कुमारी,तेजस कुमार,नवीन तिवारी।

## कैमूर में मोहनिया विधायक पहुंची स्कूल निरीक्षण में टीचर थे नदारद तो पढ़ाने लगीं अंग्रेजी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बिहार के कैमूर जिले में मोहनिया से राजद विधायक संगीता कुमारी प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय चौरसिया मोहनिया निरीक्षण के लिए पहुंची. कक्षा में बच्चे तो थे, लेकिन शिक्षक बाहर घूम रहे थे. इसके बाद नाराज विधायक ने बच्चों से पूछा कि किस विषय की पढ़ाई हो रही थी. इसके बच्चों ने बताया कि अंग्रेजी की क्लास है. इसके बाद विधायक खुद बच्चों के टेंस पढ़ाने लगीं. इसी बीच स्कूल की प्रभारी शिक्षिका हड़बड़ाते हुए विधायक के सामने पहुंची. विधायक ने जब शिक्षिका से पूछा अभी किसका क्लास है? तो शिक्षिका कभी किसी महिला शिक्षक का नाम तो कभी एक ट्रेनी शिक्षक का नाम ले रही थीं. इस पर विधायक ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आप प्रभारी हैं और आपको पता नहीं है कि कौन क्लास में कौन शिक्षिका क्लास ले रही हैंमोहनियाविधायक ने बच्चों के साथ खाया मिड डे मील क्लास रूम से निकलकर विधायक संगीता कुमारी ने बच्चों के साथ मिड डे मील खाया विधायक ने इस दौरान



पाया कि बच्चों को परोसा जा रहे भोजन मानक के रूप में नहीं है राज्य सरकार की ओर से निर्धारित पोषक तत्व को भी ध्यान में नहीं रखा गया है भोजन की गुणवत्ता में पाई गई कमी को लेकर विधायक ने विद्यालय प्रबंधन को सख्त निर्देश दिया कि बच्चों के स्वास्थ्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी विधायक ने कहा कि बच्चों को खिलाने से पहले शिक्षक खुद इस भोजन की जांच करें वहीं विधालय में क्लास से शिक्षकों के गायब रहने पर उन्होंने शिक्षकों से कहा कि सरकार आपलोगों को गरीब बच्चों को शिक्षा देने के लिए वेतन देती है, लेकिन अब ऐसा देखा जा रहा है कि शिक्षक सिर्फ सरकार से विद्यालय आने जाने का पैसा ले रहे हैं।

## शिक्षिका सुप्रिया कुमारी ने सप्लाई इंस्पेक्टर BPSC की 66वीं संयुक्तप्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है

ई अशोक कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स (छौडादानों मोतीहारी सिटी) छौडादानों। प्रखंड के राजकिय प्राथमिक विद्यालय भेलवा दक्षिणी में कार्यरत नवनियुक्त शिक्षिका सुप्रिया कुमारी, पिता कपिल देव शर्मा, ग्राम भेलवा दक्षिणी (जनता चौक छौडादानों) निवासी ने ठच्ैब की 66वीं संयुक्त परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इसका श्रेय ईश्वर और अपने परिवार को दिया, साथ साथ प्रखंड का नाम रौशन की है। इनको बधाई और उज्वल भविष्य की कामना के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय भेलवा दक्षिणी के विधालय परिवार के साथ साथ बिहार प्रारंभिक नव प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला संयोजक प्रमोद कुमार यादव, जिला प्रवक्ता शशिभूषण प्रसाद,श्री निवास प्रसाद,जिला संगठन सचिव ओम प्रकाश प्रसाद यादव, जिला उपाध्याय सतेन्द्र प्रसाद यादव,जिला मिडिया प्रभारी,संजीव कुमार,प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद, प्रखंड सचिव सुभाषचंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष माधव कुमार, महासचिव ललित किशोर प्रसाद,मिडिया प्रभारी महेश प्रसाद,कृष्ण नंदन प्रसाद,डी के सर्राफ,प्रवक्ता राजेश रंजन, शंभु ठाकुर,राजन प्रसाद,उप सचिव हरेन्द्र पासवान, ब्रजेश प्रसाद यादव, रामनरेश प्रसाद, आनंद कुमार निशाद, प्रदुमन कुमार, आजाद अली,सुबोध कुमार,नंदु पासवान,गोरे लाल प्रसाद यादव,सिया लाल ठाकुर,चंद्रेवर राम, प्रेम चंद पासवान,राम प्रवेश यादव, अमेरिका ठाकुर,कमलेश ठाकुर,मनोज कुमार,प्रमोद कुमार,मो शोहेलअख्तर, दिनदयाल केशरी,संजय कुमार,रविंद्र प्रसाद,जाकिर हुसैन,मुख्तार अंसारी,राजन कुमार,जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार,शिवजी प्रसाद,मुकेश कुमार,धिरेंदर यादव,हरेश्वर प्रसाद यादव,रविरंजन कुमार,महिला शिक्षिका जिलाध्यक्ष रिता गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष महिला शिक्षिका हुस्ने आरा खातुन, रूबी खातुन,शमीमा खातुन, साहिला खातुन,कुमारी चिंता मणी गुप्ता,अंजली कुमारी, गायत्री शर्मा निभा कुमारी,पूनम कुमारी,रेखा सिंह,कुमारी सरिता,रजनी कुमारी श्वेता कुमारी,सुष्मिता कुमारी, दीपशिखा,रिना कुमारी, विधेयावती कुमारी,रंभा कुमारी,प्रतिभा कुमारी,माधूरी कुमारी,रूपम कुमारी,स्वाती कुमारी साथ ही प्रखंड के सभी प्रतिनिधि और ग्राम के सब बडे छोटे का शुभकामनाएं और बधाइयाँ दिया।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## एडिबल आयल के लिए अनिवार्य एगमार्क लाइसेंस और प्रदेश में खुले तेलों की बिक्री पर प्रतिबंध हेतु जनपद में सर्विलांस अभियान चलाया

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशों के अनुपालन में जनपद अमेठी में दिनांक 01.08.2022 से 14. 08. 2022 तक खाद्य तेलों के सर्विलांस अभियान के अंतर्गत जनपद में खाद्य तेल में मिलावट की रोकथाम, ट्रांस फैटी एसिड की मात्रा ,लेवलिंग प्रावधान तथा multi&source एडिबल आयल के लिए अनिवार्य एगमार्क लाइसेंस और प्रदेश में खुले तेलों की बिक्री पर प्रतिबंध हेतु जनपद में सर्विलांस अभियान चलाया गया जिसके तहत आज दिनांक 04.08.2022 को सोयाबीन रिफाइंड ऑयल एवं multi&source एडिबल आयल का एक – एक सर्विलांस नमूना एवं सरसों के तेल के दो नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गए।



नमूना संग्रह कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री निर्भय नारायण सिन्हा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रोशन सिंह एवं सिद्धार्थ कुमार सम्मिलित रहे।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी मौके पर 65 लीटर अवैध शराब बरामद तथा 02 अभियोग पंजीकृत

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी 04 अगस्त 2022, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक



04 अगस्त 2022 को वंदना केसरवानी, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–4, तिलोई तथा हमराह स्टाफ सभी प्रधान आबकारी सिपाही/ आबकारी सिपाही एवम सरकारी वाहन एवम वाहन चालक के साथ शंकरगंज एवम खानापुर चपरा थाना मोहनगंज में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 02 मुकदमा दर्ज किया गया। मौके पर पाए गए 750 किग्रा लहन को नष्ट कर दिया गया, साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई। साथ ही आबकारी की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

## कानपुर हिंसा मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज, 45 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, 2 निर्दोष रिहा

कानपुर। कानपुर में 3 जून को हुई हिंसा के मामले में पुलिस अपनी कार्रवाई को तेजी से अंजाम देने में जुटी हुई है. पुलिस ने इस मामले में 45 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी है. 3 जून को नई सड़क और परेड इलाके में उन्मादी भीड़ ने



जबरदस्त पथराव किया था. इस दौरान फायरिंग और बम बाजी भी की गई थी. जिसके बाद हिंसा भड़क उठी थी. इस मामले में कानपुर पुलिस ने कुल 62 लोगों को आरोपी बनाया था जिसमें मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी, बिल्डर हाजी वसी, अकील खिचड़ी शफीक और बाबा बिरियानी के मालिक मुख्तार बाबा प्रमुख थे।

जांच में निर्दोष पाए गए लोगों को छोड़ा

कानपुर हिंसा के मामले में पुलिस पर आरोप लगे कि पुलिस ने कई निर्दोषों को भी हिंसा मामले में ना सिर्फ उठा लिया है बल्कि उनको फंसाने का पूरा प्रबंध कर लिया है. जिसके बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं ने तत्कालीन पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर निर्दोषों को छोड़े जाने की अपील की थी. कानपुर पुलिस ने कोर्ट में पकड़े गए आरोपियों में से साक्ष्यों के अभाव में छोड़े जाने की अपील की, जिसके बाद दो निर्दोष शानू लफ्फाज और शकील को छोड़ दिया गया है।

45 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

पुलिस ने अब कानपुर हिंसा में कार्रवाई को तेज करते हुए 45 लोगों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस निर्दोषों को परेशान नहीं करेगी. वहीं दूसरी तरफ अब इस मामले में आने वाले दिनों में कार्रवाई और तेज होने जा रही है. इनके साथ ही कुछ अन्य शातिर अपराधियों पर भी पुलिस कार्रवाई कर सकती है।

## युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन में संपन्न

कानपुर नगर। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जोन स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में बी०एन०एस०डी० शिक्षा निकेतन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के प्राचार्य श्री श्री बृजमोहन सिंह डॉक्टर मोहन सिंह एवं एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी कानपुर नगर श्रीमती आरती जैस्वाल द्वारा किया गया कार्यक्रम आयोजन का समापन मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्री आदित्य शंकर बाजपेई एवं सहायक प्रबंधक श्याम अरोड़ा द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन द्वारा पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। इस युवा उत्सव में कानपुर मंडल एवं झांसी मंडल के विजेता कलाकारों ने भाग लिया। लोकगीत में शिवांगी एंड ग्रुप कानपुर नगर, लोक नृत्य में आकांक्षा एंड ग्रुप कानपुर नगर, भरतनाट्यम में जान्हवी तिवारी, कत्थक में सौंदर्य गुप्ता, एकांकी में डीएवी कॉलेज, एक्टेंपोर में दिव्यांशी दुबे कानपुर नगर, तबला वादन में शुभम विश्वकर्मा, बांसुरी वादन में आकाश कुमार, को ओडीसी में अंतर गुप्ता, सितार में स्वाति पांडे, शास्त्रीय गायन में झांसी मण्डल के बालकृष्ण दीक्षित ने ख्याल गायन में राग बिखेर कर तथा चेतन गुप्ता कानपूर मंडल ने ध्रुपद गायन में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया जिला युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती आरती जैसवाल द्वारा बताया गया कि जोन स्तरीय युवा उत्सव के विजेता कलाकार कल दिनांक 29 से 31अगस्त, 2022 को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें इस वर्ष राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जनपद कानपुर नगर द्वारा 29 से 31अगस्त में कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, अमित कुमार, सुश्री रिचा मिश्रा, सुश्री निधि पांडे,सुश्री स्मिता सिंह के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया। मंच संचालन की भूमिका व्यायाम प्रशिक्षक श्री धीरेंद्र सिंह द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।निर्णायक मंडल में डॉ आदर्श त्रिपाठी, हरीश झा एवं विपिन निगम जी उपस्थित रहे।

# भारतीय युवा कांग्रेस के नेता प्रांजल तिवारी ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक

ब्यूरोचीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी के माध्यम से भेजा है ज्ञापन पत्र में श्री तिवारी ने कहा है कि मंत्री जी आपको अवगत कराना चाहता हूँ की यह ट्रेन लखनऊ से प्रयागघाट (पीआरएल)गांधी परिवार के द्वारा अमेठी रायबरेली मार्ग से इसलिए चलवाई गयी थी जिससे अमेठी रायबरेली के साथ साथ आस पास के गरीब मजदूर किसान भाई लोगो को भी प्रयागराज (इलाहाबाद) का सफर आसानी से कम पैसे में तय कर सके लेकिन इसको भाजपा के शासन में जबरन काफी दिनों तक के लिए बन्द रखा गया और जब पुनः संचालन शुरू भी किया गया तो बिना किसी भी रूप के परिवर्तन के किराया एक्सप्रेस के रूप में इजाफा कर दिया गया है श्री तिवारी ने कहा कि आप भी अवगत है कि इस मंहगाई ने जनता की



कमर तोड़ रखी है जनपद अमेठी व आस पास के गरीब लोगों के लिए एक सीमित व्यवस्था में सफर करने का सुगम साधन गांधी परिवार ने उपलब्ध कराया था यहां के गरीब तपके के लोग प्रयागराज स्थित माँ गंगा हनुमान जी व विभिन्न दर्शनों के साथ अपने आवश्यक काम हेतु जाते थे लेकिन एक तो इसे काफी दिनों तक बिना कोई कारण बन्द रखा गया और दूसरी तरफ जब शुरू भी किया गया तो जबरन एक्सप्रेस किराया वसूला जा रहा है जो न्याय उचित नही है हम मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आपसे समस्त क्षेत्र वासियों की ओर से आग्रह करते है कि गरीब मजदूर किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आप तत्काल उक्त प्रकरण में संज्ञान लेकर एक्सप्रेस किराया को बंद करके जो किराया था वो किराया लगे,प्रांजल तिवारी ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानी पर आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद महोदया ने पुनः साबित कर दिया कि अमेठी की जन समस्याओं से इनका कोई सरोकार नही है यहां के गरीब तपके के लोगो के लिए उनके हृदय में कोई स्थान नहीं है कांग्रेस नेता ने कहा कि सांसद का सौतेला व्यवहार लगातार जारी है उन्होंने अपने आगे के व्यक्तव्य में कहा कि राहुल गांधी जी जब सांसद हुआ करते थे तो अमेठी मे सभी ट्रेनो का ठहराव हुआ करता था राहुल गांधी जी को अमेठी के लोगो के प्रति चिंता थी फ्रिक थी,कांग्रेस नेता प्रांजल तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस गंभीर विषय पर चिंतन करके कदम नही उठाती है तो हम सभी युवा कांग्रेस के लोग व्यापक आंदोलन प्रदर्शन करेंगे।

# कानपुर पनकी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर दिखा

- स्कूल परिसर में साफ सफाई करते हुए नौनिहाल

कानपुर के पनकी गंगागंज प्राथमिक विद्यालय में एक वीडियो



वायरल हुआ जिसमें बच्चे स्कूल की साफ सफाई और स्कूल में जमीन पर घास काटते हुए नजर आ रहे है वहीं पर स्कूल चलो अभियान का पलीता लगा रहे हैं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग अपने बच्चे को स्कूल भेजते हैं कि उनका भविष्य उज्जवल हो और पढ़ लिख कर वह एक बड़े अवधे पर अपना जीवन व्यतीत करें वहीं पर आप यह भी कह सकते हैं कि अभिभावकों के सपनों पर पानी फेरते दिखे प्राथमिक विद्यालय की शिक्षाक और शिक्षिकाएं बच्चों से स्कूल परिसर में साफ सफाई कराते हुए नजर आए पनकी गंगागंज के विद्यालय के शिक्षक पढ़ने की समय शिक्षक कटवा रहे थे स्कूल में बच्चों से घास इसी को लेकर के आज सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर लोगों ने भी अब शिक्षा विभाग के अधिकारी व शिक्षकों पर



ताना कसना चालू किया नौनिहाल बच्चों का भविष्य किस तरह से अंधकार की ओर ले जाते दिखे स्कूल प्रशासन के लोग क्या इनको यह नहीं मालूम है कि यह बच्चे अपना समय लेकर पढ़ाई करने आए हैं लेकिन इसके बावजूद भी इन बच्चों से साफ सफाई के कार्य को कराना एक अनुचित कार्य नहीं है।

इसी को लेकर अब देखना यह है कि इस वीडियो के आधार पर शिक्षा विभाग पर बैठे कुछ अधिकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षा ऊपर क्या कार्रवाई करते हैं या फिर इसी तरह से लीपापोती करके वीडियो को देखकर अनदेखा कर दिया जाएगा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का सपना स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है जिसमें लड़की और लड़कियां स्कूल में पढ़ाई करने को आते हा एक और वाक्य भी कहा जाता है पढ़ेंगे बच्चे तभी तो आगे बढ़ेंगे बच्चे इसी के आधार पर बच्चों के सपने अधूरे दिखाएं पढ़ रहे हैं।

# चाइल्ड पोर्नग्राफी विडियों अपलोड करने वाले 02 आरोपियों को थाना जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया

जिला जांजगीर चाम्पा। छत्तीसगढ़ के थाना जांजगीर में आरोपी होमेश्वर जायसवाल निवासी आई , बी , रेस्ट हाउस के पीछे जांजगीर द्वारा दिनांक 19/12/2020 को अपने मोबाइल से बच्चों का अश्लील विडियों इंटरनेट पर अपलोड किया गया था जिस संबंध में भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसी आरबी नई दिल्ली से सायबर टीप लाईन द्वारा आरोपी को इंस्टाग्राम के माध्यम से चाइल्ड पोनोग्राफी अपलोड किये जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 525/2022 धारा 67 बी , आईटी एक्ट 14 पाक्सो एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया आरोपी होमेश्वर जायसवाल निवासी आई बी रेस्ट हाउस के पीछे जांजगीर को उसके घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर जांजगीर पुलिस द्वारा गिरफ्तार



किया गया इसी प्रकार आरोपी जगेश्वर सिहानी उम्र 45 वर्ष निवासी रविदास चौक के पास वार्ड नंबर 17 द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से बच्चों का अश्लील विडियों इंटरनेट पर अपलोड किया गया था जिस संबंध में भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसी आरबी नई दिल्ली से सायबर टीप लाईन द्वारा आरोपी को इंस्टाग्राम के माध्यम से चाइल्ड पोनोग्राफी अपलोड करना पाये जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 528 / 2022 धारा 67 बी, आईटी एक्ट 14 पाक्सो एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया आरोपी होमेश्वर जायसवाल निवासी आई बी , रेस्ट हाउस के पीछे जांजगीर एवं आरोपी जगेश्वर सिहानी उम्र 45 वर्ष निवासी रविदास चौक के पास वार्ड नंबर 17 को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों को दिनांक 04/08/2022 को न्यायालय में पेश किया गया आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं सीमा बरामद किया गया प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी में निरीक्षक उमेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव आरक्षक प्रतीक सिंह, दिलीप सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# योगाचार्य धर्मेन्द्र प्रजापति के नेतृत्व मे हर्षोल्लास से मनाया गया जड़ी-बूटी दिवस व हर घर झंडा अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स संतोष सिंह गोरखपुर

दिनांक 4 अगस्त को आयुर्वेद शिरोमणि श्रद्धेय आचार्य श्री बालकृष्ण जी का 50वाँ जन्म दिवस 'जड़ी –बुटी दिवस के रूप में आदर्श हरिजन प्राथमिक विद्यालय, राजमथौली (रजवटिया), बगही,तमकुहीराज कुशीनगर के प्रबन्धक माननीय श्री बच्चा राय जी व श्री आनन्द प्रताप राव जी के मार्गदर्शन में योगाचार्य श्री धर्मेंद्र प्रजापति जी के द्वारा विद्यालय में योग आयुर्वेद का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो प्रातः 7. 00 बजे योग साधना कार्यक्रम से प्रारंभ हुआ, उसके बाद आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 75 वी



वर्षगांठ पर हर घर झंडा फहराने का संदेश दिया गया तत्पश्चात योगाभ्यास के साथ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के महत्व के बारे में जैसे गिलोय ,नीम ,तुलसी, एलोवेरा ,आंवला, भूमि आंवला,पत्थर चट्टा ,अश्वगंधा ,पीपल, नागदोन, सिहुल, इत्यादि 30 प्रकार के 250 से अधिक जड़ी–बुटी व पौधो का रोपण तथा वितरण किया गया है। योगाचार्य जी ने जड़ी बूटियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों को जीवनशैली में सुधार लाने हेतु एवं जड़ी–बूटी के पौधों की रोपाई करके अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए अपील किया इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक मनीष कुमार शर्मा जी ने सभी बच्चो से विशेष अनुरोध किये कि सभी बच्चे इन जड़ी बूटियों का रोपण कर उनकी देख भाल करे क्योंकि ये जड़ी बूटी नहीं जीवनी बूटी हैं जो हमारे पूर्वजों से चलती आ रही है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगणों में अजय कुमार श्रीवास्तव, बसरुद्दीन अंसारी, विनोद कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, मितु तिवारी, चांदनी कुशवाहा, लवली गोंड, सिंधु कुशवाहा, विनय प्रजापति जी, सोनू गुप्ता तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# देवेन्द्र यादव अध्यक्ष व विशवम्भर गुप्ता मंत्री बने

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी पूर्व मा०शिक्षक संघ–देवरिया का अधिवेशन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी देवशरण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में ब्लाक संसाधन केंद्र–लार पर सम्पन्न हुआ, जिसमें ब्लाक इकाई–लार का गठन किया गया, सर्वसम्मति से देवेन्द्र यादव को अध्यक्ष एवं विश्वम्भर गुप्ता को मंत्री तथा कंचन सिंह जी को महिला उपाध्यक्ष चुना गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष वृजभूषण गौड़ ने शिक्षकों के अधिकारो की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने के संगठन के साथ मजबूती से जुडने की अपील की जिला जिला अध्यक्ष हेमा मणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी शिक्षक संगठन के सदस्य बने और संगठन को मजबूत करें वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवशरण सिह ने कहा की शिक्षकों का उत्पीड़न बरर्दात नही किया जायेगा क्षेत्रों मंडल कोषाध्यक्ष अतुल शुक्ला नहीं 5 सितंबर शिक्षक दिवस की तैयारी के लिए सभी शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की जिला महामंत्री फरिणन्दर मणि ने भी शिक्षकों को मजबूती के साथ संगठन से जुड़ने की बात कही शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में हेमा त्रिपाठी जिलाध्यक्ष देवशरण सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष फणिंद्र मणी मंत्री,अशफाक अहमद कोषाध्यक्ष, हृदयानंद यादव संयुक्त मंत्री अतुल कुमार शुक्ल प्रदेश संयुक्त मंत्री, बृजभूषण गौड़ मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह मंडल उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष– रुद्रपुर,चन्द्रशेखर मंडल संयुक्त मंत्री दिनेश कुमार सिंह पर्यवेक्षक एवं अध्यक्ष–देवरिया सदर), लालजी मिश्र मंत्री–देवरिया सदर ब्रजेशकुमार द्विवेदीअध्यक्ष–सलेमपुर),जयकिशुन(मंत्री–सलेमपुर), शिवप्रकाश कुशवाहा जिला मीडिया




प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी अध्यक्ष–भटनी, ताहिर अहमद मंत्री–भटनी, बागीश अध्यक्ष–भागलपुर अनूप सिंह मंत्री– भागलपुर शशिभूषण पाठकअध्यक्ष – बरहज जयेंद्र तिवारी अध्यक्ष –रामपुर कारखाना ईश्वरचन्द, आशुतोष सिंह,ज्ञान्ती देवी,शैलेष कुशवाहा, दिग्विजयनाथ सिंह, कैलाश गौतम, अरविंद कुमार यादव, श्रीनिवास सिंह, अनुराग यादव, सुनील कुमार,परमेन्द्र कुमार सिंह, अम्बुज कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार पाण्डेय, प्रवीण कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, परवेज अहमद, प्रेम शंकर, ओमप्रकाश,ताज मुहम्मद,बदरे अली, देवेन्द्र चौबे, कमलेश कुमार, अनिल प्रसाद, विजेंद्र कुमार,मु० रफीक, प्रमोद कुमार वर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, आनंद कुमार जायसवाल,सैयद अली,अमर सिंह एवं विनय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### जिला मुख्यालय के सम्पर्क से टूटा विकास खण्ड मुख्यालय भुसियावाँ शाहगढ रामगंज जिला मार्ग को डमरीकरण कराने की मांग

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी/शाहगढ



वी वी आई पी जिले में शुमार अमेठी की सड़कों का हालत बहुत ही बदतर और दयनीय हालत में है। जिले की अपवाद स्वरूप कुछ सड़कों को छोड़ दे तो ज्यादातर सम्पर्क मार्ग गढ्ढे में तब्दील हो चुके हैं। जिसकी आवाज सदन में जिले के माननीय द्वारा समय समय पर उठाई गई हैं। जिससे ब्लाक वासियों को जिला मुख्यालय अमेठी और पुराना जिला सुल्तानपुर को आने जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। विदित हो कि शाहगढ विकास खंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली पक्की सड़क रामगंज शाहगढ भुसियावां मार्ग पूरी तरह से कटा हुआ हैं। जो दो जिलों से जोड़ता हैं। कुछ समय पूर्व सड़क का निर्माण तो हो रहा था, परन्तु स्थानीय किसानों के जगह जगह विरोध किए जाने से सड़क भुसियावा से नोहरेपुर, बरइन का पुरवा से घनश्याम की सरैया व बीररामपुर से गुलालपुर ड्रेन तक सड़क पर सिर्फ बड़े बड़े बोल्डर पड़े हुए हैं, साथ ही सड़क जगह जगह गढ्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। जिसमें हमेशा जल भराव रहता है। जिसकी वजह से आए दिन आने जाने वाले राहगीर चोटहिल होते रहते हैं। क्षेत्रवासी राम सुन्दर मिश्रा, राजीव शुक्ला, राघव राम मिश्रा, अनिल यादव, कामता शर्मा, राजू शुक्ला, मनोदत्त यादव, मगरू गुप्ता आदि ने अमेठी सांसद केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से सड़क को डमरीरण कराए जाने की मांग की।

### रेलवे व नगरपालिका अधिकारियों ने किया बाधित रेल मार्ग का निरीक्षण

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। नगरपालिका व रेल विभाग के अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक पर जल भराव के कारण रुकी ट्रेनों की जानकारी हासिल कर समस्या का निस्तारण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। बुधवार देरशाम हुई तेज बारिश के चलते भरथना रेलवे स्टेशन के अप और डाउन रेलवे लाइन पर पानी भर गया जिसके चलते अप और डाउन रेलवे ट्रैक कुछ समय के लिए बाधित हो गया था जिसके बाद रेलवे विभाग और नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी अरविंद कुमार यादव सहायक मंडल एव दूरसंचार अभियंता,शोभित त्रिवेदी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता रेल पद भरथना, केराजित राम गौर सहायक मंडल अभियंता रेल के साथ पालिका अवरअभियंता राजेश दीक्षित व संतोष यादव ने अप रेलवे ट्रैक से गुजर रहे पालिका नाला का बारीकी से निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर रामजी भदौरिया,पूरन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।है।



### 'आर्बीट्रेशन लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री-ट्रायल हुई संपन्न'

कानपुर नगर। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर नगर 'सुशील कुमार सिंह' द्वारा बताया गया कि ' जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर, 'श्री मयंक कुमार जैन'' की अध्यक्षता में दिनांक 6 अगस्त 2022 को आयोजित आर्बीट्रेशन लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्री–ट्रायल का सफल आयोजन किया गया।

इसी क्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला सूचना अधिकारी के साथ एक बैठक आहूत की गई उक्त बैठक में दिनांक 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक्स मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिए गये।

### जिलाधिकारी नें उपचुनाव के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय गुजराई में पहुंचकर चल रहे मतदान का जायजा लिया

कानपुर देहात ।जनपद जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुजराई उपचुनाव के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय गुजराई में पहुंचकर चल रहे मतदान का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सकुशल मतदान संपन्न करने हेतु निर्देशित करते हुए, उपस्थित तहसीलदार अकबरपुर द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत गुजराई में 1803 मतदाता हैं तथा 9.00 बजे तक वोटिंग प्रतिशत 32.26 हो चुकी है तथा सकुशल मतदान संपन्न होगा ।



### बैटरी फटने से 9 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत

घर में रखी इन्वर्टर बैटरी में हुआ था ब्लास्ट, इलाज के दौरान तोड़ा दम

दिबियापुर,औरैया। औरैया रोड पर स्थित एक घर में रखी इन्वर्टर की बैटरी फटने से नौ साल का बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई में आईसीयू में एडमिट कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



मंगलवार की देर शाम शास्त्री नगर में सोलर पैनल एवं बैटरी का व्यवसाय करने वाले दिनेश दुबे उर्फ गुड्डू का पुत्र हर्ष उर्फ देवू दुबे (9) घर में खेल रहा था। कमरे में इन्वर्टर रखा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ बैटरी फट गई। हर्ष चपेट में आ गया और उसके एक हाथ आधा कट गया और आंख से लेकर पूरा शरीर झुलस गया था। घटना देख घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। बच्चे के दोनों हाथ, पेट एवं शरीर के अन्य अंग गंभीर रूप से झुलस गए थे। परिजन एंबुलेंस की मदद से बच्चे को चिचौली स्थित अस्पताल ले गए। वहां से गंभीरावस्था में बच्चे को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। सैफई में बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई थी। सैफई में उसे आइसीयू में एडमिट किया गया और वेंटिलेटर लगाया गया। गुरुवार की दोपहर हर्ष ने दम तोड़ दिया। बालक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। देवू इकलौता बेटा था और एक छोटी बेटी भी है।

### ग्राम चाकरोद में पानी में से निकलने को मजबूर स्कूल के छात-छाताए

जिला ब्यूरो चीफ सतीश सिंह मेवाड़ा/दैनिक अयोध्या टाइम्स शाजापुर शुजालपुर से मेहरवान सिंह बाघेला की रिपोर्ट।



शाजापुर। कालापीपल विधानसभा व जनपद पंचायत शुजालपुर की ग्राम पंचायत चाकरोद में बने चाकरोद,कालापीपल मार्ग पर रोड से दोनो तरफ पानी निकासी नही होने की वजह से बडा हादसा होने शंका वही पर शासकीय प्राइमरी से लेकर हाई स्कूल के कक्षा 1 से लेकर 10 वी तक के शासकीय स्कूल के छात्रध्छात्राए भरे हुये पानी मे से निकलने को मजबूर है यह स्तिथि लगभग 2 वर्षो से है कई बार स्कूल विभाग व ग्रामवासियों ने इस विषय में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत कराया पर कोई सुनने को तैयार नही है जबकि यह स्कूल जाने का मुख्य मार्ग है जिस दिन अधिक वर्षा होती है उस दिन स्कूल भी नही जा पाते है ना ही ग्रामीणजन निकल सकते यदि जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीजन चाहे तो ऐसी व्यवस्था कर सकते है जिससे पानी आसानी से निकल सके कुछ लोगो के अतिक्रमण की वजह से यह समस्या आ रही है अब इन स्कूल के छात्रध्छात्राओं की ओर ध्यान देकर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को इस समस्या से निजात दिलाना चाइये!

## आपसी भाईचारें और शांति के साथ त्योहार मनाएं अराजक तत्वों पर नजर रख पुलिस को सूचित करे-संतोष कुमार सिंह

- बकरीद रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी त्योहारों को लेकर नारीबारी में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न
- हिन्दू मुस्लिम समुदाय के क्षेत्रीय गणमांन्यजन और ग्राम प्रधान रहे उपस्थित
- बैठक मे क्षेत्रिय समस्या विजली,पानी,नाली और अन्ना पशुओ से सम्बंधित मुद्दे उठें

नारीबारी(प्रयागराज)। आगामी त्योंहार बकरीद, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस चौकी नारीबारी में पीस कमेटी के बैठक का आयोजन गुरूवार को सांय ५ बजे किया गया। चौकी प्रभारी नारीबारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे क्षेत्रीय हिन्दू–मुस्लिम समुदाय के सभ्रांत व्यक्तियों ग्राम प्रधानों एवं पत्रकारों की मौजूदगी में चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा त्योंहारों को सभी लोग आपस मे मिलजुल कर भाई चारें के साथ मनाएं। शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखें और पुलिस को समय रहते सूचित करें। शांति व्यवस्था भंग करने वालों से कड़ाई से निपटा जाऐगा। नारीबारी पुलिस २४ घंटे आपकी सेवा में तत्पर है। त्योहारों को पुरानी परम्पराओं के हिसाब से उत्सव और शांति के साथ मनाएं। मौजूद गणमान्यजनों ने क्षेत्रिय समस्या नाली, विजली, पानी,ऐरा पशुओं की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में विकासखंड शंकरगढ़ पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष महेन्द्र कुमार शुक्ल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, सूर्यकांत शुक्ल,दिवाकर त्रिपाठी,शैलेश कुमार,सोनू सिंह, मो० आमीन,ग्राम प्रधान संतोष कुमार सिंह, पृथ्वीराज साहू,राम प्रकाश सिंह, रत्नाकर सिंह, प्रदीप कुमार मिश्र,भरत निषाद,विजय शंकर शुक्ल, विकास चन्द्र शुक्ल, राघवेन्द्र शुक्ल,मेराजुल इस्लाम,विपिन चौधरी,गुलाम मुस्तफा,राम जीत यादव, प्रदीप कुमार आदि के साथ क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## सड़क बनी तालाब,लोगों का निकलना हुआ दूभर

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) बरसात के होते ही जिले की सड़कें जगह जगह तालाब



का रूप धारण किए हुए है। टूटी हुई सड़कों पर बने गड्ढे ऊपर से भरा गंदा पानी व कीचड़ लोगों के जान के दुश्मन बने हुए है। बैरियर चौराहा से फकीर चक जाने वाली तथा वीरगंज बाजार से कथरा माफी को जाने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ब्लाक मुख्यालय जमुनहा के चंद कदम दूर टीवीएस एजेंसी से मुरारी लाल गुप्ता के घर तथा लछमनपुर मोड़ व लछमनपुर गांव के पास सड़क पर भारी जलभराव बना हुआ है। जिसके चलते लोगों का सड़क पार करना जान जोखिम में डालने के बराबर है। भारी समस्या को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण सुधीर श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, किशोरी लाल, शमशाद खान सहित भारी संख्या में लोगों ने ब्लाक मुख्यालय जमुनहा में पहुंच कर खंड विकास अधिकारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र देकर जल निकास की समस्या को दूर कराए जाने की मांग की।

## बड़ा ताजिया का जुलूस पूरी अकीदत के साथ निकाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला(बलरामपुर) करबला के शहीदों की याद में मनाए जा रहे माह–ए–मोहर्रम की पांचवीं तारीख गुरुवार शाम करीब पांच बजे उतरौला में बड़ा ताजिया का जुलूस पूरी अकीदत के साथ निकाला गया।

ये जुलूस मनकापुर रोड स्थित स्वर्गीय जमील हुसैन रिजवी के आवास से निकलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, गौसिया,छिपिया मोड़, चांद मस्जिद,हाटन रोड तिराहा, से मुख्य मार्ग होता हुआ कस्बा चौकी के बगल से बड़ा इमामबाड़ा सुभाष नगर में संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान नौहा ख्वानो ने नौहा पढ़ें। तथा तमाम अजादारों ने मातम कर इमाम हुसैन को पुरसा दिया। जूलूस की आगवानी कर रहे अनसार हुसैन, किशवर हुसैन, तव्वकल हुसैन तथा समीर रिजवी द्वारा जुलूस में शामिल अजादारो को जगह–जगह पानी, बिस्किट, शीरनी, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स आदि वितरित किया।



जुलूस में अकीदतमंदो का हुजूम रहा। जुलूस में शामिल लोग या अली या हुसैन, नारे हैदरी का नारा बुलंद कर रहे थे। जुलूस में अजादारो ने खूब मातम भी किए। और या अली और या हुसैन के नारे लगाते रहे।

इमामिया ट्रस्ट अध्यक्ष ऐमन रिजवी, डॉक्टर नेहाल रिजवी, डॉक्टर आरिफ रिजवी, अकील जाफरी, सिज्जू रिजवी, नुसरत हुसैन, सईद जाफरी, समन हैदर समेत शिया समुदाय के तमाम लोग मौजूद रहे। जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न करवाने के लिए कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी गुरु सेन सिंह, निरीक्षक रामनारायण सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान जुलूस के दौरान मौजूद रहे।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी के 50 लाख की भू-सम्पत्ति को प्रशासन ने किया कुर्क

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूध्द जनपद गाजीपुर में अवैध तरीके से धन,भू–सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद गाजीपुर की प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा दिनांक 03.08.2022 को पारित कुर्की आदेश के अन्तर्गत धारा14(1) उ0प्र0 गिरोह बंन्ध एवं समाज विरोधी अधिनियम 1986 विरुद्ध अभियुक्त मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी निवासी युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद द्वारा अपनी आफसा अंसारी पत्नी मुख्तार अंसारी के नाम अवैध ढंग से अर्जित की गयी



निम्न भू–सम्पत्ति दिनांक 16.02.2009 को राजिस्ट्री करायी गयी भू–सम्पत्ति जफरापुरा वार्ड सं0–18\22 परगना व तहसील मुहम्मदाबाद जो 35 फुट लम्बा पूरब–पश्चिम है तथा 27 फुट चौड़ा उत्तर–दक्षिण है जिसका कुल रकबा 87.79 वर्ग मी0 है जिसकी वर्तमान बजारू कीमत लगभग 5000000 रुपये है की भू–सम्पत्ति को मुनादी कर कुर्की की कार्यवाही की गयी।

## विद्युत पोल में उतरे करेंट से एक मवेशी की हुई मौत

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र इकौना के अंतर्गत ग्राम आंधर पुरवा में विद्युत पोल के नीचे बंधी भैंस की करंट उतरने से मौत हो गई। आंधर पुरवा गांव निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा ने विद्युत विभाग पर लापरवारी का आरोप लगाते हुए कहा की बीती रात बरसात होने से जलभराव के बीच कीचड़ में विद्युत पोल के नजदीक भैंस बंधी थी कि अचानक सप्लाई आते ही खंभे में करेंट के उतरने से महंगी भैस की मौत हो गई। भैस की मौत से परिवार वालों में काफी निराशा छाई हुई है।

## डीआईओएस गोविन्द राम ने भारतीय विद्यालय उतरौला का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशानिर्देश डीआईओएस ने अनुशासन, साफ -सफाई,पठन-पाठन तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आदि के बारें में बच्चों को दी आवश्यक जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

- डीआईओएस ने कई कक्षाओं का किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से किए सवाल जवाब
- डीआईओएस ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बच्चों एवं अभिभावकों से अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहराने की अपील की
- जिला विद्यालय निरीक्षक ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रधानाचार्य को दिए जरूरी निर्देश

उतरौला (बलरामपुर)।

भारतीय विद्यालय इ०का०उतरौला का जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम ने औचक निरीक्षण कर प्रधानाचार्य को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डीआईओएस ने प्रार्थना स्थल पर छात्रध्छात्राओं को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, अनुशासन, साफ–सफाई, हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। बच्चों को सार्थक जीवन शैली अपनाने की सलाह दी।





उन्होंने सभी बच्चों से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

डीआईओएस गोविंद राम ने कक्षा 7, 8, 9,10 ,11 एवं 12 की कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं से विभिन्न विषयों पर कई सवाल जवाब भी किए। कई विद्यार्थियों ने उनके सवालों के जवाब दिए। डीआईओएस ने कक्षा में बच्चों को पठन–पाठन के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने पठन–पाठन, विद्यालय साफ–सफाई एवं अनुशासन पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र मोहम्मद कैफ द्वारा जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर डीआईओएस ने प्रार्थना स्थल पर उक्त छात्र की तारीफ की तथा मण्डलीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी। डीआईओएस ने बच्चों से कहा कि आप सभी अपने भाग्य के निर्माता आप स्वयं हैं। आप सभी अभी से तय करें कि आपको जीवन क्या बनना है। उसी के अनुरूप परिश्रम करें। एक दिन आप अवश्य सफल हो जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुमेश कुमार सरोज,शिक्षक राम मोहन श्रीवास्तव,दुर्गा प्रसाद, मोहम्मद इस्लाम, शरद कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार, दीपक चौरसिया, दुर्गेश कुमार, श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,पीटीआई अर्पण पाण्डेय, यशपाल सिंह,जितेंद्र कुशवाहा, प्रियंका मिश्रा,शिल्पी केसरी, प्रधान लिपिक अमरेश पाण्डेय, प्रेम कुमार त्रिपाठी, सीता राम वर्मा, ईश्वर सरन, इन्द्र बहादुर, वीरेन्द्र,राजेन्द्र तिवारी, सुनील द्विवेदी, नानबाबू, अमरनाथ, दिनेश, रमेश सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा भारी संख्या मे छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## करंट लगने से घोड़ी की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला (बलरामपुर) उतरौला के ग्राम रेहरा माफी मे करंट लगने से गुरुवार को पशु (घोड़ी) की मौत हो गई। हन्नान के समक्ष रोजी रोटी का संकट गहरा गया। उसे मलाल इस बात का था कि पशु का बीमा कराया होता तो पैसा मिल जाता। बिजली विभाग की लापरवाही का खमियाजा उसे अब भुगतना होगा। मुआवजा दिलाने के लिए उसने पशु चिकित्सालय में पशुअधिकारी को शिकायत दी है।

हन्नान गांव के कब्रिस्तान के पास अपनी घोड़ी को चरा रहा था। वहीं पर लगे बिजली के पोल में करंट उतरा था। बिजली के पोल पर उतरे करंट के स्पर्शाघात से उनके घोड़ी की मौत हो गई।

हन्नान एक गरीब परिवार से आते हैं और भट्टे पर घोड़ी को बुग्गी में डालकर मेहनत मजदूरी करते हैं। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से उनके घोड़ी की मौत हुई है। घोड़ी को करंट लगने पर लोगों ने बिजली विभाग को कई बार सूचना दी लेकिन बिजली नहीं काटी गई ।

पशुपालक हन्नान ने बताया कि उसका बड़ा परिवार है। पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी हन्नान पर है। परिवार में आठ सदस्य हैं। घोड़ी से भट्टे पर ईंट व मिट्टी ढोकर बमुश्किल गुजर बसर करता है। आर्थिक तंगी के चलते पशु का बीमा नहीं कराया। पशु खरीदने के लिए अब कहां से पैसे लाएगा।

मृत पशु का पोस्टमार्टम करवाना चाहता है। बिजली विभाग की इस लापरवाही के लिए अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही।



प्रधान प्रतिनिधि मंसाराम ने कहा कि बिजली विभाग अगर इसी तरह उदासीन रहा तो आगे और भी हादसे हो सकते हैं।

इस घटना से कुद्दुस, कमरू, शमी, सालिम, इलियास, राजू कुरैशी समेत पूरे गांव वालों में आक्रोश है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तुलसी जयंती कार्यक्रम

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । कान्यकुब्ज साथी संस्था ने आजादी के अमृत महोत्सव पर गत वर्षो की भांति भव्य तुलसी जयंती समारोह ष्तुलसी उपवनष कन्नौज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर मानस मर्मज्ञ सम्मान से वरिष्ठ लेखक, कवि, शिक्षक, पत्रकार डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे को सम्मानित किया गया। आपने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा की शिव ने दो अक्षर राम में मानस का मर्म समझ लिया। तुलसी ने पूरे मानस में नाम को ही सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया। नाम महिमा ही मानस का असली मर्म है। समारोह में मुख्य





अतिथि का दायित्व पूर्व पालिका अध्यक्ष सरोज पाठक ने तथा अध्यक्षता डॉक्टर जीवन शुक्ल ने निर्वाह की। समारोह में सहस्त्रलोचन पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया।

सारस्वत सम्मान संस्था द्वारा डॉक्टर ओम प्रकाश दुबे (गौ सेवा सम्मान), डॉक्टर मोहम्मद खालिद (मानव सेवा सम्मान), हरि गोविंद शाक्य हरि को (पर्यावरण सेवी सम्मान), राजेश पांडे को (धर्मानुरागी सम्मान) से सम्मानित किया गया ।वही पालिका कन्नौज के पुरुष व महिलाओं को स्वच्छता वीर सम्मान से सम्मानित किया गया। अजीत राय, अभिनव मिश्र, मुफीद कन्नौजी,समीर दिवेदी आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से तुलसी पर व राष्ट्र गीतों से माहौल को खुशनुमा बनाया। सुंदरकांड से शुरू हुए समारोह का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

संचालन कौशल किशोर त्रिपाठी ने किया व आभार संस्था अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल ने व्यक्त किया। प्रमुख लोगों में रिंपू पटवा, बृजेश शास्त्री, मुकेश पाठक, बाबा कृष्णानंद उपस्थित थे।

## बाइक सवार बदमाशों ने लूटा 1 लाख 75 हजार

गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के बसुका गांव के पास बुधवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बट से मारकर एक बैंक मित्र से करीब पौने दो लाख की लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसुका गांव निवासी अविनाश चौरसिया यूनियन बैंक करहिया शाखा में बैंक मित्र का कार्य करता हैं। रोज की भांति वह भदौरा बस स्टैंड स्थित दुकान बंद कर घर जा रहा था।

बसुका प्राथमिक विद्यालय के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया। इसके बाद दो बदमाशों ने तमंचे के बट से उसके ऊपर वार कर दिया। जिससे वह घायल होकर गिर पडा। बदमाशों ने रुपए से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उसने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बैंक में करीब एक लाख 75 हजार रुपए नगद थे। इसके अलावा एक मोबाइल, पीओएस मशीन, तीन एटीएम कार्ड, और चेक बुक के साथ दैनिक मेंटेन रजिस्टर था।घटना की जानकारी होते ही मौके पर गहमर कोतवाल पवन उपाध्याय वहां पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना करते हुए आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। बदमाशों का जल्द से जल्द पता लगाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में गहमर कोतवाल पवन उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है तहरीर मिलने के साथ ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

गाजीपुर ।जिले के सैदपुर थाना क्षेत्र के पियरी बाजार में वाराणसी गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बीते बुधवार की दोपहर 2 बजे के लगभग अज्ञात वाहन ने पीछे से एक बाइक पर सवार रामसमुझ यादव, कन्हैया यादव,सूर्यनाथ यादव गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी घायलों को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। तीनो को प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर शाम रामसमुझ की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि जौनपुर जनपद के चंदवक थाना अंतर्गत निस्धीपुर गांव निवासी कन्हैया लाल यादव (38) सैदपुर क्षेत्र के मौधा गांव निवासी अपने जीजा रामसमुझ यादव (45)बिसौली निवासी सूर्यनाथ यादव के साथ देवकली ब्लाक मुख्यालय के समीप कटघरा ग्राम में अपनी बेटी रीमा को तीज लेकर बाइक से जा रहे थे। तभी वाराणसी गोरखपुर हाईवे पर सैदपुर के पियरी गांव के पास, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे रामसमुझ और



कन्हैया लाल,सूर्यनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार की सुबह परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरे रुदलापुर विकास के नाम पर ग्रामीण नाराज

दैनिक अयोध्या टाइम्स


बाराबंकी। यह कहावत आपने सुनी होगी की ष्जनता पस्त अधिकारी मस्तष यह कहावत ब्लॉक सिरौली के अधिकारियों पर बिल्कुल सटीक बैठती है तहसील सिरौलीगौसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर मजरे रुदलापुर में प्रधान दिनेश रावत के द्वारा कोई विकास कार्य अभी तक नहीं हो पाया ग्रामीणों को इस बात का बड़ा दुख है कि जिस उम्मीद से हमने अपनी वोट की चोट से प्रधान दिनेश रावत को जिताया था उस उम्मीद पर आज पानी फिरता नजर आ रहा है ग्रामीणों का कहना है की ना तो हमारे पूरे गांव में आने जाने का रास्ता सही नहीं है। कच्चे रास्ते पर इतना कीचड़ हो जाता है कि हमें कीचड़ में हो करके निकलना पड़ रहा हैं घर के पानी के निकास के लिए नाली की व्यवस्था भी नहीं है। गांव की हालत बद से बदतर है ग्रामीणों का यह आरोप है की नाली खड़ंजा का पैसा निकल जाता है और कार्य नहीं करवाया जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को जो कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जब ग्राम पंचायत जलालपुर में छानबीन में प्रधान दिनेश कुमार रावत से विकास को लेकर के बातें हुई तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए यह कहा की हम क्या करें कार्य योजना में नाली खड़ंजा इंटरलॉकिंग का ब्यौरा ब्लॉक में दिया जाता है लेकिन पैसा ना होने के कारण हम कार्य करवाने में असमर्थ और जनता के सामने हमारी बातें झूठ साबित हो जाती हैं लेकिन ग्राम पंचायत जलालपुर के मजरे रुदलापुर में विकास के नाम पर एक धेला भर कार्य अभी तक नहीं हो पाया ऐसे में यह साफ कहा जा सकता है की सरकार के कर्मचारी अधिकारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं।



# संक्षिप्त समाचार

### खबर का दिखा असर,विभाग ने सड़क किनारे मिट्टी डालकर की पटाई

नन्द कुमार गुप्ता संदीप कुमार सिरसिया श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत थाने से 100 मीटर दूर सिरसिया भिनगा टू लेन सड़क दुर्घटना को दावत दे रही है। दैनिक अयोध्या टाइम्स ने बड़ी दुर्घटना को दावत दे रही सिरसिया भिनगा मार्ग , जिम्मेदार बने अनजान की खबर को बड़े ही प्रमुखता से छापी थी। वही विभाग ने संज्ञान में लेकर बरसात से कटी हुई सड़क की पटरी पर मिट्टी से भरी बोरियों को लगाकर तथा मिट्टी की पटाई की गई। इस प्रकार विभाग द्वारा किए गए कार्यों से स्थानीय लोगों राहगीरों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दैनिक अयोध्या टाइम्स अखबार, व रिपोर्टर की सराहना की।



### के पी सिंह चौहान ने 13से 15 अगस्त को पूरे राष्ट्र में घर-घर झंडा फहराने की अपील

अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा–महेवा। विश्व हिंदू परिषद सहसंयोजक प्रखंड महेवा के पी सिंह चौहान ने नागरिकों से 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक राज्य में हर घर पर तिरंगा ध्वज फहराने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान के साथ फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रध्वज की पवित्रता एवं गरिमा कायम रहनी चाहिए। वहीं के पी सिंह चौहान ने कहा कि स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक को अपने आवास पर राष्ट्रध्वज फहराये। राष्ट्रध्वज हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उस पर हर भारतीय गर्व करता है। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान एवं निवाड़ी कला के अध्यक्ष विनोद सिंह चौहान ने कहा सभी व्यापारीगण एवं सभी पदाधिकारी गण अपने–अपने क्षेत्र में घर–घर जाकर 13 से 15 अगस्त के बीच नित्य अपने आवास पर राष्ट्रध्वज को ससम्मान फहराये जाने में सहयोग करने का आव्हान किया।



### एम्बुलेंस में हुए बच्चे की डिलीवरी

भानु प्रताप बढ़पुरा संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। बढ़पुरा ब्लॉक के अंतर्गत 108 एंबुलेंस तीन नंबर में एक बच्चे ने रात्रि 12.00 पर जन्म लिया। वहीं मरीज के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी पत्नी को लेकर डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन अस्पताल नही पहुँच सके रास्ते में ही एम्बुलेंस में डिलीवरी हो गई। वही बच्चे के माता–पिता में खुशी का इजहार किया। वही दिव्या देवी पत्नी धर्मेंद्र ग्राम नगला तार के रहने वाले है। वही एंबुलेंस पायलट सनोज कुमार ईएमटी शिवपाल सिंह मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने ग्राम पंचायत उप चुनाव के मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने गुरुवार को थाना जसवंतनगर क्षेत्रातर्गत ग्राम निलोई में हो रहे ग्राम पंचायत उप चुनाव को देखते हुए मतदान केंद्र पर जाकर मतदान केंद्र निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारियों को मतदान को सफल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### हर घर तिरंगा अभियान, जन जागरण रैली, एवं तिरंगा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता/उतरौला (बलरामपुर)। उतरौला के ग्राम इमलिया बनघुसरा में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक रामप्रताप वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान, जन जागरण रैली, एवं तिरंगा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुनीता वर्मा ने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाना है। लोगों को घर पर तिरंगा फहराने के तौर तरीके तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

### ग्राम बभनी बुजुर्ग एवं बासुपुर में बने अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर) खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गुलाम रसूल द्वारा गुरुवार को विकासखंड उतरौला के ग्राम बभनी बुजुर्ग एवं बासुपुर में बने अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक को 12 अगस्त तक हर हाल में अमृत सरोवर को पूर्ण करा कर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा रोहण, एवं 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने हेतु आदेशित किया गया।

### जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनी गई एवं संबंधित अधिकारियों को फोन पर शिकायतों के समयबद्घ एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन में जमीन विवाद की शिकायत लेकर आए दिव्यांग शिकायतकर्ता को बैटरी युक्त व्हीलचेयर उपलब्ध कराए जाने का निर्देश जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को दिया गया,उन्होंने प्रत्येक कार्यालयों में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए रैंप, व्हीलचेयर की व्यवस्था का निर्देश दिया।



इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योति गौतम उपस्थित रहे।

### पानी पीने के लिए तरस रहे लोग जिम्मेदार मौन

दैनिक अयोध्या टाइम्स/बाराबंकी। नगर पंचायत रामसनेहीघाट ब्लॉक बनीकोडर के अंतर्गत ग्राम ताला में विगत 1 वर्ष से सूखा पड़ा है नल उस पर कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है जहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कह रहे हैं कि जल ही जीवन है वहीं पर आपको बता दें ग्राम ताला के लोग पानी पीने के लिए तरस रहे हैं कई बार अधिकारियों को सूचित भी किया फिर भी कोई भी अधिकारी उस पर ध्यान नहीं दे रहा है ग्राम ताला के लोगों ने कई बार मिस्त्री को बुलाकर उस नल को सही करवाया अब वह फिर भी बिगड़ जाता है इसलिए 1 वर्ष से उप जिलाधिकारी तहसील रामसनेहीघाट को एप्लीकेशन भी दिया फिर भी उस पर कोई अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहा है।



## अवयस्क बालिका संग दुष्कर्म करने के आरोपी को धनघटा पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी
संत कबीर नगर । अनुसूचित जाति की अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को धनघटा पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार आरोपी अनिल अग्रहरि पर एक अनुसूचित जाति की अवयस्क बालिका को बहला फुसला कर अपहरण करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है । गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजा गया । न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया ।




मामला धनघटा थानाक्षेत्र का है । पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया है । उसका आरोप है कि वह अनुसूचित जाति का है । दिनांक 2 मई 2022 को आरोपी उसकी अवयस्क पुत्री को बहला–फुसला कर भगा ले गया । आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया । वादी के तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध धारा 363 , 366 , 376 भादवि , धारा 5 ६ 6 पाक्सो एक्ट एवं एससीएसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । आरोपी अनिल अग्रहरि पुत्र ब्रह्मानन्द अग्रहरि ग्राम सकूरचक थाना धनघटा का रहने वाला है । सीओ ने बताया कि आरोपी को प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा कृष्ण देव सिंह की टीम ने शनिचरा बाजार से गिरफ्तार किया ।

## अचल सम्पत्ति के मामले में न हो प्रशासनिक हस्तक्षेप - जिलाधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव
संत कबीर नगर । अचल सम्पत्ति के विवाद के मामलों में प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं करने का जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आदेश दिया । यह आदेश शासन द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में दिया । उन्होंने कहा कि यदि कानून व्यवस्था के दृष्टिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता हो तो उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अथवा दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुरुप मामले का निस्तारण कराना चाहिए ।जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने बताया कि निजी पक्षकारों के मध्य अचल सम्पति के ऐसे प्रकरण जिनका वाद सक्षम न्यायालय में विचाराधीन हों अथवा जिनमें न्यायालय द्वारा अन्तरिम आदेश पारित किये गये हों । ऐसे प्रकरण में प्रकीर्ण प्रार्थना पत्रों पर प्रशासनिक आदेश पारित न किये जाए और न ही प्रशासनिक आधार पर इन मामलों में कोई हस्तक्षेप किया जाना चाहिए । उन्होंने जनपद के सम्बंधित मजिस्ट्रेट एवंअधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि किसी सक्षम न्यायालय में वाद



विचाराधीन न होने की स्थिति में यदि कानून व्यवस्था के आलोक में कहीं हस्तक्षेप करने की आवश्यकता पड़ रही हो तो उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता , दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं अन्य सम्बंधित संगत अधिनियमों एवं विनियमों में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ही मर्यादित दायरे में ही हस्तक्षेप किया जाना उचित होगा ।

## पासी समाज के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है - छोटेलाल सरोज अमेठी

ओंकार नाथ चौधरी
बलरामपुर जनपद सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आन
लाइन आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख ओंकार नाथ चौधरी द्वारा
आयोजित किया गया बलरामपुर, लखनऊ,उन्नाव,श्रावस्ती,
प्रतापगढ़ सीतापुर
रायबरेली,प्रयागराज,इलाहाबाद, हरदोई,वाराणसी, लखीमपुर भदोही,फतेहपुर,कानपुर, बाराबंकी, पंजाब , विहार, प्रदेशों व जनपदों से पासी समाज के साथी ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया।
इस कार्यक्रम का संचालन श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ व श्रीमती रीता चौधरी श्रावस्ती द्वारा किया गया
श्री जगदीश नारायण कानपुर ने कहा कि समाज को शिक्षा से सुधारा जा सकता है एवं शिक्षित करके हम लोग विकास के मार्ग पर चल सकते हैं
श्री छोटेलाल सरोज अमेठी ने कहा कि पासी समाज के लिए तकनीकी शिक्षा बहुत जरूरी है हमारा समाज मेहनत तो बहुत करता है परंतु उसको मेहनत की हिसाब से लाभ नहीं होता है सबसे ज्यादा हमारा समाज मजदूरों की श्रेणी में आता है इसलिए उसको तकनीकी शिक्षा से जोड़कर आगे विकास के मार्ग पर ला सकते हैं
श्री अशोक कुमार महतो दरभंगा बिहार ने कहा कि शिक्षा का महत्व जिस समाज ने समझ लिया उसका विकास होने में देरी नहीं है
डा० सुभाष चंद्र इलाहाबाद ने कहा कि



पासी धर्म को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए और अपने समाज के कमजोर तबके के लोगों को शिक्षित बनाने के लिए उनके बच्चों को सहयोग करने का प्रयास करना चाहिए जो गरीब बच्चे हैं उनको मदद करने की जरूरत है
इस कार्यक्रम में श्री ज्ञान प्रकाश जी लखनऊ ,श्री राजेश सरोज इलाहाबाद , डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रयाग राज , श्री राम कुमार पासी जबलपुर, सुजीत कुमार बलरामपुर, अशोक महतो दरभंगा बिहार, जगदीश नारायण कानपुर, छोटेलाल सरोजअमेठी, कन्नू पासी झारखंड ,जोगराज जी दिल्ली ,मुकेश जी जौनपुर ,नवीन भारती दरभंगा बिहार, रामहित भारती प्रयागराज ,धर्मदेव भारशिव, रवि कुमार, नागेंद्र पासी, रमेश महतो दरभंगा बिहार, निर्मल कुमार राजवंशी हरदोई आदि स्वाजाति बन्धु प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का समापन नवीन भारती नालंदा विहार ने किया।

## योगी आदित्यनाथ सरकार में भूमाफियाओं का तांडव जारी

उन्नाव। एक तरफ जहां सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का अवैध कब्जेधारियों एवं भूमाफियाओं पर लगातार बुलडोजर गजर रहा हैं भूमफियाओ में खलबली मची हुई है वहीं उन्नाव जिले के शुक्लागंज में पीड़ित महिला सुनीता अपने पैतृक सम्पत्ति (जमीन) को बचाने के लिए अधिकारियों की चौखटों पर जा जा कर अपनी पैतृक जमीन को बचाने के गुहार लगा रही है इसके वावजूद फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों का दिल नहीं पसीज रहा है
राजस्वकर्मी और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत एवं जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी दबंग भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं ।
जिससे भूमफियाओ का हौंसला बुलंद हैं एवं अपने रसुख के चलते भूमाफिया पीड़ित महिला के जमीन अवैध कब्जा कर रहे हैं अब देखना यह होगा की जिला प्रशासन इन अवैध भूमफियाओ के खिलाफ के कार्यवाहीं करतीं हैं या ऐसे ही भूमफियाओ का अवैध रूप से दूसरों की जमीनों पर अवैध कब्जा करना बरकरार रहेगा यें देखने वाली बात होगी।
लोगों की मानें तो भूमाफियाओं को राजनीतिक पार्टी का भी मिल रहा है संरक्षण।
जिले में भूमाफिया हुए बेलगाम खुलेआम अपने गुर्गों को भेजकर लोगों की पैतृक जमीनों पर भेजवा कर करवा रहे गाली –गलौज।
आखिर ऐसे में कैसे होगा योगी आदित्यनाथ महराज सरकार का सबका साथ,सबका विकास का सपना सकार।

## 90 वर्षीय भटकी वृद्ध महिला सावित्री व प्रतापगढ़ पुलिस के प्रयास से पहुंची अपने घर

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता सोनभद्र/चोपन।
जनपद सोनभद्र के थाना चोपन अंतर्गत बीते 02 अगस्त को सुबह लगभग 06 बजे स्थानीय व्यक्ति के द्वारा सावित्री देवी जनसेविका को सूचना दिया गया की बेरियर पर एक वृद्ध महिला उम्र लगभग 90 वर्ष हैं जो लगता हैं कही से भटक कर आ गई है जिसको सावित्री देवी ने तत्काल मौके पर पहुंच कर वृद्ध महिला को अपने साथ लेकर घर आयी उसके बाद उसको नहला धुला कर खाना खिलाया उसके बाद इस वृद्ध महिला से घर के बारे में जानकारी लिया गया उसके द्वारा अपना घर कुंडा महेशगंज बताया जा रहा था अन्य बहुत कुछ सही तरीके से नहीं बता पा रही उसके आधार पर उनकी फोटो व पुत्रों के नाम की समस्त जानकारी पुलिस



अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल जी को फोन व व्हाट्सएप के माध्यम से पूरी जानकारी भेजा गया उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुये फौरन संबन्धित थाना महेशगंज के प्रभारी निरीक्षक को तत्काल उक्त वृद्ध महिला के बारे में घर व परिजन के बारे में पता कर जानकारी देने को निर्देशित किया गया जिसके बाद थानाध्यक्ष द्वारा अपने क्षेत्र में गांव में घंटो संपर्क साधने के बाद महिला के घर का पता लगा जिसके बाद उनके घर पर जानकारी दिए और परिवार के किसी भी व्यक्ति को सोनभद्र थाना चोपन अंतर्गत आकर अपनी वृद्ध मां को साथ लाने को कहा।
जिसके बाद 03 अगस्त को सायं वृद्ध माता जी का पोता दिनेश कुमार गौतम पुत्र श्रीनाथ गौतम निवासी ग्राम झेंगुर थाना महेशगंज,ब्लाक बाबागंज जिला प्रतापगढ़ जनपद सोनभद्र के लिए बस से निकला 04 अगस्त को सुबह प्रातः 06 बजे चोपन जनसेविका सावित्री देवी के घर पहुंचे और अपने दादी को देख पोता के खुसी का ठिकाना नहीं था उनके द्वारा बताया गया की इस उम्र में वह घर से बिना बताये दर्शन करने के लिये कभी भी किसी धाम निकल जाती हैं हम लोगों को परेशान करती हैं। महिला सुरक्षा एवं जनसेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सावित्री देवी द्वारा वृद्ध के घर तक पहुंचाने के मिशन में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़,थानाध्यक्ष महेशगंज से लगातार समन्वय स्थापित करते हुये उनको घर भेजने में सफलता मिली।

## जनपद में कहीं भी जहरीली, अवैध शराब की बिक्री हुयी तो सीधे तौर पर सम्बन्धित आबकारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष होंगे जिम्मेदार- जिलाधिकारी

भोगांव गिहार कॉलौनी के साथ–साथ अवैध शराब के लिए बदनाम ग्रामों में निरतंर निरोधात्मक कार्यवाही की जाये, संलिप्तों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही हो–अविनाश।
मनोज शर्मा,ब्यूरो चीफ
मैनपुरी 4 अगस्त, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने आबकारी विभाग के प्रवतर्न कार्यों की समीक्षा के दौरान सख्त लहजे में कहा कि यदि जनपद के किसी भी क्षेत्र में जहरीली, अवैध शराब की बिक्री हुई तो सीधे तौर पर क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक, संबंधित थाने के थानाध्यक्ष जिम्मेदार होंगे, जनपद में अभी भोगांव, बेवर, किशनी, कुरावली क्षेत्र में अवैध शराब की शिकायतें मिल रही है, खासतौर पर भोगांव गिहार कॉलोनी से इस प्रकार की शिकायतें संज्ञान में आ रही हैं, आबकारी विभाग के अधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक प्रतिदिन अभियान चलाएं, अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि जनपद में कहीं भी जहरीला शराब के सेवन से कोई घटना घटित न हो सुनिश्चित किया जाए, शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध धारा–272 के अंतगर्त कार्यवाही की जाए, पूरे जनपद में पुलिस, आबकारी विभाग संयुक्त रुप से चेकिंग अभियान चलाएं, जहां–जहां अनाधिकृत भट्टियां मिले, उन्हें नष्ट कर उन क्षेत्रों को चिन्हित कर नियमित निरोधात्मक कार्यवाही की जाए।
श्री सिंह ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि चेकिंग के दौरान आबकारी विभाग को जहां भी जेसीबी की आवश्यकता हो, संबंधित अधिशासी अधिकारी तत्काल जेसीबी उपलब्ध कराएं ताकि भट्टियों, अन्य सामग्री को नष्ट किया जा सके। उन्होने कहा कि शासन अवैध शराब के सेवन के प्रचलन को रोकने के लिए गम्भीर है, किसी भी दशा में अवैध शराब की बिक्री, निमार्ण, री–पैकेजिंग तथा भण्डारण न हो।



उन्होने जिला आबकारी अधिकारी को निदेर्शित करते हुये कहा कि किसी भी ठेके पर किसी भी दशा में अवैध शराब की बिक्री न हो, सभी शराब व्यवसायी अपनी शराब की दुकानों पर कार्य कर रहे सभी सैल्समैनों पर पैनी नजर रखें, सेल्समैनों द्वारा अवैध शराब की विक्री, ओवरेटिंग होने, अन्य प्रकार की गडबडी पाये जाने पर सम्बन्धित अनुज्ञापी के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जाये।
बैठक में पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, घिरोर, कुरावली, नवोदिता शर्मा, कुलदेव, सत्येन्द्र सिंह, शिव नारायण, युगान्तर त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने त्योहारो और मोहर्रम के लिए शांति समिति की बैठक की

- जिलाधिकारी ने शांति समिति की बैठक में सभी गणमान्य नागरिकों व प्रबुद्धजनों को आश्वस्त किया कि उनको जिला प्रशासन हर मूल–भूत सुविधा मुहैया करायेगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी 4 अगस्त, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विभिन्न समुदाय के धमर्गुरुओं, सम्भ्रान्त नागरिकों, मोहरर्म कमेटी के सदस्यों, अधिकारियों के साथ आयोजित शांति समिति की बैठक में कहा कि एक–दूसरे के मजहबों का सम्मान करना हमारी विरासत है और इस परंपरा को कायम कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होने शांति समिति की बैठक में सभी गणमान्य नागरिकों व प्रबुद्धजनों को आश्वस्त किया कि उनको जिला प्रशासन हर मूल–भूत सुविधा मुहैया करायेगा। जुलूस वाले मार्गो पर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति की निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। जुलूस वाले मार्गो पर नगर पालिका की टीमें मौजूद रहेंगी। कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं होगी।
उन्होंने जनपदवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबने इससे पूर्व भी तमाम त्योहारों पर आपसी सौहार्द, भाईचारे का परिचय देकर शांतिपूवर्क त्योहार मनाए हैं। धामिर्क स्थलों से लाउडस्पीकर उतारने में भी सभी धर्मो के लोगों ने भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह जिला प्रशासन का सहयोग करें। धामिर्क आयोजन सड़कों पर न किये जाए, सड़कें आवागमन, आमजन की सुविधा के लिए हैं। सड़कों को बाधित करने से आमजन को असुविधा होती है, ट्रैफिक भी जाम होता है। शासन के सभी आदेश जनहित में हैं। कोई भी धर्म–मजहब के लोग इसे गलत नजरिए से न देखें, इन सभी आदेशों का मतलब आमजन को सुविधा मुहैया कराना है। आप सब इसमें सहयोग करें।
श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन



आवारा पशुओं की रोकथाम हेतु हर संभव प्रयास करेगा। यदि फिर भी कहीं त्यौहार के दिन कोई जानवर आए तो विवेक से काम लें। जिला प्रशासन अपनी ओर से बेहतर व्यवस्थाएं करेगा। यदि कहीं कोई कमी रहे तो आप अपना सहयोग देकर उसे दूर करें। किसी को एहसास न होने दें यही संभ्रात, जिम्मेदार लोगों की खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि इस माह में मोहरर्म, रक्षाबन्धन, आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तगर्त राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार एक साथ हैं। आप सब अपने–अपने त्योहारों को एक दूसरे की सहभागिता के साथ पंरपरागत रूप से मनाकर अपनी गंगा–जमुनी तहजीब को कायम रखें। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कायर्क्रमों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। हर घर तिरंगा कायर्क्रम के दौरान जनपद के प्रत्येक घर, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सरकारी, गैर सरकारी कायार्लयों पर शान से तिरंगा फहराएं। पूरा जनपद 13, 14, 15 अगस्त को तिरंगामयी दिखे। सभी जनपदवासियों के मन में आजादी की उमंग, उत्साह नजर आये। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ताजियों के जुलूस वाले मार्गो का स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी भी मौके पर जाकर देखें, विद्युत विभाग के अधिकारी भी जुलूस वाले मार्गो का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। किसी भी मार्ग पर ताजियों के निकलने में कोई असुविधा न हो। उन्होने कहा कि इस दौरान कोई नई परंपरा न पड़े, ताजियेदारों से निरंतर संवाद किया जाए। 08, 09 अगस्त को मोहरर्म के जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर होंगे। इसलिए सभी क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष निरंतर भ्रमणशील रहकर ट्रैफिक व्यवस्था, शांति व्यवस्था कायम रखें।
पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने कहा कि आगामी कुछ दिनों तक निरंतर कोई न कोई धामिर्क आयोजन होना है। इसलिए सभी लोग आपस में समन्वय स्थापित कर अपने–अपने धामिर्क त्योहारों को एक दूसरे का सहयोग कर परंपरागत ढंग से मनाएं। उन्होंन ताजियेदारों, मोहरर्म कमेटी के सदस्यों से कहा कि ताजिए के साथ कम से कम 10–10 वालेंटियर तैनात करें। सभी ताजिए अनुशासित ढंग से करबला तक पहुंचे, किसी भी धामिर्क जुलूस के दौरान किसी भी अस्त्र–शस्त्र, तलवार, भाला–चाकू आदि का प्रदशर्न न किया जाए, डी. जे. का प्रयोग न किया जाए। सभी ताजिए निधार्रित रूट से ही निकले, कोई नई परंपरा न डाली जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों, धमर्गुरुओं का आह्वान करते हुए कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस दौरान जनपद में भी निरंतर स्वाधीनता से संबंधित कायर्क्रम आयोजित हो रहे हैं। जनपद में 12 अगस्त को पुलिस लाइन से 05 किलोमीटर हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन दौड़ में सभी जनपदवासी उमंग–उत्साह के साथ शामिल हों। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने बैठक में उपस्थित धमर्गुरुओं, मोहरर्म कमेटी के सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग रीति–रिवाज, अपनी मान्यताओं के अनुसार त्योहार मनाएं। ऐसा कोई कृत्य न करें। जिससे किसी की धामिर्क भावना को ठेस पहुंचे, लोकहित बाधित न हो। ताजियेदार जुलूस में शामिल लोगों पर नजर रखें। कोई भी शरारती तत्व जुलूस में शामिल होकर माहौल खराब करने की कोशिश कर सकता है। इसलिए सभी लोग सजग रहें। बैठक में नितिन चतुर्वेदी, चौधरी नईम, दीन मोहम्मद, शफी मंसूरी, लक्ष्मण गुप्ता, बेवर मोहरर्म कमेटी के अध्यक्ष आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी, विभिन्न समुदाय के धमर्गुरु, संभ्रांत व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

## सात अगस्त को चलेगा प्रिकाशनरी डोज का अभियान , कोविड- 19 पर प्रभावी रोक की एक पहल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव
–जिले में 99814 लोगों को लग चुकी है प्रिकाशनरी डोज
–18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को 30 सितम्बर तक लगेगा यह डोज
संतकबीरनगर । कोविड – 19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगामी 7 सितम्बर दिन रविवार निःशुल्क प्रिकाशनरी डोज लगाने का अभियान चलेगा । जनपद में अभी तक कुल 99814 लोगों को प्रिकॉशनरी डोज लगाई जा चुकी है । जबकि 6 माह पूर्व कोविड टीके की दोनों डोज लगवा चुके सभी लोगों को कोविड प्रिकॉशनरी डोज अनिवार्य रुप से लगवा लेना चाहिए । जो लोग 18 से 59 आयु वर्ग के हैं ऐसे लोगों को एहतियाती डोज की निःशुल्क सुविधा 30 सितम्बर तक के लिए ही है । 59 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को पहले से ही यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है । मुख्य चिकित्साधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि निःशुल्क प्रिकाशनरी डोज का अभियान 15 जुलाई से लगातार चल रहा है । इसके बावजूद भी 7 अगस्त को महाभियान के तहत टीकाकरण कराया जाएगा । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान ने बताया कि जिले में करीब 30.14 लाख कोविड टीके की डोज लगाई जा चुकी है । इसमें 15.13 लाख टीके की प्रथम डोज के तहत दिए जा चुके हैं और 14.01 लाख की दूसरी डोज लगाई जा चुकी है । रविवार को आयोजित




होने वाले महाभियान के दौरान जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी, न्यू पीएचसी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के अतिरिक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय के एमसीएच विंग में टीकाकरण होगा । उन्होने सभी लोगों से यह डोज लगवाने की अपील किया है । प्रिकॉशनरी डोज लगवा चुके स्टेशनपुरवा निवासी श्याम सिंह ने बताया कि प्रिकाशनरी डोज के शुरुआत में ही सीएचसी खलीलाबाद में स्वंय तथा पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्यों को टीका लगवाया । सीएमओ ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिक जिनको कोविड टीके की दूसरी डोज लगे हुए छरू महीने पूरे हो गए हैं । वह सभी लोग प्रिकॉशनरी डोज के पात्र हैं । डीआईओ ने बताया कि टीका लेने के साथ–साथ कोरोना गाइडलाइन का पालन जरूरी है । कोरोना की चौथी लहर से बचने के लिए घर से बाहर जाते समय मास्क जरूर लगाएं और सामाजिक दूरी का पालन करें । साथ ही बाहर से घर आने पर 20 सेकेंड तक हाथ की धुलाई अवश्य करें तथा घर से अनावश्यक बाहर नहीं निकलना चाहिए । एपीडेमियोलाजिस्ट ( जिला महामारी रोग विशेषज्ञ ) डॉ मुबारक अली ने कहा कि जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद अभी भी कुछ लोगों ने कोविड टीके की पहली और दूसरी डोज भी नहीं लिया है । ऐसे लोग देरी न करें । कोरोना का टीका लेना न सिर्फ खुद का इस बीमारी से बचाव करना है ,बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है । कोरोना एक संक्रामक बीमारी है । इसलिए यह एक से दूसरे में भी फैल सकती है ।

# संक्षिप्त समाचार

### 01 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्तको किया गया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द कुमार गुप्ता।
सोनभद्र/रेनूकुट। थाना पिपरी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन रेनूकुट के पास से 01 नफर अभियुक्त प्रेमलाल पुत्र शोभनाथ, निवासी नदिरा, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 21 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 750 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0– 104/22 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।




### 01 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्तगिरफ्तार

सोनभद्र/ओबरा। ओबरा पुलिस द्वारा थाना ओबरा क्षेत्रान्तर्गत रेलवे लाइन अण्डर ब्रिज के पास सेक्टर नं0–10 भलुआ टोला के पास से 01 नफर अभियुक्त कादिर पुत्र स्व0 शाहजहां, निवासी अघोर सेवा सदन के बगल में डाला, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 01 किलो 450 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर मु0अ0स0– 154/22 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।



### बीडीसी उप चुनाव के दृष्टिगत एडीएम एवं एएसपी ने बूथों का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव
संत कबीर नगर । उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के उप चुनाव में बूथों का निरीक्षण किया । निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत रूधौली प्राइमरी पाठशाला एवं दानोकुइंया प्राइमरी पाठशाला बूथ का भ्रमण किया । स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्वाचन एवं मतदान व्यवस्था से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं के विषय में सम्बधित अधिकारी से पूछताछ किया । इसके साथ ही बूथों का जायजा लिया । निर्वाचन की शुचिता निष्पक्षता एवं संवदेनशीलता के संबंध में सम्बंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया ।



### थाना सतरिख पुलिस नें एक शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। पीड़ित शिवराम सिंह वर्मा पुत्र हरिनाम सिंह निवासी ग्राम मजीठा थाना सतरिख ने थाना सतरिख पर सूचना दी कि 2 व 3 अगस्त 2022 की रात में वादी के घर से अज्ञात चोरों द्वारा इनवर्टर,सोलर चार्ज कण्ट्रोलर,डीजे की मशीन,त्रिशूल चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना पर थाना सतरिख पर अज्ञात धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आदेश पर थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से 4 अगस्त को उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त मायाराम रावत पुत्र रामगुलाम निवासी ग्राम पाण्डे का पुरवा मजरे मोहना थाना सतरिख को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद इनवर्टर, सोलर चार्ज कण्ट्रोलर,डीजे मशीन, गुम्बद त्रिशूलनुमा बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई।
अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–थानाध्यक्ष संतोष कुमार,उप निरीक्षक मनोज कुमार सैनी,का.गोविन्द नारायण मिश्रा,का. अजय राव,का. यादवेन्द्र छौंकर थाना सतरिख ।




### मोहर्रम व श्रावण मास के दृष्टिगत जनपदीय शांति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी की गयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा डीआरडीए सभागार में मोहर्रम व श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्भ्रान्त व्यक्तियों से मोहर्रम से सम्बन्धित विवाद के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया एवं मोहर्रम से सम्बन्धित जुलूसों को शान्तिपूर्वक निकाले जाने हेतु अवगत कराया गया। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ संदेश को फॉरवर्ड न करने की अपील की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, उपजिलाधिकारी नवाबगंज, क्षेत्राधकारी नगर व सम्भ्रांत व्यक्ति आदि मौजूद रहे।



### पांचवी मोहर्रम का जुलूस फजलुर्रहमान पार्क से बड़ी शान व शौकत के साथ निकाला गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स । बाराबंकी। हजरत इमाम हुसैन को याद करते हुए लोगों ने अलम व ताजिए को उठाकर हुसैन की याद ताजा करते हुए दिखे स वही लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर नोहे खानी कर दुआ की स जुलूस में ढोल व ताशे भी बजाए गए इस मौके पर मोहर्रम कमेटी अहले सुन्नत के अध्यक्ष ताज बाबा राईन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी उसामा अंसारी, संरक्षक मोहम्मद शोएब राईन ,संगठन मंत्री मोहम्मद सलमान सल्लू ,महामंत्री मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, मंत्री इस्लामुद्दीन अंसारी ,कोषाध्यक्ष रईस अंसारी ,सदस्य नसीम खान, हाजी इदरीश, हारून राईन, जावेद राईन,शकील सलमानी,रफीक सलमानी सेठी चौधरीबाबू खान वारसी,सुहैल अंसारी,मीडिया प्रभारी डॉ बिलाल, पुलिस बल एवं आला अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## आजादी के 75 में आजादी महोत्सव के उपलक्ष में बांसुरी वादन का कार्यक्रम का आयोजन

पीलीभीत। रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल ने पूरनपुर स्थित एक होटल में आजादी के 75 में आजादी महोत्सव के उपलक्ष में बांसुरी वादन का कार्यक्रम का आयोजन करा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आजादी के 75 में जनपद के सम्यक पाराशरी ने भी अपने गुरु के साथ शानदार प्रस्तुति दी कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल द्वारा पंडित जी को एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं आए हुए सभी अतिथियों को रोटरी क्लब पूरनपुर



आजादी महोत्सव के उपलक्ष में विश्व विख्यात बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना जी ने पूरनपुर में आकर एक बांसुरी वादन का कार्यक्रम किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूरनपुर क्षेत्र के विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान पंडित राजेंद्र प्रसन्ना जी एवं क्लब के संस्थापक अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन करके किया उसके बाद पंडित जी एवं उनकी टीम ने बांसुरी पर अपने लय कि जो तान खेड़ी उस पर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध होकर उसमें खो गए सभी ने बांसुरी वादन का आनंद लिया पंडित जी के साथ पीलीभीत रॉयल का खूबसूरत लोगो प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में ऋतुराज पासवान डॉक्टर तेज बहादुर सिंह डॉ अनूप सिंह डॉक्टर चंडी क्लब अध्यक्ष आकाश खंडेलवाल सचिव शेखर सिंह सौरभ पांडे मयूर खंडेलवाल शेखर खंडेलवाल अनूप गोयल देवेंद्र पारस गुप्ता ऋषि खन्ना डॉ रेनू भदौरिया सुनीता विक्रम जूही सिंह गीता राठौर आदि लोग उपस्थित रहे अंत में रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 51 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के सम्बन्ध समस्त सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, निगमों एवं सरकारी अभिकरणों के आहरण वितरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह अपने अपने विभागों का राज्य वस्तु एवं सेवाकर विभाग में जी0एस0टी0 पंजीकरण एक सप्ताह के अन्दर कराकर राज्य कर विभाग पीलीभीत को अवगत करायें। डिप्टी कमिश्नर (नोडल) राज्य कर, पीलीभीत द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जी0एस0टी0 पंजीकरण होने के उपरान्त प्रत्येक माह की 10 तारीख तक निर्माण, मरम्मत एवं सेवाओं की आपूर्ति के मद में संविदाकारों एवं



आपूर्तिकर्ताओं को किए गये भुगतान की धनराशि एवं टी0डी0एस0 कटौती की धनराशि का वितरण जी0एस0टी0 पोर्टल पर प्रारूप जी0एस0टी0आर0–7 में भर कर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। विलम्ब होने की स्थिति में अर्थदण्ड एवं ब्याज की देयता भी होगी।

## महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में मना हर घर तिरंगा अभियान

सिकंदराराऊ। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शहर घर तिरंगा कार्यक्रमश का आयोजन प्राचार्या डॉ. शैफाली सुमन के कुशल दिशा–निर्देशन में किया सभी छात्र–छात्रा बी.ए. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं। शतिरंगे के निर्माण की ऐतिहासिक विकास यात्राश विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भी महाविद्यालय के हिमांशु, दुष्यंत, सुरजीत, तुषार, विशाल, आतिका



गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि टीकाराम महाविद्यालय में कार्यरत गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ. नीता वार्ष्णेय तथा मुख्य निर्णयकर्ता डॉ. राम बहादुर एवं डॉ. जितेंद्र कुमार परमार थे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में शहर घर तिरंगा विषय पर पोस्टर प्रदर्शनीश एवं शतिरंगा के निर्माण की ऐतिहासिक विकास यात्राश पर भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने व्यापक स्तर पर भागीदारी करते हुए शहर घर तिरंगा अभियानश के विविध आयामों को दर्शाने वाले पोस्टर बनाए, जिनका गहन निरीक्षण कर मुख्य निर्णयकर्ता डॉ.राम बहादुर एवं डॉ. जितेंद्र कुमार परमार ने आतिका को प्रथम स्थान, प्रीति को द्वितीय स्थान और हिमांशु को तृतीय स्थान प्रदान किया। ये आदि छात्र–छात्राओं ने व्यापक भागीदारी करते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम के देशभक्ति जगाने वाले विविध पक्षों को प्रस्तुत करते हुए अपने भाषण प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में विशाल को प्रथम, दुष्यंत को द्वितीय और सुरजीत तथा हिमांशु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शैफाली सुमन ने छात्र–छात्राओं को कार्यक्रमों में व्यापक स्तर पर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा 6 अगस्त से प्रारंभ होने वाली का परीक्षाओं के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में डॉ. विनीता कुमारी, डॉ. हिमांशु राय एवं अन्य जन भी उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का संचालन वी.पी. सिंह ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार प्रकट किया।

## महिला ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म

सिकंदराराऊ।गाँव नगला नरी निवासी एक प्रसव पीड़ित महिला ने एंबुलेंस में एक बच्चे को जन्म दिया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।



सर्वेश कुमारी पत्नी धर्मजीत उम्र 25 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस द्वारा परिजन सर्वेश कुमारी को प्रसव हेतु पीएचसी नगला वीर सहाय लेकर आ रहे थे। लेकिन पीएचसी पहुंचने से पहले ही सर्वेश कुमारी को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। इस पर ईएमटी राहुल रतन एवं चालक विकास कुमार ने आशा की मदद से महिला को प्रसव कराया। तत्पश्चात जच्चा–बच्चा को पीएचसी नगला वीर सहाय में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की जांच की गई।

## विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लाखों रुपये हड़पे पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की,की मांग

पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर दो युवको सात लाख रूपये की ठगी कर ली गई।युवको को न ही विदेश भेजा गया और न ही रुपये वापस किए।

इस पर युवक ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।घटनाक्रम की तहरीर पुलिस को दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी आसिफ खां व सलमान ने वताया कि गांव के ही कुछ लोग गोरखपुर, पूरनपुर स्थाई टूर एण्ड ट्रैवलर्स के नाम एजेंसी चलाते है।लोगो ने दोनो युवको से सिंगापुर में काम दिलाने की वात कही।इस पर दोनो से झांसे में आ गए।56 हजार रूपये मासिक वेतन बताकर दोनो युवको से सात लाख रुपये की मांग की।विश्वास में आकर दोनो ने सात लाख रुपये दे दिए।कुछ दिन बाद युवकों को धोखा कर दुबई भेज दिया।जहां युवकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।आरोप है कि युवकों को डरा धमका कर वापस घर भेज दिया।चांद मुबारक स्थाई टूर एंड ट्रैवलर्स के नाम से धनाराघाट रोड पर आफिस भी संचालित किया हुआ है।चांद मुवारिक एक समुह के साथ मिलकर सीधे–साधे बेरोजगारों लोगों को ठगी का शिकार बना रहा है। दोनों युवक वापस आ गए।इस पर उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो सभी टालमटोल करने लगे।रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दोनों को लगातार दी जा रही है। रुपए भी चले गए और नौकरी भी नहीं मिली।इस पर दोनों युवकों ने अपने आपको ठगा महसूस समझा। धोखाधड़ी कर दोनों से लाखों रुपए जालसाजों ने हडप लिए।पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 12 अगस्त को मनाया जाएगा श्रावणी पर्व : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

धाता और सौभाग्य योग में बहनें सजाएं भाई की कलाई....

सिकंदराराऊ। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को श्रावणी या रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। परंतु इस वर्ष पूर्णिमा तिथि को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुयी है। भ्रांतियां हैं कि राखी का पर्व 11 अगस्त को मनाया जाए या 12 अगस्त को। आमजन में फैली हुई श्रावणी पर्व की शंका का समाधान करते हुए ज्योतिर्विद एवं वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 11 अगस्त से प्रारंभ हो रही है परंतु भद्राकाल रहने के कारण इस दिन रक्षाबंधन पर्व अशुभ रहेगा।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने भद्रा के विषय में स्पष्ट जानकारी देते हुए बताया कि भद्रायाँ द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपन्ति हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी अर्थात भद्राकाल में रक्षाबंधन घर के प्रधान व्यक्ति को और होलिका दहन ग्राम, नगर, मोहल्ला को क्षति प्रदान करता है। गुरुवार को पूर्णिमा तिथि सुबह 10रू38 बजे से शुरू हो जाएगी जो कि 12 अगस्त की सुबह 07.05 बजे तक रहेगी साथ ही इस दिन भद्रा काल भी शुरू होकर 11 अगस्त रात्रि 08.51 मिनट तक रहेगा। इससे पहले 2017 में श्रावणी तिथि 4 घटी पूर्णिमा 6 पल, 2018 में 5 घटी 53 पल,एवं संवत 2061 में 2 घटी 46 पल रही।निर्णयसिन्धु में हेमाद्रि भाविष्यपुराण के उल्लेखानुसार श्रावण की पूर्णमासी में सूर्योदय के अनंतर श्रुति,स्मृति विधान से उपाकर्म एवं श्रावणी पर्व करना चाहिए। साकल्यपादता तिथि सूर्योदय उपरांत जितनी हो उसी को उस दिन व्रत, पूजा, यज्ञानुष्ठान के लिए सम्पूर्ण दिन अहोरात्र में सफलता प्रदान करती है,यह केवल श्राद्धकर्म को छोड़कर सभी शुभकर्मों में ग्राह्य मानी गयी है।



स्वामी जी ने बताया कि 12 अगस्त प्रातः 05.52 बजे सूर्योदय के साथ ही रक्षाबंधन के लिए शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएगा और यह करीब 3 घंटे तक रहेगा। ऐसे में उदया तिथि और शुभ मुहूर्त को देखते हुए 12 अगस्त प्रातः रक्षाबन्धन पर्व मनाने श्रेष्ठ रहेगा। शुक्रवार को धाता और सौभाग्य योग भी बन रहे हैं। ऐसे शुभ योग में भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व दोनों के जीवन में सुख–समृद्धि और लंबी आयु लाएगा।

## संविलियन विद्यालय कपसिया में विद्यालय के बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के विषय पर चर्चा कर दी गयी जानकारी

बच्चों ने तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किये प्रस्तुत

सिकंदराराऊ। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संविलियन विद्यालय कपसिया में विद्यालय के बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के विषय पर चर्चा कर उन्हें जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बच्चों ने तिरंगे झंडे को हाथ में लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। साथ ही 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहरे इसके लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज जिसे तिरंगा भी कहते हैं, तीन रंग की क्षैतिज पट्टियों के बीच नीले रंग के एक चक्र द्वारा सुशोभित ध्वज है। इसकी अभिकल्पना पिंगली वैंकैया ने की थी।

इसे 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से भारत की स्वतंत्रता के कुछ ही दिन पूर्व 22 जुलाई 1947 को आयोजित भारतीय संविधान–सभा की बैठक में अपनाया गया था। इसमें तीन समान चौड़ाई की क्षैतिज पट्टियाँ हैं, जिनमें सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी जो देश की ताकत और साहस को दर्शाती है, बीच में श्वेत पट्टी धर्म चक्र के साथ शांति और सत्य का संकेत देती है ओर नीचे गहरे हरे रंग की पट्टी देश के शुभ, विकास और उर्वरता को दर्शाती है। ध्वज की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3रू2 है। सफेद पट्टी के मध्य में गहरे नीले रंग का एक चक्र है जिसमें 24 तीलियां होती हैं। यह इस बात प्रतीक है कि भारत निरंतर प्रगतिशील है। इस चक्र का व्यास लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर होता है व इसका रूप सारनाथ में स्थित अशोक स्तंभ के शेर के शीर्षफलक के चक्र में दिखने वाले की तरह होता है। भारतीय राष्ट्रध्वज अपने आप में ही भारत की एकता, शांति, समृद्धि और विकास को दर्शाता हुआ दिखाई देता है। विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा बच्चों से आव्हान किया गया कि वो अपने घरों में तो झण्डा लगाए ही साथ ही इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

इस अवसर पर शिक्षक रूपेन्द्र सिंह, विमल कुमार, शिक्षामित्र संदीप कुमार, पुष्पा देवी,रसोइया राधा, सुनीता, ममता, गुड्डी देवी तथा विद्यालय के छात्र व छात्राएं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## देश की आजादी के 75वें वर्ष में अपने राष्ट्रीय ध्वज की शान को और बढ़ाएंः राजेश खुराना

आओ आप और हम मिलकर हर घर तिरंगा फहराएंगे : राजेश खुराना

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आजादी की 75वी वर्षगांठ पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पूरे प्रदेश में तीन करोड़ तिरंगा प्रत्येक घर में 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक लगाएं जायेगे। इस बार का स्वतंत्रता दिवस अभियान बहुत खास है। इसे लेकर पूरे देश में बहुत सी तैयारियां की गई है। इस संदर्भ में आगरा स्मार्ट सिटी, भारत सरकार के सलाहकार सदस्य एवं व्यापारी, उधोगपति, निर्यातक तथा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के सचिव व हिन्दू जागरण मंच, ब्रज प्रान्त उ.प्र. के प्रदेश संयोजक और फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय मानवाधिकार संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष, बेटी बचाओ आयाम के अध्यक्ष तथा आत्मनिर्भर एक प्रयास के चेयरमैन व आत्मनिर्भर भारत समाचार के संरक्षकध्संस्थापक – सुप्रशिद्ध समाजसेवक श्री राजेश खुराना ने अपने वक्तव्य में बताया कि आओ आप और हम मिलकर फिर इतिहास बनाएंगे, हर घर तिरंगा फहराएंगे। इस 15 अगस्त को कुछ खास बनाएं। 2 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा सोशल मीडिया प्रोफाइल पर लगाएं और 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर आजादी के 75वें अमृत महोत्सव को सफल बनाएं। आजादी के अमृत महोत्सव में हो रहे इन सारे आयोजनों का सबसे बड़ा सन्देश यही है कि हम सभी देशवासी अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा से पालन करें। तभी हम उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का सपना पूरा कर पायेंगे और उनके सपनों का भारत बना पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सभी देशवासियों से अपील करते हुए मासिक रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश के 91वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी जी ने देशवासियों से संवाद करते हुए लोगों से अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल और घर के बाहर तिरंगा लगाने की अपील की हैं। उन्होंने





कहा कि आप 2 अगस्त से 15 अगस्त के बीच भी अपनी सोशल प्रोफाइल पर तिरंगे को लगा सकते हैं। इसके अलावा 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनने की अपील की हैं। इस कार्यक्रम में कई तरह के मुद्दों पर चर्चा हुई, जहां पीएम अपनी मन की बात को लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं। पीएम मोदी जी ने कहा कि इस बार वो अपील करते हैं कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक पूरे देशभर के लोग हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी ने कहा, श्देश की आजादी में भारतीय रेलवे का अहम योगदान है। ऐसे में देश के 75 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है। जिनका देश की आजादी की लड़ाई में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी 75 रेलवे स्टेशनों को 15 अगस्त के मौके पर विशेष तरीके से सजाया गया है। इसलिए मैं स्कूली बच्चों और शिक्षकों से अपील करता हूं कि वो सभी को नजदीक के उन रेलवे स्टेशन को दिखाने ले जाएं जहां पर आजादी के संग्राम के महत्वपूर्ण हिस्सों को सही तरह से समझा जा सके। इसलिए देश की आजादी के 75वें वर्ष में अपने राष्ट्रीय ध्वज की शान को और बढ़ाएं आओ आप और हम मिलकर हर घर तिरंगा फहराएंगे।

## जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में हर साल की तरह इस साल भी चांदी का दुलदुल चौक पर बैठाया गया

भदोही।जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में हर साल की तरह इस साल भी चांदी का दुलदुल चौक पर बैठाया गया वार्ड नंबर 10 हिजड़ों का मोहल्ला चांद की 5 तारीख को हर साल की तरह इस साल भी चांदी का दुलदुल उठाया गया साल की तरह इस साल भी दुलदुल घोड़े की जियारत करने के लिए भारी संख्या में जरीनो का मेला लगा हुआ था हिजड़ों मोहल्ला की चौकदार रीना किन्नर ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उन्होंने चांदी का दुलदुल घोड़ा उठाया करो ना काल को देखते हुए सरकार की गाइड लाइन का पालन करते हुए 2 साल नहीं उठाया गया फिर अपने पारंपारिक समय और दिन चांद की पांच मोहर्रम की पचाई को उठाया गया जिसमें भारी संख्या में लोग जियारत करते रहे चौकदार रीना किन्नर सोनी किन्नर सपना किन्नर चांदनी किन्नर पायल किन्नर जोनीस मास्टर रब रखा आसिफ मोहम्मद राहिल रहीम बाबू अल्लाह रखा नन्हे फैजान कासिम आदि लोग मौजूद रहे।




## विदेश भेजने के नाम पर युवकों से लाखों रुपये हडपे पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की,की मांग

पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर दो युवको सात लाख रूपये की ठगी कर ली गई।युवको को न ही विदेश भेजा गया और न ही रुपये वापस किए।इस पर युवक ने अपने आपको ठगा महसूस समझा।घटनाक्रम की तहरीर पुलिस को दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला निवासी आसिफ खां व सलमान ने वताया कि गांव के ही कुछ लोग गोरखपुर, पूरनपुर स्थाई टूर एण्ड ट्रैवलर्स के नाम एजेंसी चलाते है।लोगो ने दोनो युवको से सिंगापुर में काम दिलाने की वात कही।इस पर दोनो से झांसे में आ गए।56 हजार रूपये मासिक वेतन बताकर दोनो युवको से सात लाख रुपये की मांग की।विश्वास में आकर दोनो ने सात लाख रुपये दे दिए।कुछ दिन बाद युवकों को धोखा कर दुबई भेज दिया।जहां युवकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।आरोप है कि युवकों को डरा धमका कर वापस घर भेज दिया।चांद मुबारक स्थाई टूर एंड ट्रैवलर्स के नाम से धनाराघाट रोड पर आफिस भी संचालित किया हुआ है।चांद मुवारिक एक समुह के साथ



मिलकर सीधे–साधे बेरोजगारों लोगों को ठगी का शिकार बना रहा है। दोनों युवक वापस आ गए।इस पर उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो सभी टालमटोल करने लगे।रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दोनों को लगातार दी जा रही है। रुपए भी चले गए और नौकरी भी नहीं मिली।इस पर दोनों युवकों ने अपने आपको ठगा महसूस समझा। धोखाधड़ी कर दोनों से लाखों रुपए जालसाजों ने हडप लिए।पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।


# संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सहित तीन घायल

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी श्रीपाल अपनी पत्नी आरती व पुत्र रोहित के साथ अपनी रिश्तेदारी गांव कसगंजा निवासी एक युवक के यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने परिवार के साथ बुधवार की देर रात वापस घर लौट रहा था।इसी दौरान पूरनपुर बंडा हाईवे पर कनपारा मोड़ के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए।घटनाक्रम की सूचना परिजनों को मिली तो वे आनन–फानन में मौके पर पहुंचे।सभी घायलों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लाया गया।जहां हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।टक्कर मारने वाला वाहन स्वामी मौका पाकर भागने में सफल रहा।

### सीएचसी में स्टाफ बढाए जाने के लिए डीएम को पत्र

पूरनपुर।नगर के वरिष्ठ सपा नेता नादिर रजा बरकाती ने वताया कि पूरनपुर की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉ असलम तैनात थे।लेकिन शासन द्वारा स्थानांतरण नीति में उनका तबादला मुरादाबाद कर दिया गया है।इसके चलते पूरनपुर में अधीक्षक का पद खाली है।कार्यवाहक के लिए डॉक्टर अनिकेत गंगबार को चार्ज दिया गया था।लेकिन कुछ दिन पहले उनका भी ट्रांसफर कर दिया गया।सीएचसी में स्टाफ की भारी कमी है।इसके चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का सही ढंग से इलाज व देखभाल नहीं हो पा रही है। इसके चलते मरीजों को बिना डॉक्टर को दिखाए बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है।नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई वर्षों से लचर व्यवस्था चल रही है।डीएम को पत्र देकर शीघ्र ही पूरनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चार्ज अनिकेत गंगबार को दिलाए जाने व अस्पताल में स्टाफ बढ़ाए जाने की गुहार लगाई है।

### दूसरे दिन भी मेले में उमड़ी भारी भीड़,हुई खरीददारी

पूरनपुर। छठ पर्व पर लगने वाला मेला दूसरे दिन भी जारी रहा है। मेले में लगी दुकानों पर जमकर खरीदारी की गई।देर शाम तक मेले में लोगों की आवाजाही लगी रही।इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलावरपुर में नाग पंचमी के दूसरे दिन छठ पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। जहां पहले दिन दंगल का आयोजन किया गया था।मेले के दूसरे दिन गुरुवार को भी दुकानें लगी रही।इसके चलते खरीदारी करने के लिए महिलाओं व लोगों की भारी भीड़ दुकानों पर उमडी।बरसात होने के बावजूद दूसरे दिन मेले में अच्छी खासी रौनक देखी गई। मेले में लगी दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई।मेले में लगाए गए झूलों का बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया।गुरुवार को देर शाम तक मेले में रौनक बनी रही।इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रामनिवास शर्मा,प्रधान कंधई सिंह,चंद्रप्रकाश बर्मा, सियाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### मा0 राज्य महिला आयोग द्वारा की जायेगी जनसुनवाई

पीलीभीत। मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा दिनांक 03.08.2022 को होने वाला प्रस्तावित जागरूकता चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद में स्थानी उपचुनाव होने के कारण दिनांक 06.08.2022 को प्रातः 10:00 बजे महिला जनसुनवाई पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में व सांय 4:00 बजे ग्राम पंचायत कल्यानपुर नौगवा में मिशन शक्ति के अन्तर्गत जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी व जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष महिला द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### हर घर तिरंगा के सफल क्रियान्वयन का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किये जाने हेतु किया निर्देशित

पीलीभीत। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जवाहर भवन लखनऊ के अनुपालन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 15 अगसत 2022 को भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा के सफल क्रियान्वयन का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के आयोजन हेतु विस्तुत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है।

### 11 से 17 अगस्त तक स्वतंलता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के आयोजन हेतु विस्तुत दिशा निर्देश निर्गत

पीलीभीत। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जवाहर भवन लखनऊ के अनुपालन में दिये गये दिशा निर्देशों के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के आयोजन हेतु विस्तुत दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''Pan India Awareness & Outreach Campaign'' कार्यक्रम संचालित करते हुए विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। इसी क्रम में उ0प्र0 शासन के न्याय विभाग द्वारा निर्गत उपरोक्त निर्देशों के प्रकाश में पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्ताओं, विधि छात्रों लीगल एड क्लीनिक एवं स्वयं सेवी गैर शासकीय संगठनों इत्यादि के माध्यम से आम जनता तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम पहुंचाने तथा जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता 75वां आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बाल तस्करी से आजादी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

### अमृत महोत्सव के अंतर्गत बाल तस्करी से आजादी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पीलीभीत। आज दिनाँक–04.08.2022 को जिलाधिकारी पुलकित खरे की अध्यक्षता में गांधी सभागार पीलीभीत में 75वां आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बाल तस्करी से आजादी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के द्वारा किया गया।

जिसमे छब्ब् से प्रशान्त द्विवेदी द्वारा बॉडर एरिया से जुड़े जिलों में हो रही बाल तस्करी से बचाव के उपाय एवं रोकथाम करने के महत्वपूर्ण बिंदुओ के बारे में विस्तार से बताया उनके द्वारा बताया गया कि बाल तस्करी में बच्चे के लिए शुरूआती एक घंटा महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बच्चे को रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों से वाहनों के माध्यम से बॉडर एरिया बाहर निकाला जा सकता, इसमें पुलिस विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कदम होता है। पुलिस विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अनाउंस करवाया जाना चाहिये, साथ पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करनी चाहिये।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शशांक शेखर द्वारा बाल तस्करी से सम्बंधित कानूनों के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम अधिनियम, मानव तस्करी (निषेध) अधिनियम 1956, prevention of begging Act 1986, Right to education Act, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि अक्सर घरों में देखा जाता है कि बच्चों में पुलिस की भूमिका को गलत तरीके से दर्शाया जिस से बच्चों में भय बन जाता है इसी के तहत परियोजना मेरा कानून मेरा दोस्त के अंतर्गत बच्चो को पुलिस की भूमिका को सकारात्मक बताना चाहिए जिससे बच्चे पुलिस को अपना मित्र समझ सके और अपनी समस्या खुल के बता सके।



कार्यशाला में ए0डी0एम0 सूरज यादव, सी0 ओ0 सीटी0 सुनील दत्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण अध्यक्ष व सदस्य, जे0जे0बी0 सदस्य, चाईल्डलाइन, सभी थानों से सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी, वन स्टॉप सेंटर, महिला शक्ति केंद्र, डी0सी0पी0यू0 से अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगीना में भाजपा वरिष्ठ नेता रोहित रवि के आवास पर भाजपा की हर घर तिरंगा विषय पर बैठक का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना भाजपा



नेता रोहित रवि के आवास पर भाजपा कि ष्हर घर तिरंगाष् विषय पर बैठक का आयोजन हुआ इसके अंतर्गत शक्ति केंद्र संजोजक संबंधित बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमोद चौहान जी ने विस्तृत रूप से कार्यक्रम की योजना समझाई, भाजपा नेता रोहित रवि ने सभी पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों से जोर शोर से इस मुहिम को चलाने एवं 13 से 15 अगस्त के मध्य ज्यादा से ज्यादा घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने की अपील की। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष नीरज विश्नोई ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम सब आजाद देश में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, भाजपा वरिष्ठ नेता रोहित रवि, नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई,कयूम राइन, धर्मेंद्र राठी, सरदार जगमीत सिंह, अमीचंद रवि, हर्ष गोयल,श्रवण कुमार, शीशराम, बाबूराम सिंह,रमेश सिंह, सीताराम, अमन सिंह, प्रिंस हिरनवाल, कमल कुमार,विकास सिंह, अमन कुमार, अमूल नंदा, हरवीर सिंह व तमाम पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोतवाली देहात ब्लाक क्षेत्र के ग्राम जगतचन्दपुर चिलकिया मे क्षेत्र पंचायत की मृत्यु होने के बाद उप चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बढ़ापुर पुलिस प्रशासन अलर्ट

दैनिक अयोध्या टाइम संवाददाता शाहिद रजा खान । बढ़ापुररू थाना क्षेत्र के एक क्षेत्र पंचायत सदस्य की मृत्यु होने के कारण गुरुवार को हुए





उपचुनाव को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तेद नजर आया। उपचुनाव में सदस्य पद के लिये पांच प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई उपचुनाव के लिये बनाये गए दो बूथों पर 633 वोट डाले गए। थाना क्षेत्र के ग्राम जगतचन्दपुर उर्फ चिलकिया निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य अल्ताफ की आकस्मिक म्रत्यु के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य का पद रिक्त हो चुका था जिस कारण प्रशासन द्वारा उक्त पद के लिये उपचुनाव करने के लिये चार अगस्त की तारीख मुकर्रर कर दी थी। जिसके चलते हुए गुरुवार को सवेरे से ही क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के वोटिंग शुरू हो गई थी। क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के पांच व्यक्तियों ने नामांकन कराया था। जिसमे हिरदेश चौहान,कुलमणी चौहान,परवेज आलम,ब्रजभान,पंकज ने अपनी किस्मत आजमाई। गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिये दो मतदान केंद्र बनाए जय थे जिसमें एक केंद्र शाहअलीपुर कोटरा तथा दूसरा प्रेमनगर भूमिदान में दोनो केंद्रों पर सवेरे से आरम्भ हुई वोटिंग में कुल 633 वोट डाले गए जिनमे शाहअलीपुर कोटरा मतदान केंद्र पर 364 वोट तथा भूमिदान मतदान केंद्र पर 269 डाले गए। देर शाम सभी प्रत्याशियों की किस्मत बॉक्स में बंद हो गई।

जिसकी शुक्रवार को गिनती होने के बाद हार जीत का पता चल पायगा। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## 75वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाएं-मुफ्ती नबील अहमद रशीदी

नगीना।मौलाना मुफ्ती नबील अहमद रशीदी खाादिम मदरसा नाबिनान नगीना ने 75वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि ये दिन देश के उन वीरों की गौरव गाथा और बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने अंग्रेजों के दमन से देश आजाद कराने में अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया था. 15 अगस्त 1947 को हमें ब्रिटिश शासन के 200 सालों के राज से आजादी मिली थी. ये दिन हमारे फ्रीडम फाइटर्स के त्याग और तपस्या की याद दिलाता है.। हमारा प्यारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ और सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर इस देश को आजाद कराया। हमारे देश की खास



बात यह है कि इस देश में सभी धर्मों के लोगों को अपने धर्म का पालन करने की पूरी आजदी है। युवाओं से इस देश को आजाद कराने में अपने बड़ों के बलिदान को याद करने की अपील की।





## दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के चिकित्सा शिविर में 350 मरीजो का परीक्षण हुआ

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सैयद हैदर रजा.। धामपुर समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के तहत लगाये गये चिकित्सा शिविर में साढ़े तीन सौ मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाईयां दी गईं चिकित्सा शिविर में नजर फाउन्डेशन और राहत क्लीनिक ने अपना सहयोग प्रदान किया चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मशहूर चिकित्सक डाक्टर कमाल अहमद साहब ने किया इस अवसर पर बोलते हुए डॉ कमाल अहमद साहब ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन बुहत ही अच्छा और जरूरी कदम है और जिसके लिए मैं चिकित्सा शिविर का आयोजन करने वाले लोगों को बधाई देता हूं दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के सरंरक्षक डाक्टर आदित्य अग्रवाल जी ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम इंसान तक पहुंचना है और जिसके लिए हम हमेशा तत्पर और तैयार रहते हैं ।

डॉक्टर आदित्य अग्रवाल जी ने कहा कि हमारी संस्था गरीब और बेसहारा लोगों को बुहत कम शुल्क पर हर तरीके की सुविधा उपलब्ध कराते हैं और अगर किसी के पास शुल्क भी उपलब्ध नहीं है तो हमारी संस्था जनहित में यह नेक काम निशुल्क भी करती है डाक्टर आदित्य अग्रवाल ने दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान से जुड़े सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वो संस्था को उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए सहयोग के लिए उनके आभारी और ऋणी हैं डाक्टर वसीउररहमान और डाक्टर राहत हमीद ने चिकित्सा शिविर में पहुंचे डाक्टर अनस और डाक्टर आदित्य अग्रवाल का अभिनंदन और स्वागत





किया चिकित्सा शिविर के आयोजन में डा अनिल दास का भी सहयोग रहा चिकित्सा शिविर के आयोजन समारोह में कारी राशिद हमीदी,कारी नौशाद आलम शाद गययूर अली खान शैख आफताब जावेद अख्तर मुगीसुररहमान डॉ अकरम लईक मौहम्मद अकरम ईनाम अली हाजी मौहम्मद आफाक हाफिज मौहम्मद अहमद डाक्टर साहिल डाक्टर आफाक फैज मौहम्मद रेहान मौहम्मद अनस मरगूब आलम मौहम्मद कैफ आदि शामिल रहे चिकित्सा शिविर समारोह के आयोजन का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

## भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया बाहर से आए जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने निर्माण लड्डू चढ़ा कर भगवान पारसनाथ से सुख शांति की प्रार्थना की

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र जैन मंदिर जलालाबाद में पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पूजन प्रक्षाल एवं शांति धारा द्वारा मनाया गया। शांति धारा सुरेंद्र जैन निर्दोष जैन पुरकाजी दूसरा अभिषेक संजीव जैन सरसावा तीसरा अभिषेक दिनेश जैन सरसावा द्वारा किया गया। मंगल आरती मोनिका जैन निर्दोष जैन द्वारा की गई। ध्वजारोहण बैंड बाजों के साथ सत्येंद्र जैन सर्राफ द्वारा किया गया। पारसनाथ भगवान का दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि सुरेंद्र जैन द्वारा किया गया। कस्बा तीतरों से श्रद्धालुओं का बड़ा जत्था बैंड बाजों के साथ पदयात्रा करते हुए निर्माण लड्डू लेकर आए और भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष निर्माण लड्डू चढ़ाया गया भगवान



पार्श्वनाथ से प्रार्थना की हमारे देश के क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। वही 23 किलो का मुख्य लड्डू अशोक जैन दिल्ली द्वारा चढ़ाया गया दूसरा लड्डू 11 किलो का नीरज जैन बड़ौत द्वारा चढ़ाया गया तीसरा लड्डू 11 किलो का मुकेश जैन सहारनपुर द्वारा चढ़ाया गया। वही पंचमेरू मानस स्तंभ पर वीरेंद्र कुमार जैन मेरठ प्रबंध समिति द्वारा सामूहिक रूप से निर्माण लड्डू चढ़ाया गया।

कैरियर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा नेशनल एमएसएमई पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम उच्च तकनीकी अवार्ड दिए जाने की उपलक्ष में सभी पदाधिकारियों द्वारा कैरियर व्हील्स के डायरेक्टर जेके जैन आलोक जैन व आशीष जैन को श्री 1008 प्रबंध समिति जैन मंदिर जलालाबाद द्वारा पटका व माला पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गयाइस उपलक्ष में प्रबंध समिति द्वारा जैन मंदिर जलालाबाद में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील जैन सत्येंद्र जैन तरुण जैन राकेश जैन प्रदीप जैन सुभाष जैन उमेश जैन मुकेश जैन जेके जैन नरेंद्र जैन मोहित जैन ललित जैन पंकज जैन निशांत जैन अशोक जैन पारस जैन पीयूष जैन सचिन जैन गौरव जैन पंडित सनत जैन ऋषभ जैन राहुल जैन आदि का सहयोग रहा पंडित राजकुमार जैन द्वारा पूजा प्रक्षाल वह शांति धारा वह निर्माण लड्डू चढ़ाया गया।

## हजरत अली का अलम, ताबूत व जुलजना की शबी का जुलूस निकाला

—जुलूस के दौरान गूंजती रही या हुसैन या हुसैन की सदायें

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। मोहर्रम की पांच तारीख को शिया समुदाय के





लोगों ने हजरत अली का अलम, ताबूत व जुलजना की शबी का जुलूसस अकीदत के साथ निकाला और कर्बला के मैदान में जाकर सम्पन्न हुआ। गुरुवार को नगर के इमाम बड़ों में मजलिसों का एहतमाम किया गया, जिसमें नौहा ख्वानी हाजी कौसर जैदी,कुर्रतुलएन, मोहम्मद गुलजार, फैसल मोहम्मद बाकर व मरसिया मोहम्मद मुदस्सिर व हमनवा ने पढ़ा। इस दौरान मौलाना बाकर हुसैन ने कर्बला के मैदान में हजरत इमाम् हुसैन के बेटे हजरत अली अकबर उनके परिवार व साथियों पर हुए जुल्म पर रोशनी



डाली। साथ ही उनके बलिदान व कुर्बानियों को याद करते हुए मातम नौहा ख्वानी मरसिया पढा गया। दोपहर बाद मोहल्ला जेर अंसरियान स्थित मुबारक अली खां के मकान से हजरत अली का अलम, ताबूत व जुलजना जुलूस बरामद होकर पानीपत मुख्य मार्ग पर स्थित पब्लिक इंटर कॉलिज के सामने कर्बला के मैदान में जाकर सम्पन्नन हुआ। इस दौरान उत्तराखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे अल्हाज अली हैदर जैदी,अल्हाज कौसर जैदी,वसी हैदर साकी,सरवर हुसैन,चुनन,काजिम रजा,शाह रजा,आलम, मेहदी, फिरोज, शाहनवाज,शबी हैदर, सदाकत हुसैन, शराफत हुसैन सहित सैंकड़ों शिया सोगवार मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत जुलूस मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की ओर से बड़े वाहनों के रूट को डायवर्ट कर शहर में एंट्री करने से रोके रखा।

## मासूम से दरिंदगी के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दो दिन पूर्व घर के बाहर खेलती मासूम को बहलाकर छत पर ले जाकर उसके साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पोक्सो न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

गुरुवार को पुलिस ने मासूम के साथ दरिंदगी करने के प्रयास में फरार अपचारी अनस मोहल्ला खैलकलां को गिरफ्तार कर पोक्सो न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दो दिन पूर्व घर के बाहर खेलती छह वर्षीय मासूम बच्ची को उक्त आरोपी बहलाकर मकान की छत पर ले गया था, जहाँ उसे अर्धनग्न कर दरिंदगी का प्रयास कर रहा था शोर होने पर मौके से फरार हो गया था। मासूम ने घटना के संबंध में परिजनों को जानकारी दी थी, जिसके बाद पीडित की माँ ने कोतवाली पर नामजद तहरीर देकर कार्रवई की मांग की थी। पुलिस ने तुरन्त संज्ञान लेकर स्नागीं धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उपनिरिक्षक व



इमामगेट चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में उनकी टीम ने चंद घण्टों में ही आरोपी को पकडकर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जहां से न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया है।

## नेशनल पैथोलश्जी लैब पर महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन लगाये गंभीर आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी सैयद मासूम रजा धामपुर । नगर में कालागढ़ रोड पर स्थित नेशनल पैथोलॉजी लैब एवं सर्वोदय ब्लड बैंक पर महिलाओं द्वारा गंभीर आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया गया ।आज बड़ी संख्या में विरोध करने वाली महिलाओं में रेखा शमला मुन्नी रानी और अरुणा देवी बबीता सरोज पूनम आदि सैकड़ों महिलाओं ने ब्लड बैंक और पैथोलॉजी लैब पर कालाबाजारी का करने ब्लड चेकअप करने मैं अधिक पैसे लेने वसूल करने आदि गंभीर आरोप लगाए ।महिलाओं का कहना है की समाजसेवी के नाम पर जो लोग ब्लड डोनेट करते हैं उनके ब्लड को भी एकत्र करके हेराफेरी करके ब्लड को महंगे दामों पर बाहर सप्लाई किया। जाता है ।जिसके बदले मैं मोटा पैसा लिया जाता है । उन्होंने सर्वोदय ब्लड बैंक एवं पैथोलॉजी लैब की जांच कराने की मांग की है । धरना प्रदर्शन में रेखा,शिमला,मुन्नी, रानी,अरूणा देवी,बबीता, सरोज वह पुनम आदि शामिल रहीं।

उधार डॉक्टर एनपी सिंह का कहना है कि मुझ पर लगाए गए सब आरोप निराधार हैं। उन्होंने विपिन कुमार प्रजापति पुत्र तेजपाल सिंह निवासी कोडीपुरा के खिलाफ लैब में तोड़फोड़ करने और गाली गलौज करने के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ओमवीर सिंह को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ।



# संक्षिप्त समाचार

## बाइक सवार ने साईकिल में मारी टक्कर, घायल

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। अज्ञात बाइक सवार ने साईकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों के सहयोग से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की प्रातः साईकिल पर सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहे सनौली निवासी इलियास को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को राहगीरों के सहयोग से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी साईकिल पर सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहा था, जैसे ही वह मुख्य मार्ग बाइपास रामडा चौराहे के निकट पहुँचा तो तेजगति से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी,जिसमें वह चोटिल हो गया। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

## 75 वर्ष बाद हुआ सीमा विस्तार सराहनीय कार्य

—कैबिनेट द्वारा सीमा विस्तार को हरी झंडी मिलने के बाद पालिका का क्षेत्रफल 7.5 से बढ़कर 17,18 वर्ग किलो मीटर हुआ

कैराना। 75 वर्षो बाद पालिका के सीमा विस्तार को हरी झंडी देकर उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। क्षेत्रफल का विस्तार होने के बाद नगरीय क्षेत्र से लगने वाले विभिन्न ग्रामसभाओं के मजरों एंव मलिन बस्तियों को नगरीय क्षेत्र में शामिल होने पर नगरपालिका की जनसंख्या में करीब 25 से तीस हजार की बढोत्तरी हो जाएगी और क्षेतफल भी 7.5 से बढ़कर 17 से 18 वर्ग किलो मीटर होगा। गुरुवार को पालिका के सभगार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पालिकाध्यक्ष हाजी अनवर हसन ने कहा कि पालिका का सीमा विस्तार होने के उपरांत अब उन सभी क्षेत्रों के निवासियों को भी वही सुविधाएं प्राप्त होँगी, जो नगरीय क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही है। साथ ही सभी स्थानों पर सफाई, सड़कें,पेयजल आपूर्ति, प्रकाश, स्वास्थ्य एंव आवासीय योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीमा विस्तार से पूर्व एक लाख से अधिक की आबादी थी,लेकिन रिकॉर्ड में मात्र 90 हजार ही दर्ज था। इसी आधार पर बजट मिलता था, जो विकास के लिए नाकाफी था। अब यह संख्या डेढ़ लाख के लगभग हो गई है इसी के अनुसार बजट भी आएगा। इस बार अगर जनता की सेवा का मौका मिला तो सीमा विस्तार बाद जुड़े बाहरी क्षेत्र से ही विकास की शुरुआत करेंगे। कुछ बस्तियां ऐसी थीं, जिन्हें मताधिकार का अधिकार तो दिया गया था,लेकिन वह पालिका की सीमा से बाहर थीं, जिस कारण उनके विकास में रोड़ा अटका रहता था। शासन से आदेश मिलते ही सफाई कर्मियों की संख्या बढाकर मलिन बस्तियों में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। कोरोना काल के चलते तीन वर्ष का कार्यकाल मिला,जिसमें कई ऐतिहासिक कार्य कराए गए,जिनमें बस स्टैंड,पैट्रोल पंप व डिवाइडर, पाइप लाईन व सड़को का निर्माणकार्य पूर्ण कराया गया है। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सीमा विस्तार के बाद नगरीय क्षेत्र में आर्यपुरी, इस्लाम नगर,सुंदर नगर सहित कई अन्य विभिन्न मलिन बस्तियां शामिल हुई हैं,जिससे 25 से तीस हजार की जनसंख्या बढ़ जाएगी। सीमा विस्तार से पूर्व पालिका के 25 वार्ड थे।

सीमा विस्तार के बाद सभी वार्डों का पुर्नगठन होगा,जिसमें आर्यपुरी ग्राम पंचायत भी शामिल है। परिसीमन बनने के बाद स्वतः ही समाप्त हो जाएगी और वहां भी सभासद चुने जाएंगे। इस दौरान सभासदपति महबूब अली, मुरसलीन, मेहरबान अंसारी, चौधरी सालिम, चौधरी गय्यूर,इंतजार अंसारी,शमशाद अंसारी,राशिद कुरैशी सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## टीनशेड उतारे समय हादसा,तीन झुलसे

कैराना। कमरे से टीनशेड उतारते समय हाईटेंशन विधुत लाइन से टकरा गई, जिसमें दो नाबालिग सहित तीन लोग झुलस गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार की प्रातःनगर के मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर स्थित एलआईसी के निटक ऊपरी मंजिल के कमरे से टीनशेड निकालते समय हाईटेंशन विधुत लाइन से टकरा गई,जिसमें सुहैल पुत्र इंतजार आर्यपुरी,नाजिम व मनोज पुत्र मुकेश निवासीगण गाँव कंडेला झुलस गए,जिन्हेँ तुरन्त सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। बाद परिजनों द्वारा सभी को शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत में सुधार बताया गया है।बताया जाता है कि लगभग दस वर्ष पूर्व बाइक रिपेयरिंग के लिए यह दुकानें कैराना निवासी महताब चौहान से किराए पर ली गई थीं, जिन पर टीनशेड आदि का कार्य कराया गया था।

## संपत्ति में हिस्सा नहीं मिला तो पति ने पत्नी को लगा दी फांसी, घायल

कैराना। दहेजलोभी पति ने संपत्ति में आधा हिस्सा न मिलने पर दिव्यांग पत्नी के गले में रॉड का तार डालकर फाँसी लगाते हुए जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।गुरुवार को कैराना देहात के गाँव आर्यापुरी निवासी दिव्यांग महिला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 13 दिसम्बर वर्ष 2018 को जिला बागपत के गाँव बदरका निवासी लेखपाल पवन पुत्र राजपाल के साथ सम्पन्न हुई थी, जिसमें मेरी माता ने ब्रेजा गाड़ी,एक लाख की नकदी सहित अन्य सभी सामान दिया था। साथ ही भूमि संपत्ति में आधा हिस्सा भी देने को कहा था। आरोप है कि लालची पति अपने हिस्से की भूमि का बेनाम कराने का दबाव बना रहा था। ऐसा न करने पर उसने दिव्यांग सपना के गले में रॉड का तार डालकर उसे जान से मारने की प्लानिंग बनाई,जिसमें वह बाल—बाल बच गई,लेकिन इस दौरान उसके चेहरे पर चोट लग गई। लालची पति ने यहीँ पर बस नहीँ किया,बल्कि पीड़िता पत्नी व परिजनों को साथ लेकर ससुराल आ पहुंचा और भूमि अपने नाम कराने के लिए जिद करने लगा। विधवा सास द्वारा जब उसकी बात नहीँ मानी गई तो पति पवन, ससुर राजपाल व देवर प्रदीप ने एक राय होकर दिव्यांग के साथ मारपीट कर दी गई,जिसमें वह घायल हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फर्जी डिग्री का आधार पर अस्पताल का संचालन करने वाले कथित चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। तीन सप्ताह पूर्व एसीएमओ द्वारा भारी अनियमितताएं पाए जाने व फर्जी डिग्री के आधार पर शकुंतला हॉस्पिटल का सनचलन करने वाले कथित चिकित्सा के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। गत आठ जुलाई को महिला की शिकायत पर नगर के मुख्य पानीपत खटीमा मार्ग पर स्थित शकुंतला हॉस्पिटल की जाँच को पहुँचे तत्कालीन एसीएमओ सुशील कुमार द्वारा जांच के दौरान अस्पताल संचालक डॉक्टर हरेंद्र की डिग्री फर्जी पाए जाने व अनियमितताएं मिलने पर हॉस्पिटल को सीज किया गया था। इस दौरान कथित चिकित्सक मौके से फरार हो गया था। इस संबन्ध में आज एसीएमओ जाहिद आली त्यागी द्वारा कैराना कोतवाली पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जीवाड़ा करते हुए फर्जी डिग्री के सहारे हॉस्पिटल का संचालन करने लापरवाही बरतने सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बागपत निवासी डॉक्टर हरेंद्र के खिलाफ इससे पूर्व में बड़ौत व मथुरा आदि में भी फर्जी डिग्री के आधार पर हॉस्पिटल का संचालन करने सहित अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। वहाँ से भगकर इस फर्जी चिकित्सक ने स्वास्थ्य विभग से सांठगांठ कर कैराना में शकुंतला हॉस्पिटल में अपना कारोबार जमाया था और फर्जी डिग्री के आधार पर रजिस्ट्रेशन कराने में भी कामयाब हो गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिग्री की गहनता से जांच हुई तो डिग्री भी नकली साबित हो गई थी,जिसका कहीं भी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला था

## शांति भंग में 11 लोग गिरफ्तार

सिकंदराराऊ।

चौकी प्रभारी पुरदिलनगर सोनू राजौरा थाना द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 11 व्यक्तियों का चालान गया। श्री राजौरा ने 11 लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# संक्षिप्त समाचार

## रात में सोते समय अधेड़ को जान से मारने का किया प्रयास

- ग्रामीणों ने बचाई जान, पीड़ित ने थाने मे दी तहरीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज,परसपुर गोण्डा। तहसील क्षेत्र के थाना परसपुर अंतर्गत मलाव गाँव मे बीती रात अपने मड़हे मे सो रहे एक अधेड़ व्यक्ति को आसपास के कुछ लोगो द्वारा आकर जान से मारने का प्रयास किया गया, जिसके हल्ला गुहार पर घर एवं गांव के लोगों ने आकर जान बचाई। पीड़ित ने इस संबंध में स्थानीय थाने में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला थाना परसपुर के निकट मलांव गाँव का है, पीड़ित जनार्दन सिंह पुत्र स्व० राम सुमिरन ने दी गयी तहरीर मे कहा है कि बीती रात मे वह अपने मड़हे मे सो रहे थे, तभी रात मे करीब डेढ़ के आसपास पाँच– छह लोग आकर उन्हें गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा व धारदार हथियार से मारने लगे। उनके हल्ला गुहार पर घर के और गांव के लोगों ने आकर जान बचाई। वहीं भागते समय हमलावरों ने सरकारी रोडवेज का शीशा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चार पहिया गाड़ी से भाग गए। पीड़ित ने घटना के संबंध में कार्यवाही हेतु थाने मे तहरीर दी है। वहीं चोटिल व्यक्ति को मेडिकल के लिए सीएचसी परसपुर से गोंडा के लिए रेफर किया गया है।

## मैजापुर मिल में ईंट उतारने गये एक दिहाड़ी मजदूर की करेंट लगने से दर्दनाक मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय तहसील व थाना कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत मैजापुर मिल में गुरूवार को ईंट उतारने गये दिहाड़ी मजदूर की करंट के चपेट में आने से दर्दनाक की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली कर्नलगंज के अन्तर्गत ग्राम परसा गोंड़री (मंगल पुरवा) निवासी राहुल शुक्ला पुत्र सदानन्द शुक्ला एक ईंट भट्ठे पर दिहाड़ी मजदूर था, जो गुरुवार को ईंट से लदी ट्राली के साथ मैजापुर मिल में ईंट उतारने गया था। बताया जाता है कि मिल के अन्दर ट्राली धंस गयी। इसके पश्चात वह ट्राली निकालने के प्रयास में नीचे उतरा। जहां करंट के चपेट में आने से उसकी हालत गंभीर हो गई। जिससे मिल के सुरक्षाकर्मियों ने उसको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया गया। वहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

## छापेमारी में दो लाख पचीस हजार जुर्माना के साथ गोदाम को किया सीज

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। गोण्डा वृहस्पतिवार को जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता एवं ईओ नगर पालिका गोण्डा संजय मिश्रा के छापेमारी के दौरान बड़गांव स्थित ददुआ बाजार मकार्थीगंज में एक गोदाम में प्रतिबंधित सिंगल यूज पोलीथीनध्थर्माकोल के विरुद्ध नगर पालिका गोंडा तथा राज्यकर विभाग गोंडा के साथ पुलिस के सहयोग से की गई कार्यवाही में गोदाम मालिक अनिल गुप्ता सहित 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही कुल 2 लाख 25 हजार रुपया जुर्माना भी वसूला गया तथा समस्त प्रतिबन्धित सामग्री को गोदाम में सील कर दिया गया है। सामग्री में थर्माकोल दोना, कटोरी 30 नग, थर्माकोल प्लेट 100 नग, प्लास्टिक गिलास 120 नग, प्लास्टिक चम्मच 24 नग, सिंगल यूज पॉलीथिन 273 नग, प्लास्टिक गिलास 179 नग, प्लास्टिक फोर्क स्पून 22 नग, प्लास्टिक कटोरी 10 नग, सिंगल यूज प्लास्टिक 15 नग सहित सभी सामग्री को गोदाम में सील कर दिया गया है।

## ग्राम उड़िला के प्रधान व सचिव पर विकास कार्यों में धांधली व भ्रष्टाचार का लगा आरोप

- संपूर्ण प्रकरण की उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को जानकारी देकर निष्पक्ष जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने की जिलाधिकारी से की गई मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज,कटरा बाजार, गोण्डा। तहसील क्षेत्र कर्नलगंज के विकास खण्ड कटरा बाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार,गबन,घोटाले और अनियमितताओं के मामले थम नहीं रहे हैं। यहाँ वर्षों से पंचायतों में निर्माण कार्य के लिए आने वाली राशि का दुरुपयोग कर प्रधान व सचिव द्वारा जमकर बंदर बाँट किया जा रहा है। कई मामले ऐसे हैं कि जिनमें वर्षों बाद भी अधिकारी निर्णय नहीं ले पाए हैं। ताजा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत उड़िला का है। यहाँ के निवासी ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से ग्राम पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। इन मामलों में अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। वहीं अधिकारियों की बेफिक्री का आलम यह है कि निर्माण कार्यों में धांधली कर शासकीय राशि फर्जी तरीके से निकाली जा रही है और बड़े पैमाने पर सरकारी राशि का गोलमाल किया जा रहा है।जिससे शिकायतकर्ता ग्रामीण लवकुश सिंह ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में किये गये धांधली और भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को जानकारी निष्पक्ष जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने की मांग जिलाधिकारी गोंडा से की है। शिकायत कर्ता ग्रामीण लवकुश सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम उड़िला पोस्ट नरायनपुर कला ब्लॉक कटरा बाजार गोंडा ने जिलाधिकारी को दिये गये पत्र में विकास कार्यों में धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत में प्रधान व सचिव द्वारा फर्जी तरीके से सड़कों का नव निर्माण कराया जा रहा है,जिसमें सड़कों पर मिट्टी नहीं डाली जाती है जबकि उसे रोटावेटर से जोत कर बराबर कर लिया जाता है और प्रधान व सचिव द्वारा शौचालय निर्माण व हैंडपंप आदि की व्यवस्था ना करते फर्जी तरीके से पैसा निकाल लेते हैं। इसी के साथ ही शौचालय के साफ–सफाई व्यवस्था भी नहीं की जाती है तथा पंचायत भवन की मरम्मत साफ सफाई की व्यवस्था ग्राम प्रधान सचिव द्वारा ना करके व मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी के बहाने फर्जी तरीके से पैसा निकाल लेते हैं, जबकि मनरेगा मजदूरों द्वारा काम भी नहीं किया जाता है। उसके द्वारा उक्त सड़कों के संबंध में खंड विकास अधिकारी कटरा बाजार व सहायक खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।शिकायतकर्ता ग्रामीण ने बेहद खराब कुछ सड़कों जिसमे रंजीत सिंह के घर से कोरिन पुरवा तक, कोरिन पुरवा से डफलिन पुरवा तक 29/06/2022 में निर्माण हुआ। सड़कों का निर्माण फर्जी व गलत तरीके से किया गया है।जिससे शिकायतकर्ता ने संपूर्ण प्रकार की उच्च स्तरीय जांच कराया जाना नितांत आवश्यक बताते हुए ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में किये गये धांधली और भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को जानकारी देकर निष्पक्ष जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने की मांग जिलाधिकारी गोंडा से की है।

## कर्नलगंज क्षेत्र में शेर की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय बरकरार



दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय क्षेत्र में शेर की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय बढ़ता जा रहा है। तहसील व थाना कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कुम्हरौरा के मजरा भगन पुरवा निवासी संतोष कुमार उर्फ करिया के छप्पर के घर मे बीते 31 जुलाई की रात्रि करीब ढाई बजे शेर पहुंच गया और घूम टहलकर वह उसके छप्पर पर चढ़ गया। खर खर की आवाज सुनकर उसने टार्च जलाकर देखा तो छप्पर के ऊपर शेर था। जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। वह अपने भाई को आवाज देने लगा जिस पर शेर मुड़कर छप्पर के नीचे उतर गया। जिससे भयभीत परिवार के लोगों ने गांव वालों को सूचित किया, जिस पर पूरे गांव के लोग सहम गये। सारी रात्रि गांव के लोग जागते रहे। जिसकी सूचना पाकर एक अगस्त को पहुंची वन विभाग की टीम की जांच में शेर के गांव में आने की पुष्टि भी हुई। टीम ने गांव वालों को सतर्क करके बचाव के उपाय भी बताये। वहीं सोमवार की रात्रि करीब ग्यारह बजे ग्राम करुआ के मजरा गोनई गोसांई पुरवा निवासी शिवसागर गोस्वामी को गांव के समीप शेर दिखाई दिया। इसके पश्चात मंगलवार की रात्रि ग्राम बबुरास के मजरा पाण्डेय पुरवा निवासी संतोष कुमारी शुक्ला परिवार के सदस्यों के साथ छप्पर के नीचे सोई थी। रात्रि करीब 12 बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर वह जाग गई तो देखा कि उनके दरवाजे से शेर निकल रहा था। सारी रात्रि वह डरी सहमी जागती रही, सुबह परिवार के सदस्यों को बताया। तलाश करने पर दरवाजे पर शेर के पैरों के निशान दिखाई दिये। मगर शेर ने अभी तक किसी के ऊपर कोई हमला नही किया है। इस संबंध में वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीणों को सतर्क करके बचाव के उपाय बताये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरे से उसकी निगरानी कराई जायेगी।

## शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही आई सामने



- प्राथमिक विद्यालय चौनापुर की प्रधानाध्यापिका के विरोध में अभिभावकों ने दिया बयान

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश
कटरा बाजार, गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र कटरा बाजार के अन्तर्गत शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। जहाँ ग्रामसभा चौनापुर के प्राथमिक विद्यालय में निरंतर अनुपस्थित रहने वाली प्रधानाध्यापिका अमिता सिंह के विरोध में अभिभावकों ने बयान दिया है। प्राथमिक विद्यालय चौनापुर में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने प्रधानाध्यापिका अमिता सिंह के विरोध में तरह तरह के बयान दिए है कि अमिता सिंह महीने में कहीं दो या तीन दिन ही पढ़ाने आती है और उनके जो शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रही हैं वो कक्षा 5 के बाद सभी फर्जी है। अमिता सिंह द्वारा फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर नौकरी करने का भी आरोप अभिभावकों द्वारा लगाया गया है। ये बयान ग्रामसभा के अभिभावकों द्वारा लिखित व मौखिक रूप से दिया गया है। बच्चों ने अपने बयान में बताया कि केवल तीन अध्यापक ही पढ़ाने आते है और दो महिला अध्यापक पढ़ाने नहीं आती है तथा खाना भी ठीक से नहीं बनता है। हप्ते मे केवल चार दिन ही खाना बनता है वो भी मीनू के हिसाब से नहीं बनता है केवल तहरी बनती है। कभी कभी समोसा मंगा कर खिलाते हैं ।पढ़ाई स्कूल में नहीं होती है इसलिए केवल 6 या 7 बच्चे ही पढ़ने आते हैं। नाम बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में लिखा है पढ़ने वे प्राइवेट मे जाते है। 20 जुलाई को डिप्टी साहब जांच करने आए थे तब केवल 10 बच्चे स्कूल में थे। इस संबंध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी कटरा बाजार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बच्चों ने गलत बयान दिया है, उस दिन बच्चे अधिक थे जो पोर्टल पर दर्ज है।

## दो पक्षों में मारपीट, 6 घायल



रिपोर्ट देवेश पांडेय दैनिक अयोध्या टाइम्स बाबागंज–बहराइच
रुपईडीहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मधुबन में बुधवार शाम को ग्राम पंचायत के विकास में कार्य कर रहे प्रधान व उनके भाइयो को विपक्षियों ने हथियार से जान लेवा हमला करके मरणासन्न कर दिया । ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग व नाली का कार्य चल रहा था निस्कि गुडवत्ता को ले कर ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम पंचायत अधिकारी व टी ए इंटरलॉकिंग मि चांज कर रहे थे तभी विपक्षी गणों ने धार दार हथियार से हमला कर दिया जिसमें मजदूर सहित 7 लोग घायल हो गए वर्तमान प्रधान मोहम्मद इस्राएल पुत्र शरीफ व उनके भाइयो को घायल कर दिया जिसमे तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है , घटना से पूरे गांव में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर रुपईडीहा थाना पुलिस ने घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में पहुंचा कर इलाज शुरु कर दिया गया है। आपको अवगत कराते हुए चले कि विपक्षी गण अख्तर ,इलयास पुत्र जलील मौलाना पन्नहू पुत्र ढोने आदि शातिर अपराधी है अभी हाल ही में जेल से छूटकर आये है उस उपरान्त ऐसी हरकत कर डाली ये सोचने का विषय है कि अगर दिन दहाणे ग्रामीणों के सामने जान लेवा हमला करना ये दरसाता है कि पुलिस का कौफ और कानून का डर खत्म हो गया है ये तो वक्त बताएगा कि पुलिस सही जांच करके दोषी को दंडित करती है।

## बीएसपी प्रत्याशी दिनेश शुक्ला लगे जनता की सेवा में चुनाव हारने के बाद जनता के बीच मौजूद

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। विधानसभा क्षेत्र– 285 महसी के बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दिनेश कुमार शुक्ल एडवोकेट द्वारा विधान सभा क्षेत्र –285 महसी के लोगों की लगातार सेवा की जा रही उन्होंने पिछले कई वर्षों से निरू शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित कर हजारों नेत्र रोग से पीड़ित लोगों का निशुल्क इलाज करवा कर लाभ पहुंचाया है। इसी क्रम में पुनः दिनांक 7 अगस्त 2022 दिन रविवार को समय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कैम्प स्थान – निकट प्राइमरी पाठशाला तिवारी पुरवा तहसील महसी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन सीतापुर आंख अस्पताल के सहयोग से आयोजित करवा रहे हैं।आप सभी क्षेत्र वासियों को सूचित किया जा रहा है कि समय से पहुंच कर आंखों की जांच करवा उचित इलाज करवा कर लाभ प्राप्त करें।निरू शुल्क नेत्र जांच शिविर में आपरेशन हेतु चिन्हित मरीजों को उसी दिन बस द्वारा कैम्प स्थल से सीतापुर आंख अस्पताल मुख्य शाखा सीतापुर ले जाकर आपरेशन करवा कर कैम्प स्थल तक छोड़ा जाएगा।

आपरेशन वाले मरीजों का आपरेशन,दवा,खान, चाय नाश्ता, गांव तक लाना ले जाना सारी सुविधाएं विल्कुल निरूशुल्क है।

## इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में अप्लॉज एंटरटेनमेंट की पहली फीचर फिल्म द रेपिस्ट



दैनिक अयोध्या टाइम्स मुंबई
सुशिलाजीत साहनी मुंबई। अप्लॉज एंटरटेनमेंट की पहली फीचर फिल्म श्द रेपिस्टश को हर जगह से काफी धमाकेदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। इससे पहले अप्लॉज एंटरटेनमेंट कई सफल प्रीमियम ड्रामा सीरीज दे चुका है जिसमें क्रिमिनल जस्टिस, रुद्ररू द एज ऑफ डार्कनेस और स्कैम 1992 शामिल है। अब अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा है और श्द रेपिस्टश के साथ इसकी शुरूआत काफी सॉलिड हुई है जिसे दुनिया भर में सेलिब्रेट किया जा रहा हैं। यह फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता अपर्णा सेन द्वारा निर्देशित और क्वेस्ट फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। इस फिल्म की दमदार कहानी ने सबसे बड़े इंडियन और इंटरनेशनल फिल्म फेस्विल्स में धूम मचा दी है। जी हां, बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल, कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, केरल के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में तारीफ बटोरने के बाद, अब श्द रेपिस्टश को अगस्त इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में प्रदर्शित किया जाएगा। इस फिल्म को प्प्थ्थ्ड में तीन नॉमिनेशन्स भी मिले हैं जिनमें श्बेस्ट फिल्मश, श्बेस्ट डायरेक्टरश और श्बेस्ट एक्ट्रेसश शामिल हैं। बता दें, इससे पहले फिल्म बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठित किम जिससेक अवॉर्ड जीत चुकी है। श्द रेपिस्टश रेप की शारीरिक रचना की एक सोची–समझी परीक्षा होने के साथ, इसके अपराधियों की मानसिकता और उसके बाद के आघात का अनुभव है। यह फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मिस्टर एंड मिसेज अय्यर सहित कई प्रशंसित फिल्मों के बाद अपर्णा सेन–कोंकणा सेन शर्मा की मां–बेटी की जोड़ी के रीयूनियन को भी मार्क करती है।

अप्लॉज एंटरटेनमेंट के बारे में : अप्लॉज एंटरटेनमेंट एक प्रमुख कंटेंट और आईपी क्रिएशन स्टूडियो है जो प्रीमियम ड्रामा सीरीज, मूवी, डॉक्यूमेंट्री और एनिमेशन कंटेंट पर फोकस करता है। मीडिया के दिग्गज समीर नायर के नेतृत्व में आदित्य बिरला ग्रुप का वेंचर, स्टूडियो ने कई शैलियों और भाषाओं में लोकप्रिय सीरीज को प्रोड्यूस और रिलीज किया है जिसमें रुद्ररू द एज ऑफ डार्कनेस, मिथ्या, क्रिमिनल जस्टिस, स्कैम 1992 : द हर्षद मेहता स्टोरी, अनदेखीं, भौकाल जैसे क्रिटिकली अक्लेम्ड शो शामिल हैं। इन शोज को दर्शकों ने सराहा है। हाल में प्रोडक्शन में थिएट्रिकल और डायरेक्ट–टू–स्ट्रीमिंग फिल्मों की एक मजबूत स्लेट है जिसमें शर्माजी की बेटी, जब खुली किताब जैसी कुछ और फिल्में शामिल हैं। अप्लॉज की पहली फीचर फिल्म द रेपिस्ट, जिसे अपर्णा सेन ने डायरेक्ट किया हैं, ने हाल ही में बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, 2021 में प्रतिष्ठित किम जिसोक पुरस्कार जीता है। अप्लॉज ने अपने क्रिएटिव आउटपुट के लिए नेटफ्लिक्स, डिजनी . हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, सोनी लिव, एमएक्स प्लेयर, ‘म्5 और वूट सेलेक्ट जैसे प्रमुख ओटीटी प्लेटफार्म्स के साथ भागीदारी की है।

## जिलाबदर के मकड़जाल में फंसा निर्दोष



- झूठे आरोपों में दर्ज करवाई f-i-r-
- पीड़ित निर्दोष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस प्रशासन के चंद रिश्वतखोरों के सरंक्षण में कई संगीन धाराओं में वांछित चल रहा जिलाबदर खुलेआम घूम रहा है गांव में
- योगी राज में भी कुख्यात अपराधी घूम रहे हैं खुलेआम व फंसाए जा रहे हैं निर्दोष
- गांव वालों की जुबानी सच्चाई सुन आप भी हो जाएंगे हैरान
- कहीं ऐसा ना हो कि पुलिस प्रशासन की चूक से एक निर्दोष का भविष्य बनकर रह जाये सिर्फ खिलवाड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स बलहा, बहराइच। पूरा मामला जनपद बहराइच के कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ैया कला के मजरा कोड़री का है,, जहां गेंदा देवी पत्नी लायकराम के द्वारा गांव के ही राजेंद्र प्रसाद पुत्र रामपल्टन पर मारने से हुआ गर्भपात का मामला दर्शा का दर्ज करवा दिया FIR ,, जबकि सच्चाई कुछ और ही है– सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया है कि कुछ दिनों पूर्व लायकराम जो कि काफी दबंग शातिर व अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है ने राजेंद्र प्रसाद के परिवार में बिना मां की एक नाबालिग बच्ची से बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था,, इस मामले में पीड़ित राजेंद्र बतौर गवाह है और तभी से दबंग लायकराम हमेशा किसी ना किसी बहाने राजेंद्र को फसाने की फिराक में रहता है। इससे पूर्व भी दो बार उसने 156ध्3 का वाद माननीय न्यायालय से पीड़ित पर दायर कर चुका है किंतु घटना सही ना होने तथा साक्ष्य ना होने के चलते माननीय न्यायालय द्वारा दोनों वादों को खारिज कर दिया गया है।

वहीं दबंग लायकराम ने कई बार राजेंद्र प्रसाद से यह भी कह चुका है कि गवाह से नाम वापस ले लो नहीं तो जान से भी हाथ धो बैठोगे। अब सवाल यह है कि जो व्यक्ति काफी दिनों से जिलाबदर था उसके पत्नी को 3 माह का बच्चा कैसे आया? काफी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने बताया कि घटना सिर्फ कूट रचित व साजिश के तहत रची गई है,, मारपीट जैसी किसी प्रकार की कोई घटना गांव में कारित नहीं हुई है। इस संबंध में पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रार्थनापत्र देकर निष्पक्ष जांच व उचित न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या निर्दोष को उचित न्याय पुलिस प्रशासन दे पाता है अथवा नहीं?

क्या विभिन्न संगीन धाराओं में वांछित चल रहे जिलाबदर जैसे कुख्यात अपराधी लायकराम को जेल भेजा जाता है अथवा नहीं?

## राम रहीम इंटर कॉलेज में हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा



- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे क्षेत्राधिकारी महसी जेपी त्रिपाठी

दैनिक अयोध्या टाइम्स
महसी बहराइच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद वासियों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए अधिकारियों से लेकर समाज के सभी वर्गों के लोग जुटे हुए हैं। इसी उद्देश्य से पत्रकार के नेतृत्व में राम रहीम इंटर कॉलेज महराजगंज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा छात्र छात्राओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस विशाल तिरंगा यात्रा और कार्यक्रम ने महसी क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी महसी जेपी त्रिपाठी व अन्य अतिथियों का विद्यालय की छात्राओं इलमा खातून, नूर शबा, दीपा सिंह द्वारा स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। संचालन कर रहे पत्रकार व समाजसेवी लोकनाथ त्रिवेदी द्वारा छात्र छात्राओं को देश की आजादी, राष्ट्रीय ध्वज और उसके महत्व तथा हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया की हम जो 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं इसमें हमें हर घर तिरंगा फहराने की आजादी मिली है और यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हुआ है। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग मन लगाकर मेहनत से पढ़ाई करें और यह तय करें कि हमें आईएएस, पीसीएस, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनना है और अपने देश की सेवा करनी है। इसके बाद विद्यालय परिसर से मुख्य अतिथि जेपी त्रिपाठी, पत्रकार लोकनाथ त्रिवेदी, विद्यालय प्राचार्य आरके मिश्रा, तहसील चौकी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह तथा समस्त विद्यालय स्टाफ और छात्र–छात्राओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। अंत में विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्र ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पत्रकार लोकनाथ त्रिवेदी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान पत्रकार अमरनाथ त्रिवेदी, चंद्र प्रकाश, संदीप, तहसील चौकी प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, कमलेश कुमार पाठक, मोहम्मद ताहिर, विपिन सिंह, अशोक शुक्ला, शिवशंकर जयसवाल, रजिया खातून, शालिनी शुक्ला, पूजा खातून, मुस्कान गुप्ता, शालिनी चौरसिया, प्रिया पाठक, शिल्पी बाजपेई सहित तमाम लोग और विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## अमृत उत्सव को लेकर खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम



- प्रथम व द्वितीय स्थान वाले बच्चे खेलेंगे जिला लेवल पर : ब्लॉक कमांडर

कैसरगंज(बहराइच)। भारत की आजादी का अमृत उत्सव युवा कल्याण एवं विकास दल विभाग के तत्वाधान में खंड स्तरीय खुली आयु खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फखरपुर ब्लॉक के अंतर्गत अचोलिया स्टेडियम में अमृत उत्सव को लेकर युवा कल्याण विभाग एवं पीआरडी द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फखरपुर ब्लाक प्रमुख रणवीर सिंह उर्फ (मुन्ना सिंह) ने तिरंगा फैलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि को पीआरडी ब्लॉक कमांडर देव नारायण पांडे द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया। खोलकूद प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कबड्डी व दौड़ मैं बालिकाएं प्रथम स्थान पर रही, तो वही बालकों ने वॉलीबॉल एवं गोला फेक मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों ने उत्साह के साथ देख खेला , जिसे देख मुख्य अतिथि ने खुशी जाहिर की,बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल कूद से मनुष्य स्वस्थ रहता है और निरोगी रहता है, अन्यथा आप लोग खेलकूद में अपना भविष्य बोल बनाएं और देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे ब्लॉक कमांडर देव नारायण पांडे ने बताया कि जो बच्चे पथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें जिला स्तर पर खेलने का अवसर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख द्वारा बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कार वितरण किया गया। मेडल पाकर बच्चों ने खुशी जाहिर की। अंत में जलपान की भी व्यवस्था कराई गई।इस क्रम में पीआरडी ब्लॉक कमांडर देव नारायण पांडे ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए लोगों को अमृत उत्सव को लेकर जागरूक किया गया।

## विद्यालयों में गूँजा भारत माता का जयघोष, शान से मना अमृत महोत्सव






- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के आह्वान पर जिले के लगभग 2700 परिषदीय विद्यालयों में हुआ वृहद आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में एक साथ आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ, जिसमे सेवानिवृत्त फौजी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन, और प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूली छात्रों द्वारा गांवों की संकरी गलियों व खेतों की पगडंडी से होकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच की ओर से पूरे जिले में परिषदीय विद्यालयों में आजादी के उत्सव को बड़ी ही धूमधाम से मनाने की तैयारी की गयी थी। जनपद में विभिन्न विद्यालयों में हुए इस कार्यक्रम में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ ही शिक्षको व छात्रों ने देश की एकता व रक्षा का संकल्प दोहराया। वक्ताओं द्वारा देश को गुलामी से आजादी दिलाने वाले गुमनाम क्रांतिकारियों की जीवनी पर प्रकाश डाला गया साथ ही बच्चों की तरफ से मनमोहक संस्कृति कार्यक्रमों पर प्रस्तुति दी गयी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र, महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी व जिला आयोजन समिति के संयोजक पंकज वर्मा संयुक्त रूप से बताया कि सामूहिक रूप से जिलेभर के विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम ने निश्चित रूप से जनमानस के हृदय में राष्ट्र प्रेम व देश के प्रति अटूट सम्मान का भाव जागृत किया है। उक्त कार्यक्रम में जिले में विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

महसी के रायपुर कबुला में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, शिवपुर के अम्बरपुर बरेली में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, विशेश्वरगंज के दिगितपुरवा में पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा आजादी के महाउत्सव पर छात्रों व ग्रामीणों से भारत माता के वैभव को अमर बनाये रखने का वचन दिलाया। इसके अलावा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला व ब्लॉक इकाई के समस्त पदाधिकारियों के विद्यालयो में भारतमाता के विधिवत पूजन के पश्चात रंगोली, सुलेख, व निबन्ध प्रतियोगिता के विजेता रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता एवं ईओ नगर

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। पालिका गोण्डा संजय मिश्रा के छापेमारी के दौरान बड़गांव स्थित ददुआ बाजार मकार्थीगंज में एक गोदाम में प्रतिबंधित सिंगल यूज पोलीथीनध्थर्माकोल के विरुद्ध नगर पालिका गोंडा तथा राज्यकर विभाग गोंडा के साथ पुलिस के सहयोग से की गई कार्यवाही में 9 लोगों के खिलाफ और इसके साथ ही जुर्माना कुल 2 लाख 25 हजार रुपया वसूला गया तथा समस्त प्रतिबन्धित सामग्री को गोदाम में सील कर दिया गया है।



## प्रधान पर धन के दुरुपयोग का आरोप

चित्रकूट। भारतीय किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष द्रोणाचार्य द्विवेदी ने अपने गांव सेमरिया चरनदासी के प्रधान पर शासकीय धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। द्रोणाचार्य का कहना है कि प्रधान ने मनरेगा योजना में कोई काम न कराकर परिवार के नाम जाबकार्ड भर लिए हैं और मजदूरी हड़पी है। विरोध करने पर फर्जी मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि उसके और उसके परिवार पर हमला भी किया जा सकता है। पुलिस से सुरक्षा की गुहार की है।

## पांच सितम्बर तक करें रिक्त पद का आवेदन

चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्ण कालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चित्रकूट में स्थायी लोक अदालत में एक सदस्य की नियुक्ति की जानी है। जनपद चित्रकूट में धारा 22 बी विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत जन उपयोगी सेवाओं, यातायात सेवा, डांक, तार व टेलीफोन सेवा, विद्युत प्रकाष, जल सेवा, लोक सफाई, स्वच्छता प्रणाली सेवा, अस्पताल व औषधि सेवा एवं बीमा सेवा के निस्तारण के लिए इस स्थायी लोक अदालत का गणन किया गया था। जिसमें सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन आगामी 5 सितम्बर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय चित्रकूट में पंजीकृत डांक या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त कराना होगा। उन्होंने बताया कि चयनित सदस्य पांच वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, तक पद धारण करेगा। जिसका मानदेय 1500 रूपये प्रति बैठक एवं 5000 रूपये प्रतिमाह सवारी भत्ता देय होगा।

## कोतवाली में सहयोगी स्टाफ द्वारा आरक्षी का मनाया गया जन्मदिन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

बीकापुर अयोध्या। कोतवाली में तैनात आरक्षी मनोज कुमार पांडेय का सहयोगी स्टाफ द्वारा बुधवार शाम कोतवाली परिसर में मनाया गया जन्मदिन। कोतवाली परिसर में केक काटकर जन्मदिन की दी गई बधाई। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव, कोतवाल सुमित कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक दिवाकर कुमार, उप निरीक्षक शशिकांत पटेल व कोतवाली के सिपाही अजय नायक, सौरभ कुमार, जितेंद्र बहादुर सिंह, शिवानंद, सचिन सिंह, महिला आरक्षी बीना पुष्पा सागर आदि लोगों ने मनोज कुमार पांडेय को जन्मदिन की बधाई दिया। कोतवाली के उपनिरीक्षक शशीकांत पटेल ने अपने गीतों के माध्यम से बधाई देकर स्वस्थ और सुखी जीवन की मंगल कामना किया।



## दुष्कर्म में नाकाम युवक ने युवती का गला रेता, ट्रामा सेंटर रेफर

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। जनपद के थाना महराजगंज इलाके में दुष्कर्म में नाकाम युवक ने युवती का गला रेत दिया।युवती खेत में हरा चारा लेने गई थी। युवती के शरीर पर कई जगह घाव के निशान हैं । गंभीरावस्था में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल युवती युवक का नाम नहीं बता सकी।उसने कापी पर पड़ोस के गांव के युवक पर दुराचार में असफल रहने पर हंसिया से हमला करने का जिक्र किया है। सूचना पर इलाकाई पुलिस के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसपी ग्रामीण,सीओ सदर, फॉरेंसिक तथा स्वाट टीम ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। घटना महराजगंज थाना क्षेत्र के मलिक पट्टी तारगौहान का है। गुरुवार की सुबह गांव निवासी बुजुर्ग मनिकरण पांडे अपने खेत में चरी (हरा चारा) काट कर आए थे। चारा लेने के लिए उनकी पौत्री सरिता 22 पुत्री अशोक पांडे खेत में गई थी। पुत्री को देर करते देख बाबा मनिकरण पुनः खेत में गए तो सरिता लहूलुहान पड़ी तड़प रही थी ।पौत्री की हालत देखकर वह गुहार लगाने लगे। हल्ला गुहार पर ग्रामीण पहुंचे और चारपाई पर लादकर उसे घर ले आए। पहले तो लोगों ने किसी जंगली जानवर द्वारा हमला करने की आशंका व्यक्त की लेकिन घायल अवस्था में सरिता ने इशारे से कापी व पेन मंगाया और कापी पर उसने लिखा कि छतरा गांव का एक लड़का गलत काम करना चाहा नाकाम रहने पर उसने हंसिया से गला रेत दिया। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में इसे सीएससी मया बाजार, फिर मण्डलीय चिकित्सालय दर्शननगर भेजा। जहां से गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया।



## एसपी सिटी ने घाटों की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुरू किया अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। सीएम योगी द्वारा अयोध्या के घाटों मंदिरों के आसपास सफाई को लेकर दिए गए निर्देश के बाद एसएसपी प्रशांत वर्मा ने घाटों की सफाई को लेकर सराहनीय कदम उठाया है। एसएसपी के निर्देश पर



गुरुवार को एसपी सिटी विजयपाल सिंह ने गुप्तार घाट पर जाकर वहां के दुकानदारों के साथ मीटिंग करके उन्हें घाटों को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने की बात बताई। घाट पर ठेला खोमचा लगाने वाले तथा नाविकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि अयोध्या स्वच्छ व सुंदर रहे जिससे यहां आने वाले पर्यटक आकर्षित हो और यह संदेश पूरी दुनिया मे जाए। घाटों की स्वच्छता हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने डस्टबीन रखने का निर्देश दिया। तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कैंट रतन शर्मा मीरन घाट चौकी इंचार्ज शिवानंद यादव को उक्त आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश दिया। सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर बेहतर सफाई रखने और आने वाले ग्रहको को कूड़ेदान का उपयोग करने को प्रेरित करने को भी कहा गया। एसपी सिटी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत घाट पर उपस्थित लोगों को तिरंगा भेंट कर उसे अपने घरों पर लगाने की भी बात कही।

## जनता की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराएं निस्तारण



चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन सुनवाई करते हुए फरियादियों की जन समस्याएं सुनी एवं संबंधित विभागों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि बीती 25 जुलाई को निर्देशित किया गया था कि जनपद में तैनात समस्त जिला, तहसील, ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन सुनवाई के लिए निर्धारित समयावधि में जनता की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध, गुणवत्ता परक निराकरण कराएंगे तथा अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही जनपद मुख्यालय से बाहर जाएंगे, परंतु कतिपय जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपरोक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, यह स्थिति अत्यंत खेद जनक है, उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेरे द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें। अनुमति प्राप्त किए बिना जनपद मुख्यालय से बाहर पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर उप जिला अधिकारी राजबहादुर एवं संबंधित समस्या ग्रस्त व्यक्ति मौजूद रहे।

## धर्मनगरी में धूमधाम से मनाई गई तुलसीदास की जन्म जयंती

चित्रकूट। गोस्वामी तुलसीदास के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मां मंदाकिनी तट रामघाट पर स्थित गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति पर विधिवत पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया। दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्य जीवन दास एवं तुलसी गुफा रामघाट के मोहित दास ने विधिवत पूजन अर्चन कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म जयंती चित्रकूट में बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि रामघाट में तुलसीदास की चित्र पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया है। इसी प्रकार तुलसीदास मंदिर राजापुर में पिछले 6 दिनों से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करा कर आज बड़े ही धूमधाम से तुलसी जयंती



मनाई जा रही है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए की रामघाट स्थित तुलसीदास की मूर्ति पर शाम को अच्छी तरह से झालर आदि लगाकर प्रकाश की व्यवस्था कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी राजबहादुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी राम अचल कुरील, पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

## निर्मल मन से भागवत सुनने से कर्म हो जाते हैं भगवान के अधीन

चित्रकूट। लोहदा गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण अमृतवर्षा कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रयागराज के कथावाचक आचार्य बालकृष्ण भार्गव ने श्रीमद् भागवत के आध्यात्मिक रहस्य बताए। उन्होंने कहा कि जो भी निर्मल मन से भागवत सुनता है, उसके शुभ-अशुभ कर्म भगवान के अधीन हो जाते हैं।



गुरुवार को आचार्य भार्गव ने राजा परीक्षित से लेकर ध्रुव चरित्र आदि कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत सुनने वाला भगवान की शरण में हो जाता है। राजा परीक्षित की रक्षा भगवान ने गर्भ में की। उन्होंने कहा कि मनु की संतानें होने की वजह से हम मनुष्य या मानव कहलाए। कथावाचक ने सृष्टि की विभिन्न रचनाओं का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने के बाद उसे जीवन में उतारना भी आवश्यक है। मुख्य जजमान हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी प्रदीप शुक्ल ने लोगों का आभार जताया।

## कोटिया की पानी टंकी एक महीने से खराब, शिकायत करने पर भी अधिकारी नही दे रहे ध्यान

- दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को नही मिल रहा शुद्ध पानी



दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। विकासखंड महसी के थाना हरदी क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा कोटिया के मजरा खरहनियां टपरा मे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनी पानी टंकी का स्टार्टर खराब होने के कारण लगभग एक महीने से क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है। जिसके कारण पानी टंकी नहीं चल पा रही है।जिससे महसी टपरा , पुरे बस्ती गडरिया, लंबरी , समेत दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है ।ग्रामीणों द्वारा कई बार पानी टंकी ठीक कराने की बात संबंधित अधिकारियों से कही गई।लेकिन अब तक कोई सुनवाई नही हुई है।भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत कोटिया के प्रधान इंद्राज व स्थानीय ग्रामीण इत्यादि लोगों ने बताया कि टंकी को ठीक कराने के लिए कई बार अधिकारियों को फोन किया गया है।लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है।वहीं टंकी व पानी टंकी परिसर की साफ सफाई भी महीनों से नही की गई है। पानी की टंकी बने अभी साल भर नही हुवा है अभी से टूटना सुरु हो गया है ऐसा सरकार के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है आखिर कितने दिन चलेगी टंकी।

## कारीकोट की पानी टंकी एक महीने से खराब, शिकायत करने पर भी अधिकारी नही दे रहे ध्यान

- दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को नही मिल रहा शुद्ध पानी



दैनिक अयोध्या टाइम्स मोतीपुर बहराइच। विकासखंड मिहीपुरवा के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा कारीकोट मे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनी पानी टंकी का स्टार्टर खराब होने के कारण लागभ एक महीने से क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है। जिसके कारण पानी टंकी नहीं चल पा रही है।जिससे कारीकोट , आजाद नगर,मटेही , आजमगढ़पुरवा , लोहरा , गुलरा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है ।ग्रामीणों द्वारा कई बार पानी टंकी ठीक कराने की बात संबंधित अधिकारियों से कही गई।लेकिन अब तक कोई सुनवाई नही हुई है।भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है।समाजसेवी स्थानीय ग्रामीण रामफल चौहान , अभयजीत प्रजापति , अजय शर्मा , रामनाथ ,सूरज इत्यादि लोगों ने बताया कि टंकी को ठीक कराने के लिए कई बार अधिकारियों को फोन किया गया है।लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है।वहीं टंकी व पानी टंकी परिसर की साफ सफाई भी महीनों से नही की गई है।

# अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण एवं विक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से 80 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप थाना उप निरीक्षक इमरान खान तथा मुख्य आरक्षी त्रिलोकी नाथ मिश्रा द्वारा अभियुक्त राकेश श्रीवास्तव पुत्र निरंजन निवासी रामपुरवा पहरा थाना भरतकूप चित्रकूट को 26 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा थाना भरतकूप के वरिष्ठ उप निरीक्षक कृपानन्दन शर्मा तथा आरक्षी मो इरफान द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रामभवन पटेल निवासी रामपुर माफी थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना भरतकूप में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

इसी प्रकार मानिकपुर थाना उप निरीक्षक हारुन रासिद खां तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र शारदा प्रसाद निवासी लक्ष्मणपुर थाना मानिकपुर चित्रकूट को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी राजीव सिंह, आरक्षी यशराज आदि मौजूद रहे।

## दिब्यांग विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई तुलसी जयंती

चित्रकूट। संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा पूरे प्रदेश में 15 स्थानों पर गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग के अयोध्या शोध संस्थान द्वारा चित्रकूट में जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में '''तुलसी के राम''' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के आर पी मिश्रा, वित्त अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा तुलसी के राम विषय पर सारगर्भित उद्बोधन एवं शोध-पत्रों का वाचन किया गया। जनपद चित्रकूट के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि इसी जनपद के राजापुर क्षेत्र में जन्म लेने वाले गोस्वामी तुलसीदास का जन्म महोत्सव जयंती समारोह के रूप में इस वर्ष अमृत महोत्सव के विशिष्ट कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया जा रहा है। संस्कृति विभाग ,उत्तर प्रदेश ने पूरे प्रदेश में लगभग 15 स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्था की है। पिछले वर्ष भी चित्रकूट में संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति विभाग की ओर से किया गया था । आर पी मिश्रा ने कहा कि महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के जीवन वृत्त, गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा वर्णित विभिन्न ग्रंथों में भगवान राम के चरित्र एवं उनके व्यक्तित्व पर उद्बोधन दिये। संगोष्ठी का विषय है ''तुलसी के राम'' यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जिस चित्रकूट में गोस्वामी तुलसीदास जन्म लिये उनके जन्म भूमि में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार संचालित कर रहे है। विश्वविद्यालय भी सदैव ऐसे कार्यक्रमो में हमेशा सहयोग अपेक्षित रहेगा। गोस्वामी तुलसीदास ने आम लोगों के लिए अमर कृति रामचरितमानस की रचना कर भगवान के गुणों की आम जन तक पहुचाए हैं । मानव जीवन मे कभी भी कोई समस्या है तो मानस का पाठ करते हैं। संस्कृति विभाग का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है । चित्रकूट जनपद वासियों के साथ ही पूरे प्रदेश के लोगों को भी इस आयोजन से गोस्वामी के राम के प्रति जो चिंतन है उससे परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। यद्यपि गोस्वामी की कृतियां किसी परिचय की मोहताज नहीं है फिर भी ऐसे आयोजनों से अपने सांस्कृतिक मूल्यों का एवं राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत व भगवान राम के आदर्शों का प्रतिपादन जनसामान्य तक करना सुलभ होता है। यद्यपि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में प्रत्येक वर्ष होता है, किंतु पिछले वर्ष से यह आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा चित्रकूट में भी कराया जा रहा है । कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता डा महेंद्र कुमार उपाध्याय, डा सुशील त्रिपाठी, डा किरण त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। गोस्वामी तुलसीदास के जंयती के अवसर पर सभागार में शिक्षकों, कर्मचारियों , छात्र, छात्राओं के मध्य मे डा शांत चतुर्वेदी, डा पीयूष दिवेदी, डा प्रमिला मिश्रा, डा प्रतिमा शुक्ला, डा अंबरीश राय, डा.शशिकांत त्रिपाठी आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम में एस पी मिश्र पीआरओ, डा मुकुंद पांडेय, डा रजनीश सिंह, डा सुनीता श्रीवास्तव, जीतेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र मिश्रा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालक डॉ गोपाल मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश का विशेष रूप से चित्रकूट के प्रति आकर्षण रहा है। जिसका परिणाम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजनों एवं चित्रकूट की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण संवर्धन के प्रयासों से स्पष्ट होता है। हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि हम चित्रकूट के वासी हैं और इसी माटी में जन्मे गोस्वामी तुलसीदास की जयंती का समारोह पूरे- प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है । कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं को संस्कृति विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## इग्नू द्वारा लॉन्च किये गये नये रोजगारपरक एवं कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रम

चित्रकूट। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अध्ययन केन्द्र 27216 गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातोत्तर महाविद्यालय कर्वी चित्रकूट पर किया गया। इस अवसर पर डॉ रीना कुमारी सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेष कुमार पाल तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विनय कुमार चौधरी, समन्वयक डॉ धर्मेन्द्र सिंह तथा सहसमन्वयक डॉ अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2022 सत्र के लिए ओ.डी.एल. एवं ऑनलाईन मोड में लगभग 250 पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

सर्वप्रथम इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ रीना कुमारी ने कहा कि इग्नू में 30 लाख से भी अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। इग्नू का उद्देश्य दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक उच्च एवं कौशल विकास आधारित शिक्षा को पहुँचाना है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा विद्यार्थियों को सहायता सेवा प्रदान करने के लिए गूगलमीट, ई-मेल, वाट्सएप ग्रुप, एस.एम.एस. एवं ज्ञानवाणी एफ.एम. चैनल द्वारा सत्रों का आयोजन किया जाता है। वर्तमान समय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के काऊन्सलिंग सत्रों को आयोजन हिन्दी भाषा में स्वयंप्रभा चैनल 17 द्वारा प्रातः 10 बजे से सजीव प्रसारण किया जाता है। डॉ रीना ने बताया कि इग्नू द्वारा विद्यार्थी दुनिया के किसी भी कोने में बैठकर शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकता है।

इग्नू को नैक द्वारा सर्वोच्च ग्रेड ए++ प्रदान किया गया है। उन्होनें बताया कि जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण की ऑनलाइन माध्यम द्वारा प्रवेष की अन्तिम तिथि 12 अगस्त है। इस अवसर पर उन्होंने इस केन्द्र पर संचालित हो रही टीईई (इग्नू सत्रांत परीक्षा) जून 2022 का निरीक्षण किया। प्राचार्य डॉ राजेष कुमार पाल ने विद्यार्थियों को इग्नू द्वारा संचालित कौषल आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेष के लिए प्रेरित किया। डॉ पाल ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को षिक्षा द्वारा सषक्तिकरण के अनेक उदाहरण दिये। डॉ धर्मेन्द्र सिंह समन्वयक ने बताया कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेष की सुविधा प्रदान करने के लिए इग्नू अध्ययन केन्द्र पर सहायता केन्द्र बनाया गया है। इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेष के लिए इच्छुक विद्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों एवं फोटोग्राफ सहित इस केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ आजादी का अमृत महोत्सव एवं मिषन शक्ति के अन्तर्गत विष्व स्तनपान सप्ताह के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये, जिनका संचालन डॉ सीमा कुमारी ने किया।

## विभागीय टीम ने लिया क्षेत्र में सूखे का जायजा

चित्रकूट। कृषि भवन लखनऊ की टीम ने गुरुवार को जिले में सूखे के हालात जायजा लेने के लिए लगभग आधा दर्जन गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने इस साल अब तक हुई बारिश का आंकड़ा देखा और खरीफ फसल की बुवाई का सर्वेक्षण किया। टीम ने किसानों से बातचीत भी की। उनको प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए जागरूक किया। बारिश के आंकड़ों के अनुसार टीम ने पाया कि जिले में अभी तक औसत बारिश की अस्सी फीसदी बारिश हो चुकी है।

कृषि भवन लखनऊ के संयुक्त कृषि निदेशक (राष्ट्रीय जलागम) टीएम त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर टीम द्वारा कई गांवों का दौरा किया गया है। कृषकों ने बताया कि खरीफ की 60 फीसदी से अधिक बुवाई हो चुकी है। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि जिले में अब तक 350 मिमी औसत वर्षा के सापेक्ष कुल 291 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत वर्षा का 80 फीसदी है।

राजकुमार ने बताया कि कृषि भवन लखनऊ से आई टीम के साथ विकासखंड पहाड़ी क्षेत्र के महुवागांव, प्रसिद्धपुर, जमहिल एवं बाबूपुर गांव का भ्रमण कर बुवाई का सर्वे किया गया है। इस दौरान गांवों के किसानों ने बताया कि यहां इस समय पर्याप्त बारिश हुई है, जिससे 60 फीसदी तक बुवाई हो चुकी है। पंद्रह अगस्त के बाद सूखे के हालात हैं या नहीं, इस संबंध में कुछ बताया जा सकेगा। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी आरती शुक्ला, भूमि संरक्षण अधिकारी हरीराज सिंह, तकनीकी सहायक सत्यनारायण आदि मौजूद रहे।



## मौत के रास्ते से जा कर भी नहीं मिल पाता भरथा पुर ग्राम के ग्रामीणों को सरकारी राशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स मोतीपुर, बहराइच। हाथी व शेर के मुंह से होकर गुजरना पड़ता है भरथापुर ग्राम के ग्रामीणों को यह वही भरथापुर है जहां तीन ओर से पानी और एक ओर से घना जंगल है और यह पड़ोसी देश नेपाल के जस्ट बगल में है।

भारतवर्ष के उत्तर प्रदेश के जिला बहराइच अंतर्गत तहसील मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम सभा आम्बा में एक गांव है इस गांव भरथापुर मे एक आम मनुष्य का जीवन जीना दुर्लभ हो जाता है रहने के लिए पेड़ की छांव ही बहुत है तन ढकने के लिए एक जोड़ी कपड़ा भी बहुत है लेकिन जब बात आती है पेट की तो आदमी इसके लिए हद से भी गुजर जाता है



यही स्थिति इस भरथापुर के ग्रामीणों की है जिन्हें कोटे का राशन लेने के लिए लगभग 15 से 20 किलोमीटर विशाल गेरुआ नदी और घना जंगल पार करना पड़ता है इन रास्तों पर तेंदुआ बाघ हाथी आदि जंगली जानवरों का आमना सामना भी करना पड़ता है जिस रास्ते से ग्रामीणों को आना जाना पड़ता है और यह दूरी तय करने के बाद भी इनको नहीं मिल पाता है राशन क्योंकि इस क्षेत्र में जंगल होने के कारण जब बिजली आती है तभी बीएसएनएल काम करता है और यहां से आने जाने में लोगों को काफी समय लगता है जंगल नदी पार कर कोटेदार के दुकान पर पहुंचा जाता हैं तो ग्रामीणों का कहना है ष्जब हम पहुंच भी जाते हैं तो कहीं अंगूठा नहीं लगता तो कहीं नेटवर्क नहीं रहता जिससे इन ग्राम वासियों का पैसा तो लगता ही है साथ ही जंगली जानवरों से जान का खतरा का भी रहता है और राशन भी समय पर नहीं मिल पाता है। विस्थापन के लिए ग्रामीण बार-बार गुहार लगा रहे हैं कहीं न कहीं सरकार को इन की गुहार सुनकर तत्कालीन अमल करने की जरूरत है।

# कीचड़ से भरा रास्ता ग्रामीणों को आने जाने के लिए करना पड़ रहा कठिनाइयों का सामना

दैनिक अयोध्या टाइम्स चीफ ब्यूरो निशी तिवारी गोंडा उत्तर प्रदेश। एक तरफ सूबे की सरकार सभी गांवों को सड़क और तरह तरह की योजनाएं मुहैया करा रहीं हैं , तो वही जनपद गोंडा के कुछ ग्राम पंचायतों में विगत कई वर्षों से ग्रामीणों को आने-जाने का रास्ता भी नहीं बन पाया बताते चलें कि विकासखंड परसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गोड़वा के ग्रामीणों ने रास्ते पर प्रदर्शन करते हुए बताया कि दुर्गोड़वा को जाने वाली सड़क लगभग 35 वर्षों से नहीं बन पाई है , बरसात के मौसम आने पर वह पूरी तरह से पानी और कीचड़ में तब्दील हो जाती है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है चुनाव नजदीक आते हैं सभी पार्टियों के नेताओं का कहना रहता है कि सड़क कार्य बहुत जल्द ही करा दिया जाएगा लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद किसी अधिकारियों और नेताओं की सड़क की तरफ नजर भी नहीं पड़ती ऐसे में बरसात के मौसम में बच्चों को स्कूल जाने और अपने व्यक्तिगत कार्य से जाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लेकिन सरकार के अन्य योजनाओं को मुहैया कराने की बात ही अलग है सड़क से संबंधित आज तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है गांव के निवासी देव सरन, त्रिवानीलाल , सुभाषचंद्र, महेश कुमार,राजेश कुमार, अलोक कुमार, जमुना प्रसाद, रिंकू तिवारी, रमेश प्रसाद, मुकेश कुमार, श्यामबली , सन्तोष कुमार, विकास कुमार, दिनेश कुमार, बीरबली, शिव बली,, राहुल, प्रीती, किरन, मालती देवी, कलावती शीला,



केवला सहित आदि लोगों ने बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर सड़क बनवाने की मांग किया और बताया कि अगर मेरी सुनवाई नहीं हुई तो हम लोग प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री तक भी अपनी बातों को लेकर पहुंचेंगे ।

# संक्षिप्त समाचार


## आगामी मोहर्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। आगामी मोहर्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मौजूद ताजियादारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन मोहर्रम को पूर्ण शांति एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराए जाने हेतु तत्पर है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को भी एक–एक करके सुना एवं समस्याओं का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करते हुए एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने विभाग से संबंधित कार्यो को 2 दिन के भीतर पूर्ण कराते हुए



अवगत कराएं। जिलाधिकारी श्री सिंह ने ताजियेदारों से प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि कोई भी नई परंपरा की शुरुआत ना की जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जा रही है जिससे कोई असुविधा ना हो। जिन मार्गो का प्रयोग ताजिए एवं कावड़ यात्रा दोनों के लिए किया जाना प्रस्तावित है उन पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा समय निर्धारित कर, डायवर्जन या अन्य प्रबंध कराते हुए समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाने स्तर पर पीस कमेटी की बैठक पूरी गंभीरता के साथ आयोजित करा कर सभी पक्षों से वार्ता कर समन्वय बनाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मातम में प्रयोग होने वाली सामग्री के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी जुलूस हेतु मार्ग, जनशक्ति एवं समय निर्धारित कर लिए जाएं एवं इसके अनुसार ही अनुमति प्रदान करते हुए आयोजन कराए जाएं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर सुप्रिया गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट अशीष कुमार सिंह, एसपी सिटी संजय कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधान ने नरेगा मजदूरों की जगह, तालाब खुदाई में चलाई जीसीबी मशीन



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम बंडा, शाहजहांपुर। बंडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालेमऊ में प्रधान ने नरेगा मजदूरों की जगह तालाब खुदाई में चलाई जीसीबी मशीन,योगी सरकार भले ही नरेगा मजदूरों के लिए ग्राम पंचायत में अनेकों भांति कार्य करने को जोर दे रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है ऐसा ही एक मामला बंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बालेमऊ में सामने आया जिसमें प्रधान द्वारा नरेगा मजदूरों को तालाब खुदाई में कार्य ना देकर जेसीबी मशीन चलाई जिसका वीडियो वायरल हुआ हैग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के दक्षिण साइड में बंजारे बाबा स्थित तालाब में प्रधान ने नरेगा मजदूरों को भगाकर जेसीबी मशीन चलाईवहीं दूसरी तरफ योगी सरकार ने नरेगा मजदूरों के लिए ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य करने के लिए अहम फैसला लिया लेकिन यहां बैठे ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधान गोलमाल करते नजर आ रहे हैंइधर खंड विकास अधिकारी बंडा ने बताया कि तालाब में अधिक कंकड़ होने के कारण जी सी बी मशीन चलाई गई है।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत इकाईयां स्थापित कराये : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा रोजगार सृजन हेतु संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत इकाईयां स्थापित कराये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित हो चुके है। जनपद षाहजहॉपुर में लगभग 6.00 करोड रू0 का पूजी निवेष कराते हुए कम से कम 64 इकाईयां स्थापित कराने के लिये संशोधित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन इकाइयों को 185.60 लाख रू0 का मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया जायेगा ।आवेदन हेतु दिनांक 31.08.2022 तक स्वःरोजगार स्थापना हेतु ई–पोर्टल पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अधिकाधिक इकाईयां स्थापित कराये जाने व उनके प्रोत्साहन हेतु विभाग द्वारा बैंक से स्वीकृत ऋण के आधार पर सामान्य जाति के पुरूष लाभार्थियों को योजना लागत का 15 से 25 प्रतिषत तथा अन्य सभी वर्गों के पुरूष व महिला तथा सामान्य वर्ग की महिलाओं, दिव्यागों आदि को योजना लागत का 25 से 35 प्रतिषत मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया जाता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित निर्माण उद्योगों की अधिकतम 25 लाख रू0 व सेवा उद्योगों की अधिकतम 10 लाख रू0 योजना लागत वाली इकाईयों को तीन वर्ष तक ब्याज उपादान का लाभ भी प्रदान किया जाता है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल ।अपबवदसपदम.हवअ.पदझचउमहचमचवतजंस पर झटप्ठ एजेन्सी का चयन कर आधार कार्ड, फोटो, प्रोजेक्ट प्रोफाईलध्समरी, जाति प्रमाण पत्र, जनसंख्या प्रमाण पत्र, षैक्षिक योग्यता व तकनीकी प्रमाण पत्र तथा स्कोर कार्ड के प्रपत्र अपलोड करते हुए अपना आवेदन पत्र दिनांक 31.08.2022 तक ऑनलाइन कर सकते है। आवेदन पत्र सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 8318374411 पर एवं जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 48 बाडूजई, तेल टंकी के पास शाहजहॉपुर में सम्पर्क कर सकते है।

## ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई तुलसी जयंती

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहापुर। ग्लेयरिंग पब्लिक स्कूल में आज तुलसी जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स कार्यक्रम का शुभारंभ मोटिवेशनल स्पीकर धीरेंद्र श्रीवास्तव ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया इस अवसर पर उन्होंने कहा



कि रामचरितमानस से पहले के ग्रंथ देववाणी संस्कृत में होने के कारण जनसाधारण में इतने प्रचलित नहीं हो सके लेकिन गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से समाज में नई चेतना का जागरण किया। इस अवसर पर मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स सीनियर वर्ग में जहान्वी त्रिपाठी प्रथम तेजस्वी दीक्षित द्वितीय तथा जूनियर वर्ग में आरुषि राठौर प्रथम व प्रखर द्वितीय स्थान पर रहे स श्लोक गायन प्रतियोगिता में शौर्य त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार , अभिवावक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## नाले में पड़ी गाय को नगर पालिका प्रशासन सकुशल बाहर ने निकाला

- जलालाबाद नगर के सरैया मोड़ पर नाले में गिरी गाय सूचना पर नगर पालिका प्रशासन ने सकुशल बाहर निकाल कर बचाई जान




अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद नगर के सरैया मोड़ पर रोड के किनारे बने नाले में गाय गिर गई थी, नाले में गायत्री होने की नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सूचना दी गई। मौके पर उन्होंने कर्मचारियों को भेजकर गाय को नाले से सुरक्षित निकलवाया। गाय सवेरे 4:00 बजे गिरी स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से निकालने की कोशिश की परंतु निकालने मैं असफल रहे, तब स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन को सूचना दी,, नाले में गिरी को निकालने के दौराम नितिन शर्मा, छोटे वाल्मीकि, श्यामसुंदर सफाई नायक,राम सरन सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## आर के मैरिज लश्न में अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन की बैठक आयोजित



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन की एक बैठक का आयोजन आर. के. मैरिज लॉन शाहजहांपुर में किया गया जिसमें राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री दाताराम कनौजिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार पर चर्चा की और सक्रियता के साथ संगठन को जन जन तक पहुंचाने की अपील की दाताराम कनौजिया ने बताया की संगठन की सदस्यता ग्रहण कर कोई भी व्यक्ति जनहित की आवाज बुलंद करने के लिए संगठन से जुड़ सकता है इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष राजू कुरैशी नें सभी का आपस में परिचय कराते हुए सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने और जनहित की आवाज बुलंद करने का सभी से आवाहन किया साथी संगठन की अग्रिम कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की इस मौके पर संगठन के बरेली मंडल पदाधिकारी एवं जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खुटार राष्ट्रीय राजमार्ग पर हो रहे निर्माण में भारी घोटाला



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। लोक निर्माण विभाग के द्वारा जनपद के विकासखंड बंडा से खुटार आसाम रोड तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण का निर्माण कराया जा रहा है सड़क चौड़ीकरण करने वाले कार्यदाई संस्था द्वारा मानक के अनुसार सड़क का डामरीकरण न किए जाने के कारण पहली बरसात में ही सड़कों पर जगह–जगह गड्ढे तथा डामर भी उखड़ने लगा है विधानसभा चुनाव से पूर्व जनपद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा बंडा से खुटार चौड़ीकरण निर्माण के लिए शिलान्यास कराया गया था करोड़ों रुपए की लागत से इस सड़क निर्माण में भारी घोटाला किया जा रहा है खास बात यह है किस निर्माण के किनारे किनारे दोनों तरफ नाला निर्माण किया जाना आवश्यक है जो कि कार्यदाई संस्था द्वारा नाले का निर्माण छोड़ दिया गया इतना ही नहीं खुटार बंडाचौराहे से गोला बाईपास तक बनाए जा रहे डामरीकरण का डामर पहली बरसात में ही उड़ने लगा है जनपद के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बंडा से खुटार निर्माण कराए जा रहे सड़क मार्ग का निरीक्षण करना भी उचित नहीं समझ रहे हैं नागरिकों ने उत्तर प्रदेश सरकार से डामरीकरण कराने वाली कार्यदाई संस्था द्वारा कराए गए निर्माण कार्य जांच कराए जाने की मांग की है। कुल मिलाकर निर्माण के नाम पर भारी घोटाला किया जा रहा है यदि जनपद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देंगे तो यह सड़क मार्ग पहले से भी खराब हो जाएगा।

## राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नवजात बच्चों को वितरित किए गए डाइपर एव लेकटोडेकस



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एस०एन०सी०यू० में नवजात बच्चों हेतु डाइपर एवं लेकटोडेक्स (चतमउंजनतम इंइल विवक) वितरित किये गए पं० राम प्रसाद बिस्मिल राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहाँपुर में शाहजहाँपुर की लेडीज सर्किल 179 की ओर से एस०एन०सी०यू० के नवजात बच्चो को डाइपर एवं लेकटोडेक्स वितरित किये गए। जनसम्पर्क अधिकारी डॉ० पूजा त्रिपाठी पाण्डेय ने लेडीज सर्किल 179 की चौयरपर्सन सुबाह चिनारिया, अनु मट्टा, पूजा अग्रवाल व टीम की इस समवेदनिक पहल की प्रशंसा की एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहाँपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ० अखिलेश कुमार , एस०आर० डॉ० नवीना, नर्सिंग स्टाफ के साथ आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र नगरिया के मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट अधीक्षक ने किया निरीक्षण



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम जलालाबाद,शाहजहापुर। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र नगरिया के अधीक्षक अमित यादव ने तत्काल प्रभाव से टीम गठित कर जलालाबाद एक शहर में चल रहे एक प्राइवेट हॉस्पिटल द्वारा तालाबों के किनारे डाले गए कचरे का निरीक्षण करने पहुंचे। प्राइवेट हॉस्पिटल जो शहर के अंदर चलाया जा रहा हैंइस हॉस्पिटल निकलने वाला कचरा तालाबों के किनारे डाल दिया जाता है ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर घटना को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक ने टीम गठित कर समस्या को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहांपुर ने नगरिया स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अमित यादव को अवगत कराया कि जाकर देखिए शहर के अंदर जो तालाब हैं उनके किनारे अस्पतालों का निकला हुआ कचरा पड़ा हुआ है या नहीं मुझे तत्काल देखकर सूचित करें जलालाबाद के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल के आस पास देखा गया जोकि सभी हॉस्पिटलों के आमने–सामने जो कचरा होता है वह पड़ा मिला डॉक्टर लालाराम कुशवाहा के सामने जो तालाब है उसके किनारे पर नीडल दवाइयों के खोल पड़े मिले निरीक्षण के दौरान स्वयं समुदाय स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अधीक्षक अमित यादव और डॉ अनुराग शर्मा भी मौजूद रहे।

## सीएमओ के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य केंद्र पर मचा हड़कंप

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में शाहजहांपुर में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। सवेरे 9:00 बजे ही अस्पताल में आने से कर्मियों में खलबली मच गई। कई कर्मचारी लेट से आते हुए दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने ओपीडी, महिला वार्ड ,टीकाकरण सहित कई अन्य बालों की जगहों पर गए जहां उन्हें व्यवस्था चाक–चौबंद मिली, और उन्होंने साफ सफाई को लेकर भी खुशी जाहिर की, इसके बाद उन्होंने अस्पताल स्टाफ की सराहना की और कहा कि अस्पताल को शासन की मंशा के अनुरूप चलाया जा रहा है,उन्हें इस बात की और भी खुशी है,इस अवसर पर डॉ अमित यादव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रणविजय एवं अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहा।



## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने का भरपूर प्रयास कर रही है इसी क्रम में कुछ समय पूर्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शकील मलिक द्वारा। शाहजहांपुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला अंटा निवासी मजहर हुसैन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था बीते बुधवार नवनियुक्त जिलाध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। मोहल्ला अंटा में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद हारुन के अलावा शाहजहांपुर के पार्टी जिलाध्यक्ष राजीव यादव सहित कई प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष और प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आप के जिला महासचिव जेबी सिंह द्वारा किया गया नवनियुक्त पदाधिकारियों को मौजूदा प्रदेश पदाधिकारियों और जिले की मुख्य टीम के पदाधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र देकर मनोबल बढ़ाया गया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के पद पर मजहर हुसैन नियुक्ति के बाद मोहम्मद फैसल,फैज को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई और नसीमुद्दीन अंसारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया इसके साथ हीगुरुप्रीत सिंह को जिला उपाध्यक्ष,नोमान सिद्दीकी को जिला उपाध्यक्ष रोशन को जिला उपाध्यक्षआसिफ हुसैन को जिला उपाध्यक्षनबी अहमद को जिला उपाध्यक्षमोहम्मद सिकंदर को जिला सचिवशारिक अंसारी को जिला सचिवशान अहमद को जिला सचिवदाऊद हुसैन को जिला सचिव मोहम्मद इमरान को जिला सचिवरहमान को जिला सचिवतोहिद खान को जिला कोषाध्यक्षमोहम्मद राशिद को जिला मीडिया प्रभारीरुखसार को जिला सह मीडिया प्रभारीमोहम्मद यूनुस को जिला सोशल मीडिया प्रभारीआबिद शेख फारुकी को जिला प्रवक्तामोहम्मद साहिल खान को जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद शाहरुख कोजिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद खलील को जिला कार्यकारिणी सदस्यशारिक इदरीसी को जिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद यामीन को जिला कार्यकारिणी सदस्यतहजीब अंसारी को जिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद शाहबान को जिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद सैफ खान को जिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद समीर को जिला कार्यकारिणी सदस्यमोहम्मद शान को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया इस मौके पर मोहम्मद अहमद मलक, छात्र सभा जिला अध्यक्ष सिद्धांत अरोड़ा, सिद्धांत सिंह जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वसुंधरा जी, दिनेश कुमार, प्रशांत कश्यप, बीडी शर्मा, गजेंद्र प्रसाद, आदि मौजूद रहे।

## भटपुरा रसूलपुर गांव में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

- सिधौली ब्लाक के भटपुरा रसूलपुर में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा
- एडीओ पंचायत ग्राम विकास अधिकारी ग्राम प्रधान सहित हजारों बच्चों ने लिया तिरंगा यात्रा में भाग

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 13 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक घर–घर झंडा फहराने को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं ।

शहीदे आजम अशफाक उल्ला खां पं राम प्रसाद बिस्मिल ठाकुर रोशन सिंह जैसे शहीदों ने शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी की पहचान दी है शाहजहांपुर भी आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मना रहा है जिसकी तैयारियां जिले में जोरों से चल रही है सरकारी अर्द्ध सरकारी शिक्षण संस्थानों से लेकर जिला जेल तक अमृत महोत्सव की तैयारियां चर्चा में है अमृत महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिले में ही नहीं उत्तर प्रदेश में चर्चा का केंद्र बना सिधौली ब्लाक का गांव भटपुरा रसूलपुर गांव जश्न ए आजादी मनाने को लेकर दुल्हन की तरह तिरंगे से सजा दिया गया है यहां के ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता और ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ने मुख्य द्वार से लेकर बिजली के खंभे सरकारी हैंडपंप नल आदि तमाम उपयोग की वस्तुओं को तिरंगे में रंग दिया है यहां गुरुवार को हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों ने रिहर्सल के तौर





पर गांव में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का माहौल तैयार कर दिया है इस तिरंगा यात्रा को जेपी पब्लिक स्कूल से शुभारंभ कर देश भक्ति के नारों की गूंज के साथ पूरे गांव में घुमाया गया अंत में सिविलियन विद्यालय भटपुरा रसूलपुर में संबोधन के साथ तिरंगा यात्रा का समापन करते हुए वृक्षारोपण किया गया ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि गांव में घर–घर तिरंगा फहराने की मुहिम पूरे गांव में चल पड़ी है और घर–घर तिरंगा अभी से फहराया जा रहा है एडीओ पंचायत आदित्य कुमार सक्सेना एवं ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ने बताया की भटपुरा रसूलपुर ग्राम पंचायत जिले में आदर्श ग्राम पंचायत है जहां शासन के दिशा निर्देशानुसार पिछले कई महीनों से आजादी के 75 में अमृत महोत्सव को लेकर तैयारियां चल रही हैं जो अब पूर्ण हो चुकी हैं और यहां आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## घर-घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत कांट में हुई बैठक

कांट– शाहजहांपुर। नगर पंचायत कांट में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिशासी अधिकारी विकास आनंद ने वार्ड सभासद कोटेदारों एवं संभ्रांत लोगों की मीटिंग कर सफल बनाने की अपील की है ।

प्रशासक प्रिया गुप्ता मीटिंग में अनुपस्थित थी। अधिशासी अधिकारी विकास आनंद ने बताया की सूचना भेजी गई थी।नगर पंचायत कांट में अधिशासी अधिकारी विकास आनंद के नेतृत्व में नगर के वार्ड सभासद कोटेदारों एवं संभ्रांत लोगों की बैठक कर 11 से 17 अगस्त के बीच घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के



लिए मीटिंग हुई जिसमें अधिशासी अधिकारी विकास आनंद ने कहा कि हम सबका दायित्व है की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त के बीच घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाया जाए उन्होंने सभी वार्ड सभासद कोटेदारों संभ्रांत व्यक्तियों से हर हाल में घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की इस दौरान पूर्व चेयरमैन रईस मियां कोटेदार वार्ड सभासद रामनिवास आफताब अहमद अजीम अजीज द्रुपाल धीरज अवस्थी रजनीश कश्यप मुनीश कुमार देवेश कुमार सती राम वर्मा डॉक्टर सोहेल कमलेश शर्मा संजीव कुमार गुप्ता अमीर हसन सहित बड़ी संख्या में वार्ड सभासद कोटेदार एवं नगर पंचायत कांट का स्टाफ एवं संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। इस मीटिंग में उल्लेखनीय रहा कि नगर पंचायत कांट की प्रशासक सुप्रिया गुप्ता एवं क्षेत्रिय विधायक की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं रहा जिस की चर्चाएं मीटिंग में चलती रही। इस संबंध में नगर पंचायत काट के अधिशासी अधिकारी से जब बात की तो उन्होंने बताया कि दोनों लोगों को इस संबंध में सूचना भेजी गई थी।

## शाहजहांपुर में वीआईपी ग्रुप ने लगाये 2 सौ पौधे

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। व्हाट्सएप वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों द्वारा शहर के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण किया गया। वी आई पी ग्रुप के सदस्यों द्वारा रेयान इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल एवं छात्र–छात्राओं के सहयोग से आम,जामुन,नीम,अमरूद के 200 पौधे स्कूल परिसर में रोपित किये इस दौरान पौधरोपण के प्रति स्कूली बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। इस दौरान अबूधावी में 10 वीं की शिक्षा ग्रहण कर रहे सक्षम सक्सेना ने अपने फूफा डॉ.हेमेन्द्र वर्मा के साथ अपने जन्मदिन के अवसर पर वीआईपी ग्रुप के सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। वीआईपी ग्रुप की अध्यक्ष तराना जमाल ने बताया कि वर्ष 2022 में अब तक वीआईपी ग्रुप के द्वारा लगभग 700 पौधे लगाए जा चुके हैं। सभी पौधे ऐसी जगहों पर लगाये गए हैं जहां पर उनकी समुचित देखभाल भी होती रहे। पौधारोपण कार्यक्रम की प्रभारी रिद्धि बहल ने बताया जिन स्थानों पर हम लोग पौधारोपण करते हैं वहां पर समय समय पर जाकर देखते भी हैं कि पौधों की समुचित देखभाल हो रही



है या नहीं । वीआईपी ग्रुप द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान ज्योति गुप्ता व नीतू गुप्ता,शमा जैदी,शिल्पी गुप्ता,रम्मन गुप्ता,अर्चना जौहरी,पौधरोपण कार्यक्रम के प्रभारी शाहनवाज खाँ,डॉ.हेमेन्द्र वर्मा,सचिन बॉथम, अभिनय गुप्ता,अनुराग अग्रवाल, शशांक कौशिक,अनिल मिश्रा,महेंद्र दुबे आदि सदस्य मौजूद रहे।

## जी0एस0टी कर प्रणाली के अन्तर्गत महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

- सभी प्रकार के भुगतानों की सूचना राज्य कर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जी0एस0टी कर प्रणाली के अन्तर्गत स्रोत पर कटौती के प्राविधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेश के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये पंजीकरण करायें। उन्होने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी 01 अक्टूबर, 2018 के उपरान्त किये गये सभी प्रकार के भुगतानों की सूचना राज्य कर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि भुगतान हेतु कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले देयको में से टीडीएस कटौती योग्य प्रत्येक भुगतान के सम्बन्ध में टीडीएस कटौती अवश्य कर ली जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण सिस्टम ऑनलाइन है इसलिये कोई तथ्य छिपाया न जाये एवं सही जानकारी समय से सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध करा दी जाये। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ए0पी0 राय ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि जिन विभागों का अभी तक पंजीकरण नही हुआ है वह ऑनलाइन पंजीकरण कराकर रिटर्न भरना सुनिश्चित करें। असिस्टेन्ट कमिश्नर श्री संतोष कुमार ने पंजीकरण की प्रक्रिया के विषय में बताते हुये कहा कि टैन नं0, ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाइल नं0 का



प्रयोग करके पंजीकरण कराया जा सकता है।

उन्होने बताया कि रिटर्न समय से न भरने पर पेनाल्टी एवं लेट फीस लगायी जायेगी।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन, नगर मजिस्ट्रेट श्री अशीष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री पवन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कैकेयी व मंथरा रामायण के आदर्श पात्र जिलाधिकारी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में कैकेयी व मंथरा को रामायण का आदर्श पात्र जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया। नारायणी मंडपम में आयोजित हुए गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर व तुलसीदास के चित्र पर मालयार्पण कर किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में तुलसीदास का जीवन परिचय का वर्णन किया और कैकेयी व मंथरा को रामायण का आदर्श पात्र बताया। तुलसी के साहित्य को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि तुलसी का साहित्य समाज की प्रगति के लिए है। समारोह में तमिल के तुलसी कहे जाने वाले हिंदी और तमिल के प्रख्यात साहित्यकार डॉ एम गोविंदराजन ने तमिल कवि कंबन की रामायण के प्रसंग उद्धृत करते हुए तुलसी की राम चरितमानस को समन्वय वादी रचना बताते हुए कहा कि अवधी भाषा के द्वारा तुलसीदास ने राम कथा को संस्कृत से जनमानस की भाषा हिंदी में अवतरित करके सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशिष्ट अतिथि श्री श्री 1008 महंत रामभजन दास पिलुआ मंदिर इटावा व समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डाक्टर डी पी सिंह ने भी तुलसीदास के बारे में बताया। इससे पूर्व मानस प्रेमियों ने मुख्य अतिथियों का मालार्पण ,




शालार्पन, स्मृतिचिह्न, पट्टिका व गीता रामायण देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजेश अग्निहोत्री, राघव मिश्रा, महेश पांडेय ,चंद्रकांती मिश्रा, रीता चंदेरिया , पंकज तिवारी, गिरीश तिवारी, मोहन कृष्ण त्रिवेदी , डाक्टर रामचन्द्र दीक्षित, डाक्टर अरविंद शुक्ला, अनिल दीक्षित, आशीष दुबे , प्रहलाद ओमर, कृष्ण कुमार सोनू , कुलदीप दुबे, राजेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन मनोज दुबे ने किया। उधर विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर के बीएड विभाग में तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता तमिल के तुलसी कहे जाने वाले हिंदी और तमिल के प्रख्यात साहित्यकार डॉ एम गोविंदराजन ने तमिल कवि कंबन की रामायण के प्रसंग उद्धृत करते हुए तुलसी की रामचरितमानस को समन्वय वादी रचना बताते हुए कहा कि अवधी भाषा के द्वारा तुलसीदास ने राम कथा को संस्कृत से जनमानस की भाषा हिंदी में अवतरित करके सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि तुलसी की रामचरितमानस और भगवान राम का जीवन हमें धैर्य की शिक्षा देता है और प्रत्येक स्थिति को समभाव से स्वीकार करने का साहस प्रदान करता है। उन्होंने तुलसी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इकरार अहमद ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की परंपरा के अनुसार तुलसी जयंती समारोह से ही शिक्षण कार्य विधिवत आरंभ होता है ।अतः आज से ही शिक्षण कार्य विधिवत आरंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश तिवारी ने किया ।इस अवसर पर डॉ शोभारानी गुप्ता, डॉ महेंद्र तिवारी ,डॉ यश कुमार, डॉ मोहित तिवारी , प्रो श्रीनंदन पांडे, डॉ गजेंद्र यादव ,डॉक्टर विनीत त्रिपाठी , डॉ अनुज मिश्रा डॉ संदीप ओमर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बच्चों की खांसी को न करें नजरंदाज, हो सकती है टीबी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- जनपद में कुल 183 बच्चे टीबी से ग्रसित,163 टीबी ग्रसित बच्चों का चल रहा उपचार और 20 हुये स्वस्थ

औरैया। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वयस्कों की तुलना बेहद कमजोर होती है। जरा सी लापरवाही से बच्चों में सर्दी, खांसी, एलर्जी बढ़कर टीबी का रूप ले सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि बदलते मौसम में ज्यादातर अभिवावक बच्चों की खांसी को सामान्य खांसी या एलर्जी मानकर जांच कराना उचित नहीं समझते लेकिन यही सामान्य खांसी या एलर्जी टीबी का संकेत हो सकती है। इसी की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि बच्चों को यदि दो हफ्ते से अधिक लगातार खांसी, बुखार आ रहा है तो यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं। शुरूआत में ही इसे पहचान लिया जाए तो गंभीर समस्या होने से इसे रोका जा सकता है।समस्त सरकारी चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध है। जिला कार्यक्रम समन्वयक श्याम कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में लगातार वयस्कों के साथ बच्चों की भी



जांच की जा रही है। इस साल जनवरी माह से जुलाई माह तक करीब 1312 टीबी मरीज चिन्हित किये गये। इसमें 18 वर्ष तक के 183 बच्चे शामिल हैं। इनमें से 163 बच्चों का उपचार किया जा रहा है। करीब 20 बच्चे टीबी को मात दे चुके हैं। श्याम सभी बच्चों से अपील करते हैं की यदि आपको खासी आ रही है तो मास्क का प्रयोग करें जिससे आपके द्वारा यह संक्रमण किसी और बच्चे को न फैले।

साफ–सफाई व खानपान का रखें ध्यान दृ खांसते और छींकते समय उनके मुंह पर कपड़ा रखें। बच्चों को प्रोटीन व विटामिन युक्त पौष्टिक आहार, मौसमी फलों और सब्जियों का सेवन अधिक कराएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू का सेवन अधिक मात्रा में कराएं और साथ में मौसमी सब्जियों का सूप अवश्य पिलाएं। यह सभी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

बच्चों में टीबी के लक्षण – बार–बार बुखार आना, दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना, वजन न बढ़ना या वजन घटना,सुस्त रहना, भूख न लगना, खांसी में बलगम आना आदि लक्षण है।

इनसे करें बचाव– बारिश में बच्चों को बाहर के खाने से बचाएं, धूल मिट्टी वाले रास्तों से गुजरते वक्त मास्क का इस्तेमाल अवश्य कराएं, अस्थमा से पीड़ित बच्चों को धूल–मिट्टी से बचाकर रखें, बच्चों को घरों में डस्टिंग करते, झाड़ू लगाते समय दूर कर दें।

## बच्चों ने रैली निकालकर घर-घर तिरंगा लगाने के लिए किया जागरूक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- घर घर तिरंगा,हर घर लहरायेगा तिरंगा
- रैली में लगे देश भक्ति नारे, भारत माता की जय,बंदे मातरम


औरैया। आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन रात दिन काम कर रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अयाना के सेंगनपुर स्थित कृष्ण प्रिया एकेडेमी के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों से 13 से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा फहराने की अपील कर कर रहे हैं।जिला प्रशासन आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर घर–घर तिरंगा फहराने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरुक करने में जुटा है। वहीं



गुरुवार को बीहड़ी क्षेत्र के सेंगनपुर स्थित कृष्ण प्रिया एकेडेमी के छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। इस दौरान छात्र छात्राओं ने शिक्षकों इंकलाब जिंदाबाद, व देश भक्ति गीतों से क्षेत्रीय लोगों के अंदर उत्साह पैदा किया।

तिरंगा फहराने की अपील आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की गई। रैली के दौरान विद्यालय प्रबंधक राजकुमार दुबे (छुट्टन महाराज), प्रधानाचार्य केएस तिवारी, भोलू तिवारी, देवेंद्र तिवारी छोटू गुड्डू दुबे, जीतू सेंगर समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## बैटरी फटने से 9 साल के बच्चे की मौत



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- घर में रखी इन्वर्टर बैटरी में हुआ था ब्लास्ट, इलाज के दौरान तोड़ा दम

औरैया। जिले में घर में रखी इन्वर्टर की बैटरी फटने से नौ साल का बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई में आईसीयू में एडमिट कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कमरे में खेल रहा था 9 साल का बच्चा मंगलवार की देर शाम शास्त्री नगर में सोलर पैनल एवं बैटरी का व्यवसाय करने वाले दिनेश दुबे उर्फ गुड्डू का पुत्र हर्ष उर्फ देवू दुबे (9) घर में खेल रहा था। कमरे में इन्वर्टर रखा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ बैटरी फट गई। हर्ष चपेट में आ गया और उसके एक हाथ आधा कट गया और आंख से लेकर पूरा शरीर झुलस गया था। घटना देख घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। बच्चे के दोनों हाथ, पेट एवं शरीर के अन्य अंग गंभीर रूप से झुलस गए थे। आइसीयू में किया गया था एडमिट परिजन एंबुलेंस की मदद से बच्चे को चिचौली स्थित अस्पताल ले गए। वहां से गंभीरावस्था में बच्चे को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। सैफई में बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई थी। सैफई में उसे आइसीयू में एडमिट किया गया और वेंटिलेटर लगाया गया। गुरुवार की दोपहर हर्ष ने दम तोड़ दिया। बालक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। देवू इकलौता बेटा था और एक छोटी बेटी भी है।

## घटे भर हुई झमाझम बारिश से आयुर्वेदिक अस्पताल में घुसा पानी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स कंचौसी,औरैया। गुरुवार को मूसलाधार वर्षा से दोपहर एक बजे से तकरीबन दो बजे तक बादलों की गड़गड़ाहट बिजली की चमक के साथ झमाझम वर्षा होती रही। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। उमस भरी गर्मी से काफी हद तक निजात मिली। इधर घंटे भर की मूसलाधार वर्षा के कारण नगर पंचायत व ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। कस्बे के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। नालियां उफनने लगी और गंदा पानी सड़क पर बहने लगा ।रेलवे स्टेशन रोड पर जल निकासी न होने से कस्बा में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में वर्षा का पानी घुस गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली न बनने के कारण जल भराव की समस्या



उत्पन्न हुई ।कंचौसी नगर में कही भी ड्रेन न होने से समस्या उत्पन्न हुई है ।रेलवे स्टेशन रोड, नहरपुल रोड, क्रासिंग रोड, किशोरा रोड , ढिकियापुर रोड, पुरवा महिपाल समेत कई इलाकों में पानी भर गया। कस्बे के इलाकों में आने जाने वाले मार्गों पर जलभराव होने से लोगों को कई तरह की मुश्किलों से जूझना पड़ रहा है ।उधर रेलवे स्टेशन मार्ग पर जलभराव होने से आने जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। फिलहाल जलभराव की समस्या से कस्बा वासियों को निजात मिलती प्रतीत नहीं हो रही है।

## बिधूना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स बिधूना,औरैया। बिधूना के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों कर्मचारियों के नेतृत्व में संस्थान के छात्र–छात्राओं द्वारा नगर में भारत माता की जय का उदघोष करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। बिधूना तहसील मुख्यालय पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अनुदेशक विकेश गुप्ता के नेतृत्व में संस्थान के छात्र–छात्राओं द्वारा गुरुवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा तहसील कार्यालय, एरवाकटरा रोड बेला बाईपास, फीडर रोड, अछल्दा रोड, भरथना रोड, मेन रोड, रामगढ रोड पर भ्रमण करती हुई राजकीय औद्योगिक



संस्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल कर्मचारी व छात्र–छात्राएं भारत माता की जय का उदघोष करते हुए चल रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में प्रमोद सिंह, लालचंद यादव, अंकुश कुमार अखिलेश गुप्ता, पदमजा वर्मा, रुचि मौर्या आदि अनुदेशक फोरमैन प्रमोद कुमार के साथ ही भानु ठाकुर, अंकित कुमार, हर्ष प्रताप सेंगर, दीपक राजपूत, गोविंद कश्यप, शिवम,जीतू, धीरज प्रजापति आदि छात्र प्रमुख रूप से शामिल थे।

## चोरी के माल सहित एक युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

अयोध्याटाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पूर्वी। पुलिस ने चोरी के माल एवं नगदीसमेत युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जिसे मुखबिर की सूचना पर रेलवे फाटक से गिरफ्तार किया गया है!

थाना क्षेत्र के गांव करतोली निवासी युवक गुड्डू ने आरोप लगाया था कि उसकी दुकान में रखे हुए 12000 एवं खाने पीने की वस्तुओं की चोरी हो गई है पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो गांव का ही उमेंद्र सिंह मामले में वांछित पाया गया हल्का दरोगा रविंद्र सिंह बालियान ने मुखबिर की सूचना पर ओमेंद्र को रेलवे फाटक से गिरफ्तार कर जेल भेजा है उन्होंने बताया कि महेंद्र के पास से रुपए एवं खाने पीने का सामानभी बरामद हुआ हैं उसने दुकान में चोरी करना मंजूर भी किया है वह कहीं



भागने की फिराक में था लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गया और पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया वैसे भी इलाके में चोरीकी ताबड़तोड़ घटनाएं पुलिस के गले की फांस बनी हुई है जो पुलिस का दिन का चौन और रात की नींद हराम किए हुए हैं लेकिन अज्ञात चोर पुलिस को चुनौती देकर ताबड़तोड़ वारदातें करने में जुटे हैं।

## धर्म काटे पर लावारिस अफीम मिलने से मचा हड़कंप

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फतेहगंज पूर्वी। धर्म कांटे पर लावारिस अफीम मिलने से हड़कंप मच गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने असीम को शिकंजी में लेकर अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। रामदास जी कटरी से लगा इलाका फतेहगंज पूर्वी स्मैक तस्करी के लिए चार राज्यों में चर्चित हो चुका है दर्जनों तस्कर जेल भी जा चुके हैं फिर भी इलाके में स्मैक तस्करी का धंधा खूब फल–फूल रहा है पुलिस ने एड़ी से चोटी का जोर लगाया फिर भी स्नेक तस्करी पर लगाम लगा नहीं पाया थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा के निकट हेरिटेज ढाबे के सामने कृष्णा धर्म कांटा पर बुधवार देर रात को पुलिस को सूचना मिली थी ।

धर्म कांटे पर कोई पदार्थ लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ है सूचना पर आनन–फानन मेंपहुंची पुलिस ने जब धर्म कांटे के पास छानबीन की तो एक काली पन्नी में पैकेट पड़ा हुआ मिला जब उसकी जांच की गई तो उसमें सुपर फाइन क्वालिटी की अफीम बरामद हुई इसका वजन 700 ग्राम निकला पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की गई अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है शीघ्र ही अपराधियों को जेल भेजा जाएगा जो मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हैं।

## 31 दिसंबर 2022 तक बकाया ऋण जमा करें उद्यमी : ग्रामोद्योग अधिकारी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी बाल गोविंद तिवारी द्वारा बताया गया कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग मुंबई द्वारा सीबीसी योजना में एकमुश्त समाधान योजना दंड ब्याज माफी के अंतर्गत शासन द्वारा उक्त योजना में जिन उद्यमियों ने ऋण चुकता नहीं किया है। उन उद्यमियों से दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक मूल ऋण जमा करवाते हुए जनपद में अवशेष समस्त उद्यमियोंध इकाइयों को ऋण मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी बाल गोविंद तिवारी द्वारा बताया गया है कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा लागू एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत जनपद के उद्यमियों/इकाइयों द्वारा कोविड–19 दूसरी लहर के संक्रमण फैलने पर भारत सरकार द्वारा राज्यों में लॉकडाउन किए जाने से उद्यमियोंध इकाइयों द्वारा आपदा काल में योजना के अंतर्गत ऋण की धनराशि जमा करने की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए योजना का ऋण जमा करने के लिए योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए 21 दिसंबर 2021 तक की अवधि बढ़ाई गई थी। उक्त योजना में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा ब्याज एवं दंड ब्याज में एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उद्यमियों/इकाइयों को दिए जाने हेतु 31 दिसंबर 2022 तक बढ़ा दिया गया है। सीबीसी बकायेदारों को सूचित किया जाता है कि 31 दिसंबर 2022 तक एकमुश्त समाधान योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसका लाभ उपरोक्त तिथि के बाद समाप्त हो जाएगा।

## सुरेश चंद्र मिश्रा एडवोकेट की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया। कस्बा फफूंद में अछल्दा चौराहा औरैया रोड फफूंद निवासी सुरेश चंद्र मिश्रा एडवोकेट की धर्मपत्नी शशि कुमारी मिश्रा जिनकी उम्र करीब 65 साल थी जिनका आज गुरुवार को प्रातः काल 4रू00 आकस्मिक निधन हो गया है विदित हो की श्रीमती शशि कुमारी मिश्रा अभिषेक कुमार मिश्रा एडवोकेट की (डीडीसी क्रिमिनल औरैया )की पूज्यनीय माता जी थी सुरेश चंद्र मिश्रा एडवोकेट की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कुमारी मिश्रा के आकस्मिक निधन पर उनके आवास फफूंद पर हजारों की संख्या में लोग शोक संवेदना करने आए थे तथा उनकी सब यात्रा उनके निज निवास ग्राम दशरौरा मै पहुंच कर दाह संस्कार किया गया इस मौके पर भी सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे सुरेश चंद्र मिश्रा एडवोकेट की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कुमारी मिश्रा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया शोक व्यक्त करने वालों में प्रेस क्लब औरैया के संरक्षक सुरेश चंद्र मिश्रा, नगर पंचायत फफूंद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला, पूर्व नगर पंचायत प्रतिनिधि इजहार अहमद, सपा के नगर अध्यक्ष मोहम्मद सत्तार कुरैशी, हिंदू युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, पप्पू यादव बस वाले, पूर्व सभासदविजय सिंह यादव, सहकारी समित केशमपुर के अध्यक्ष अंकित रंजन त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी पट्टीदार,मोहम्मद असलम पत्रकार, शशांक गुप्ता पत्रकार, प्रदीप कुमार पांडे,अनिल कुमार वर्मा जिला जज औरैया, प्रबल शर्मा सभासद, सौरभ यादव, भाजपा के मंडल मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्राआदि लोग प्रमुख हैं।



## शादी का झांसा देकर युवक युवती से करता रहा बलात्कार



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। नगर के एक मोहल्ले की युवती को 5 जुलाई की सुबह 4:00 बजे मोहल्ले के ही एक युवक ने फोन पर गुमराह कर बुलाया और कहा कि तुम्हारे पापा गाड़ी पर बुला रहे हैं वह उस पर विश्वास कर चली गई। तभी उसे युवक ने जबरन पकड़कर कारचोबी के कारखाने में खींच कर ले गया और उसका मुंह बंद कर जान से मारने की धमकी देकर डरा धमका कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और उसे बाहर फेंक दिया युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी तभी परिजनों ने उक्त घटना की शिकायत युवक के परिजनों से कि तभी युवक के परिजनों ने उसकी गलती मानते हुए इस बात का आश्वासन दिया कि हम अपने बेटे की शादी तुम्हारी बेटी के साथ कर देंगे हमें 15 दिन का समय दो युवती के माता–पिता ने इज्जत व मान सम्मान के चलते निकाह की हामी भर दी और 22 जुलाई को निकाह की बात को लेकर मोहल्ले में ही पंचायत हुई और उसी पंचायत में दोनों का निकाह होने की बात तय हो गई युवती के पिता ने निकाह के शगुन के रूप में 10051 रुपए भी दे दिए और 1 सप्ताह के अंदर निकाह करने का वायदा किया गया परंतु 1 माह बीतने को है अब युवक के परिजन चार लाख की नगदी व एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे हैं। युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि युवक के परिजनों ने एक राय होकर घटना को अंजाम दिया और उसके साथ बलात्कार करके उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है और अब शादी करने को भी तैयार नहीं है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है लेकिन सूत्रों के मुताबिक मामला फर्जी बताया गया है जिसे बेतहाशा तूल दिया जा रहा है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## ट्रस्ट मीडिया को दिखायेगा राम मंदिर निर्माण की प्रगति

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा 5 अगस्त 2020 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए भूमि पूजन किया गया था, उसके क्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 अगस्त 2022 को कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें समस्त मीडिया बन्धुओं के लिए तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय द्वारा मंदिर निर्माण की अब तक की प्रगति का अवलोकन का समय 12 बजे से 2 बजे निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदेन सदस्य है, उनके द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा आदि के साथ विचार विर्मश किया गया है, जिसमें स्थानीय मीडिया के अलावा लखनऊ आदि स्थानों की मीडिया उक्त अवधि में मंदिर परिसर का भगवान श्रीरामलला के निर्माणाधीन भव्य श्रीराम मंदिर का अब तक की प्रगति का अवलोकन कर पूरे विश्व को सचित्र प्रगति से अवगत करा सकती। जनमानस श्रद्धालु को घर बैठे उन्हें मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी दे सकती है, उनका प्रवेश क्रासिंग नम्बर–02 (रंग महल मंदिर) मार्ग से होगा। उपनिदेशक सूचना डा. मुरलीधर सिंह ने सभी मीडिया बन्धुओं से अनुरोध किया है कि अपने संस्था का परिचय पत्र तथा शासन प्रदत्त से प्राप्त मान्यता कार्ड के साथ आये तथा अपने वाहनां की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करें, जिससे श्रद्धालुओं को सावन मेले के दौरान भीड़ है वाहन के कारण श्रद्धालु को कोई असुविधा न होने पाये, इसमें भी सहयोग करें। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय जी ने मीडियाको अवगत कराया है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण स्थल का दर्शन करने के लिए विगत 1 जून 2022 को आप आये थे। दो महीने की निर्माण प्रगति भी आप देखे एवं फोटोधविडियो ले सकें थे। अतः आप आगामी 5 अगस्त 2022 को दोपहर 12 बजे अपने कैमरामैन के साथ रंग महल बैरियर पर अथवा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र कैंप कार्यालय राम कचहरी पर पधारें। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परिसर में निर्माण स्थल को आप देख सकेंगे।

## ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत मात्र 25 रुपए में मिल रहा तिरंगा झंडा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारत "आजादी का अमृत महोत्सव" मना रहा है इस महापर्व के अभियान में डाक विभाग हर घर तिरंगा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने बताया कि सभी प्रधान डाकघरों में एक अगस्त से तिरंगा की बिक्री किया जा रहा है । इन्हें मात्र 25 रूपए में खरीदा जा सकता है। शीघ्र ही इसे अन्य डाकघरों में भी उपलब्ध कराया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक प्रधान डाकघर में एक सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया। नागरिकों को इस सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी लेने के बाद हैशटैग के साथ इंडिया पोस्ट व अमृत महोत्सव हैंडल को टैग करते हुए सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करने के लिए उत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि के प्रधानमंत्री ने देश के सभी नागरिकों से अपने–अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की हैप् देशभर में इसका क्रेज देखा जा रहा है। डाकघरों में भी इसके लिए तैयारियां की गईं हैं। इसके तहत सोशल मीडिया पर अभियान के साथ–साथ डाककर्मियों व स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से प्रभात फेरी भी निकाली जाएंगी। डाक कर्मियों को अपने परिजनों और आसपास के



लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने तथा तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। तिरंगा लेने पहुंचे नायब सूबेदार नरेश कुमार का कहना है कि ये गर्व की बात है. भारत सरकार ऐसा पहली बार कर रही है. हमें बहुत अच्छा लग रहा है. हर घर तिरंगा होना गर्व की बात है. हम आजादी की 75वीं सालगिरह को बहुत खुशी से मना रहे हैं । वहीं हाथ में तिरंगा लेकर निकलते अजीत उपाध्याय का कहना है कि मैं तिरंगा अभियान से जुड़ कर फक्र महसूस कर रहा हूं. हर घर तिरंगा हो, ये मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है. हर घर तिरंगा होने से लोग मोटिवेट होते हैं. डॉ वंदना त्रिपाठी, व राष्मिता श्रीवास्तव ने कहा कि इससे देश भक्ति की भावना आती है. ये हम सबको एकजुट करेगी।

## हिन्दू इण्टर कॉलेज में आयोजित हुआ तुलसी जयंती समारोह

सुधीर बंसल रूदौली–अयोध्या। रुदौली, हिन्दू इण्टर कॉलेज में श्री रामचरित मानस के रचयिता सन्त तुलसी दास जी की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि साकेत महाविद्यालय अयोध्या के हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जनार्दन उपाध्याय व हिंदू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम प्रिया शरण सिंह ने सरस्वती व तुलसीदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन के विभिन्न सोपानों व उनकी अनन्य कालजयी कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि तुलसी का काव्य लोककल्याण का दिव्य दीप और मनुष्य के लोककल्याण का मुक्ति पथ है। तुलसी के काव्य में निहित भगवान श्री राम का चरित , भक्ति भावना , धर्म निरूपण , दर्शन , जीवन दर्शन तथा नीति आदि के हर पृष्ठ पर ऐसे सुंदर पुष्प विद्यमान हैं जिनसे निरंतर लोकमंगल की मनोहारी सुगंध निकलती रहती है। उन्होंने कहा कि हम तुलसीदास व तुलसीदास के साहित्य को संपूर्णता में समझ कर ही उसका पूरा आनंद ले सकते हैं। प्रवक्ता अनिल खरे ने अपने संबोधन में युवाओं से सन्त तुलसीदास के मार्मिक जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाने की अपील की। शिक्षक आशीष शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास का साहित्य सत्यम शिवम सुन्दरम की परिकल्पना को साकार करने वाला है। शिक्षक अशोक कुमार राय ने सन्त तुलसी दास ने जीवन की अनन्य परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता के



प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें मानसी प्रथम, हर्षित राय द्वितीय, मन्तशा तृतीय स्थान पर रहीं, अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य राम प्रिया शरण सिंह ने कहा कि तुलसी साहित्य का अध्ययन हमें अवधी भाषा के माध्यम से अपनी जड़ों से भी जोड़ता है । उन्होंने सभी आगन्तुकों के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इंटरमीडिएट की छात्रा मानसी तिवारी द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की वंदना ने श्रोताओं के मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रवक्ता कामेश मणि पाठक ने तुलसी के दोहों व चौपाइयों से श्रोताओं को जोड़ते हुए उनके साहित्यिक विविधता से परिचित कराया। समारोह में प्रवक्ता राम मिलन यादव, राजेंद्र कुमार तिवारी,अंजनी यादव, राधे कृष्णा नन्द यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रमोद, प्रवेश, प्रकाश चन्द्र, जगदीश चंद्र,शिव कुमार यादव, असित, आलोक, शैलेन्द्र, प्रवीण कुमार निगम, राहुल, दिनेश, अवधेश चौरसिया, कल्पना वर्मा, रंजना सिंह आदि पूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# संक्षिप्त समाचार

## सरस्वती शिशु मंदिर मे आयोजित हुई बंदना सभा

संवादाता हिमांशू गुप्ता पिनाहट। कस्बा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बंदना सभा का आयोजन कर भारत माता की आरती का कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विप्रावली प्रधान देवानंद परिहार व विद्यालय के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता उपस्थित रहै। इस दौरान मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भारत माता की आरती की गयी।वही मुख्य अतिथियो के द्वारा भारत माता के वीर सपूतो की गाथाओ के बारे मे स्कूली बच्चो को जानकारी दी गयी।इस दौरान प्रधानाचार्य वासुदेव सिह,विनोद कुमार,राजेश गुप्ता,हीरालाल,रविन्द्र तोमर,राजकुमार,भोला शर्मा,राधा गुप्ता,सरिता राजपूत,निशा समेत नगर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहै।



## पुलिस ने स्कूल में छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत हजारीलाल पब्लिक स्कूल परिसर में पुलिस ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर छात्र छात्राओं सहित अध्यापकों को जागरूक कर जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बीट प्रभारी महिला कांस्टेबल सुमन यादव व रचना यादव ने गुरुवार को कस्बा पिनाहट के हजारीलाल पब्लिक स्कूल में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं के साथ अध्यापकों को जानकारी देकर जागरूक किया। जिसमें महिला पुलिस कर्मी द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध की रोकथाम के लिए बताया कि किस तरीके से आपको बचाव करना है। किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस सहायता नंबरों 1090, 1098, 1070, पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर घटना की जानकारी दे सकते हैं। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।किसी भी प्रकार की कोई भी फर्जी फोन कॉल आए तो उसे रिसीव नहीं करना है। अगर आप सायबर अपराध की चपेट में आ रहे हैं। साइबर अपराध हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। अपराध से संबंधित मामले को लेकर तत्काल पुलिस को संपर्क करें।



## गांव में पक्की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग से मिले : देवानंद परिहार

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। सावन के महीने में लगातार हो रही बारिश के चलते मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गए हैं। जिससे गांव वालों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चे पानी से होकर गुजर रहे हैं। गांव में पक्की सड़क ना होने के कारण गांव की सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती है। ग्राम



पंचायत विप्रावली के प्रधान देवानंद परिहार लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से मिले और अपनी ग्राम पंचायत विप्रावली की समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया ग्राम पंचायत विप्रावली के मजदूर करीब 20 वर्ष से रह रहे हैं। लेकिन अभी तक पक्की सड़क नहीं बनी है। जबकि 300 से अधिक आबादी वाला क्षेत्र है। बारिश के समय में बहुत बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न होती जिसकी वजह से आवागमन पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। पढ़ने वाले बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते। वही मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग ने ग्राम प्रधान देवानंद परिहार को आश्वासन दिलाया कि जल्द से जल्द आपकी ग्राम पंचायत में पक्की सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

## फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ते काटने का इंजेक्शन लगवाने आई किशोरी की साइकिल चोरी

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहस्पतिवार को कुत्ते काटे जाने का एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने आई एक किशोरी की साइकिल अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के ग्राम मुरावल निवासी मुस्कान पुत्री महाराज सिंह सुबह 10रू30 बजे कुत्ता काटने का इंजेक्शन लगवाने के लिए साइकिल से फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची जहां उसने गेट के बाहर साइकिल खड़ी की तथा अंदर चली गई ।लौट कर आ कर देखा तो उसकी साइकिल गायब थी। उसने तत्काल इसकी सूचना फतेहाबाद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीसीटीवी फुटेज चेक किए तथा चोर के बारे में पता किया जा रहा है।

## पैसे लेकर भी नहीं बनाया रनिंग ट्रेक, तैयारी करने वाले युवाओं ने की थाने में शिकायत

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बीलपुरा में खाली जगह में रनिंग ट्रेक बनाने के लिए सेना की तैयारी कर रहे कुछ युवाओं ने एक युवक को



पैसे दे दिए ।परंतु उसने पैसे लेने के बावजूद ट्रैक नहीं बनाया तो युवाओं ने इसकी शिकायत थाना निबोहरा में की है, तथा पैसे दिलवाए जाने की मांग की है। ग्राम निबोहरा निवासी धर्मेंद्र पुत्र निहाल सिंह ने थाना निबोहरा में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह और उसके कुछ साथी सेना की तैयारी कर रहे हैं। जिसके लिए ग्राम बीलपुरा के नजदीक एक खाली जगह में साफ सफाई कर एक रनिंग ट्रैक बनाने के लिए उन्होंने ग्राम भोगपुरा निवासी एक युवक को 15000 लगभग 4 महीने पहले दिए। परंतु अभी तक साफ–सफाई भी नहीं की गई है और ट्रैक भी नहीं बनाया गया है ।पैसे मांगने पर वह अभद्रता पर उतारू हो जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बटवारे के विवाद में भिडे भाई गिरफ्तार

जैतपुर ।ब्रहस्पतिवार को चित्राहाट के पई गांव में बटवारे के विवाद को लेकर सगे भाई महेश और उमेश भिड गये। मारपीट की सूचना पर पहुंची चित्राहाट पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

# दयालबाग के राहुल विहार में एजुकेशन मेक्स डिफरेंस की एक बैठक हुई संपन्न

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। एजुकेशन मेक्स डिफरेंस की एक बैठक डॉ केडी मिश्रा के आवास राहुल विहार, दयालबाग पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ईएमडी अध्यक्ष डॉ एसके खंडेलवाल ने की।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं ईएमडी के संरक्षक प्रोफेसर गिरीश चंद्र सक्सेना ने कहा कि शिक्षा में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को उजागर करने के लिए ईएमडी शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए तत्पर है। इसके लिए आने वाले समय में एक बड़ा सेमिनार शिक्षाविदों के मध्य किया जाएगा। प्रोफेसर वेद त्रिपाठी ने संस्था के



संविधान के पर चर्चा की। वहीं डॉ मनोज कुमार रावत ने संस्था को और अधिक सक्रिय करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर बल दिया। ईएमडी अध्यक्ष डॉ एसके खंडेलवाल ने बताया कि अगस्त माह के अंत में बैठक का संचालन सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ एससी गोयल, डॉ विनोद शर्मा, डॉ रामवीर सिंह चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आगरा कर्बला में इमामबाड़े पर चंद पैसों में टेंट व कवाडे वाले कारोबारियों का कब्जा

दै, आयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। वार्ड 43 न्यू आगरा कर्बला क्षेत्र में सालों पुराने इमामबाड़े पर पूरी साल कबाड़े व टेंट का होता है कारोबार तमाम जगह के टेंट के झूठे बर्तन वही साफ किए जाते हैं और काफी गंदगी की जाती है लेकिन जैसे ही मोहर्रम आता है वैसे ही इमामबाड़ा कब्जा दार प्रशासन से सफाई की गुहार लगाने लगते हैं पूरे साल करते हैं उस जगह पर कारोबार कर्बला वार्ड 43 में जब सफाई कर्मचारी आगामी मोहर्रम की सफाई के संबंध में कर्बला पहुंचे तो देखा गया कि इमामबाड़े पर टेंट व कवाडे का कारोबार चल रहा है जिसके कारण वहां सफाई व्यवस्था नहीं की जा सकी वही टेंट वर्कर बड़े



कारोबारी से बात की तो टेंट व कवाड़े के कारोबारी ने कहा कि सरकार चल रही है क्या हम लोगों को इमामबाड़े के लिए कोई सहायता राशि मिलेगी टेंट व कवडे मालिक ने बताया कि मैं इस जगह पर लगभग 12 से 15 साल से मौजूद हू और मैं इसमें मोहर्रम के समय ताजियादारी करता हूं और बाकी दिनों मेरा टेंट व कवाड़े का कारोबार चलता है।

# अधिवक्ता और लेखपालों में हुई झड़प में पुलिस की एकतरफा कार्यवाही का विरोध

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। बाह तहसील मुख्यालय पर बुधवार को हुए अधिवक्ताओं व लेखपालों के बीच झड़प और पुलिस व प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर एकतरफा कार्यवाही के विरोध में बार एसोसिएशन तहसील किरावली के अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से न्यायिक कार्य से विरत रह कर विरोध दर्ज कराया ।बार एसोसिएशन किरावली के उपाध्यक्ष मोरध्वज इंदौलिया ने बताया की बाह तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ लेखपालों द्वारा किए गए दुर्व्यहार व पुलिस व प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्यवाही से जिले की समस्त तहसीलों के साथ किरावली तहसील के



अधिवक्ताओं ने रोष जताते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे । वही बार एसोसिएशन तहसील किरावली के अध्यक्ष मुनेश लवानिया ने कहा कि अगर पीड़ित अधिवक्ताओ को न्याय नहीं मिलता है तो जिले के समस्त अधिवक्ताओं द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से पुलिस प्रशासन की होगी।

# युवा प्रदेश अध्यक्ष का व्यापारियों ने किया सम्मान



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दुर्गा मार्केट टकसाल गली जोहरी बाजार के व्यापारियों द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा प्रदेश अध्यक्ष विनय कामरा का सम्मान किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष विनय कामरा द्वारा लगातार व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने के लिए एवं समस्याओं को आसानी से सुलझाने के लिए व्यापारियों द्वारा यह सम्मान समारोह दाल बाटी कार्यक्रम के दौरान किया गया। विनय कामरा ने सभी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान हमेशा याद रखेंगे एवं यह सम्मान उनकी जिम्मेदारियों को बढ़ाता है और व्यापारियों के समक्ष हमेशा उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए आगे भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

चंद्र मोहन बंसल महामंत्री जोहरी बाजार व्यापार समिति एवं राजेंद्र अग्रवाल– शालू कार्यक्रम के संयोजक द्वारा विनय कामरा को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुष बंसल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, संजीव गोयल, समित अरोरा, दुष्यंत, सोनू, राजीव गोयल, राम विनोद एवं अन्य व्यापारी गण मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार कार्रवाई कर भेजा जेल

संवादाता हिमांशु गुप्ता

पिनाहट। थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत विप्रावली नहर पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो शातिर चोरों को बाइक सहित गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने के बाद कार्रवाई कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार महेश कुमार निवासी गांव भदरौली के खेत पर बने ट्यूबेल से मंगलवार की रात को अज्ञात चोरों ने ट्यूबेल के कमरे की छत को तोड़कर अंदर घुसकर लगे कीमती केवल एवं स्टार्टर को चोरी करके चोर ले गए। जिस पर ट्यूबेल स्वामी महेश ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस की जांच में दो चोर रोहित पुत्र जैनी, एवं माया राम पुत्र रमेश चंद्र निवासी कस्बा पिनाहट के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने दोनों चोरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जहां गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ विप्रावली नहर पुलिया पंप हाउस के




पास से चेकिंग के दौरान दोनों शातिर अभियुक्तों चोरो को चोरी की होंडा बाइक संख्या यूपी 32 एमए 8107 सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों शातिर चोर रोहित और मायाराम ने ट्यूबेल से स्टार्टर और केवल चोरी करने के बारे में बताया। जिस पर पुलिस ने बताए गए स्थान से ट्यूबेल की केबल के तार के करीब 5 मीटर टुकड़े और स्टार्टर को बरामद कर कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों शातिर चोरों के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। इसी संदर्भ में थाना प्रभारी पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह ने बताया कि ट्यूबेल से शातिर चोरों द्वारा स्टार्टर एवं केबल चोरी किया गया था। पुलिस द्वारा तत्काल मामले में कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर जेल भेजकर कार्रवाई की गई है।

# पनवारी कांड में बत्तीस वर्ष बाद चौ. बाबूलाल को मिली क्लीन चिट

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। सिकंदरा क्षेत्र के रुनकता पनवारी गांव में अनुसूचित जाति के परिवार की बेटी की बरात चढ़ाने को लेकर हुए दंगे के मामले में बत्तीस वर्ष बाद अदालत का फैसला आखिरकार आ ही गया अदालत ने भाजपा के लोकप्रिय विधायक चौधरी बाबूलाल समेत अन्य आठ आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। दो आरोपितों की मुकदमे के विचारण के दौरान मृत्यु हो चुकी हैआपको बता दें कि सिकंदरा क्षेत्र के रुनकता स्थित गांव पनवारी में 22 जून 1990 को अनुसूचित जाति के चोखेलाल की बेटी की बारात आई थी बारात की चमक को लेकर गांव के जाट समाज के लोगों ने इसका भरजोर विरोध किया था वाद विवाद इतना बढ़ गया कि इसको लेकर, पथराव, फायरिंग और आगजनी हुई मामले को विकराल रुप रखते देख क्षेत्र में कर्फ्यू भी लगाया गया था इस मामले में भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल समेत अन्य आरोपी थे। वर्तमान में विशेष न्यायाधीश एमपी – एमएलए कोर्ट नीरज गौतम मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य के अभाव में अदालत ने सभी को दोषमुक्त कर दिया बारह अप्रैल 2006 को तत्कालीन स्पेशल जज जनार्दन गोयल ने मुख्य अभियुक्त चौधरी बाबूलाल, बच्चू सिंह, रामवीर, बहादुर सिंह, रूप सिंह, देवी सिंह, बाबू सिंह, विक्रम सिंह, रघुनाथ सिंह, रामऔतार, शिवराम, भरत सिंह, श्यामवीर और सत्यवीर के खिलाफ आरोप तय किए थे। विचारण के दौरान दो अभियुक्तों की मृत्यु हो गई। वहीं आज दोपहर को



विशेष न्यायाधीश एमपी – एमएलए कोर्ट नीरज गौतम ने फैसला सुनाते हुए, सभी आरोपितों को क्लीन चिट देते हुए फैसला सुना दिया।

# अछनेरा में 13 अगस्त को निकाली जायेगी भव्य तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। हमारा देश स्वतन्त्रता दिवस की 75 वीं वर्षगॉठ आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इसी क्रम में कस्बा अछनेरा में 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा निकाले जाने को लेकर भाजपा मण्डल कार्यालय पर गुरूवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुंबर बहादुर मिश्रा एवं संचालन मण्डल महामंत्री विमल कुमार सारस्वत ने किया।

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर कस्बा अछनेरा में भाजपा मण्डल कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मनीष सिंघल ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी के आव्हान पर 13 अगस्त दिन शनिवार को कस्बा अछनेरा में प्रातः 9 बजे से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। इसी क्रम में स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त को नगर में करीब एक दर्जन स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम किये जायेगे। बैठक में तिरंगा यात्रा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारिया सौपी गयी। बैठक के दौरान राजेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, नवरत्न बघेल, दीनदयाल, सन्तोष सैन, मदन गर्ग, अंशुल वर्मा, अनीश मित्तल, सभासद पवन छौकर, राजवीर सोलंकी, शुभम मित्तल, राकेश माहौर, पुष्पेन्द्र बघेल, आदि लोग मौजूद रहे।



# मेगा कैम्प आयोजित कर लगायी जाएगी एहतियाती डोज



- सात अगस्त को सभी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर आयोजित होंगे कैम्प, कोविड से बचाव के लिए जरूर लगवाएं एहतियाती डोज : सीएमओ

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। कोविड टीके की एहतियाती डोज को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर कोविड टीके की एहतियाती डोज मुफ्त लगाई जा रही है। अब इस अभियान को और गति देने के लिए सात अगस्त को एहतियाती डोज मेगा कैंप लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर सात अगस्त को जनपद के जिला अस्पताल, एसएन मेडिकल कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बने कोविड टीकाकरण केंद्रों पर मेगा कैंप आयोजित होगा। इसमें बड़ी संख्या में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोविड टीके की एहतियाती डोज लगाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि मेगा कैंप का उदघाटन मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कोविड टीके की एहतियाती डोज लगवाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मेगा कैंप में आकर 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोग एहतियाती डोज लगवाएं। उन्होंने बताया कि मेगा कैंप के लिए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से फोन कॉल एवं निगरानी समिति, फ्रंट लाइन वर्कर, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दवारा व्यक्तिगत फॉलोअप किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एहतियाती डोज लगवाने के लिए ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट और वॉक इन अप्वॉइंटमेंट की भी सुविधा है।

# उड़ान ने लगाया नेत्र व दांत चिकित्सा शिविर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। भारत विकास परिषद उड़ान शाखा की ओर से संस्कृति माह के अंतर्गत बाग मुजाफ्फर खां स्थित मुरारी लाल खत्री बालिका इंटर कॉलेज पर छात्राओं के लिए नेत्र एवं दांत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम मिश्रा, उमेश गोयल, संस्थापक हरेंद्र मल्होत्रा, मुकेश मित्तल, तपन अग्रवाल, संरक्षक विजित गुप्ता, एड. रोहन अग्रवाल, अध्यक्ष इंजीनियर रूपल गोयल और सचिव एड. उमेश खन्ना ने दीप प्रज्वलन ककर किया। शिविर में करीब 150 बच्चो ने नेत्र और 300 बच्चो के दांत परीक्षण किया गया। इस दौरान बालिकाओं को नजर के चश्मो का वितरण भी उड़ान शाखा की ओर से किया गया। नेत्र चिकित्सक डॉ. विशाल गुप्ता ने बताया कि आंख मानव शरीर में एक बहुत ही नाजुक अंग है और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें विटामिन–ए युक्त भोजन लेना चाहिए।

दंत रोग विशेषज्ञ डा. गौरव मित्तल ने दांतों की स्वच्छता और उनके दांतों को स्वस्थ रखने के आसान उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महिला संयोजिका शशि मल्होत्रा, मनीष मित्तल, संजीव मित्तल, उमेश धर्म गोयल, विशाल बंसल, अनुपम बंसल, मोहित अग्रवाल, पपेन्द्र खन्ना, निधि मित्तल, गीता सिंह, डॉ. अर्चना कुमारी आदि मौजूद रहे।



# पिनाहट सीएचसी केंद्र पर निरीक्षण जांच के लिए पहुंचे सीएमओ आगरा, गंदगी देख स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई फटकार

संवाददाता हिमांशू गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और निरीक्षण के लिए सीएमओ आगरा ने पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी देख सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। महिला की डिलीवरी के मामले को लेकर प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा है। आपको बता दें उत्तर प्रदेश सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ताकि ग्रामीण अंचल में लोगों को बेहतर सेवाएं सीएचसी और पीएचसी स्वास्थ्य केंद्रों पर मिल सके। मगर स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते बेहतर सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। ऐसा ही मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पर बुधवार को देखने को मिला था। जहां पडुआपुरा निवासी हरिओम सिंह की पत्नी रचना उम्र करीब 24 वर्ष को प्रसव के लिए सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां स्वास्थ्य कर्मी और स्टाफ नर्स की लापरवाही के चलते महिला की डिलीवरी अंधेरे में पड़े कमरे में हुई। इमरजेंसी जनरेटर इनवर्टर भी चालू नहीं किए गए थे। भीषण गर्मी में जच्चा और बच्चा परेशान दिखे जिस पर महिला गत्ते से हवा करते हुए नजर आए जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो वायरल होने एवं बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा डॉ अरुण श्रीवास्तव जांच निरीक्षण के लिए सीएचसी केंद्र पिनाहट पहुंचे।

जहां उन्होंने महिला की अंधेरे में हुई डिलीवरी के मामले को लेकर जांच की और पूरे मामले को संज्ञान में लिया। साफ करनी है और महिला नर्स स्टाफ को जमकर फटकार लगाई। परिसर में फैली गंदगी को देख स्वास्थ्य अधिकारी ने नाराजगी जताई। और परिसर में फैली गंदगी साफ सफाई व्यवस्था के लिए आदेश दिए। अवस्थाओं को लेकर सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ विजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। वही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई को चेतावनी दी गई। इसी संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी केंद्र पिनाहट अंधेरे में हुई महिला डिलीवरी को लेकर संज्ञान लिया गया। जिसमें पता चला आप बिजली ना आने के कारण इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो गया था। बिजली व्यवस्था एवं जनरेट व्यवस्था को भी पूरी तरह से दुरुस्त किया जा रहा है। सीएचसी प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साफ सफाई व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश दिए दिए गए।



# माता पार्वती के द्वार गजानन झूले पलना

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। नगला डीम में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा का छठवां दिन था। छठे दिन कथा वाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने गणेश उत्पत्ति की पावन कथा सुनाई। गौरी पुत्र गणेश की उत्पत्ति की कथा सुनाते हुए डॉ. दीपिका उपाध्याय ने बताया कि किस प्रकार देवी पार्वती ने भगवान श्रीगणेश को उत्पन्न किया तथा द्वारपाल के रूप में नियुक्त किया। अच्छे एवं आज्ञाकारी द्वारपाल के समान जब गणेश जी ने भगवान शिव को ही कैलाश पर्वत पर प्रवेश न करने दिया तो उन्हें क्रोध आ गया और भयानक युद्ध छिड़ गया। क्रोधित महादेव ने गौरी पुत्र गणेश का सिर अपने त्रिशूल से काट दिया। इससे माता पार्वती कुपित हो गई। उनको शांत करने के लिए ब्रह्मा जी ने हाथी का सिर जोड़कर गणेश जी को जीवित किया तथा देवताओं ने उन्हें मंगल उपहार दिए। कैलाश पर्वत पर महान उत्सव हुआ। भगवान गणेश को प्रथम पूज्य होने का अधिकार तभी से मिला है तथा उन्होंने यह सिद्ध भी कर दिया कि जब तक देवता भी गणेश पूजन नहीं करेंगे तब तक उन्हें भी किसी कार्य में सफलता नहीं मिलेगी। जब भगवान शिव त्रिपुर दहन करने चले तब वह त्रिपुर को तब तक नहीं भेद सके, जब तक उन्होंने गणेश पूजन नहीं किया। भगवान गणेश सभी विघ्नों को हरने वाले हैं, वे प्रथम पूज्य ही नहीं है बल्कि प्रत्येक शुभ कार्य में प्रथम स्मरणीय भी हैं। इसीलिए सफलता प्राप्त करने के लिए भगवान श्री गणेश का स्मरण करके ही प्रत्येक कार्य प्रारंभ करना चाहिए। भगवान गणेश मात्र विघ्न हर्ता ही



नहीं है, बुद्धि प्रदाता है, समस्त गुणों के दाता हैं। अपने बुद्धि चातुर्य का परिचय उन्होंने तब दिया जब माता–पिता ने विवाह के लिए धरती की परिक्रमा की शर्त रखी। जहां कुमार कार्तिकेय तुरंत अपना वाहन मयूर लेकर धरती की परिक्रमा करने चले गए, वहीं गणेश जी ने सृष्टि के कारण अपने माता–पिता की सात परिक्रमा कर बुद्धि चातुर्य का परिचय दिया और प्रजापति विश्वरूप की कन्याओं रिद्धि और सिद्धि से विवाह किया। आगे त्रिपुर दहन की कथा सुनाते हुए कथा वाचक डॉ. दीपिका उपाध्याय ने बताया कि शास्त्र विरुद्ध आचरण त्याग कर मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता। मनमाने कार्यों को करने तथा नित नये धर्म अपनाने से मनुष्य का पराभाव होता है। शिव भक्ति छोड़कर मुंडी के भ्रमित उपदेश अपनाने के कारण ही त्रिपुर वासियों को पराभव सहना पड़ा। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि अपने पूर्वजों के धर्म का त्याग कभी ना करें तथा सदैव धर्म मार्ग पर चले।

कथा के दौरान मंच संचालन की व्यवस्था डॉ राहुल शर्मा ने संभाली। कथा के विश्राम के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बाह में वकीलों पर लिखे गए मुकदमे के विरोध में फतेहाबाद में अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा


फतेहाबाद। बाह में वकीलों पर लिखे गए मुक दमे के विरोध में फतेहाबाद में बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर हड़ताल की ।इस दौरान उन्होंने वकीलों पर लगाए गए मुकदमे को समाप्त कराए जाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बाह के अधिवक्ताओं के समर्थन में बृहस्पतिवार को न्यायिक कार्य नहीं किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा ने बताया कि बाह में वकीलों पर झूठे मुकदमे लगाऐ गए हैं। जिनका फतेहाबाद में वकीलों द्वारा विरोध किया गया है ।इस दौरान वकीलों पर मुकदमे नहीं हटे तो फतेहाबाद में अधिवक्ता आंदोलन करेंगे। इस दौरान रवि दत्त शर्मा, इंद्रजीत शर्मा ,ज्ञानदेव धाकरे, अनिल गुप्ता ,शैलेंद्र वशिष्ठ, जयपाल सिंह ,दिनेश पाठक, देवेंद्र सिंह, देवेंद्र पाठक ,वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण धाकरे ,अवनीश गुप्ता ,पंकज गुप्ता, रंजीत सिंह बघेल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ढाबे पर मारपीट और गाली गलौज

जैतपुर। जैतपुर के ढाबे पर मारपीट और गाली गलौज में दो लोगों को नामजद किया गया है। कोरथ के अरुण ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि ढाबे पर रीक्षापुरा के छोटू और आकाश ने गाली गलौज की। जिसका विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा महराजगंज आजमगढ़। आजमगढ़ महराजगंज युवा कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे से जूनियर हाई स्कूल महेशपुर के प्रांगण में ब्लॉक का स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । यह जानकारी देते हुए ब्लाक युवा कल्याण



अधिकारी अनिल कुमार खरवार ने कहा कि खेलकूद के माध्यम से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है तथा उनके अंदर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता की वृद्धि होती है । इस खेलकूद प्रतियोगिता में , कबड्डी, भारोत्तोलन, वालीबाल, दौड़ आदि का आयोजन किया जाएगा । प्रतिभागी विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा ।

## सीएम योगी ने बाबा भंवरनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरिहरपुर गांव से कलेक्ट्रेट आ रहे थे। इस दौरान जब उन्हें बाबा भंवरनाथ के महात्म्य का पता चला तो वह अपने खुद को रोक नहीं सके और देवाधिदेव महादेव के मंदिर पहुंच गए। गर्भगृह में विधि–विधान पूर्वक पूजन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा की। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ इत्यादि मौजूद रहे।



## सीएम योगी आदित्यनाथ वह आजमगढ़ सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' पहुंचे हरिहरपुर घराना

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़। मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0, योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज संगीत एकेडमी, हरिहरपुर में हरिहरपुर घराना द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर मंत्रोच्चारण के साथ शुभारम्भ किया गया। हरिहरपुर घराना के संगीत के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आदर्श मिश्रा द्वारा राग त्रोड़ी एवं कजरी का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि संगीत मानव जीवन के विकास की आधारशीला है। उन्होने कहा कि प्राचीन विधा को आप सबने एवं आपके पूर्वजों द्वारा सुरक्षित रखा गया है, यह अभिनन्दनीय है। अपनी विधा का विपरीत परिस्थितियों में भी जिन्दा रखना बड़ी बात है। उन्होने कहा कि हरिहरपुर घराना को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलेगा एवं शासकीय कार्यक्रमों में भी अवसर मिलेगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने जिलाधिकारी से कहा कि भातखंडे विश्वविद्यालय से संबद्ध संगीत महाविद्यालय बच्चों को संगीत के क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु खोलने के लिए जमीन चिन्हित करें। इसी के साथ ही हरिहरपुर घराना में अच्छी



कनेक्टिविटी हेतु टू लेन सड़क बनाने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हरिहरपुर घराना में प्राचीन शीतला माता मंदिर एवं महादेव जी का मंदिर है, मंदिर के चारों तरफ सुंदरीकरण के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। हरिपुर घराना द्वारा बताया गया कि सारंगी बजाना अब विलुप्त हो रहा है, अभी भी यहां सारंगी को जीवित रखा गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरिहरपुर में स्थापित सरोवर को अमृत



सरोवर के रूप में विकसित करते हुए सरोवर के चारों तरफ 15 अगस्त को तिरंगा झंडा लहराएं। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा इस अवसर पर बच्चों में बैग का वितरण किया गया ।इस अवसर पर पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह, मा0 परिवहन राज्य मंत्री श्री दयाशंकर सिंह, मा0 मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, श्री सुरेश राही, श्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु जी', मा0 सांसद आजमगढ़ श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', मा0 विधान परिषद सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक, श्री यशवंत सिंह, मण्डलायुक्त श्री मनीष चौहान, डीआईजी श्री अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग आर्य, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री आजाद भगत सिंह एवं हरिहरपुर घराना के संगीतकार उपस्थित रहे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे आजमगढ़, 143 करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया लोकार्पण

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आजमगढ़ के आईटीआई ग्राउण्ड में रु0 143 करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 19 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने आईटीआई मेंहनगर का निर्माण, आईटीआई मार्टिनगंज का निर्माण, घाघरा नदी के दाएं तट पर स्थित गांगेपुर मठिया रिंग तटबंध का निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छाऊ मोहम्मदपुर का निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर को उच्चीकृत करते हुए 100 शैय्या चिकित्सालय भवन का निर्माण, ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट आजमगढ़ का निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसी के साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी ने लारपुर साहब अली संपर्क मार्ग का निर्माण, कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा फार्म का सुदृढ़ीकरण, मल्टीपरपज सीड स्टोर एवं टेक्नोलॉजी डिसमिनेशन सेंटर अतरौलिया का निर्माण तथा परशुरामपुर से एमजी बंधा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच से विभिन्न योजनाओं में 20 पात्र लाभार्थियों में डेमो चेकध्स्वीकृति पत्रध्आवास की चाभी प्रदान की गयी। जिसमें सूर्य देई, सुभाष चन्द्र को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में, तारा देवी, अंजू देवी को इन–सीटू योजना में, पूनम, कुसुम को स्वयं सहायता समूह को सीसी डेमो चेक, बादामी एवं मीना को मुख्यमंत्री आवास योजना में चाभी, अनीता प्रजापति को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में आवास की चाभी, बुद्धु राम को पीएम स्वनिधि योजना में, प्रमोद कुमार यादव को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में, राजधारी यादव को ओडीओपी में, दयाराम को मोटर साइकिल विथ आई0बाक्स, याहिया अंसारी को थ्री व्हीलर एवं विथ आईस बाक्स, ममता एवं जय भारत को आयुष्मान गोल्डेन कार्ड योजना में, अर्पिता यादव को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में, अंजलि शर्मा को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में, जयाराम को घरौनी वितरण एवं अनन्त प्रताप भारती को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन में योजना में स्वीकृति पत्र/डेमो चेक/आवास की चाभी प्रदान की गयी।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने आईटीआई ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेकध्स्वीकृत पत्रध्आवास की चाभी वितरित करने के पश्चात अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद आजमगढ़ ऋषि मुनियों व साहित्यकारों की धरती है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने ऋषि–मुनियों, क्रांतिकारियों एवं साहित्यकारों की इस पावन धरती को कोटि–कोटि नमन करते हुए हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा की सीट पर भोजपुरी स्टार श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' को देश की सर्वोच्च पंचायत में भेजने पर जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यहां की प्रतिभाओं को राजनीतिक संकीर्णता के कारण आगे बढ़ने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि देश में आजमगढ़ की ऐसी पहचान बन गई थी, जिसके कारण यहां की प्रतिभाओं को बाहर जाने पर रहने का कमरा नहीं मिलता था। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनपद की पहचान विकास के बल पर बदल दिया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भले ही जनपद में हमारे विधायक/सांसद नहीं थे, फिर भी विकास के मामले में कोई भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने जनपद को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे दिया तथा मंदूरी एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार हो गया है, शीघ्र ही इसका भी लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे भी जनपद में लगभग 18 किलोमीटर तक जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अब रोड और एयरपोर्ट के जुड़ने से देश के उद्यमी यहां आकर उद्योग केंद्र स्थापित करेंगे, उद्योग केंद्र स्थापित होने से यहां के नौजवानों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लंबे समय से यहां के नौजवानों का सपना था कि यहां विश्वविद्यालय बने, जिसे देश एवं प्रदेश की सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौजवानों को बेहतर एवं उच्च शिक्षा के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। विकास परियोजनाओं से ही देश–प्रदेश व समाज में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी के उत्पाद के लिए जनपद में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना भी की जाएगी। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से विकास कार्य से संबंधित बहुत से महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि सांसद एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ऐसा प्रस्ताव तैयार करें, जिससे ब्लैक पाटरी से अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में 5 लाख नौजवानों को योग्यता के अनुसार बिना भेदभाव के नौकरियां दी गई हैं। मा0 मुख्यमंत्री जी ने





कहा कि आजमगढ़ की धरती बड़े साहित्यकारों, लेखकों एवं कवियों की धरती रही है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार रागेय राघव जी के नाम पर उनकी रचनाओं पर आजमगढ़ विश्वविद्यालय में शोध पीठ की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण युवाओं की शिक्षा प्रभावित न हो, इसलिए प्रदेश सरकार ने दो करोड़ युवाओं को टेबलेटध् स्मार्टफोन देने के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने एक भोजपुरी कलाकार को सांसद चुना है, इसलिए यहां के हरिहरपुर संगीत घराने में जाकर संगीत की संभावनाओं को तलाशने की कार्य योजना बनाई जाएगी। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना काल में जनपद में कोई नहीं आया, परंतु मैं तीन बार आया। उन्होंने कहा कि जब मैं सांसद था, तब भी जनपद में आता रहता था। उन्होंने कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के हर घर तिरंगा लहराना है, के संकल्प को पूरा करना है, इसलिए 13 से 15 अगस्त तक सभी लोग हर घर तिरंगा फहराकर लक्ष्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी बलिदानियों को स्मरण कीजिए तथा उनकी स्मृति में बच्चों के मध्य क्रांतिकारियों की वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करायें।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष महोत्सव को मनाने के लिए प्रत्येक देशवासी पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो स्वयं एवं अपने गांव, नगर, जनपद, प्रदेश एवं देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए देश को दुनिया की ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने स्वतंत्रता दिवस एवं आगामी जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, मा0 परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, मा0 प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सुरेश राही, दयाशंकर मिश्र 'दयालु जी', मा0 सांसद आजमगढ़ दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', मा0 विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, श्री यशवंत सिंह, श्री विक्रान्त सिंह 'रिशु', मण्डलायुक्त मनीष चौहान, डीआईजी अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, जन प्रतिनिधिगण श्रीमती शकुंतला चौहान, सहजानन्द राय, ध्रुव सिंह, ऋषिकान्त राय, मा0 ब्लाक प्रमुखगण व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंती योगी ने आजमगढ़ में पैरामेडिकल कालेज के साथ ही 31 परियोजनाओं का लोकार्पण व 19 परियोजनाओं का किया शिलान्यास



जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आईटीआई के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए 143 करोड़ रुपए रिटर्न गिफ्ट देने के साथ ही, मुख्यमंत्री ने जिले में पैरामेडिकल कॉलेज और एक शोध पीठ की स्थापना के साथ ही साथ एक बड़ा रोजगार मेला लगाए जाने की घोषणा की, जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अब आजमगढ़ को विकास के पंख लग चुके हैं, विश्वविद्यालय के निर्माण में भी तेजी आएगी, मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य सरकार के कुछ योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर प्रमाण पत्र भी दिया, लगभग 20 मिनट के अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बार–बार आजमगढ़ समेत पूर्वांचल के विकास पर चर्चा की, सीएम ने इस दौरान 31 परियोजनाओं का लोकार्पण और 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, मुख्यमत्री जिले को एक दक्ष चालक बनाने वाले ट्रेनिंग सेंटर का लोकार्पण भी किया, इसके अलावा सगड़ी तहसील के देवारा के पंद्रह गांव को घाघरा नदी के कहर से बचाने वाले एक बांध का लोकार्पण भी किया, ये बांध ग्रामीणों को बाढ़ से हमेशा के लिए राहत देंगे, इन गांव में करीब 50 हजार से अधिक की आबादी है, इस दौरान प्रभारी मंत्री भूपेंद्र चौधरी, दयाशंकर मिश्र दयालू, मंत्री दयाशंकर सिंह, सुरेश राही।

एमएलसी यशवंत सिंह, विजय बहादुर पाठक, विक्रांत सिंह रीशू, सहजानन्द राय, ध्रुव कुमार सिंह, ऋषिकांत राय, पूर्व विधायक सगड़ी वंदना सिंह, ब्लाक प्रमुख अजमतगढ़ मनीष मिश्रा, ब्लाक प्रमुख हरैया संतोष सिंह, ब्लाक प्रमुख बिलरियागंज रमेश यादव सहित तमाम जनपद के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## कंस मेला तथा त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। थाना फतेहाबाद में आने वाले त्यौहारों ईद, रक्षाबंधन एवं ऐतिहासिक कंस मेले की तैयारियों के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने अधिकारियों को पेयजल, सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिए इस दौरान नगर के अनेकों संभ्रांतजन मोजूद रहे। अगले सप्ताह रक्षाबंधन में होने वाले ऐतिहासिक कंस मेले के संदर्भ में थाना फतेहाबाद में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें त्यौहारों की तैयारियों के संदर्भ में जायजा लिया गया। वहीं नगर में उचित सफाई व्यवस्था तथा समुचित पेयजल व्यवस्था कराने के निर्देश किए। बैठक में कंस मेले को



शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाने की अपील की गई वहीं बिजली विभाग को निर्देश दिया गया कि वह जर्जर तारों को ठीक करवाएं। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक आरएन सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आशा देवी चक, डॉ हरिओम शर्मा, बालेस गुप्ता , शेखर गुप्ता, किशन गुप्ता, आलोक अनवारिया, निक्की पाराशर, तरुण चक ,दीपा राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विशेष सचिव समन्वय ने किया कोलारा कलां स्थित गौशाला का निरीक्षण, छोटा पूठा गांव में जानी टीकाकरण की हकीकत

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव समन्वय रामसहाय यादव द्वारा बृहस्पतिवार को कोलारा कलां स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने गांव छोटा पूठा का निरीक्षण किया। तथा वहां पर पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की हकीकत जानी। इस दौरान एक सरकारी स्कूल का भी निरीक्षण किया जहां स्कूली बच्चों से सवाल जवाब भी किए । इस दौरान एसडीएम फतेहाबाद जे पी पांडे भी मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह करीब 11रू00 बजे उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव समन्वय रामसहाय यादव फतेहाबाद के कोलारा कलां स्थित बृहद गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में गोवंश के रखरखाव के बारे में जानकारी ली साथ ही उन्होंने गौशाला में पानी की व्यवस्था साफ–सफाई खरंजा आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली ।साथ ही उन्होंने पानी की व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा होना चाहिए ,जिससे गोवंश को भोजन की दिक्कत ना रहे। इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सक के सी लोधी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद वह डौकी के ग्राम छोटा पूठा में पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की तथा गांव में पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण की हकीकत के बारे में पता किया। इस दौरान लोगों ने टीकाकरण पर संतोष जताया। इसके बाद वह छोटा पूठा के सरकारी स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से 4 ६ 5 को हल करने को कहा परंतु कोई भी बच्चा उसे हल नहीं कर सका। इस पर उन्होंने संबंधित अध्यापक को ठीक से पढ़ाने की नसीहत दी। इस दौरान उनके साथ खंड विकास अधिकारी शमशाबाद राकेश त्रिपाठी, एसडीएम जेपी पांडे, डौकी थाने का फोर्स मौजूद रहा।

## युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद का किया गया आयोजन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़

सगड़ी, आजमगढ़। हरैया ब्लाक के छत्रपफति शिवाजी उत्तर माध्यमिक विद्यालय बनहरा चांदपट्टी में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग आजमगढ़ द्वारा खंण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दौड़ ,कुश्ती ,वाली बाल बालिका, कुश्ती ,लंबी कूद, पालीवाल बालक कार्यक्रम कराए गए ।प्रतियोगिता का उद्घाटन संतोष सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरैया ने फीता काटकर किया। उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए संतोष सिंह ने कहा कि स्वास्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का होता है विकास, गांव की माटी से निकले हुए बच्चे अपने गांव व क्षेत्र में खेलते हुए आगे चलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। खेलकूद से मानसिक व शारीरिक विकास होता है शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद अति आवश्यक होता है। आज सरकार इस पर विशेष ध्यान देते हुए जगह जगह ऐसे कार्यक्रम करवाने का कार्य कर रही है। 1500 मीटर दौड़ में रोशन पटेल प्रथम, राधेश्याम यादव , द्वितीय व सूरत पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में करिश्मा पटेल प्रथम, प्रतिभा निषाद द्वितीय व नितिन पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बनाहरा व कुसहिया के बीच खेला गया जिसमें बनहरा ने कुसहिया 4प्वांइट से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।वहीं पर कार्यक्रम का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पहुंची अपना दल की नेता मालती सिंह ने प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय व तृतीय आए हुए टीमें व खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र



देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में लड़कियों ने भी काफी चढ़कर हिस्सा लिया। जिसको देखकर अपना दल यस के नेता मालती सिंह काफी उत्साहित दिखी और उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल के प्रति सरकार तथा अभिभावकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। ग्रामीण अंचलों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है कमी है तो सिर्फ संसाधनों की। इस अवसर पर श्याम विजय पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल एस,राकेश कुमार सिंह,जगदीश प्रसाद यादव,रामू सिंह ,ओमप्रकाश प्रधानाचार्य, राजकुमार, राज नारायण, राम विजय आदि सहित खिलाड़ी व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। अंत में आस्था सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने आए हुए सभीलोगों को आभार व्यक्त किया।

## विशेष सचिव समन्वय ने किया कोलारा कलां स्थित गौशाला का निरीक्षण, छोटा पूठा गांव में जानी टीकाकरण की हकीकत



संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद फतेहाबाद। उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव समन्वय रामसहाय यादव द्वारा बृहस्पतिवार को कोलारा कलां स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने गांव छोटा पूठा का निरीक्षण किया। तथा वहां पर पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की हकीकत जानी। इस दौरान एक सरकारी स्कूल का भी निरीक्षण किया जहां स्कूली बच्चों से सवाल जवाब भी किए । इस दौरान एसडीएम फतेहाबाद जे पी पांडे भी मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह करीब 11:00 बजे उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव समन्वय रामसहाय यादव फतेहाबाद के कोलारा कलां स्थित बृहद गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में गोवंश के रखरखाव के बारे में जानकारी ली साथ ही उन्होंने गौशाला में पानी की व्यवस्था साफ–सफाई खरंजा आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली ।साथ ही उन्होंने पानी की व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा होना चाहिए ,जिससे गोवंश को भोजन की दिक्कत ना रहे। इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सक के सी लोधी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद वह डौकी के ग्राम छोटा पूठा में पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की तथा गांव में पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण की हकीकत के बारे में पता किया। इस दौरान लोगों ने टीकाकरण पर संतोष जताया। इसके बाद वह छोटा पूठा के सरकारी स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से 4 ६ 5 को हल करने को कहा परंतु कोई भी बच्चा उसे हल नहीं कर सका। इस पर उन्होंने संबंधित अध्यापक को ठीक से पढ़ाने की नसीहत दी। इस दौरान उनके साथ खंड विकास अधिकारी शमशाबाद राकेश त्रिपाठी, एसडीएम जेपी पांडे, डौकी थाने का फोर्स मौजूद रहा।

## माथुर वैश्य महिला मंडल का तीज महोत्सव संपन्न, पर्यावरण संरक्षण का दिया सदेश

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। माथुर वैश्य महिला मंडल उत्तर क्षेत्र फतेहाबाद के तत्वावधान में कस्बे के श्याम वाटिका में तीज महोत्सव मनाया गया इस दौरान कस्बा फतेहाबाद की मौत व समाज की सभी महिलाओं को आमंत्रित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची डॉ ज्योति हर्षवर्धन गुप्ता ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने की।

माथुर वैश्य महिला मंडल उत्तर क्षेत्र फतेहाबाद की सदस्यों ने हरियाली तीज का कार्यक्रम श्याम वाटिका में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया ।सर्वप्रथम ईश वंदना और संकल्पगान हुआस इसमें फतेहाबाद की तीनों महिला मंडल के सातों पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम में आई सभी महिलाओं का मांग टीका लगाकर स्वागत किया गयास डॉक्टर ज्योति हर्षवर्धन गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कि हमें पर्यावरण संरक्षण करना चाहिए सावन का महीना हमें पर्यावरण संरक्षण की सीख देता है इस दौरान हमें पौधे लगाने चाहिए था ।

उनकी देखभाल भी करनी चाहिए महिला मंडल द्वारा उन्हें उपहार स्वरूप फूलों का गमला और गणेश जी की प्रतिमा देकर सम्मानित



किया गयास कार्यक्रम में सभी महिलाओं को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया और सभी को पौधे देकर सम्मानित किया गयास कार्यक्रम में सभी ने सावन की मल्हारो के गीत गाए और उसके बाद तंबोला गेम खेला गयास जिसमें प्रथम साधना , द्वितीय नीतू और तृतीय अनीता विजई हुईस हरियाली क्वीन में शारदा और उषा विजई हुईस बच्चों के डांस में शैलजा, भूमि और खुशबू ने डांस कियास सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा एवम संकल्प मानव सेवा संस्था ने संयुक्त रूप से लगाया रक्तदान शिवर



संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा। आगरा अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा एवम संकल्प मानव सेवा संस्था ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिवर का आयोजन राधा कृष्ण गौशाला फाउंड्री नगर हाथरस रोड आगरा में किया गया। संकल्प मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया यह रक्तदान शिविर लोधी युवा महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत के जन्मदिन पर देश की आजादी के अम्रत महोत्सव पर देश के शहीदों के नाम किया गया। और कहा कि देश आजादी का 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। लोग देश प्रेम की भावना से प्रेरित होकर रक्तदान को भी देश हित मे सर्वोपरि योगदान के रूप में ले रहे है। चूंकि एक यूनिट रक्त से तीन जनों की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। लोधी युवा महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत ने सभी रक्तवीरो का आभार प्रकट किया और कहाँ यह रक्त हम संकल्प मानव सेवा संस्था के द्वारा मानव सेवा चेरिटेबल ब्लड बैंक में सुरिक्षत जमा किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर जरूरत मंद गरीब मरीजो को निशुल्क सहायता देंगे हमारी संस्था निरंतर यह सेवा करीब 5 वर्षों से कर रही हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड संपर्क प्रमुख टिंकू राम लोधी ने स्वयं 18वीं बार रक्तदान कर युवाओं से अपील की कि आप आगे आएं देश हित राष्ट्र हित में अपना सक्षम योगदान देते रहें। तथा शिविर में अपने साथ दो साथियों को भी लेकर आएं। बजरंग दल राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार और आर एस एस के सह विभाग कार्यबाह रमेश कुमार ने सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र बांट कर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

रक्तदान शिविर में कुल 23 यूनिट रक्तदान हुआ।

इस मौके पर मुकुट सिंह राजपूत,नवल किशोर लोधी, कृष्णा, धर्मेंद्र सिंह राजपूत,मनोज यादव,धर्मवीर सिंह, राजेश लोधी, मनोज राजपूत,टिंकू राम राजपूत,त्रिवेंद्र कुमार,कप्तान सिंह, मनोज बघेल, तेजपाल सिंह, नीरज तिवारी, नीरज बधेल, गौरव लोधी,राजीव लोधी,सुरेश राजपूत, दीपू प्रजापति, राहुल चौधरी इत्यादि रक्तवीरो ने रक्तदान किया।

## बराकर हनुमान चढ़ाई गुरुद्वारा कमिटी के अध्यक्ष बने जोगिंदर सिंह

बराकर। बराकर हनुमान चढ़ाई गुरुद्वारा प्रबंधक कॉमिटी का चुनाव गुरुवार को गुरुद्वारा में भारी पुलिस बल की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जहा गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष जोगिंदर सिंह एवं उनके बड़े भाई दर्शन सिंह के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना देखी जा रही थी। जहां छोटे भाई जोगिंदर ने दर्शन सिंह को हराकर गुरुद्वारा के अध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित हुए। गुरुद्वारा प्रबंधक कॉमिटी के कुल 107 वोट में 100 सदस्यों ने वोट किया । जहा जोगिंदर सिंह को 77 वोट प्राप्त हुए वही दर्शन सिंह को मात्र 22 वोट मिले। 1 वोट निरस्त पाया गया। गुरुवार की सुबह दस बजे से वोट दोपहर ढाई बजे आसनसोल न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में वोटो की गणना की गई जहा जोगेंद्र सिंह को विजय घोषित किया गया। चुनाव को लेकर विजयी उमीदवार जोगेंद्र सिंह ने बताया कि प्रबंधक कॉमिटी का चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर किया जाता रहा है। जहा इस बार भी चुनाव हुआ।

सदस्यी ने अपना वोट किया। वही दर्शन सिंह ने बताया कि पहले चुनाव सर्व सम्मति से किया जाता रहा है। चुनाव की तैयारी या उस पर विचार को लेकर किसी प्रकार को कोई चर्चा न किये तिथि घोषित कर चुनाव सम्पन्न हुआ। जहा इन्होंने



की प्रक्रिया गुरुद्वारा के हाल में प्रारम्भ होने के साथ बड़ी संख्या में बराकर पुलिस के प्रभारी राज शेखर मुखर्जी के नेतृत्व पुलिस बल की मौजुदगी देखी गयी। इस प्रकार का चुनाव बराकर गुरुद्वारा में पहले कभी नही देखा गया। कहा कि कुछ सदस्यों के पास वोटर कार्ड नही है। उनको आधार कार्ड के नंबर के आधार पर वोट किया गया। ठीक है वोभी समाज के सदस्य है। वही कई वोटरों को प्रबंधक कॉमिटी के कार्ड पर आधार नंबर अंकित कर वोट किया। ।

## राणीसती दादी जी का 11 वां सावन सिंधारा झूला उत्सव बरक्कर में सम्पन्न

बराकर। श्री राणीसती सत्संग समिति बराकर द्वारा श्री राणीसती दादी जी का 11 वां सावन सिंधारा झूला उत्सव का भव्य आयोजन बराकर महाबीर धर्मशाला में बुधवार की रात्रि सम्पन्न हुआ। इस दौरान दादी जी के भव्य हरियाली श्रृंगार के साथ झूला में बिराज मान दादी जी



को छप्पन भोग लगाया गया। सावन के सिंधारा झूला उत्सव का शुभारंभ दादी की ज्योत जलाकर गणेश बन्दना के साथ समिति के सदस्यों द्वारा शुभारंभ किया गया। संस्था के सदस्य मनोज नियोगी एव उनकी धर्म पत्नी रानू देवी ने ज्योत जगा कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में धनबाद से आये भजन गायक मनोज सैन ने दादी के दरबार मे दादी के सिंधारा, झूला, हरियाली तीज गजरा, धमाल की एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति की। जहा श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। जिसमें मनोज द्वारा गायी गयी प्रस्तुति दादी ऐसी कृपा बरसा दे, आज कीर्तन में सबको नचा दे, वही सावन सिंधारा के भजन आई आई है सावनियरी तीज, सिंधारा दादी थारा करस्या, जैसे मनमोहक भजनों की प्रस्तुति पेस कर अपनी हाजरी लगाई। कार्यक्रम में बराकर कुल्टी चिरकुंडा की श्याम एव दादी भक्त उपस्थित हुए। वही समिति ने अपनी ओर से आने वाले दिनों अपना 28 वा दादी का वार्षिक कीर्तन महोत्सव की तिथि की घोषणा जल्द करेगी । कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के वरिष्ठ सत्यनारायण जालान, नबीन पोद्दार, बिनीत जालान, कैलाश गोयल, विजय गाड़ोदिया, संदीप माधोगाडिया, राजेश अग्रवाल, दिनेश सुहासरिया, रूपेश चौधरी का अहम योगदान रहा।

## सीतारामपुर से नेशनल हाईवे जाने वाली मार्ग जान लेवा बना

नियामतपुर। कुल्टी थाना नियामतपुर फाड़ी अंतर्गत सीतारामपुर स्टेशन नजदीक नेशनल हाईवे जाने वाले मार्ग में आज सुबह से ही एक्सीडेंट के 20 से 25 मामले सामने आए। जिसके बाद बोका बाबा मंदिर नजदीक रेलवे पंपू अस्पताल पहुंचे हैं।
वहीं जल्द ही मौके पर नियामतपुर फाड़ी पहुंच के दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए सड़क में जगह जगह पे सिविक पुलिस द्वारा दो पहिए चार पहिए वाहन से आवागमन कर रहे लोगों को सचेत किया गया



तालाब के पास लोगों ने रास्ते को घेर लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां पर नजदीक में ही साबुन एवं पंप ऑयल की फैक्ट्री है यह उसी में इस्तेमाल किए जाने वाली कोई केमिकल है जो सड़क के ऊपर रेलवे ब्रिज से लेकर नीचे रेलवे ब्रिज से विश्वकर्मा नगर मार्ग तक फैला पड़ा है। लगातार यहां पर आज सुबह से ही 2 पहिए वाहनों का एक्सीडेंट हुआ इससे न जाने कितने ही लोगों के पांव टूट गए हाथ टूट गए कोई बुरी तरह से जख्मी होकर के रास्ते में कोई तरल पदार्थ गिर गया है जिस कारण से दो पहिया वाहन से काफी एक्सीडेंट हो रही है धीरे धीरे ही वाहन चलाएं। नियामतपुर फाड़ी एसआई उज्जवल दे ने खुद मजदूरों संग मिल कर पूरे सड़क पर तरल पदार्थ गिरे हुए जगह पर ईंट को तोड़ना शुरू कर दिया ताकि कोई बड़ी दुर्घटना ना हो सके।
प्रशासन इसकी छानबीन कर रही है कि इस सड़क पर आखिर यह तरल पदार्थ कैसे गिरा है।

## मथुरा नगर निगम नहीं करा रहा मोहर्रम में सफाई, प्रकाश आदि की व्यवस्थाये



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मथुरा में 5 अगस्त 6, 7, 8 व 12 अगस्त 2022 तक अलम के जुलूस निकल और निकलेगें।7 अगस्त को छोटी दुलदुल का जुलूस विसायती खिड़की से,8 अगस्त को बड़ी दुलदुल का जुलूस नक्कारची टीला चौक बाजार से निकलेगा।9 अगस्त को ताजिया का जुलूस निकलेगा।मथुरा नगर निगम द्वारा जुलूस के रास्तों में, और जहां भी शहर में ताजिए रखे जाते हैं उनके आसपास, ना ही गलियों में गड्ढे भरवाए गए और ना ही प्रकाश की व्यवस्था की गई है ना सफाई का भी कोई कार्य कराया जा रहा है। एक तरफ तो मथुरा नगर निगम के नगर आयुक्त सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाते हैं वह फोटो खिंचवाते रहते हैं दूसरी तरफ मोहर्रम में उनके द्वारा कोई व्यवस्था ना किए जाने से अलमदार ताजियेदारो में मथुरा नगर निगम के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है। ताजिएदारों ने जिलाधिकारी मथुरा से अनुरोध किया है जहां–जहां भी ताजिये रखे जा रहे हैं वहां गलियों में सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ गलियों में हो रहे गडूडो को करवाया जाए।

## मेगा कैम्प आयोजित कर लगायी जाएगी बूस्टर डोज सात अगस्त को सभी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर आयोजित होगे कैम्प

☒ कोविड से बचाव के लिए जरूर लगवाएं एहतियाती डोज–सीएमओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। कोविड टीके की एहतियाती डोज को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर कोविड टीके की एहतियाती डोज मुफ्त लगाई जा रही है। अब इस अभियान को और गति देने के लिए सात अगस्त को एहतियाती डोज मेगा कैंप लगाया जाएगा।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर सात अगस्त को जनपद के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बने कोविड टीकाकरण केंद्रों पर मेगा कैंप आयोजित होगा। इसमें बड़ी संख्या में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोविड टीके की एहतियाती डोज लगाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि मेगा कैंप का उदघाटन मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा।
जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसपी राठौर ने बताया कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कोविड टीके की एहतियाती डोज लगवाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मेगा कैंप में आकर 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोग एहतियाती डोज लगवाएं। उन्होंने बताया कि मेगा कैंप के लिए इंटीग्रेटेड कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से फोन कॉल एवं निगरानी समिति, फ्रंट लाइन वर्कर, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दवारा व्यक्तिगत फॉलोअप किया जाएगा। डीएचईआईओ जितेंद्र कुमार ने



बताया कि एहतियाती डोज लगवाने के लिए ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट और वॉक इन अप्वॉइंटमेंट दोनों की भी सुविधा है।

## स्वतंत्रता के 75 वर्ष अभी तक नक्सलवाद समाप्त क्यों नहीं हुआ नक्सलवाद को बढावा देनेवालों के विरुद्ध वैचारिक संघर्ष जीतना आवश्यक -अधिवक्ता रचना नायडू





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नक्सलवाद देश की अंतर्गत सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा संकट है । भारतीय सेना विकट भौगोलिक परिस्थिति में बंदूकधारी नक्सलवादियों के विरुद्ध सक्षम होकर लड ही रही हैय परंतु यह लडाई लडते समय 'ग्रामीण लोगों की हत्या की', 'महिलाओं पर अत्याचार किए', 'मानवाधिकार का उल्लंघन किया जाता है', ऐसा दुष्प्रचार जब भारतीय सेना के विरोध में किया जाता है, तब उस वैचारिक संघर्ष में हम पराजित हो रहे हैं । बंदूकधारी नक्सलवादी केवल 25 प्रतिशत हैं तथा उनका शेष 75 प्रतिशत मनुष्यबल अलग अलग माध्यमों से यह नक्सलवाद प्रारंभ रखने का कार्य कर रहा है। नक्सलवाद का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समर्थन करनेवाले लेखक, पत्रकार, राजनीतिक नेता, सामाजिक कार्यकर्ता आदि के विरुद्ध वैचारिक संघर्ष जीतना आवश्यक है, ऐसा प्रतिपादन दुर्ग, छत्तीसगढ की अधिवक्ता रचना नायडू ने किया। वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित 'स्वतंत्रता के 75 वर्ष दृ अभी तक नक्सलवाद समाप्त क्यों नहीं हुआ ?' इस विषय पर विशेष ऑनलाइन संवाद में बोल रही थीं। अधिवक्ता रचना नायडू ने आगे कहा कि, सामान्य मनुष्य से लेकर राजनीतिक नेता और विविध क्षेत्रों के लोगों में से जिस किसी ने नक्सलवादियों का विरोध किया, उन सबको नक्सलवादियों ने चुनचुनकर मार डाला है । नक्सलवादियों द्वारा जिन लोगों के लिए लडने का दावा किया जाता है, उन्हें ही मारा जाता है, यह कैसी क्रांति है ? आत्मसमर्पण किए हुए नक्सलवादियों में से कोई भी उनकी विचारधारा से जुडे नहीं होते, ऐसा उनसे संवाद करने पर ध्यान में आता है । नक्सलवादियों ने उनके प्रभावित क्षेत्र में स्थित हिन्दुओं के अनेक मंदिर तोडे हैंय परंतु चर्च अथवा अन्य प्रार्थनास्थलों को उन्होंने हानि पहुंचाई है, ऐसा सुनने में नहीं आया है। छत्तीसगढ के अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में रहनेवाले नक्सलवादी जो राज्य की राजधानी तक भी नहीं पहुंच सकते । वे 'जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट' को सार्वजनिक समर्थन करना, नागरिकता सुधार कानून (सी.ए.ए.), तथा बंगलुरू में गौरी लंकेश की हत्या होने के उपरांत सडक पर उतरे हुए दिखाई दिए। छत्तीसगढ राज्य को पौराणिक, सांस्कृतिक इतिहास होते हुए भी 'नक्सलवादियों का राज्य' कहकर दुष्प्रचार किया जाता है, यह रुकना चाहिए, ऐसा भी अधिवक्ता नायडू ने अंत में कहा। (श्री. रमेश शिंदे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिन्दू जनजागृति समिति)

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट परिसर से शुभारंभ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ह र घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नितिन गौड ने स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया रैली का नेतृत्व जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्रा ने किया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ती और सुपरवाइजर ने हाथ में तिरंगा लेकर कलेक्ट्रेट सभागार से राजीव भवन तक रैली निकाली एवं राजीव भवन परिसर में राष्ट्रगान व वंदे मातरम् गीत गाकर हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की । इस अवसर पर आंगनवाड़ी सदस्य भारत माता की जय, बंदे मातरम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रही थी,। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा की भारतीय झंडा संहिता में दिए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। झंडे को यदि सरकारी परिसर में फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरांत ध्वजारोहण किया जाना चाहिए तथा सूर्यास्त के साथ ही सम्मान के साथ इसे उतारना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शहीद स्मारक पर राष्ट्रभक्ति के गीतों के गाने, ग्राम सचिवालय का शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर नामकरण करने हेतु भी प्रेरित किया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के गरिमामय रीति से भव्य आयोजन कराने एवं सेल्फी विद तिरंगा में युवाओं को प्रेरित करने हेतु निर्देशित भी किया वहीं सीडीओ डॉ नितिन गौड़ ने कहा कि 11 से 17 अगस्त के स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत जनपद वासियों में सहभागिता को प्रोत्साहित कर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। विद्यालयों में राष्ट्रगान नुक्कड़ नाटक तथा ग्राम पंचायतों में पौधारोपण, झंडा दौड आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चौधरी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को झंडा फहराने के नियम मानक के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिनव मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र की कार्यकत्री, मुख्य सेविका और सुपरवाइजर अपने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों, उनके माता–पिता के साथ हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकालेंगे और ग्रामीणों को तिरंगा फहराने के मानक के प्रति जागरूक भी करेंगे। डीपीआरओ किरण चौधरी ने कहा कि अंतर विभागीय समन्वय से हर धार तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र पाल सिंह पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजयलक्ष्मी मौर्य जीएमडीआईसी रामेंद्र कुमार, अपर





जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश कुमार यादव, सीडीपीओ अशोक सिंह, डीपीएम, एडीपीएम सोचना अधिकारी प्रशांत सुचारी अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने स्कूली छात्रों के बीच साइबर जागरूकता अभियान चलाया



सालानपुर। आसनसोल–दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय के पहल से सालानपुर थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र के स्कूलों में अभियान चलाकर छात्र–छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार सालानपुर कल्यानेश्वरी हाई स्कूल में छात्रो को जागरूक किया गया। छात्रो को जागरूक करते हुए सालानपुर थाना प्रभारी अमित कुमार हाटी ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए–नए तरीकों से लोगों का शिकार अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए सर्वप्रथम जागरूक होने की जरूरत है। सभी को यह समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े चालाक होते हैं। उन्होंने ने कहा कि बड़े सोशल प्लेटफार्म को सावधानी व सतर्कता के साथ प्रयोग करना चाहिए। जिस प्रकार से अपराधियों के द्वारा इंटरनेट मीडिया को साइबर क्राइम का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए छात्रों को खुद जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने ने कहा कि छात्रों एंव युवा वर्ग को फेसबुक हैकिंग, बारकोड़ के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट सोसल मीडिया साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्रों को विभिन्न उदाहरण दे कर जागरूक किया। फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से संबंधित फ्राड के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया गया। साथ ही अनजान लोगों से ज्यादा बात एंव सम्पर्क ना करने की बात कही।

## सेना में भर्ती का इंतजार हुआ खत्म,भारतीय सेना की वेबसाइट पर अभ्यर्थी करा सकते हैं अपना पंजीकरण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

- ऑनलाइन पंजीकरण 5 अगस्त 2022 से 3 सितंबर 2022 तक खुला रहेगा
- सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर के कर्नल बॉबी जसरोटिया ने दी जानकारी

मुजफ्फरपुर। सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर,सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया है कि अग्निवीर योजना के तहत सेना भर्ती रैली (पुरुषों के लिए) दिनांक 21 नवंबर 2022 से 04 दिसंबर 2022 तक चक्कर मैदान मुजफ्फरपुर मे आयोजित किया जा रहा है जिसमे सेना भर्ती कार्यालय, मुजफ्फरपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी 08 जिलो के अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते है। निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा बताया कि सभी अभ्यथियो को ॄरवपदपदकपंदंतउल.दपब.पद मे रजिस्टेशन करवा सकते है ऑनलाइन पंजीकरण 05 अगस्त 2022 से 03 सितंबर 2022 तक खुला रहेगा। इस बार अग्निवीर योजना के अंतर्गत 17 ) दृ 23 साल के युवा भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्कध्ैझज, अग्निवीर टेक्नीकल एंव आग्निवीर ज्तंकमेउमद की परीक्षा होंगी । तकनीकी में प्ज्ः ब्मतजपपिबंजम भ्वसकमत एंव 3 वर्ष के क्पचसवउं भ्वसकमत के लिए ॅतपजजमद म्•उ में विशेष प्रावधान रखा गया है साथ ही अग्निवीर क्लर्कध्ैझज में ब्वउचनजमत फनंसपपिमक अभ्यर्थियों के लिये भी विशेष ठवदने डंतो का प्रावधान है।अग्निवीर योजना के अंतर्गत शुरुआत में चार साल का



अनुबंन्ध होगा ।जिसके पश्चात उनकी चार साल के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन के आधार पर 25ः अग्निवीरों को सेलेक्ट किया जायेगा और उनके साथ 15 वर्ष का और अनुबंन्ध किया जायेगा। जो अग्निवीर चार साल के बाद वापस आऐंगे उन्हे विशेष सेवा निधी पैकेज मिलेगा। अग्निवीर (महिला) भर्ती प्रक्रिया दानापुर में आयोजीत किया जा रहा है उसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण 05 अगस्त 2022 से 03 सितंबर 2022 तक खुला रहेगा।सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन पंजीकरण ध्यान से भरें और भर्ती प्रक्रिया एक निशुल्क सेवा है किसी भी दलाल से सावधान रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड नंबर 14 शिवपुरी कॉलोनी जल भर की शिकायत पर महापौर और अधिकारियों के साथ जल भर की जगह का निरीक्षण किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर निगम मथुरा वृंदावन के वार्ड नंबर 14 शिवपुरी कॉलोनी में जनता द्वारा लगातार आ रही जलभराव की शिकायत पर मा0 महापौर डॉ मुकेश आर्यबंधु जी द्वारा अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं जलभराव की भीषण समस्या को देखते हुए आम जनता के आवागमन में हो रही समस्या को दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने तत्काल अधिकारियों को एस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के आदेश दिए एवं जल्द से जल्द सड़क निर्माण कर जलभराव की समस्या को दूर करने के आदेश दिए इस अवसर पर सहायक अभियंता एसपी मिश्रा अवर अभियंता मुनिदेव शिवम पवन हरिओम महिपाल आदि लोग उपस्थित रहे।



### फिर तमंचे के साथ चार गिरफ्तार, तीन राउंड गोलियों के साथ आग्नेयास्त्र बरामद

नियामतपुर। आसनसोल के कुल्टी थाना क्षेत्र के लक्छिपुर इलाके से पिछले तीन–चार दिनों में आग्नेयास्त्रों के साथ दो गिरफ्तारियों के साथ इलाके में आतंक फैल चुकी हैं। नियामतपुर फांड़ी पुलिस ने इसबार एक साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों को गुरुवार रात लच्छीपुर दिशा के पीछे के इलाके से गिरफ्तार किया गया साथ ही तीन राउंड गोलियों के साथ एक तमंचा बरामद हुआ। हालांकि नियामतपुर फांड़ी पुलिस ने तीन–चार दिन पहले तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। गुरुवार को चार लोगों की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, लेकिन जनता की चिंता बढ़ती जा रही है। नियामतपुर पुलिस ने नियामतपुर क्षेत्र में बार–बार आग्नेयास्त्रों की बरामदगी की जांच शुरू कर दी है।



### घर मे दिन दहाड़े हुई चोरी, नगदी सहित सोने के आभूषण चोरी

सालानपुर। सालानपुर थाना क्षेत्र के सालानपुर रेलवे स्टेशन के समीप काटाशेयर इलाके में गुरुवार सुबह चोरों ने बन्द घर के बाथरूम की खिड़की की ग्रिल काट कर घर के अलमारी में रखे सोने के आभूषण सहित 48 हजार नगद रुपये ले भागे। इलाके में दिनदहाड़े हुई चोरी से सनसनी फैल गई। वही मामले की सूचना पा कर पहुँची सालानपुर पुलिस ने घर की तस्वीरें ली एंव चोरी की घटना की जांच कर रही है। चोरी के बिषय में घर के मालिक सुब्रोतो मंडल ने बताया कि वे आसनसोल खून जाँच के लिए सुबह करीब 8 बजे गये थे, वापस करीब 12 बजे लौटने पर उन्होंने ने पाया कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है, दरवाजा खुला तो उन्होंने ने देखा घर के बाथरूम के खिड़की के ग्रिल काटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है, अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ है साथ ही अलमारी में रखे सोने, चांदी के आभूषण और नगदी भी चोरी हो गया है। सुब्रत मंडल के अनुसार, बदमाशों ने अलमारी का लॉक तोड़ कर 48,000 रुपये नकद और सोने के आभूषण चोर ले गये। सुब्रोतो मंडल ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत सालनपुर थाना में कर दी गई है।



### महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिए पसु संसाधन विभाग से 7000 मुर्गी के बच्चे दिए गए

सालानपुर। माननीय मुख्मंत्री ममता बनर्जी के अनुप्रेरणा से सालानपुर पंचायत समिति की पहल पर प्रखंड पशु संसाधन विभाग के सहियोग से सालानपुर ब्लॉक बीडीओ कार्यालय प्रागण में स्वयं महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये 720 महिलाओं को करीब 7000 मुर्गी के बच्चे दिए गये। सलानपुर पंचायत सभापति फाल्गुनी कर्मकार घासी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एंव बाराबनी विधायक बिधान उपाध्याय के पहल पर महिलाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए मुर्गी के बच्चों का वितरण किया गया है, जिससे महिलाओ मैं स्वयं रोजगार का सृजन करने में सुविधा होगी। इस दौरान पंचायत समिति अध्यक्ष फाल्गुनी कर्मकार घासी, उपाध्यक्ष बिधुत मिश्रा, बीएलडीओ डॉक्टर शुभाशीष पाल, पशु चिकित्सक डॉक्टर समेत अन्य मौजूद रहे।



### नियामतपुर सूर्य मंदिर में शिवचर्चा का आयोजन

कुल्टी। कुल्टी अंतर्गत श्री सुर्य मंदिर प्रांगण में संध्या 5:30 बजे श्रावन माह के पावन बेला पर नियामतपुर लिथुरीया रोड के शिव चर्चा महिला मंडली द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें 70 महिलाओं ने भाग लिया और चारो दिशाओं को भक्तिमय और शिवमय बनाया। विदित हो की प्रत्येक सप्ताह अलग अलग क्षेत्रों से महिलाएं शिवचर्चा सुर्य मंदिर में करती है। इसबार नियामतपुर लिथुरीया रोड के शिवचर्चा महिला मंडली द्वारा शिवचर्चा का आयोजन के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। विशेष व्यवस्था में पुरोहित मुन्ना मिश्रा, योगगुरु डॉक्टर रामा रावत, अजय कुमार साव, संजय साव, महेश सभा, दिपक कर्मकार और निर्मल गुप्ता मधेशिया उपस्थित थें।



### एन्टी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला चौयरमेन बने गणेश बाउरी

कुल्टी। समाज सेवी गणेश बाउरी को एन्टी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पश्चिमबंगाल में पश्चिम बर्धमान जिला के चौयरमेन बनाये जाने पर उनके सगे संबंधी एवं चाहने वालो में काफी खुशी है। और उन्हें सभी ने बधाई और शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी। गणेश बाउरी जिले के कुल्टी में रहते हैं। और हमेशा से ही समाज के कल्याण और लोगो की सेवा को लेकर सजग रहते हैं चाहे बात किसी की दुख की हो या गरीब असहाय की। चाहे समय दिन हो या समय रात की वो सहयोग को हमेशा तैयार रहते हैं। उनकी समाज की प्रति इस भावना और सेवा कार्य को देखते हुए गणेश एन्टी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने उन्हें जिला चौयरमेन बनाया। गणेश बाउरी ने कहा कि एन्टी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिये गए इस पद भार को मैं अपनी पूरी निष्ठा और लगन से निभाउंगा। मे मुझे इस पदभार को देने के लिए में फाउंडेशन का दिल से धन्यवाद करता हूँ।



## स्तनपान और स्तन कैंसर के बारे में बच्चियों को जागरूक किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी चम्पारण मोतिहारी। इनरव्हील क्लब आज दिनांक 4 अगस्त 2022 को चल रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन शहर के मिसकॉट मोहल्ला स्थित राजकीय मुजीब बालिका उच्च विद्यालय में किया गया इस आयोजन में स्तनपान और स्तन कैंसर के बारे में बताया गया। और बच्चियों को जागरूक किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की मेंबर आबिदा शमीम के प्रार्थना से किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राखी शाह जीने कहा कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान अवश्य करना चाहिए मां का गाढ़ा पीला दूध बच्चे के लिए नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन पीपी धीरा गुप्ता ने किया उन्होंने कहा कि जो महिलाएं स्तनपान कराती है। उनके बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं। शहर की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक रंभा पांडे जी स्तनपान की महाता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि जो माताएं स्तनपान कराती है उनमें प्री मेनोपॉज गर्भाशय के कैंसर मधुमेह उच्च रक्तचाप तथा अन्य प्रकार के बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

गर्भाशय का पुनः पूर्ण आकार ग्रहण कराने के लिए सहायक होता है। कार्यक्रम का समापन पीपी रजनी कौशल जी के धन्यवाद ज्ञापन के



अमृत के समान होता है। यह बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है।

करो ना कॉल में भारत में मृत्यु दर कम होने का प्रमुख कारण स्तनपान ही था विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद नियाज अहमद जी के द्वारा किया गया। इस मौके पर क्लब के सदस्य उषा कमल, अलका सिन्हा, कुमकुम शुक्ला ,अंजू श्रीवास्तव, तथा सरिता जयसवाल, उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी क्लब की एडिटर नीलम वर्मा ने दी।

## विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमों एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, सन अश्फ मल्लाह, श्री मुकेश साहनी के अध्यक्षता में , जिला कमिटी के समिक्षा बैठक किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना के 6,स्ट्रैंड रोड स्थित श्जुब्बा सहनी सभागारश में विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमों एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, सन ऑफ मल्लाह, श्री मुकेश साहनी के अध्यक्षता में , जिला कमिटी के समिक्षा बैठक किया गया, जिसमे मोतिहारी, बेतिया, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, छपरा, सिवान एवं गोपलगंज के जिला कमिटी के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में अगामी रणनीति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री उमेश सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैधनाथ सहनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ब्रह्मदेव चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्री बालगोविन्द बिन्द, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अलोक पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राहुल शर्मा, मोतिहारी जिलाध्यक्ष श्री अशोक सहनी, जिला पार्षद श्री मनोज सहनी, जिला युवाध्यक्ष श्री अजय कुमार चौधरी, बेतिया जिलाध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, जिला पार्षद श्री लालबाबु सहनी, श्री रणविजय कुमार मिश्रा, दरभंगा जिलाध्यक्ष श्री विनोद बम्पर, श्री विजय मुखिया, श्री पवन सहनी, श्यामसुंदर सहनी, शिवहर जिलाध्यक्ष श्री अमरेश सहनी, छपरा (छटै) जिलाध्यक्ष श्री हरेंद्र सहनी, श्री मनोज बिन्द, श्री रमेश सहनी, श्री गोपाल महतो, श्री अवधेश महतो, गोपलगंज (छटै) जिलाध्यक्ष श्री विनोद सहनी, श्री अर्जुन सहनी, पकड़ीदयाल प्रखण्ड अध्यक्ष चंदेश्वर कुमार, मधुबन प्रखण्ड यूवाध्यक्ष राकेश कुमार साहनी एवं पार्टी के कई वरीय पदाधिकरिगण मौजूद रहे।






## स्मार्ट प्रीपेड मीटर बहिष्कार व यूरिया कलाबजारी के खिलाफ माले ने किया विरोध-प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह




नरकटियागंज, यूरिया कलाबजारी पर रोक व स्मार्ट प्रीपेड विधुत मीटर के खिलाफ आज भाकपा माले द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया जो पार्टी कार्यालय से चलकर अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष पहुंचा जहां माले कार्यकर्ताओ ने इस बाबत मांग प्त्र सौंपा।

जहां इन्कलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा भाजपा–जदयु सरकार में जनता का चौतरफा खून चुसा जा रहा है।एक तरफ देश की जनता बेरोजगारी से परेशान है तो सत्तासीन संधी सरकार छात्र–नौजवान के साथ आम जनता का खुन चुसने पर अमादा है।इसी संदर्भ मे फरहान ने कहा की स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गलत बिलिंग की शिकायतें आये दिन आर्थीक रही हैं पर न तो भाजपा–जदयु सरकार जग रही है अंर न तो सम्बंधीत विभाग के अधिकारियों का।इसलिए हम करते हैं की इस प्रणाली को बंद किया जाये ताकी जनता को इस भयवाह आर्थीक मंदी से मुक्ति मिले।वहीं माले नेता केदार राम ने कहा की इस मौसम मे किसान पानी के लिए तरसे हैं और जब बारिश शुरू होई तो यूरिया किल्लत से।आज यूरिया तो मिल रहा है पर सरकारी दर पर नही बल्कि कलाबजारी दर जो बगैर रोक टोक के जारी है। इसलिए हम अपील करते हैं की प्रशासन जल्द–से–जल्द कलाबजाली पर रोक लगाये।

विरोध प्रदर्शन में सुरेश दुबे,दिनेश राम,महंत,शेख यूनुस, सुनिल कुमार, नजरे आलम, संजय गुप्ता शामिल थे।

## पुलिस ने अमित की हत्या के बाद विभिन्न बिंदुओं पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद शुरू की जांच

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) छौडादानो। कुख्यात नेपाली अपराधी अमित सिंह की रक्सौल अनुमंडल के सीमावर्ती गांव कोरैया जीवीसी कनाल पथ पर शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी द्य पुलिस ने शव मिलने के बाद विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी द्य पुलिस के अनुसार अमित सिंह पर महुआवा, आदापुर, दरपा थाना के अलावा नेपाल पुलिस थाने में भी कई संगीन मामले दर्ज हैं द्य पुलिस को आशंका है कि अमित की हत्या पैसे की लेनदेन के कारण ही हुई है ,क्योंकि अमित सिंह शराब के कारोबार में भी संलिप्त था ,जो हमेशा पुलिस को चकमा देकर अपना काम करता थाद्य महुआवा थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार चौधरी ने बताया कि अमित सिंह के पिता चेतन आनंद सिंह के आवेदन के आलोक में पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसमें सीमावर्ती गांव के 10 लोगों को नामजद किया गया हैं. महुआवा थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि दोषियों को जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा द्य इस घटना के बाद क्षेत्र में गैंगवार होने की आशंका बहुत बढ़ गई है, जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है.



आपको बताते चलें मृतक अमित सिंह नेपाल के बड़का फुलवरिया गांव का निवासी था। इस पर नेपाल तथा भारत में आधा दर्जन से अधिक मामलों में पुलिस को इसकी तलाश थी।

## गोस्वामी तुलसीदास जी ने जनमानस में आस्था और विश्वास स्थापित किया : डाक्टर अंजेश कुमार

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ। राम भक्ति के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास ने भारतीय जनमानस में आस्था और विश्वास को फिर से स्थापित किया। उनकी भक्ति भावना लोकमंगल से ओतप्रोत है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र में भक्ति ,शक्ति, शील और सौंदर्य को लोक भाषा में विकसित किया और लोक शक्ति को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए उन्हें सर्वाधिक रूप से शक्ति संपन्न बताया। तुलसी युग दृष्टा और युग द्रष्टा दोनों ही हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए अपने संपूर्ण साहित्य में प्रेम पर अधिकाधिक जोर दिया । उन्होंने वैष्णव और शैव मत को एक साथ जोड़ा साथ ही भक्ति और ज्ञान का , निर्गुण और सगुण का ,सन्यासी और गृहस्थ का आपसी मतभेद भी समाप्त किया । वास्तव में तुलसी एक लोक धर्मी और प्रयोग धर्मी संत के रूप में प्रतिष्ठित हुए । यह विचार आज संभावना चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक , सचिव तथा संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संरक्षक डॉ अंजेश कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जयंती समारोह का संचालन करते हुए संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संपादक प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने तुलसी के जीवन क्रम पर प्रकाश डाला तथा उनके संघर्ष को प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में संझा बाती पत्रिका के संपादक हेमंत कुमार ने तुलसी के प्रति काव्य पाठ किया । इस अवसर पर बाढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह , योगाचार्य हरिनारायण प्रधान , अरुण कुमार सिंह , गोपी कृष्ण आश्रम के संचालक ब्यास सुधीर कुमार , सुरेश चंद्र प्रसाद सिंह ,रोहित कुमार सिंह , बालमुकुंद शर्मा ,मुख्य वक्ता शशिभूषण प्रसाद सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक ने अपनी विद्वता पूर्ण शैली में गोस्वामी जी के उपलब्ध साहित्य और मानस विषयक प्रसंगों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किया । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह ने अपने उद्बोधन में तुलसी के प्रयोग के लिए प्रयोग के स्वभाव और अध्यात्म के बल पर ऊंचाई को पाने के विधाओं को उल्लेखित किया । अध्यक्षीय भाषण करते हुए प्रोफेसर डॉक्टर बालेश्वर चौधरी ने युवा पीढ़ी से राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा कहा कि आज राम को मानने से ज्यादा राम को जानने की जरूरत है । नई पीढ़ी राम को जाने और सियाराम मय सब जग जानी करो प्रणाम जोर जुग पानी के भाव का अनुपालन करें तो समाज का कल्याण और कुछ उत्तम आदर्श की सहज स्थापना हो सकती है। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्रधानाध्यापक भूपेंद्र प्रसाद सिंह ने किया । इस अवसर पर अनेक वक्ताओं का भी सम्मान किया गया । जयंती समारोह में बाढ़ के दर्जनों महानुभाव तथा वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



अहिंसा प्रशिक्षण से जुड़े कार्यकर्ता सनी कुमार , सुधीर कुमार , गुलशन तथा अणुव्रत आंदोलन के बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

## सुब्रतो मुखर्जी फुटबश्ल जिला स्तरीय प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) 6 अगस्त से 10 अगस्त तक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जिला स्तरीय टीम को भेजा जाएगा

शिवहर। नवाब हाई स्कूल के मैदान में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन शिवहर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता– 2022 का शुभारंभ डीएम मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया है। मौके पर शारीरिक उपाधीक्षक वरीय उप समाहर्ता रितु रानी, नवाब हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक शकील अख्तर , एवं शिवहर जिले के 9 स्कूलों के शारीरिक शिक्षक सहित मैच रेफरी सोनू कुमार, गोपाल प्रकाश लाइन्समैन सनी गोल्ड व प्रकाश कुमार मौजूद थे। डीएम मुकुल कुमार गुप्ता के द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि आप लोग ष्वक– दे– शिवहरष के नारा के साथ पाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल पाए उसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल पाए। पटना में आयोजित 6 अगस्त से 10 अगस्त तक राज्यस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में शिवहर का नाम रोशन करें। आपके नाम रोशन होने से आपके माता पिता के साथ साथ परिवार समाज एवं जिला का नाम रोशन होगा। डीएम ने बताया है कि जिला स्तरीय फुटबॉल टीम में शिवहर जिले के 9 विद्यालयों के अंडर–17 के तहत नवमी ,दशमी एवं 11वीं के बालक वर्ग के खिलाड़ी हैं। नवाब हाई स्कूल, कुशहर हाई स्कूल, तरियानी छपरा हाई स्कूल ,फतहपुर हाई स्कूल, अंबा कला हाई स्कूल, नयागांव हाई स्कूल, लालगढ़ हाई स्कूल, अदौरी हाई स्कूल तथा नरवारा हाई स्कूल के बालक वर्ग के छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। डीएम ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हर घर तिरंगा को लेकर शिवहर भाजपा ने की बैठक

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है आज इसी परिपेक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक देश के कोने कोने में मनाया जाएगा जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय शिवहर में जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम 9 अगस्त से 11 अगस्त 2022 तक प्रचार–प्रसार देश भक्ति भावना के लिए वातावरण निर्मित करना, तिरंगा यात्रा निकालना, हाट बाजारों में सार्वजनिक स्थलों पर हार्डिंग लगाना, 11 से 13 अगस्त 2022 को प्रत्येक वार्ड एवं गांव में रघुपति राघव राजा राम का भजन एवं वंदे मातरम का पूर्ण गीत के साथ प्रभात फेरी निकालना निर्धारित की गई है।

13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक देश भर में 20 करोड से अधिक परिवारों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के कार्यक्रम का आयोजन करना, सभी सरकारी भवनों, सरकारी कर्मचारियों का निवास पर ,सरकारी अधिवक्ताओं के निवास पर, सभी पुलिस चौकियों पर, सभी शिक्षण संस्थाओं, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ–साथ सार्वजनिक भवनों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कार्यक्रम होना है। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे संगठन द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों के बारे में बारी बारी से इस संगोष्ठी में बताया जिसमें उनका साथ जिला महामंत्री रवि शंकर सिंह ने दिया। इसी क्रम में सभी प्रकार के आवासीय एसोसिएशन युवा संगठनों साधु संतों के मठ तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के कार्यालयों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराने का निर्णय लिया गया।

11 से 15 अगस्त 2022 के बीच में जिले भर में महापुरुषों की मूर्तियों और स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए ,10 ,11 एवं 12 अगस्त को युवा मोर्चा द्वारा प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाला जाए ,इस पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी, सभी सांसद जनप्रतिनिधि अपनी प्रभावी भूमिका को निभाएंगे, सभी कार्यक्रम गरिमा पूर्ण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत तथा राष्ट्रीय गौरव एवं उत्साह के रूप में मनाया जाए ।राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सभी पोस्ट ऑफिस में है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ई–कॉमर्स वेबसाइट से भी आप प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए भी सभी को जानकारी दी गई। इस बैठक में जिले के महामंत्री अनिल कुमार सिंह, जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह ,डॉ राम बहादुर गुप्ता, किसान मोर्चा के महामंत्री पंकज पांडे ,सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार, शिवहर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि अशोक चंद्रवंशी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार गुप्ता ,रमाशंकर जी युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ,मुकेश राठौर पुरनहीया, मंडल अध्यक्ष शिव लाला सिंह, पिपराही मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, डुमरी कटसरी प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार उर्फ सोनू सिंह, शिवहर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार तरियानी उत्तरी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार आईटी सेल के संयोजक विजय चंद्रवंशी, पूरनहीया मंडल महामंत्री अमरेश दुबे लक्ष्मण प्रसाद सुशांत शेखर रत्नेश कुमार सोनी जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सभी कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों का गठन भी किया गया सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक इस अमृत महोत्सव को मनाने का संकल्प लिया।





## सकारात्मक सोंच के साथ तैयारी करते रहें सफलता निश्चित मिलेगी रु समरूल हसन



☒ समरूल हसन ने बीपीएससी में लहराया परचम, बने युवाओं के प्रेरणास्रोत

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बीपीएससी की परीक्षा में मेहसौल के एक युवक ने फिर से सफलता अर्जित की है। मेहसौल के युवक अब उच्च शिक्षा ग्रहण कर लोक सेवा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में परचम लहरा रहे है। मेहसौल वार्ड 13 निवासी स्व बदरूल हसन बद्र के छोटे पुत्र मो समरुल हसन ने बीपीएससी में सफलता प्राप्त कर मेहसौल को फिर से गौरवान्वित किया है। स्व बदरूल हसन बद्र को पढाई से विशेष लगाव रहा है। वह शिक्षक थे। वहीं जिला के नामचीन शायरों में उनकी गिनती होती थी। उनकी गजल संग्रह की पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है। शिक्षा के लगाव का ही असर था कि उन्होंने अपने पुत्र एवं पुत्री को उच्च शिक्षा दी। बड़े पुत्र मो सहरूल हसन सहर इनकम टैक्स आफिसर, मो फखरूल हसन फख्र सहायक शिक्षक के पद पर तैनात है। वही मो जफरूल हसन जफर बी–टेक कर नौकरी कर रहे है। सदरुल हसन सद्र , नजरूल हसन नजर भी सर्विस की तैयारी कर रहे है। पुत्री दरखशां आरजू भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।समरुल हसन की शिक्षा सीतामढ़ी से ही हुई। हसन ने 10वीं मथुरा, इंटर गोयनका कॉलेज एवं ग्रेजुएशन सुरसंड कॉलेज से की। ग्रेजुएशन के पश्चात पटना में फिर जामिया मिल्लिया इस्लामिया से सिविल सर्विस की तैयारी की। स्व बदरूल हसन बद्र के निधन के बाद उनके बड़े पुत्र मो सहरूल हसन ने जवाबदेही निभा अपने पिता के सपने को साकार किया। समरूल ने बताया कि अल्लाह का शुक्र है मुझे सफलता मिली। मेरी कामयाबी में मेरे मां और पिता का बड़ा योगदान है। हमेशा सिविल सर्विस के लिए प्रेरित करते रहे। उनकी निधन के बाद बड़े भाई सहरूल हसन ने उनकी कमी नही खलने दी। वहीं सभी भाईयों एवं बहन का साथ मिलता रहा। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य यूपीएससी करना है। सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से संदेश दिया कि सकारात्मक सोंच के साथ तैयारी करते रहें, सफलता निश्चित मिलेगी। समरूल की इस कामयाबी से परिवार सहित करीबी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। रिजल्ट आते ही लोगों ने घर पहुंच बधाई देने का तांता लगा है। वहीं दूरभाष पर लोग कामयाबी के लिए मुबारकबाद दे रहे है। मो नुरुल हसन आजाद, हसन साबित नजमी, मो ज्याउर रहमान, मदरसा रहमानिया के पूर्व अध्यक्ष मो अरमान अली, जदयू नेता मो जुनैद, पूर्व जिला पार्षद सह मदरसा रहमानिया के पूर्व सचिव मो अलाउद्दीन बिस्मिल, अफरोज आलम, मो नौशाद खान, सामाजिक कार्यकर्त्ता मो कमर अख्तर समेत अन्य ने कहा कि समरूल युवाओं के प्रेरणास्रोत बन गए है।

## नीतीश कुमार समाजिक सदभाव एवं समावेशी विकास के प्रतीक : पंकज मिश्रा

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला जनता दल यू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सीतामढ़ी की सांगठनिक समीक्षात्मक बैठक इंडिया गेस्ट हाउस के सभागार, राजोपट्टी, में नव मनोनीत अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इंजीनियर मो शकीलउर रहमान अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सांगठनिक समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि विधायक पंकज कुमार मिश्रा, जिला जदयू संगठन प्रभारी मेजर इकबाल हैदर खान,जिला जदयू अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा एवं पूर्व विधायक मोहम्मद खलील अंसारी थे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक पंकज कुमार मिश्रा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामाजिक सद्भाव एवं समावेशी विकास के प्रतीक हैं। उनके विकास में धार्मिक एवं जातीय भेदभाव नहीं रहा है। आप अल्पसंख्यक साथियों से आग्रह है कि जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को जिला से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लें। जिला जदयू संगठन प्रभारी मेजर इकबाल हैदर खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के तरक्की, विकास एवं शिक्षा के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वचनबद्ध एवं कटिबद्ध है। पंचायती राज एवं नगर निकाय के चुनाव में पसमांदा समाज को आरक्षण देकर के सत्ता में हिस्सेदारी एवं भागीदारी देने का काम किया। वहीं दूसरी ओर मदरसा शिक्षकों को समान काम– समान वेतन, तालिमी मरकज लागू करके समाज के कमजोर एवं गरीब तबके के लोगों को तालीम से जोड़ने का काम किया। बिहार के प्रत्येक जिले में बहुउद्देशीय भवन, रोजगार ऋण , अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक लोन, कब्रिस्तान घेराबंदी, अल्पसंख्यक छात्रावास जैसे सैकड़ों विकास के उदाहरण पेश किए। जिला जदयू अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की नीतीश कुमार के 17 वर्षों के कार्यकाल में एक भी धार्मिक एवं जातीय उन्माद नहीं हुआ है, बल्कि वर्ष 2005 से पूर्व की सरकार धार्मिक एवं जातीय भावना को उभार कर 15 वर्षों तक शासन किया, लेकिन अल्पसंख्यक समाज को केवल वोटर के रूप में इस्तेमाल किया। 17 वर्षों के शासनकाल में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यक समाज के तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। साथ ही कुशवाहा ने कहां की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 17 वर्षों के किए हुए कार्यों को गांव– गांव एवं जन– जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आज हमें संकल्पित होकर जाना है। पूर्व विधायक मोहम्मद खलील अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सीतामढ़ी संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने के लिए आप सभी साथियों को संकल्पित होकर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करना होगा। साथ ही जिला अध्यक्ष मो रहमान के नेतृत्व में 17 प्रखंडों का दौरा कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप साथियों के सहयोग से सीतामढ़ी संगठन बिहार में अव्वल रहेगा। श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शादाब अहमद खान ने कहां की नीतीश कुमार नेता नहीं एक विचार है इंसाफ के साथ तरक्की नीतीश की हर एक बात पक्की है, आजादी के बाद से आज तक किसी मुख्यमंत्री ने इतना काम नहीं किया जितना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने किया। बैठक को संबोधित करने वाले प्रमुख नेताओं में मो आजम खान, मो.जुनेद, मो संजिर आलम मंसूरी, वली अहमद खान , मोहम्मद असरार, मो.मुफीद बाजपट्टी, मोहम्मद सोहेल अरमान बेलसंड, मोहम्मद अंसारुल चोरौत, मोहम्मद रहमान परसौनी, मोहम्मद अमीरउल अंसारी, मोहम्मद बशारत अली करीम, अंजू शाह, सुजीत कुमार सिंह धीरेंद्र कुंवर, विजय कुमार । सुबोध भगत, युवा जदयू निवर्तमान जिला अध्यक्ष अमित कुमार सहाय, सहित दर्जनों ने संबोधित किया तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाने का संकल्प लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### यूरिया खाद की किल्लत से किसान है परेशान

(प्रेमचंद्र साह प्रखंड संवाददता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण)। मैनाटांड़ । प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत से किसान है परेशान लोग काफी दूर–दूर से एक यूरिया का बोरा 700 और 800 खरीद कर ला रहे हैं यूरिया ना मिलने के कारण ब्लैक से लोगों को महंगे दर से खरीदना पड़ता है बिहार सरकार अगर समय से यूरिया खाद देती तो किसानों को इतने महंगे यूरिया खाद नहीं खरीदना पड़ता लेकिन किसान क्या करेगा खेती के लिए दूर दूर से लाकर खेतों में दे रहा है यूरिया खाद ताकि उनका फसल सही समय से हो?



### बसनहीं थाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी हथियार के साथ एक गिरफ्तार किया

ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र के अतल्खा ढोला पछवारी के निवासी गुड्डू कुमार यादव, पिता ब्रजेश यादव। को बसनहीं थाना प्रभारी अविनाश कुमार सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर युवक को पुलिस ने हथियार के साथ धर दबोचा गिरफ्तार युवक को तलाशी लेने पर पास से एक लोडेड पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बसनही थाना प्रभारी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा बदमाशों पर काफी नकेल कसने का काम किया क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।



### खेत जोत गए किसान सह ट्रैक्टर ड्राइवर की निर्मम हत्या एवं हत्यारा ट्रैक्टर लेकर फरार

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना अंतर्गत मीराचक गांव में 45 वर्ष किसान महेंद्र यादव ,पिता अर्जुन यादव को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई ।जानकारी के अनुसार महेंद्र यादव खेत की जुताई करने शाम में निकले थे इसी दौरान दे रात अपराधियों ने हत्या को अंजाम दे दिया और ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए पुष्ट सूत्रों के अनुसार पांच साल पूर्व भी इनके पुत्र की हत्या कर दी गई थी । हालांकि इस पर परिजन कुछ भी कहने से बच रहे हैं ।पुलिस मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया है। इस हत्या के कारण पूरे गांव में मातम सा छा गया है और लोगों के बीच भय का माहौल बन चुका है परिवार वाले का रो रो कर बुरा हाल है और प्रशासन से गुहार लगा रहे है कि अपराधी को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और हमें इंसाफ मिलें।



### जिलाधिकारी ने कृषि फीडर से कृषि कनेक्शन व नलकूप का किया जांच

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।) शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा तरियानी प्रखंड अंतर्गत छतौनी, सरवरपुर, खाजेपुर तथा नरवारा में कृषि फीडर से बिजली की 16 घंटा विद्युत आपूर्ती तथा नलकूप का जांच किया गया जिसमें कुछ लाभुकों से संपर्क भी किया गया ,जांच के क्रम में कुछ कृषि बिजली के कनेक्शन भौतिक रूप से सत्यापित किया गया तथा साथ में जिला पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया है जिले में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए हर हालत में 16 घंटा बिजली कृषि फीडर में देना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। जिला पदाधिकारी के द्वारा लोगों को जागरूक भी किया गया , बिजली के माध्यम से पटवन करना बहुत सस्ता होता है जबकि डीजल के माध्यम से पटवन करना काफी महंगा होता है। स्थानीय लाभुकों द्वारा इस बात की सराहना की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा तरियानी चौक नलकूप चालू करने हेतु जल संसाधन विभाग के अभियंता को निर्देशित किया गया ,जिला पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता ,जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक विद्युत अभियंता तथा प्रखंड के कनीय विद्युत अभियंता तरियानी साथ अंचल अधिकारी मौजूद थे ?



### अनाज से वंचित विद्यालय को अगले सप्ताह उपलब्ध होगा अनाजय डीपीओ

’ वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बोखड़ा के दर्जनों विद्यालय में अनाज के कारण मिड डे मील बंद है। इस बाबत पीएम पोषण योजना के डीपीओ संजय कुमार देव कन्हैया ने कहा कि अनाज से वंचित विद्यालयों को अगले सप्ताह अनाज उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमआईएस से कुल 99 विद्यालयों में चावल का आवंटन सृजित नही हुआ था। जिसमें बोखरा के 77, रून्नीसैदपुर के 01, थुमा के 02, बथनाहा के 19 विद्यालय शामिल है। 99 विद्यालयों में आवंटन हेतु कुल 559 क्विंटल 38 किलोग्राम चावल का अनुरोध पीएम पोषण योजना निदेशालय, पटना को 27 जुलाई को ही किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निदेशालय से प्राप्त सूचना के मुताबिक शुक्रवार की शाम तक आवंटन कर आदेश राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध करा दिया जाएगा। अगले सप्ताह में संबंधित विद्यालयों को अनाज उपलब्ध करा दिया जाएगा। 99 विद्यालयों में जहां पूर्व से अनाज उपलब्ध है, उन विद्यालयों में एमडीएम संचालित है। 15 विद्यालय में अनाज उपलब्ध नही होने के कारण एमडीएम बंद है।

### अजे के सिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। मेहसौल चौक स्थित जे के सिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर के निदेशक डा तौहीद अनवर के अध्यक्षता में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां 517 महिला एवं पुरूष का स्वास्थ्य



परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, थाइराइड आदि की निःशुल्क जांच की गई। निदेशक डा तौहीद अनवर ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में जांच होने पर लोगों को उनके बिमारी का पता चल सकेगा। जिससे समय रहते उपचार करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से कुछ अंतराल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में डा इकरामुल हक, डा शारिक निशात, डा निशांत शेखर, डा वसीम अहमद रजा, डा बिलाल अंजूम, डा एम ए रहमान एवं डा स्वाति सिंह ने शिविर में आये आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा



जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़बनिया होल्ट रेलवे ट्रेक के पास 30 वर्षीय महिला की शब मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय शामू देवी को उनके हैवान क्रूर पति संतोष शर्मा ने सर तलब कर पत्नी की शव को पड़बनिया होल्ट रेलवे ट्रेक पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी महिला के भाई तक पहुँची तब लोगों में जानकारी फैली की इनकी हत्या उनके पति के द्वारा की गयी है। तीसरी प्रयास में पति ने हत्या को दिया। शामू देवी की मां मनिया मसोमात ने बताई की उनके बेटी के साथ उनका दमाद अक्सर मारपीट करता रहता था। उन्होंने बताई की 20 वर्ष पहले शामू की शादी धमसैना निवासी संतोष शर्मा से धूमधाम तरीके से सब कुछ ले देकर किया था। संतोष शर्मा भाई में अकेले था और मजदूरी का काम किया करता था। शामू देवी की मां ने बताई की शुरू के समय में जब मेरी बेटी को बच्चा नही हुआ तो उनको सब बांझ कहती थी और उनके साथ मारपीट करती थी। एक बार मेरी बेटी को जहर खिला दी लेकिन किसी तरह भगवान उनको बचा ली लेकिन मेरी बेटी पुलिस के पास नही गयी। दूसरी बार हैवान पति ने अपने पत्नी के गुप्तांग में सरिया डाल दिया जिससे वह काफी दिनों तक बीमाड़ रही फिर भी वह पुलिस के पास अपने पति के खिलाफ कंप्लेन करने नही गयी। इसी बीच में उनको तीन बच्चा हुआ जिनमें बड़ी बेटी 07 वर्ष की है बड़ा बेटा 05 वर्ष और छोटा बेटा 02 वर्ष का है। तीन बच्चे हुए अनाथ रोरोकर बच्चे का बुरा बच्चे के अनुसार पहले उनके पिताजी ने उनकी माँ को पीछे से बांधकर पिटाई किया उनके बाद उनको सुबह में कहीं ले जाकर मार दिया। हालांकि पोस्टमार्टम करावने अस्पताल पहुँचे एएसआई अरुण कुमार ने बताया कि रेलवे ट्रेक पर शव मिली है जांच के बाद पता चलेगा को कैसे यह घटना घटित हुई है।

## समस्तीपुर में टेली मेडिसीन एप पर परामर्श देने में डॉक्टरों की लापरवाही के लिए डीएम योगेन्द्र सिंह ने मांगा जवाब

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर में टेली मेडिसीन एप पर परामर्श देने में डॉक्टरों की लापरवाही को डीएम योगेन्द्र सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने नौ पीएचसी प्रभारी समेत 13 मेडिकल अफसरों से जवाब तलब किया है। इसमें ताजपुर, विभूतिपुर, मोहीउद्दीननगर, पटोरी, कल्याणपुर, जो लापरवाही प्रतीत होता है। साथ ही संबंधित पीएचसी प्रभारियों इस कार्यक्रम का अनुश्रवण भी नहीं कर रहे हैं। डीएम ने उक्त नौ पीएचसी प्रभारी से जवाब तलब करते हुए पूछा है कि आखिर क्यों नहीं इस कार्यक्रम का अनुश्रवण आपके स्तर से किया जा रहा है। टेली मेडिसीन सुविधा में बेहतर कार्य नहीं करने के मामले में ताजपुर के डॉ. दिक्षा



मोहनपुर, हसनपुर, समस्तीपुर एवं सिंघिया पीएचसी के प्रभारी शामिल हैं।

इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि 13 जुलाई को सीएस की अध्यक्षता में मासिक बैठक में ई संजीवनी टेलीकम्युनिकेशन में इन स्वास्थ्य संस्थानों से अधिकृत किए गए डॉक्टरों की उपलब्धि काफी कम पायी गयी। इन डॉक्टरों ने जून महीने में सौ मरीजों का टेलीकम्युनिकेशन नहीं किया है।

भारती व डॉ. जाहिन फातिमा, विभूतिपुर के डॉ. कुमारी करिश्मा व डॉ. आर्या, मोहीउद्दीननगर के डॉ. पल्लवी कुमारी, पटोरी के डॉ. अमरेश कुमार, कल्याणपुर के डॉ. रागहीब अंसारी व डॉ. प्रज्ञा प्राची, मोहनपुर के डॉ. अमित कुमार वर्मा, हसनपुर के डॉ. प्रियंका कुमारी, समस्तीपुर के डॉ. रुची कुमारी व डॉ. विकास एवं सिंघिया के डॉ. प्रियंका प्रियदर्शनी से भी जवाब मांगा गया है।

# रेवेन्यू ऑफिसर बन सृष्टि ने रचा इतिहास



विद्यापतिनगर दलसिंहसराय विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ! अनुमंडल क्षेत्र के विद्यापति नगर प्रखंड अंतर्गत बालकृष्णपुर मड़वा निबंध डॉ अंशु कुमार की पत्नी सृष्टि सागर ने रेवेन्यू ऑफिसर बन इतिहास रच दिया है ! सृष्टि ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (66बी) में 449वां रैंक लाकर अपने परिवार तथा पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है ! सृष्टि सागर बालकृष्णपुर मड़वा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मराज सिंह की पुत्र वधू एवं डॉ अंशु कुमार की धर्म पत्नी हैं ! सृष्टि ने बताया कि कड़ी मेहनत, लगन, धैर्य, स्वाध्याय और परिवार के सहयोग के बदौलत मुझे यह सफलता मिली है, मेरी सफलता में मेरे ससुर सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मराज सिंह एवं पति डॉ अंशु कुमार का बड़ा योगदान है ! सृष्टि सागर की सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। श्रीमती सृष्टि सागर के राजस्व अधिकारी बनने पर उनके ससुर धर्मराज सिंह, ननद अपर्णा कुमारी एवं पति डॉ अंशु कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह सफलता न सिर्फ मेरे परिवार की सफलता है, बल्कि पूरे गांव और प्रखंड के लिए गौरव की बात है ! सृष्टि की सफलता पर उन्हें अनेक लोगों ने बधाई दी है, जिनमें जदयू प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अपर्णा सिंह, संजीव कुमार साह, डॉ अवधेश कुमार शर्मा, चतुर्भुज प्रसाद सिंह, मुखिया संजीत साहनी, राजीव कुमार, प्रीति कुमारी (शिक्षिका) प्रशांत कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार शाह प्रमुख हैं।।

## पूर्वी चंपारण जदयू जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी आज पहुंची रक्सौल भाजपा विधायक प्रमोद सिंहा कुशवाहा के पैतृक गांव हैरैया , प्रकट की शोक संवेदना

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौलरूनव मनोनीत पूर्वी चंपारण जदयू जिला अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी गुरुवार को रक्सौल भाजपा विधायक श्री प्रमोद सिंहा कुशवाहा के बड़े सुपुत्र शैलेश कुमार सिन्हा के आकस्मिक मृत्यु की खबर सुनकर उनके पैतृक गांव हरैया पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी दु:ख व शोक संवेदना प्रकट की एवं पंचतत्व में विलीन दिवंगत शैलेश कुमार सिन्हा के मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. बता दें कि स्थानीय भाजपा विधायक श्री प्रमोद सिंहा कुशवाहा के बडे सुपुत्र शैलेश कुमार सिन्हा



का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में मंगलवार की रात्रि लंबी इलाज के बाद निधन हो गया था, जिससे परिजन समेत पूरे पूर्वी चंपारण मे गहरी शोक की लहर थी. दिवंगत शैलेश कुमार सिन्हा काअंत्येष्टि कल बुधवार शाम को हजारों की भीड़ में संपन्न हुई थी।

# जागरूकता सह प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला इनडोर स्टेडियम डुमरा सीतामढ़ी में आयोजित किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के मार्गदर्शन में जागरूकता सह प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला इनडोर स्टेडियम डुमरा सीतामढ़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया एवं सभी माननीय अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कंसलटेंट लीगल सेल कात्यायनी आनंद के द्वारा बताया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव देश भर में मनाया जा रहा है 30 जुलाई 2022 को अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार निरोध दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा बाल तस्करी से आजादी अभियान 1 अगस्त 2022 से 25 अगस्त 2022 तक चलाया जा रहा है । इस अभियान के तहत देश के 75 सीमावर्ती जिलों में बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख हित धारको यथा बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारी, बचपन बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता एवं अन्य के प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला किया जाना प्रस्तावित है इसी कड़ी में आज बाल तस्करी से आजादी विषय पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। बिहार के कुल 7 जिले अररिया, किशनगढ़, सुपौल, मधुबनी, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी तथा पूर्वी चंपारण में इस प्रकार का कार्यशाला आयोजित किया जाना है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के द्वारा बताया गया कि बाल तस्करी मानवता का सबसे घृणित रूप है जो एक सभ्य एवं विकसित समाज बनने में बहुत बड़ी बाधा है। समाज में इसके कई रूप हो सकते हैं जो किसी भी स्थिति में अस्वीकार्य है। बच्चे ट्रैफिकरो के लिए एक सॉफ्ट टारगेट होते हैं जिसे फोसर्ड लेबर, सेक्सुअल एक्सपल्याटेशन, अवैध एडॉप्शन, अंग व्यापार, तस्करी इत्यादि में दुरुपयोग किये जा रहे हैं। इंटरनेट एवं सोशल मीडिया टेक्नोलॉजी की और असीमित उपयोग ने समस्याओं को जटिल बनाया है। ट्रैफिकर अब तस्करी के लिए नए–नए हथकंडे अपना रहे हैं हमें भी इसके लिए समांतर एवं इससे आगे चलते हुए साइबर तरीके से होने वाले तस्करी पर पूर्णता रोक लगाने हैं। जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से वल्नरेबल बच्चों की पहचान लगातार की जा रही है बाल श्रमिकों का लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है जिला प्रशासन बाल तस्करी सहित संपूर्ण मानव व्यापार को पूर्णतः समाप्त करने के लिए कृत संकल्पित है। पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय के द्वारा बताया गया कि मानव व्यापार के रोकथाम के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं स्पेशल




जुवेनाइल पुलिस यूनिट कार्यरत हैं। प्रत्येक थाने में एक–एक पुलिस पदाधिकारी को किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के आलोक में बाल संरक्षण पुलिस पदाधिकारी नामित किया गया है। बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों को गत 30 जुलाई 2022 को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। और आज का कार्यशाला निश्चित ही अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं लाभदायक होगा। बाल तस्करी को रोकने में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिलों में अन्य के साथ मिलकर अत्यंत संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। मनीष शर्मा डायरेक्टर बचपन बचाओ आंदोलन नई दिल्ली के द्वारा बताया गया कि बाल तस्करी की रोकथाम के प्रयास में प्रथम 1 घंटे में किया गया कार्य बहुत महत्वपूर्ण होता है तत्परता एवं संवेदनशीलता से कार्य कर के बच्चों को मानव व्यापार के दलदल में फंसने से बचाया जा सकता है। वही बचपन बचाओ आंदोलन के अधिकारी के द्वारा बाल तस्करी के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने संबंधित अनेक उपाय बताए गए तथा अपने महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए गए। उक्त कार्यशाला में मंच का संचालन वरीय उप समाहर्ता–सह– सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई सोनी कुमारी द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन दिनेश कुमार साह बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा किया गया।

उक्त कार्यशाला में अपर समाहर्ता विभागीय जांच कृष्ण प्रसाद गुप्ता, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुबोध राउत, डीएसपी मुख्यालय राम कृष्णा, किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि सभी थानों से आए बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारी, चाइल्डलाइन एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रधान सचिव श्रम संसाधन विभाग-सह-प्रभारी सचिव सीतामढ़ी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं अन्य विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में अरविंद कुमार चौधरी (भा0प्र0से0) प्रधान सचिव श्रम संसाधन विभाग–सह–प्रभारी सचिव सीतामढ़ी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन एवं अन्य विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से कृषि से संबंधित प्रतिवेदन, यूरिया सहित उर्वरक की आपूर्ति, राजकीय नलकूप का संचालन, कृषि फिडर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं जले हुए ट्रांसफार्मर का बदलना, डीजल अनुदान से संबंधित प्रतिवेदन एवं बाढ़ पूर्व तैयारी एवं सुखाड़ से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें खरीफ 2022 में औसत एवं वार्षिक वर्षामापक का विचलन प्रतिवेदन विगत 3 वर्षों में वर्षामापक का तुलनात्मक प्रतिवेदन अगस्त 2022 का वर्षामापक प्रतिवेदन खरीफ फसलों का प्रखंडवार फसलों के आच्छादन का लक्ष्य एवं उपलब्धि लघु सिंचाई प्रमंडल सीतामढ़ी के अंतर्गत वियर योजना से संबंधित सिंचाई प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। साथ ही पिछले साल से इस वर्ष की धान रोपनी को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी से समीक्षा किया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि 15 अगस्त तक धान रोपनी शत–प्रतिशत कर ली जाएगी। उर्वरक की आपूर्ति को लेकर प्रखंडवार विक्रेताओं की संख्या खरीफ 2022 में उर्वरक की आवश्यकता एवं उपलब्धता। उर्वरक की कालाबाजारी एवं छापेमारी से संबंधित प्रतिवेदन में पाया गया कि 156 स्थानों पर छापेमारी की गई है जिसमें 27 जगह अनियमितता पाई गई 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई 2 की अनुज्ञप्ति रद्द किया गया एवं 20 से स्पष्टीकरण किया गई है। प्रभारी सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि उर्वरक की कालाबाजारी को लेकर टीम बनाकर बॉर्डर क्षेत्रों में निगरानी रखी जाए। राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में सभी जिलों में उर्वरक उपलब्ध कराई जा रही है। राजकीय नलकूप संचालन को लेकर लघु सिंचाई कार्यपालक अभियंता से समीक्षा की गई जिससे उन्हें निर्देश दिया गया कि अकार्यरत सभी नलकूपों को जल्द से जल्द चालू करें। विद्युत के क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर कार्यपालक अभियंता विद्युत द्वारा बताया गया कि अकार्यरत ट्रांसफार्मर को 4 से 5 दिनों के अंदर बदल दिया जाएगा। डीजल अनुदान में प्राप्त ऑनलाइन कुल 471 आवेदनों की समीक्षा में प्रभारी सचिव द्वारा जल्द से जल्द डीजल अनुदान का भुगतान किसान के खाते में भेजने का निर्देश दिया गया। वही बाढ़ पूर्व तैयारी एवं सुखाड़ से संबंधित समीक्षा को लेकर सीतामढ़ी जिला के नदियों के जल स्तर, प्रखंडवार वर्षामापक यंत्र की अद्यतन स्थिति में पाया गया कि सभी प्रखंडों में वर्षामापक यंत्र अधिष्ठापन है एवं कार्यरत है। बाढ़ से प्रभावित होने वाली संभावित क्षेत्रों एवं संकटग्रस्त व्यक्ति समूह की पहचान एवं नजरी नक्शा के तैयारी में पाया गया कि विगत वर्ष में बागमती, मरहा, मनुषमारा, ललबेकिया, अधवारा समूह एवं लखनदेई नदी से कुल 17 प्रखंडों की 238 पंचायतें प्रभावित हुए थे। गर्भवती महिलाओं की संख्या 4078 एवं धात्री महिलाओं की संख्या 4011 हैं । बाढ़ से प्रभावित होने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों की संख्या 59439 हैं। चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 माह की गर्भवती महिलाओं की संख्या 1195 है। नाव से संबंधित समीक्षा में पाया गया कि जिले में कुल सरकारी नाव की संख्या 43 एवं निजी नाव की संख्या 45 है कुल मिलाकर 88 नाव जिले में उपलब्ध है। लाइफ जैकेट की संख्या 193 एवं मोटर बोट की संख्या 12 हैं। जेनरेटर सेट पेट्रोमैक्स की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाती है इसके लिए स्थानीय भेंडरो की पहचान अंचल अधिकारियों द्वारा कर ली गई है। जिला अंतर्गत 2 महाजाल उपलब्ध हैं। जिला स्तर पर खादान आपूर्ति एवं अन्य सामग्रियों का दर निर्धारण एवं निविदादाताओ का चयन कर लिया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल सीतामढ़ी द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला अंतर्गत 40100 पॉलीथिन शीटस एवं 35563 पॉलिथीन शीट्स सभी अंचलों के गोदाम में भंडारित है जिले में कुल 75663 पॉलिथीन शीट्स उपलब्ध है। मानव दवा की उपलब्धता में जिला मुख्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 55 प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध है सभी प्रखंडों में कुल 64 मेडिकल कैंप चिन्हित किए गए हैं प्रखंडवार पंचायतवार महामारी दल एवं कुल 21 मोबाइल मेडिकल टीम का गठन कर लिया गया है। संभावित बाढ़ के समय पशु चिकित्सा हेतु जिला पशुपालन कार्यालय में 26 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध है। पशुचारा के लिए आपूर्तिकर्ता का चयन एवं दर का निर्धारण कर लिया गया है। सभी प्रखंडों में पशुओं के लिए 59 शरण स्थल चिन्हित किए गए हैं। संभावित बाढ़ के मध्य नजर कुल 1013 व्यक्तियों को संगठित कर बाढ़ राहत एवं बचाव दल का गठन कर लिया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता की टीम बनाकर तटबंधों के निरीक्षण कर संवेदनशील स्थलों रेनकट आदि स्थलों की मरम्मती कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त है मरम्मती कार्य जारी है, साथ ही संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा तटबन्धों का सतत निगरानी रखी जा रही है। जिसमें बागमती प्रमंडल सीतामढ़ी के 95,बागमती प्रमंडल रुनीसैदपुर के 27 एवं जल निसरण प्रमंडल सीतामढ़ी के 1 कुल 123 संवेदनशील एवं रेनकट स्थानों की संख्या प्राप्त है। तटबंध की सुरक्षा हेतु प्रस्तावित योजनाओं का समीक्षा किया गया जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा बागमती प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि तटबंध की रक्षा में लगे लोगों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं एवं प्रतिदिन तटबंध की स्थिति का फोटोग्राफ व्हाट्सएप ग्रुप में सभी लोग भेजना सुनिश्चित करें। ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ प्रमंडल सीतामढ़ी द्वारा सड़कों की



मरम्मती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राहत एवं बचाव दल के रूप में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित समुदाय के लोगों के उपयोग में 3300 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है साथ ही एसडीआरएफ के 32 सदस्ययी टीम जिला में प्रतिनियुक्त एवं कार्यरत है एवं 200 आपदा मित्र को भी प्रशिक्षित किया गया है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्रों का संचालन 24 घंटे किया जा रहा है। जिला में कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लिया गया है। वर्ष 2022 में आपदा सम्पूर्ति पोर्टल पर निबंधित परिवारों की संख्या 540183 है । विगत वर्ष में बाढ़ के कारण हुए फसल क्षति के लिए प्रभावित कृषको को कृषि इनपुट सब्सिडी का भुगतान 35944 किसानों में से 33085 किसानों के बैंक खाते में 11 करोड़ 12 लाख 92 हजार 1 सौ 73 रूपया 49 पैसा हस्तांतरण कर दिया गया है। प्रभारी सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि 15 सितंबर तक आपको सतर्क रहने की जरूरत है सभी एलॉट मूड में रहे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि पुलिस बल एवं होमगार्ड को चिन्हित कर बाढ़ से निपटने हेतु प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित करें। तत्पश्चात प्रभारी सचिव द्वारा सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं के समीक्षा के क्रम में जल–जीवन–हरियाली, मनरेगा, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं आवास योजना का समीक्षा किया गया। जिसमें मनरेगा में मुख्य रूप से अमृत सरोवर योजना में अभी तक कुल मानव सृजत दिवस कुल सृजत मानव दिवस में महिलाओं की भागीदारी एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भागीदारी पर समीक्षा की गई। साथ ही मजदूरों को सही समय पर मजदूरी भुगतान पर भी समीक्षा की गई। जिसमें सचिव के द्वारा मनरेगा के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया तथा लेबर डिमांड को बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा अंतर्गत बन रहें अमृत सरोवर योजनाओं की समीक्षा कर 75 लक्ष्य के अंतर्गत 25 अमृत सरोवर योजनाओं को पूरा करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष मनाने के क्रम में सभी निर्मित योजनाओं पर कोविड–19 का अनुपालन करते हुए 15 अगस्त को झंडोत्तोलन करने का निर्देश दिया गया। जल–जीवन– हरियाली अंतर्गत सभी अव्यय की समीक्षा की गई एवं जल संरचनाओं से संबंधित लक्ष्य पोर्टल पर प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिया गया। जल संरक्षण एवं कुआं पर कोई अतिक्रमण है या नहीं इसकी जांच कर जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।

जल–जीवन–हरियाली के पोर्टल पर जो भी योजनाएं अभी तक शुरू नहीं की गई है (जल संरचना को छोड़कर) उन सभी योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में कुओं को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया गया। वही सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा किसानों को एक्स्पोजर विजिट करवाते हुए योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत हुए प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान व्यक्तिगत शौचालय का कवरेज एवं गैप को चिन्हित कर इसे पूरा करने का निर्देश दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य परिसर को पूरा करते हुए उसके रख–रखाव एवं उपयोग हेतु निर्देश दिया गया। ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सभी आयामों में अगस्त माह के अंत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के क्रम में सहायक परियोजना पदाधिकारी आलोक कुमार द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रजेटेंशन प्रस्तुत कर योजना की जानकारी दी गई उनके द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक स्वीकृत लाभुकों में से लगभग 96 प्रतिशत लाभुकों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है शेष जल्द ही आवास पूर्ण कर लिया जाएगा। जिस पर प्रभारी सचिव द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई एवं उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में बिहार राज्य के द्वारा सबसे ज्यादा आवास पूर्ण कराया जा रहा है। आवास प्लस की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 23846 लक्ष्य में से 20970 लोगों को प्रथम किस्त एवं 10600 लोगों को द्वितीय किस्त दिया गया है ।

जिनमें से 4000 लोगों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है। 15 अगस्त तक 10000 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है पूर्व के प्रतीक्षा सूची में शेष बचे हुए 125 भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराकर आवास का लाभ 15 सितंबर तक दे दिया जाएगा। साथ ही प्रभारी सचिव द्वारा आकांक्षी जिला से संबंधित सभी इंडिकेटरो पर समीक्षा की गई एवं समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा जिले की रैंकिंग में सुधार करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय, उप विकास आयुक्त विनय कुमार, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## दहेज के लिए परिजनों ने किया विवाहिता महिला की हत्या

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा दो के कैलाश नगर में दहेज के लिए एक महिला की हत्या कर दी गई ।घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। ज्ञात हो कि रामनगर के लंगडा दिउलवा गांव के रहने वाले भुव ाल साह की बेटी की शादी 4 साल पहले बगहा के कैलाश नगर में भोला साह से हुई थी। वहीं परिजनों का



आरोप है कि संतान नहीं होने के कारण ससुराल वाले ने महिला को लगातार शोषण कर रहे थे। और साथ ही वे दहेज की भी मांग कर रहे थे ।जिसको लेकर विवाद बढ़ता गया ।जो अंत में ससुराल वालों ने विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। वहीं मृतका के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पुलिस ने पति समेत सास ससुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बड़गांव पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 74 पर टीएच आर का हुआ वितरण

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल



अंतर्गत बगहा एक व दो प्रखंड क्षेत्रों में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के देख रेख में टीएच आर का वितरण किया गया। इसी दरम्यान सेमरा चिउटहा तथा भैरोगंज क्षेत्रों में भी टीएच आर का वितरण किया गया। वही प्रखंड बगहा एक के बड़गांव पंचायत के बेलवा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 74 पर गुरुवार को आईसीडीसी के सुपरवाइजर उषा कुमारी के नेतृत्व में टी एच आर का वितरण किया गया। इसके दौरान सुपरवाइजर उषा कुमारी ने बताया कि आइसीडीसी कार्यालय के आदेश के आलोक में सरकार के मानक रूप से सभी बच्चों तथा धात्री, कुपोषित गर्भवती महिलाओं व अन्य लोगों को चावल दाल स्वाबिन सहित अन्य चीजों का समुचित रूप से वितरण किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका प्रीति कुमारी तथा सहायिका सविता देवी ने भरपूर सहयोग कर टी एच आर वितरण कराया।

## महावीरी झंडा में पहुंचा नेपाल दिल्ली का महिला व पुरुष पहलवान

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार केसरिया। थाना क्षेत्र के राजपुर पंचायत में विराट महावीरी झंडा सह दंगल प्रतियोगिता का आयोजन नागपंचमी के अवसर पर गुरुवार को किया गया। जिसमें दिल्ली नेपाल उत्तर प्रदेश



सहित विभिन्न प्रदेशों के महिला व पुरुष पहलवानों ने दंगल में हिस्सा लिया। इस तरह का आयोजन सिसवा खरार के बालगंगा पुल के समीप भी किया गया। सभी जगह प्रशासन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही। मौके पर मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, जयनारायण प्रसाद, रविंद्र प्रसाद ठाकुर, मुन्ना सागर, सरपंच नरेंद्र कुमार, रमेश पाण्डेय,डीलर सुरेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता विक्की राज, जयप्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक का निधन गांव में मातमी सन्नाटा

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ) ! दलसिंहसराय प्रखंड के मधयपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक मुकेश कुमार का बृहस्पतिवार को निधन हो गया, उनके



आकस्मिक निधन की खबर सुनकर शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई ! घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि बृहस्पतिवार को शिक्षक मुकेश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद वे असहज महसूस करने लगे, लोगों ने आनन–फानन में इलाज के लिए एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई ! शिक्षक मुकेश के आकस्मिक निधन से पूरे परिवार का रो–रो कर बुरा हाल है, वही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया समाचार प्रेषण तक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है !

## मशरक के मजदूर की नाशिक में मौत,शव पहुंचने पर परिजनों में मातम एक घायल

हरि किशोर सिह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मवरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के अरना पंचायत के अरना पुरब टोला गांव के मजदूर की नाशिक में मौत के बाद गुरुबार को शव गांव लाया गया जहां परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक अरना पंचायत के अरना पुरब टोला गांव के स्वर्गीय शम्भू भगत के 24वर्षीय पुत्र उपेन्द्र भगत हैं। दूसरा घायल व्यक्ति राजनारायण मांझी उर्फ पतरका के 18 वर्षीय पुत्र अनूप मांझी मौके पर संतोष सिंह



शिक्षक रामपूजन सिंह, अयज साह,बबन सिंह, विरेन्द्र सिह ने शोक व्यक्त किया और दाह संस्कार में मददगार साबित हुएं। परिजनों ने बताया कि मृतक नाशिक के चन्दौर में सिविल कंसट्रक्शन मे मजदूर का काम करता था वही पर ड्यूटी के बाद दोनो बाइक से बाजार जा रहे थे कि बैगन आर कार की टक्कर से उपेन्द्र भगत और अनूप मांझी घायल अवस्था मे हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने उपेन्द्र भगत को मृत घोषित कर दिया घायल का इलाज चल रहा है ।मृतक को तीन भाई है ।मृतक भाइयो मे सबसे छोटा है औरअविवाहित था । मृतक के शव को देख मां,भाभी भतीजे व बच्चों और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कि अब उनका भरण पोषण कैसे होगा।

## माननीय मंत्री श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन विभाग के द्वारा बाढ़ प्रभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया

आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन विभाग तथा सूचना एवं जन–संपर्क विभाग, श्री संजय कुमार अग्रवाल, सचिव, जल संसाधन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग, श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी सुपौल, श्री डी.अमरकेश, पुलिस अधीक्षक सुपौल, श्री विधु भूषण चौधरी, अपर समाहर्ता सुपौल, अनुमंडल पदाधिकारी वीरपुर, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग वीरपुर, विशेष कार्य पदाधिकारी सुपौल, प्रखंड विकास



पदाधिकारी बसंतपुर, श्री पवन कुमार, कनीय अभियंता, जल संसाधन विभाग वीरपुर, कोशी बराज के एस.डी.ओ एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न बाढ़ प्रभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में माननीय मंत्री एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा नेपाल प्रभाग में 2378 स्पर, फुलटेक 13 नंबर स्पर, 91.18 स्पर एवं 9.79 स्पर का निरीक्षण किया गया। नेपाल से वापसी में कोशी बराज,˚1 निर्मली कट प्वाइंट सीकरहट्टा मझारी निम्न बांध का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी संबंधित अभियंताओं को आवश्यक दिशा निदेश माननीय मंत्री द्वारा दिया गया।

## समस्तीपुर में आज जिला नियोजनालय कार्यालय की ओर से लगेगा जॉब कैम्प

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल बिहार के समस्तीपुर में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक जॉब कैम्प (श्रवइ ब्रंच पद ठपींत) का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजनालय कार्यालय की ओर से शुक्रवार 05 अगस्त 2022 मोहनपुर स्थित जिला नियोजनालय कार्यालय कैंपस में जॉब कैंप लगाया जाएगा। चयन– हेल्पर, साइड इंचार्ज, कंप्यूटर ऑपरेटर, टेली कॉलर, प्रोजेक्ट मैनेजर, अकाउंटेंट (भ्मसचमत, ैपकम प्दबींतहम, बवउचनजमत व्चमतंजवत, जमसम बंससमत, चतवरमबज डंदंहमत, ।बबवनदजंदज) इस जॉब कैंप में भाग लेने के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास होना अनिवार्य है। हालांकि स्नातक पास उम्मीदवार भी भर्ती के लिए इस जॉब कैंप में भाग ले सकते हैं। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए. वेतन रु 7,000 25,000 अन्य लाभ




यह जॉब कैंप सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। इस जॉब कैम्प में स्मार्ट–टच इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (SMART-TOUCH INFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED) की भर्ती के लिए युवाओं चयन किया जाएगा। भर्ती के लिए जरुरी डॉक्यूमेंट–इसके लिए आवेदक को अपना आधार कार्ड,पेन कार्ड, एवं बायोडाटा सहित योग्यता से संबंधित सभी प्रमाण–पत्र लाना होगा। इन पदों के लिए होगा अभ्यर्थी 10वीं पास होना आवश्यक हैं। अभ्यर्थी उम्र 18 से 35 के बीच होनी चाहिए। भर्ती के लिए योग्यता रू 10वीं पास उम्मीदवारों के लिए भर्ती पाने का यह बेहतरीन मौका है, क्योंकि 10वीं पास उम्मीदवार ये पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन स्थल रू जिला नियोजनालय कार्यालय, सरयुग महाविद्यालय के पास, (मोहनपुर पुल से पहले) मोहनपुर, समस्तीपुर 848101।

## श्री गोरखनाथ भावप्रावसेव आयुक्तकोशी प्रमंडल सहरसा के द्वारा सुपौल कार्यालय का निरीक्षण

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। श्री गोरखनाथ , भावप्रावसेव , आयुक्त , कोशी प्रमंडल , सहरसा के द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण , सुपौल कार्यालय का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय श्री मुकेश कुमार , उप विकास आयुक्त , सुपौल , श्री ब्रज बिहारी भगत , निदेशक , डीवआरवडीएवव , सुपौल एवं कार्यालय के सभी कर्मी ध्पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त द्वारा जिला ग्रामीण विकास विभाग अभिकरण कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियो यथा लोक सभाधविधान सभा प्रश्नोत्तर , लोक सूचना , लोक शिकायत निवारण , सीवपीवग्राम , मानवाधिकार , लोकायुक्त , मानवीय न्यायालय , मुख्यमंत्री जनता दरबार , आगत पंजी , निर्गत पंजी , रक्षी संचिका , राकर बही , अग्रिम पंजी , चेक निर्गत पंजी , बैंक पासबुक , कर्म पुस्त एवं विभिन्न संचिकाओ इत्यादि का अवलोकन किया गया। सभी संबंधित कर्मियों को लंबित पत्रों का ससमय निष्पादन करने एवं सभी पंजियों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। पदाधिकारियों को कार्यालय का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड/पंचायत अंतर्गत क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा योजना एवं स्वच्छता योजनाओं का कार्यालय स्तर पर टीम गठित कर जांच करवाने का निर्देश दिया गया।



## संत जॉन मारिया वियानी का पर्व संत जोसेफ कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल बाढ़ में मनाया गया

अमित कुमार संवाददाता पंडारक दैनिक अयोध्या टाइम्स। आज के दिन पूरे विश्व में कैथोलिक समुदाय के लोग जॉन मरिया वियानी का पर्व मनाते हैं एवं अपने धर्म गुरुओं के लिए विशेष पूजा अर्चन दुआएं ईश्वर से मांगते हैं यह पर्व अपने धर्म गुरु को समर्पित करते हैं। यह पर्व कैथोलिक पुरोहितों के लिए एक बड़ा ही महत्व रखता है संत पापा योहन 23वें के अनुसार बताया गया है कि असीसी के संत फ्रांसिस की तरह संत वियानी ने भी गरीबी का जीवन जिया। अपना पुरोहिता जीवन लोगों के के लिए समर्पित कर दिया। 2009में आरस, फ्रांस की पवित्र पुरोहित (CURE OF ARS) संत जॉन मरिया वियानी की 150 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर, पोप बेनेडिक्ट 16वें ने उन्हें हमारे समय के लिए प्रासंगिक बताते हुए सभी पुरोहितों के लिए पुरोहित जीवन के एक आदर्श के रूप में प्रस्तावित किया संत जॉन मारिया बियानी हमें अपने व्यक्तिगत जीवन द्वारा संसार में अपने समुदायों में खुशी और आशा का संचार करना और हमारी सेविकाई में निरंतर और दृढ़ बने रहना सिखाते हैं। यही संदेश को लिए सभी पुरोहित के लिए आज बड़ा ही विशेष दिवस होता है इस दिवस को बाढ़ के संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय में भी मनाया गया और यहां के पुरोहितों के लिए विशेष ईश्वर से दुआएं और आशीष सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर किए हैं उनका स्वास्थ्य निरंतर सही रूप से बना रहे हैं और वह हम लोगों के बीच सेवा सुचारु रुप से करते रहें। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा उन्हें पुष्प का गुच्छा आभार स्वरूप भेंट किया गया और पुरोहित लोग भी हम लोग के लिए विशेष आशीर्वाद प्रदान किए ।



## 5 अगस्त को महंगाई के खिलाफ समाहरणालय पर प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

बी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल और बिहार कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा के निर्देशानुसार महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बेतहाशा वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर जीएसटी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत सीतामढ़ी जिला कांग्रेस आगामी 5 अगस्त को डुमरा मुख्यालय के बड़ी बाजार से जिला समाहरणालय तक विरोध मार्च करेगी। इस संबंध में जिला कांग्रेस द्वारा अनुमंडल अधिकारी सीतामढ़ी सदर को सूचित किया जा चुका है। रीगा के पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कृपाल शर्मा, रकटू प्रसाद, रितेश रमण सिंह, प्रमोद नील, संजय बिररख, डॉ. राजीव कुमार काजू, अर्जुन खिरहर, मनोज सिंह, पूर्व प्रत्याशी मोनी गुप्ता, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज, रोशन कुमार झा बिट्टू, तराकांत झा, रामू मिश्रा, रणधीर चौधरी, किसान सेल के जिलाध्यक्ष विजय सिंह राठौर, बिरेंद्र राम, जय कृष्ण पूर्वे, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष भगवान यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष सरफराज शेख, सेवा दल के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार, लीगल सेल के संयोजक सेराज अहमद, सिकंदर हयात खान, शंभू शंकर भोला, चुन्नू सिंह, संतोष पासवान, राजू कुंवर, दिनेश राय, एमआई आदिल, दिलीप चौधरी, हैदर अंसारी, संजय शर्मा आदि ने जिला के कांग्रेसजनों एवं आम अवाम से विरोध मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## जन अधिकार छात्र परिषद के सहरसा जिला अध्यक्ष बने शंकर मंडल व बीएनएमयू का अध्यक्ष बने पिंटू यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार सहरसा जिला। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के निर्देशानुसार जन अधिकार छात्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोशन कुमार के द्वारा छात्र परिषद के प्रदेश स्तर, विश्वविद्यालय स्तर एवं जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी कड़ी में बिहार के सभी जिला अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष की घोषणा की गई।

इस दौरान छात्र जिला अध्यक्ष सहरसा के रूप में शंकर मंडल,बीएनएमयू मधेपुरा विश्वविद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू यादव व अध्यक्ष के रूप में ताबिश मेहर, प्रदेश महासचिव अमित कुमार,मोहम्मद कुतुबुद्दीन उर्फ केडी को मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शंकर मंडल ने कहा कि मैं धन्यवाद करता हूं जाप सुप्रीमो पप्पू यादव एवं छात्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम आनंद, प्रदेश अध्यक्ष रोशन कुमार एवं छात्र व सभी प्रकोष्ठ के हर एक कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष का साथ ही पार्टी संरक्षक छात्रों युवाओं के आदर्श पूर्व सांसद पप्पू यादव के सानिध्य में हर हमेशा छात्रों के हक और अधिकार की बात को सर्वोपरि रखते हुए हर एक समस्याओं के समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहूंगा। जिले के सभी कॉलेज एवं प्रखंड स्तर पर हमारी छात्र परिषद हर एक छात्रों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेगी।

विश्वविद्यालय अध्यक्ष ताबिश मेहर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जन अधिकार छात्र परिषद बीएनएमयू मधेपुरा के सभी कॉलेजों में छात्रों की समस्याओं के समाधान प्रति सदैव तत्पर रही है। इसी कड़ी को ध्यान में रखते हुए आगे भी हर एक समस्याओं को बखूबी से हमारी छात्र परिषद उठाने का काम करेगी।

खुशी जाहिर करते हुए जाप आईटी सेल जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार, एसएनएसआरकेएस कॉलेज अध्यक्ष अंशु कुमार सिंह ने कहा कि छात्र के हित में एक क्रांतिकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया है निश्चित ही हमारी छात्र परिषद हर एक छात्रों के मदद में काम आएगी।



इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करने वालों में पार्टी जिला अध्यक्ष रंजन यादव,शशि यादव,कमलेश्वरी यादव,हरिहर गुप्ता,जिबु आलम, प्रोफेसर अरविंद खां,प्रो0 जालेसर, किसान जिला अध्यक्ष अरविंद यादव,युवा शक्ति के कपिलदेव यादव,विक्रम यादव, युवा जिला अध्यक्ष समीर पाठक,छात्र प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश निराला, छात्र प्रदेश महासचिव पुनपुन यादव,छात्र नेता मनीष यादव,प्रखंड अध्यक्ष सत्तरकटैया महेश यादव,प्रवक्ता विपिन यादव,युवा नेता राजू यादव,उप प्रमुख प्रतिनिधि नवहट्टा चंदकिशोर यादव, नंदन कुमार, अनुज कुमार सिंह,सूरज सिंह, अंकित आर्या, गोलु कुमार,पंकज कुमार,रवि कुमार, रौशन सम्राट एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गए बगहा के तीन मजदूरों की मौत



⊠ बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपए अनुग्रह राशि देने का किया ऐलान

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गये बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला के रामनगर प्रखंड और बगहा प्रखंड एक अंतर्गत तीन मजदूर की मौत हो गई।वहीं हादसे में 6 अन्य मजदूर घायल हो गए।सभी मजदूर रात में सो रहे थे,उसी दौरान अचानक चट्टान गिर जाने से यह हादसा हो गया।घटना में घायल मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, घटना अरुणाचल प्रदेश के करदाबी जिला के पालन की है। बिहार के बगहा निवासी कई मजदूर काम की तलास में पलायान कर अरुणाचल प्रदेश गये हुए थे। जहां सभी मजदूर सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। बुधवार की देर रात सभी मजदूर सो रहे थे, तभी चट्टान गिरने से 4 मजदूरों की मौत हो गई। इसमें बिहार के 3 मजदूर शामिल हैं। वहीं 6 मजदूर घायल हो गये। घटना में मृतक की पहचान रामनगर के खटौरा गांव निवासी रामा मुसहर के पुत्र विरेन्द्र मुसहर, योगेन्द्र मुसहर के पुत्र विजय मुसहर और चौतरवा के सिकटौर गांव निवासी राजेश मुसहर के रूप में हुई है।इसी गांव के रहने वाला विकेश मुसहर उर्फ मंटू मुसहर बुरी तरह घायल हो गए हैं, जिसके कमर टूट गई है। जिसका इलाज जारी है। वही घटना की जानकारी मिलते ही बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक आश्रितों को 2–2 लाख रुपए अनुग्रह राशि देने का एलान किया है।

साथ ही घायल हुए लोगों को समुचित इलाज करने और मृतकों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचाने हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

## प्रखंड बगहा एक में दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के सभागार में दिव्यांगजन सशक्ती करण निदेशालय समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में विशेष पहचान पत्र (यूडीआईडी) बनाने के लिए गुरुवार को दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों से दिव्यांगता प्रमाण पत्र,आधार कार्ड या वोटर कार्ड,आवासीय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज लिए गए, और यूडीआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाया गया। निर्धारित समय अवधि के दौरान कार्यपालक सहायकों ने करीब 100 से अधिक दिव्यांगजनों का दस्तावेज लिया। बीडीओ कुमार प्रशांत ने बताया कि आवश्यक कागजातों के साथ प्रखंड बगहा एक के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया।जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र पहले से बना हुआ था। इस शिविर में कुछ ऐसे भी थे ,जिनके पास दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं था। बीडीओ ने वैसे लोगों को जांच कराकर पहले प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह दी।वही विभिन्न पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों की तादाद में लोगों की भीड़ लगी रही।जिसको लेकर प्रमाणीकृत दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए वांछित दस्तावेजों का सत्यापन किया गया।उन्होंने बताया जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण



कोषांग द्वारा 1 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक विशेष शिविर ऑफलाइन दिव्यांगता प्रमाण पत्र का सत्यापन करने के साथ यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए निरूशुल्क शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिसका लाभ दिव्यांजन ले सकते हैं।मौके पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कार्यपालक सहायक पंकज कुमार, मेडिकल की टीम और विभिन्न पंचायत के कार्यपालक सहायक मौजूद रहें।

## बीपीएससी की 66वीं संयुक्तपरीक्षा में रहा औरंगाबाद दिखा जलवा,

⊠ टॉप टेन में दो रहे शामिल, तीन ने लाया सम्मानजनक स्थान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह औरंगाबाद। बिहार लोक सेवा आयोग की 66वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में औरंगाबाद के दो अभ्यर्थी टॉप टेन में आएं है। परीक्षा के 685 सफल अभ्यर्थियों में मदनपुर के सलैया के अंकित सिंहा चौथे स्थान पर रहे जबकि शहर के सत्येंद्रनगर की मोनिका श्रीवास्तव ने आठवां स्थान हासिल किया है। अंकित ने बीपीएससी की परीक्षा में चौथा रैंक लाकर न सिर्फ जिले का मान बढ़ाया है बल्कि पूरे बिहार को भी गौरवान्वित किया है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अंकित कुछ अलग करने का माद्दा रखता था। यही वजह है कि उसने यह कठिन लक्ष्य मेहनत और लगन के बदौलत हासिल किया। अंकित की सफलता से उसका पूरा परिवार और उसके साथियों तथा पूरे मुहल्ले में हर्ष का माहौल है। सभी एक–दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी व्यक्त कर रहे हैं । अंकित ने सफलता पर सबके प्रति आभार जताते हुए कहा कि जीवन में अगर सफल होना है तो इसके लिए दृढ़ निश्चय तथा कठिन मेहनत करना ही होगा। अंकित का कहना है कि लगातार प्रयास से ही सफलता हाथ लगती है। कहा कि मैं छह साल तक फेसबुक और सोशल मीडिया से दूर रहा, ताकि ध्यान नहीं भटके। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले सोशल मीडिया से दूर रहें। गौरतलब है कि अंकित ने पूर्व में यूपीएससी की परीक्षा में 472वां रैंक हासिल किया था। वह आईएफएस में 43वां रैंक भी हासिल कर चुका है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होने के बावजूद परिजनों ने अंकित को पढ़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी। यहां तक कि अंकित को पढ़ाने के लिए उसकी मां को अपने जेवर भी बेचने पड़े। इतनी कठिनाइयों के बावजूद अंकित के कदम आगे बढ़ते गये और आज नतीजा सामने है। इसके पूर्व अंकित ने आईआईटी में 10 हजार एवं एनआईटी में छह हजार वां रैंक हासिल कर एनआईटी की पढ़ाई पूरी कर गुड़गांव में डेढ़ वर्ष तक निजी कंपनी में जॉब किया और जब कुछ पैसे अर्जित हुए तब वह यूपीएससी की तैयारी में जुटा। इसके बाद फिर उसने पीछे मुड़कर नही देखा। अंकित का यूपीएससी की परीक्षा में 197 वां रैंक रहा है। वह आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी का बेटा है जबकि उसके पिता विपिन बिहारी सिंहा छोटे व्यवसायी हैं। वही इस परीक्षा में छठा स्थान लानेवाली मोनिका श्रीवास्तव शहर के सत्येंद्र नगर निवासी ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाध्यापिका भारती श्रीवास्तव के पांच बच्चों में सबसे छोटी है। सफलता के बाद मोनिका अब बतौर स्टेट टैक्स कमिश्नर अपनी सेवा देंगी। बीपीएससी के परिणाम में उसने छठा स्थान प्राप्त किया है। वहीं लड़कियों की श्रेणी में वह प्रथम स्थान पर हैं। मोनिका शुरू से ही अत्यंत मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होने दसवीं तक की पढ़ाई औरंगाबाद के डीएवी पब्लिक स्कूल से की। वर्ष 2010 की दसवीं की परीक्षा में उन्होनें जिला टॉप किया था। कोटा से 12वीं के बाद उन्होंने जेईई मेंस की तैयारी की जिसमें उन्हें देश भर में 1259वां रैंक मिला। आईआईटी गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई के बाद वर्ष 2016 में मोनिका ने कॉरपोरेट सेक्टर में जॉब शुरू किया। विगत 6 वर्षों से वह बतौर आईआईटीएन चेन्नई स्थित पेपाल कंपनी में 36 लाख के सालाना पैकेज पर कार्यरत हैं। मोनिका का बीपीएससी में यह पहला प्रयास था जिसमें उन्होंने इतनी बड़ी सफलता हासिल की। मोनिका के पिता ब्रजेश श्रीवास्तव ग्रामीण कार्य विभाग के औरंगाबाद मंडल अंतर्गत बारुण में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। वही मां सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापिका है। ब्रजेश श्रीवास्तव के घर के पांचों बच्चे मेधावी छात्र रहे हैं। सबसे बड़ी बेटी प्रीतिका श्रीवास्तव लखनऊ में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं। उनसे छोटी श्रुतिका श्रीवास्तव एमडी पैथोलॉजिस्ट हैं। बड़े बेटे डॉ वैभव कुमार श्रीवास्तव भी चिकित्सक हैं और औरंगाबाद जिले में ही अपनी सेवा दे रहे हैं। वैभव कुमार श्रीवास्तव की पत्नी भी डॉक्टर हैं। सबसे छोटे बेटे श्वेताभ श्रीवास्तव ने भी हाल में 12वीं की परीक्षा में अपना परचम लहराते हुए राज्य भर में स्थान प्राप्त किया था जिसमे उन्होनें 99.52 परसेंटाइल प्राप्त किया था। मोनिका के नाना स्वर्गीय लाला शंभू नाथ पूर्व प्राचार्य और प्रख्यात शिक्षाविद रहे हैं तथा इनकी नानी अरुण लता सिंहा समाजसेविका हैं ।इनके मामा श्रीराम अम्बष्ट एवं कमल किशोर पत्रकार हैं। वही बारूण प्रखंड के उर्दीना गांव के निवासी मृत्युंजय कुमार सिंह की पुत्रवधु बेबी कुमारी ने 66वीं बीपीएससी परीक्षा में 67 वां स्थान लाकर जिले को गौरवान्वित किया है। बेबी को सफलता पर जदयू के वरीय नेता संजीव कुमार सिंह, तेजेन्द्र कुमार सिंह, सीडीसीएम जम्होर के मंत्री प्रसिद्ध नारायण सिंह, जदयू के सदर प्रखंड अध्यक्ष अजिताभ कुमार उर्फ रिंकू सिंह, जिला उपाध्यक्ष ऊंकार नाथ सिंह एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जगन्नाथ सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वही औरंगाबाद प्रखंड के जम्होर के सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह के पुत्र स्नेहजीत सिंह ने अपने प्रथम प्रयास में ही बिहार लोक सेवा आयोग की 66वीं संयुक्त परीक्षा में 381 वां रैंक हासिल किया है। उसे श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी का पद आबंटित किया गया है। अजीत सिंह ने अपने पुत्र को बधाई देते हुए कहा कि स्नेहजीत ने सामान्य श्रेणी में बगैर आरक्षण और बगैर किसी कोचिंग की सहायता से यह सफलता प्राप्त की है। यह उसकी योग्यता को दर्शाता है। यूहीं मेहनत करते हुए आप और ऊंचाइयों को हासिल कीजिए यही आशीर्वाद हम आपको प्रदान करते हैं। वही हसपुरा के निवासी नरेन्द्र गुप्ता की पुत्री खुश्बू गुप्ता(वर्तमान में सरकारी शिक्षक ) ने 66वीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा उतीर्ण कर सप्लाई इंस्पेक्टर के पद के लिए चयनित हुई है।

## मध्याह्न भोजन में अनियमितता को लेकर छात्रों ने किया हंगामा



दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स । मानसी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटी बल्हा में मध्याह्न भोजन में अनियमितता को लेकर छात्रों ने हंगामा किया। मध्याह्न भोजन में गुरुवार को बने चावल और दाल एवं सब्जी का मात्रा कम और अधिक पानी मिलने के बाद बच्चों ने हंगामा किया। दाल के नाम पर सिर्फ पानी परोसा जाता है। इसके बाद अभिभावकों द्वारा सूचना मिलने पर स्कूल पहुंचा तो गुणवत्ता की जांच की गई। जिसके फलस्वरूप दाल के नाम पर पानी ही पानी मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक खगेश कुमार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दाल घटना नहीं मिलने के कारण दाल नहीं घटाया। जिसके कारण लग रहा है कि दाल में ज्यादा पानी है ।और गैस खराब है ।इसी विद्यालय के रतन कुमार ने तो पोल ही खोल दी। उसने कहा कि प्रधानाध्यापक अपने ही मन से कागजी काम निपटा लेते हैं ।आज तक एक भी बैठक नहीं किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि 1 दिन की बात नहीं है ,रोज दिन इसी प्रकार का भोजन बनता है ।क्लास रूम के साथ शौचालय में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। साफ–सफाई भी ठीक से नहीं किया जाता है ।मौके पर रतन कुमार सिंह ,राजीव कुमार ,पंकज कुमार ,गौतम कुमार ,गोपाल कुमार इत्यादि ग्रामीणों तथा सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे। जिन्होंने डीएम साहब से अनुरोध किया है। कि एक बार छोटी बल्हा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आकर भी भोजन का स्वाद चखें।

# संक्षिप्त समाचार

## साहेबगंज प्रखण्ड में आज दिन गुरुवार को पीडब्ल्यूडी सॉन्ग के कार्य करणी टिम एवं पिओं साहब के द्वारा 42 दिव्यांग जनों को जॉब कार्ड दिया गया है



(जितेन्द्र कुमार राय हिन्दी दैनिक अयोध्या टाइम्स पेपर साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। साहेबगंज प्रखण्ड में आज पीडब्ल्यूडी संघ के कार्य करणी टीम एवं प्रखंड के पीओ साहब के द्वारा 42 दिव्यांग जनों का जॉब कार्ड दिया गया है ! और साथ में साहेबगंज प्रखण्ड क्षेत्र के 23 सो पंचायत को दिव्यांग जनों को सूचित किया जाता है कि अगर कोई दिव्यांग जॉब कार्ड अभी तक नहीं बनवाए होंगे वे अपनी प्रखंड के पीडब्ल्यूडी संघ के कार्य करणी टीम से संपर्क कर सकते हैं ! आपका विश्वासी पीडब्ल्यूडी संघ के कार्य करने से साहेबगंज मुजफ्फरपुर !

## कला,संस्कृति एवं युवा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का समीक्षा श्रीमति वन्दना प्रेयसी (भा0प्र0से0) सचिव,कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार के अध्यक्षता में इण्डोर स्टेडियम स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

कला , संस्कृति एवं युवा विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का समीक्षा श्रीमति वन्दना प्रेयसी ,(भा0प्र0से0) सचिव , कला , संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार के अध्यक्षता में इण्डोर स्टेडियम स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया । जिसमें अपर समाहर्त्ता , कृष्ण कुमार गुप्ता , जिला परिवहन पदाधिकारी रविन्द्र नाथ गुप्ता , वरीय उप समाहर्ता इति चतुर्वेदी , जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार , प्रशिक्षक एकलव्य राज्य आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र कबड्डी बालिका मेनका कुमारी , कबड्डी प्रशिक्षक त्रिपुरारी प्र0 ठाकुर , केन्द्र अधीक्षक रणजीत कु० सिंह , पंकज कुमार सिंह सचिव जिला कबड्डी संघ , सतीश कुमार सचिव जिला भरोत्तोलन संघ , संजीव कुमार सचिव जिला एथलेटिक्स संघ , श्याम किशोर प्रसाद स्पोर्ट प्रोमोटर । आज के बैठक में जिले में खेल को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कराने , खेल भवन–सह–व्यायामशाला को जल्द से स्वीकृति दिलाने एवं मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत संचालित एकलव्य प्रशिक्षक को और सुविधाएँ से लैस किया जायेगा । सचिव महोदया द्वारा एथलेटिक्स राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त फूल कुमारी , ए . आर . अनामिका एवं बिट्टू कुमार को बुके एवं मोमेंटो से सम्मानित कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया । कबड्डी बालिका एवं बालक खिलाड़ियों से भी मुलाकात कर उन्हें मेर्डल लाने एवं बेहतर प्रदर्शन करने हेतु उत्साहित किया । सचिव महोदया ने इंडोर स्टेडियम में अन्य खेलों की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विभाग में प्रस्ताव देने का निदेश जिला खेल पदाधिकारी को दिया।



## बलोर नदी में टेमा का पानी छोड़ने को लेकर किसानों ने किया विरोध


दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दिपू साह

पश्चिमी चंपारण नरकटियागंज अनुमंडल के पंचायत केहूनिया रोआरी के किसानों का कहना है की किसानों की स्थिति कैसे सुधरेगी जब आए दिन किसान कभी सुखाड़ की वजह से परेशान रहते हैं तो कभी बाढ़ की वजह से परेशान रहते हैं। उसमे हर वर्ष शुगर मिल के टेमा जैसी जहरीली पदार्थ नदियों में छोड़ने से जलिय जंतुओं को हानी पहुंचती ही है किसानो के खेत भी बंजर हो जाते हैं। इस सन्दर्भ में आम आदमी पार्टी के राजू वर्मा का कहना है कि कभी नरकटियागंज शुगर मिल द्वारा तो कभी रामनगर शुगर मिल द्वारा टेमा जैसी जहरीली पदार्थ नदियों में छोड़ने से प्रतिवर्ष हजारों एकड़ जमीन बंजर पड़ जाती है। जिससे किसानों का भूखमरी का सामना करना पड़ता है। श्री वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष भी किसानों ने आंदोलन किया था जिसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह आए थे लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया अब हम लोग बिहार सरकार के मुख्यमंत्री से यही अपील करते हैं कि जल्द से जल्द इस पर रोक लगे अन्यथा हम सभी किसान आंदोलन पर बैठेंगे।



## जड़ी बूटी वितरण तथा पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन

(प्रिया कुमारी ब्यूरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार) बाढ़। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में जड़ी–बूटी दिवस के अवसर पर योगाचार्य हरिनारायण प्रधान के संयोजन मे एसडीएम बाढ़ श्री कुंदन कुमार के सानिध्य में प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह राजू, जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ,भारत विकास परिषद के ग्रामीण शाखा के सचिव सुधीर कुमार गुलशन, योग शिक्षक देवेंद्र कुमार, अमित कुमार ,अजीत कुमार ,संजीत कुमार, जयप्रकाश, आकाश कुमार, राजीव कुमार एवं सुजीत कुमार के साथ अनेक गणमान्य लोगों के साथ जड़ी बूटी वितरण तथा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। अपने उद्बोधन में एसडीएम बाढ़ कुंदन कुमार ने कहा कि यदि हम अपना आहार–विहार ठीक रखें और हमारे अगल–बगल में ही अनेक प्रकार के जड़ी बूटी उपलब्ध है जिसके बारे में सही जानकारी हो तो हमें अंग्रेजी दवाई लेने की कोई आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि अंग्रेजी दवाई के अनेक दुष्प्रभाव पाए जाते हैं इसलिए अपना आहार–विहार को ठीक रखते हुए प्रतिदिन योग करें और शरीर में किसी प्रकार का समस्या होने पर आयुर्वेद में जड़ी बूटी का सही सदुपयोग करें तो हम लोग बिल्कुल स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । योगाचार्य हरिनारायण प्रधान के द्वारा अनेक प्रकार के जड़ी बूटी जैसे अश्वगंधा ,तुलसी, गिलोय एलोवेरा, लेमन ग्रास ,कड़ी पत्ता, पुनर्नवा, भूमि आंवला के बारे में बताया। हमारे शरीर में जो भी तत्व की आवश्यकता है परमात्मा के द्वारा सृष्टि में जड़ी बूटी, पेड़ पौधे के रूप में सभी तत्व उपलब्ध है। हम उसके सही जानकारी लेकर और लोगों को जागरूक बनाकर हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकते हैं। हमारा सौभाग्य है की हमारे सामने श्रद्धा आचार्य बालकृष्ण जी के द्वारा वर्ल्ड हर्बल इनसाइक्लोपीडिया के द्वारा लाखों प्रकार के जड़ी बूटी के बारे में बताया गया है। डॉ अशोक कुमार सिंह तथा राजेश सिंह राजू भी अपने उद्बोधन में जड़ी–बूटी के क्षेत्र में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के अनुपम योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में सबको गिलोय तुलसी का काढ़ा पिलाया गया।



## 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहिनी मुख्यालय में हर घर झंडा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 04.08.2022 को समय 1000 बजे से 1100 बजे तक 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, के वाहिनी मुख्यालय में "हर घर झंडा/हर घर तिरंगा" अभियान–2022 के तहत संदीक्षा कार्यक्रम में वाहिनी में उपस्थिति सभी बल्कार्मिकों व उनके परिवार के सदस्यों को थ्संह ब्वकम की विशेषताओं से अवगत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये जागरूक किया गया एवं सभी को अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया, द्य कार्यक्रम के दौरान 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, के उप–कमांडेंट श्री प्रदीप कुमार मेधी, उप–कमांडेंट श्री हरिमेंद्र कुमार दूबे वाहिनी के 57 अन्य बलकर्मी एवं 24 महिला सदस्य बलर्मिकों के परिवार से कुल 81 बलकर्मी व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे ।



## 5 सूत्री मांगों को लेकर कृषि समन्वयक ने जिला कृषि पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। कृषि समन्वयक ने अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को जिला कृषि पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताते चलें कि विगत 3 वर्षों से सभी कृषि समन्वयक अपने मांग से संबंधित आवेदन कृषि निदेशक महोदय पटना के साथ बैठेक एवं संदर्भ दिनांक 24/06/2020 तथा 17/06/2020 को कृषि निदेशक बिहार के साथ वार्ता किया था सभी योजनाओं का क्रियान्वयन कृषि समन्वयक के द्वारा ही किया जाता है फिर भी हमें उपेक्षित रखा गया है।

हमारी 5 मांगे निम्न है 1. सभी कृषि श्रमिकों का ग्रेड पे 2800 से बढ़ोतरी करते हुए तकनीकी एवं प्रोफेशनल योग्यता अनुरूप पे ग्रेड 4600 किया जाय। 2. कृषि समन्वयक पद नाम को बदलकर कृषि विकास पदाधिकारी (ADO) किया जाए। 3. प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति का कोटा कृषि समन्वयक के लिए 33: तथा सीधी नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट एवं अनुभव की आधीमानता का प्रावधान किया जाए। 4. कार्य की प्रकृति एवं दायित्व के अनुसार कार्य में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए संशोधन के रूप में



लैपटॉप मोटरसाइकिल एवं ऑपरेशनल ब्यय 4000 प्रतिमाह किया जाए। 5. कृषि समन्वयक पद को उर्वरक निरीक्षण घोषित किया जाए जिस में उर्वरक वितरण में जमीनी स्तर पर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का शत प्रतिशत अनुपालन हो सके कृषि समन्वयक आनंद द्विवेदी, शैलेंद्र दत्त तिवारी, रमेश गिरी आदि जिले के सभी कृषि समन्वयक इन सभी मांगों को लेकर 8 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

कृषि समन्वयक का कहना है कि बिहार कृषि कार्य समिति पटना की अध्यक्षता में हम जिले के सभी कृषि समन्वयक अपने पांच सूत्री मांगों को पूर्ण कराने हेतु 8 अगस्त 2022 सोमवार से मांग पूर्ण होने तक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है विगत कई वर्षों से अनेकों बार आश्वासन एवं वरीय पदाधिकारी गण के साथ बैठक के बाद भी हमारी मांग को पूरा नहीं किया गया है जबकि विभाग एवं सरकार तक को पता है कि कृषि विभाग के सभी

## जांच में कीड़ा का आरोप निराधार डीपीओ ने अपने समक्ष बनवाया मध्याह्व भोजन

वीके सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। नानपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय नानपुर में 2 अगस्त को मध्याह्न भोजन में कीड़ा की बात सामने आने पर मुखिया सुजीत कुमार द्वारा मध्याह्न भोजन पर रोक लगा दी थी। जिसकी सूचना नानपुर बीईओ ने पीएम पोषण योजना के डीपीओ संजय देव कन्हैया से की। सूचना पर डीपीओ कन्हैया के साथ नानपुर बीईओ उक्त विद्यालय की बुधवार पहुंच स्थलीय जांच की, जांच में यह आरोप निराधार पाया गया।

क्या था मामला– मंगलवार 02 अगस्त को मध्य विद्यालय नानपुर में मध्याह्न भोजन करते समय छठी वर्ग की छात्रा प्रीति कुमारी को सोआबीन में लाल रंग का पदार्थ मिला था, जिसे वह कीड़ा समझ बैठी। इसकी सूचना मुखिया सुजीत कुमार को मिली। उन्होंने मध्याह्न भोजन पर रोक लगा दी। हालांकि इसकी सूचना शिक्षक मुकेश महतो को मिलने पर प्रधानाध्यापिका मंजु कुमारी ने शिक्षकों और रसोईयां के समक्ष लगभग 50 सोआबीन फोरकर इसकी जांच की, परंतु प्रमाणित नही हो सका। शिक्षकों और रसोईयां ने सब्जी खाया, उन्हें ऐसा कुछ नही दिखा। बीईओ एवं डीपीओ ने की स्थलीय जांच– सूचना मिलने के पश्चात डीपीओ कन्हैया एवं नानपुर बीईओ मध्य विद्यालय नानपुर संयुक्त रूप से स्थलीय जांच करने बुधवार पहुंचे। डीपीओ कन्हैया ने बताया कि जांच में आरोप पूर्णतः निराधार प्रमाणित हुआ। संदेह पर कीड़ा की बात सामने आई थी, परंतु ऐसा कुछ नही था। डीपीओ ने अपने समक्ष बनवाया मध्याह्न भोजन– स्थलीय जांच में मामले को आधारहीन मानते हुए मध्यान्ह भोजन बनाने का आदेश दिया और अपने समक्ष मध्यान्ह भोजन बनवाया। प्रधानाध्यापिका मंजू कुमारी को मध्यान्ह भोजन बनाते समय प्रतिदिन एक शिक्षक से शुद्वता और स्वच्छता की जांच एवं अनुश्रवण कराने की जवाबदेही का निर्देश दिया।

## सामूहिक खेती पर किसानों को मिलेगी 90: सब्सिडी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ

आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, जिनका किसानों को लाभ मिल रहा है। किसानों को इन योजनाओं के माध्यम से कई तरह के लाभ प्रदान किए जाते हैं। जैसे– केंद्र सरकार की महत्वाकांशी योजना पीएम किसान योजना के तहत किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदान किया जाता है। इसके तहत किसानों को हर साल 6 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी तरह राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश सरकार की ओर से और यही नही इस संदर्भ में भी अवगत करा दू आप लोगो को किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को साल में दो बार 2–2 हजार रुपए कुल 4 हजार रुपए की राज्य सरकार की ओर से उनके खाते में दिए जाते हैं। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि से अलग है। इसी क्रम में किसान की आय बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की ओर से किसानों के लिए सामूहिक खेती योजना लेकर आई है। इस योजना के तहत जो किसान समूह बनाकर खेती करेंगे, उन्हें सरकार की ओर से कई प्रकार के लाभ प्रदान किए जाएंगे। सामूहिक खेती करने वाले किसानों को राज्य सरकार 90 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान करेगी।



## मधुबनी के जिला शिक्षा पदाधिकारी को डर नही

☒ माननीय पटना उच्च न्यायालय का अनदेखी कर रहे हैं।

☒ अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के आदेश का उल्लंघन कर रहें है।

☒ बेसिक ग्रेड के नियोजित शिक्षक 19 वर्षो से प्रतीक्षा कर रहें है।

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार।मधुबनी जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी स्नातक ग्रेड प्रोन्नति का पत्र नहीं निकाल रहे हैं। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग ने पत्रांक 111ध्बदिनांक 18 मई 2022 एवम सचिव शिक्षा विभाग के पत्रांक 872दिनांक 16जून2022 के द्वारा आदेशित किए है। आदेश में कहा गया है कि किसी के विभाग के कर्मियों का मनोबल बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि उनकी सेवा संबंधी मामले का त्वरित समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी कर्मी को अपने सेवा संबंधी मामले एवं सेवानिवृत्ति लाभ संबंधी मामले निष्पादन के लिए किसी भी कर्मी के कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं हो न लंबित रहे। बक्सर के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के पत्रांक 962 दिनांक 06ध्07ध्2022 को पत्र निकाल दिए है। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षा संघ के कार्य कारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने 15 .07. 2022 को जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने संघ के पत्रांक 01 दिनांक15. 07.2022 को स्नांतक ग्रेड में प्रोन्नति के लिए आवेदन दिए है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अभी तक पत्र जारी नही किया गया है। बेसिक ग्रेड के नियोजित शिक्षकों को 19 वर्षो के बाद भी प्रोन्नति नहीं मिल रहा है। जिससे शिक्षकों में अवसाद उत्पन्न हो गया है ये शिक्षक हिन भावना के शिकार हो गए हैं। जिससे शिक्षा विभाग की छबि धूमिल हो रही है। माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा आवमानना वाद एम जे सी संख्या 1742/2017 दिनांक।

## हाजीपुर प्रखंड के हरिहरपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीना के द्वारा हाजीपुर प्रखंड के हरिहरपुर में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर एक कार की जानकारी प्राप्त की गई। केंद्र कुरुक्षेत्र वहीं पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी जिला अधिकारी को उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी पहले मिट्टी जांच केंद्र के और वहां के जीव प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी ली। वहीं पर बताया गया कि प्रत्येक प्रखंड के 5 पंचायतों की मीटिंग का नमूना संग्रहण कर उसका जांच किया जाता है। यहां पर कोयल पक्षी के संवर्धन के लिए कोई विकास परियोजना का अवलोकन किया गया। बताया गया कि लगभग ₹2500 में इसका यूनिट तैयार हो जाता है जिसमें 10 से 15 चूजे होते हैं। विज्ञान केंद्र के परिसर में लगाए गए औषधीय एवं अन्य दूसरे महत्वपूर्ण पौधों के बारे में बताया गया। यहां पर मधुमक्खी पालन केंचुआ उत्पादन इकाई एवं बटेर प्रदर्शनी इकाई का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी कक्ष में हस्तकला के बारे में जानकारी दी गई। केले के रेशे से तैयार सामग्रियों को भी दिखाया गया और इसके लिए जीविका दीदी को दी जा रहे प्रशिक्षण के बारे में बताया गया।

दरअसल जिला अधिकारी के द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत वैशाली जिला में केले के विकास और इसके रेशे से बनने वाले उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जीविका दीदियों को कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण देने का निर्देश पूर्व में दिया गया था। आज जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त करें जीविका दीदियों से मिलकर उनके द्वारा अभी तक क्या–क्या सीखा गया की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस व्यवसाय में बहुत संभावनाएं हैं। अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर क्षेत्र में बेहतर करें। इसको लेकर जिलाधिकारी के द्वारा शुभकामना भी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जीविका दीदियों की सूची उनके मोबाइल नंबर के साथ बना ली जाए। यहां पर सेठ का निर्माण कराने तथा भवन के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव देने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया ताकि उस प्रस्ताव के आलोक में विभाग से वार्ता कर यह कार्य कराए जा सके। इस अवसर पर जिला अधिकारी के साथ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र सुनीता कुशवाहा रेशा निष्कर्षण अभियंता कुमारी नर्मदा विषय वस्तु विशेषज्ञ कविता वर्मा प्रेम प्रकाश गौतम प्रियादास एवं डॉ अनूप कुमार सिंह सहित कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी गंज जिला कृषि पदाधिकारी तथा सहायक निदेशक उद्यान उपस्थित थे।



## बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूह रोजगार बढ़ाने का करें प्रयास : जिलाधिकारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

हाजीपुर। जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा आरडीएस पहले हाजीपुर में जीविका एवं उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वयं सहायता समूह के वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा गया कि बैंक आगे आए और जीविका समूह को क्रेडिट लिंक उपलब्ध कराएं ताकि अपने रोजगार एवं व्यवसाय को बढ़ाने में सफल हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वैशाली जिला के उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का इस मामले में सहयोग सराहनीय है। यहां उपस्थित एलडीएम से जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य बैंक भी उदारता पूर्वक जीविका से जुड़े इसके लिए प्रयास करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय लिंग के निर्धारित समय सीमा के अंदर उपलब्ध करा दें ताकि जीविका को अपने रोजगार विस्तार में परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि वैशाली जिला में जीविका में बड़ी संभावनाएं हैं और स्वयं सहायता समूह के कारण भी सराहनीय है। आज जीविका दीदी हर क्षेत्र में कार्य कर रही है। इन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। एक बैंक सखी एक पंचायत के तर्ज पर वैशाली जिला के सभी पंचायतों में यह व्यवस्था खड़ी करने की बात कही गई। जिला अधिकारी के द्वारा जीविका दीदियों से उनके शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई और उन्हें बढ़ चढ़कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य के दौरान अगर कोई परेशानी या अर्चना रही है तो मुझे जरूर बताया जाए। उसका समाधान निकालने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम में जीविका के 2175 स्वयं सहायता समूह को 30 करोड़ 8,00,000, 50,000 का वित्तीय समावेशन उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक हाजीपुर के द्वारा किया गया। इस राशि का डमी चेक जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रभात रंजन तथा प्रबंधक श्री महेंद्र प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर श्री अरुण कुमार उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के पदाधिकारी 250 से अधिक जीविका दीदी सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका उपस्थित थे।



## जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल के आदेश के ढाई माह बाद भी आज तक जिला कार्यालय में जमा नहीं हुआ 15: अंतर वेतन भुगतान ऐडवाइस बिल : मनोज कुमार यादव



(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)

सुपौल। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि ढाई माह पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल के निर्देश पर टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सुपौल श्री राहुल चंद्र चौधरी से शांतिपूर्ण माहौल में 10 सूत्री मांगों की पूर्ति करने हेतु लिखित सहमति बनी थी कि आगामी 15 दिनों के अंदर 15: अंतर वेतन का भुगतान, छातापुर, राघोपुर,किशनपुर प्रखंड के शेष प्रशिक्षित शिक्षकों का प्रशिक्षित ऐरिएर का भुगतान, नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान, नवनियुक्त शिक्षकों का सेवा–पुस्तिका का संधारण, अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन भुगतान, चिकित्सा अवकाश आदि बिल का बकाया वेतन भुगतान कर दिए जाएंगे।लेकिन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सुपौल से लिखित वार्ता को ढाई माह बीत जानें के बाद भी अभी तक आधे अधुरे नवनियुक्त शिक्षकों एवं अप्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन भुगतान को छोड़कर एक भी समस्याओं का सम्पूर्ण निदान नहीं हुआ है।जिनसे सुपौल जिले के शिक्षकों में व्यापक आक्रोश देखी जा रही हैं,यदि जल्द से शिक्षकों के वेतन एवं ऐरिएर भुगतान से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कभी भी शिक्षकों का आक्रोश उग्र आन्दोलन का रूप ले सकती है।वहीं संघ के जिला महासचिव पवन चौधरी ने कहा कि जिला पदाधिकारी सुपौल एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल को त्वरित संज्ञान लेते हुए शिक्षकों की वेतन एवं ऐरिएर भुगतान से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निदान कर देनी चाहिए ताकि शिक्षक पूरे मनोयोग के साथ अपनी वेतन एवं ऐरिएर भुगतान से संबंधित समस्याओं को भूल कर विद्यालय में पुरे मनोयोग के साथ पठन–पाठन कार्य कर बच्चों के बेहतरीन भविष्य का निर्माण कर सकें।प्रायः देखी जा रही है कि शिक्षकों से हमारे वरीय अधिकारी अधिकाधिक अच्छा काम करने की अपेक्षा रखते हैं कि शिक्षक अपना कार्य अच्छा से करें,लेकिन स्वंय के टेबल पर शिक्षकों के वेतन एवं ऐरिएर भुगतान बिल को छह छह माह तक कार्यालय में तनिक लालच की पूर्ति के चलते रोके रखते हैं। ऐसे में कैसे शिक्षक पदाधिकारी और सरकार के उम्मीद पर खड़े उतरेंगे।

## बढ़ती तानाशाही मुस्लिमों को बदनाम करने की साजिश बुलडोजर राज कमरतोड़ महंगाई और लगातार बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर बिहार के जिला मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च : राजद

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल )

सुपौल । बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यालय में बैठक कर 7 अगस्त 2022 एवं 8 अगस्त 2022 को प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने की तैयारी हेतु महागठबंधन दल की दिन के 1रू00 बजे से राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड राजद अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने किया जिसमें कई मसले पर विचार किया गया । बेहद कम बारिश के कारण सूबे के किसान हलकान है। खेतों में धान के बिचड़े सुख रहे हैं । पूरे राज्य में सूखे की स्थिति बनी हुई है समय निकल रहा है , लेकिन न तो पर्याप्त बारिश हो रही है और ना ही नहरों में पानी है । सरकारी नलकूप बंद पड़े हैं । सरकार के पास इससे निपटने की कोई योजना नहीं है । बाढ़ और सूखा बिहार की नियति बन गई है । जल संसाधन के समृद्ध राज्य में पिछले 17 साल से विकास का ढोल पीटने वाली भाजपा जदयू सरकार इस मामले में एक सुसंगत नीति तक नहीं बना सकी। केवल जल संसाधन का मैनेजमेंट और असफल नहीं है । विगत 17 वर्षों के शासन में मानव विकास सूचकांक के सभी पैमानों पर राज्य की स्थिति बद से बदतर हुई है । सरकार के लंबे चौड़े दावे के विपरीत राज्य की 51.9: जनसंख्या अभी भी गरीब है । अफसरों की लूट और संस्थागत भ्रष्टाचार पर हर रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं । विश्वविद्यालयों के सत्र बेपटरी है । आधे से ज्यादा पद पद रिक्त है। दूसरी ओर मॉब लिंचिंग अपराध दलितों,महिलाओं, अल्पसंख्यकों पर हिंसा दलित गरीबों की जमीन से बेदखली , जहरीली शराब के जरिए जनसंहार पलायन आदि आज के बिहार का यही सचाई है । अब तो गरीबी और कर्ज के दबाव में आत्महत्या की प्रवृतियां भी खतरनाक रूप से बढ़ गई है । बुलडोजर की हनक बिहार के लिए भी आम हो गई है । राजधानी पटना में हाल ही में लोगों के घर ढाह दिए गए । ग्रामीण इलाकों में बरसों से बसे ग्रामीण गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है । मोदी सरकार ने तो आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है । गैस सिलेंडर का दाम 1100 रुपया से ऊपर पहुंच गया है । किताबों पर भी जीएसटी लगा दिया गया है । आजादी के 75 वर्ष में खाद पदार्थों चावल , आटा , गेहूं , मैदा , सूजी , दही , छाछ , लस्सी सहित अन्य अनाजों पर 5: जीएसटी लगा दिया गया है । एक और महंगाई की मार है तो दूसरी और सेना में भी अब ठेका का कारोबार है । यह देश की सुरक्षा और बेरोजगारों के जीवन से खिलवाड़ है । सेना में अब महज 4 साल की बहाली होगी । छात्र युवाओं ने जब इसका विरोध किया । तब उन पर बर्बर दमन ढाया गया । सैकड़ों युवाओं को जेल में डाल दिया गया है। जनता के जी ने थाने बोलने के हक को कुचल देने पर आमदा केंद्र सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को व मानवाधिकार की लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक, कार्यकर्ताओं जनता की खबर दिखाने वाले पत्रकारों , फिल्मकारों आदि को भी निशाना बना रही है । तानाशाही व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उपजे जनाक्रोश को संप्रदायिक बनाकर कमजोर करने की साजिश रची जाने लगी है । इसके लिए वह मुसलमानों के आतंकवाद का हौवा खड़ा कर रहे हैं । उत्तर पूर्वी भारत में मुस्लिम राज्य व संस्कृति के एक महत्वपूर्ण केंद्र फुलवारीशरीफ को आतंकवाद का गढ़ पता कर आज पूरे मुस्लिम समुदाय को बदनाम किया जा रहा है । इस पर मुसलमानों के रहनुमा होने का दावा करने वाले नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली है । भाजपा अपने मिशन 2024 में जुट गई है । मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बनाकर वह देश की सत्ता पर फिर से कब्जा कर लेने की फिराक में है । वह हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं । भाजपाइयों की इस साजिश को बेनकाब करना होगा जनता के बुनियादी सवालों की लड़ाई से यह सरकार घबराती है 5 जून को पटना में आयोजित महागठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन से हमने देश में अघोषित तानाशाही व लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन के लिए जन सवालों पर चरणबद्ध आंदोलन करने का संकल्प लिया था । उसी कड़ी में 7 अगस्त को सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था । दिल्ली पटना की सरकार के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान करें ।

मुख्य मांगे– बिहार को सूखाग्रस्त घोषित करो । सरकारी नलकूपों को चालू करो । कृषि कार्य के लिए 24 घंटे फ्री में बिजली दो। महंगाई पर रोक लगाओ ,डीजल , पेट्रोल , गैस की बढ़ी कीमतें वापस लो और खाद्यान्न दूध , दही पर लगे जीएसटी वापस लो। कर्ज से लगातार हो रही आत्महत्याओं पर रोक लगाओ । महाजन सुद खोरी माइक्रोफाइनेंस कंपनियों सहित 500000 तक के सभी सरकारी गैर सरकारी कर्ज माफ करो सभी गैर आयकर दाता परिवारों को प्रति महीना 7500 रुपया दो। मनरेगा मची लूट पर रोक लगाओ । मनरेगा में 200 दिन काम और न्यूनतम 600 मजदूरी का प्रावधान करो । शहरों में भी मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करो । दलित गरीबों के बिजली बिल माफ करो पंजाब दिल्ली की तर्ज पर सभी गरीबों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दो। बुलडोजर आज पर रोक लगाओ । बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों दलितों आदिवासियों अल्पसंख्यकों सहित कमजोर वर्ग के लोगों के घर व जीविका स्थलों के उजाड़ने पर रोक लगाओ दिल्ली की तर्ज पर शहरों में अनाधिकृत कॉलोनियों को कानूनी मान्यता दो। आतंकवाद वह देश विरोधी गतिविधियों के कथित मामले में फुलवारी शरीफ व मुसलमान समुदाय को बदनाम करना बंद करो । संदिग्धों के आतंकी कनेक्शन के ठोस सबूत दो। देश में नफरत व हिंसा का माहौल बनाने वाले संविधान विरोधी ताकतों का कठोर नियंत्रण करो । भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को तत्काल गिरफ्तार करो । दलितों महिलाओं अल्पसंख्यकों पर हिंसा व दमन के खिलाफ सख्त कदम उठाओ।

'संप्रदायिक हिंसा से तबाह हुए लोगों के न्याय की लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता शीतल बार आरबी श्रीकुमार आदि पर से फर्जी मुकदमे वापस लो उन्हें अविलंब रिहा करो। कार्यक्रम में महागठबंधन के (राजद , भाकपा , सीपीआईएम एवम सीपीआई) बिहार के पदाधिकारीगण यदुवंश कुमार यादव , रामनाथ मंडल , विजय कुमार यादव , अजय कुमार अजनबी , अनोज आर्य उर्फ लव यादव , जय नारायण यादव , अरविंद शर्मा , जितेंद्र चौधरी , सुरेंद्र कुमार श्यामल , शिव नारायण यादव , रामसागर पासवान , मदन कुमार पासवान , चंद्रिका कुमारी , महादेव यादव , भोला यादव , मोहम्मद केशर , नीतीश मुखिया , दुखिलाल यादव , पप्पू कुमार यादव , बिक्रम कुमार , बौवा कुमार , सुनील कुमार , बिनोद कुमार , डॉक्टर चंद्रभाष यादव , मनोज यादव , मंगल मुखिया , जयकुमार , अजित कुमार , रामप्रसाद यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# संक्षिप्त समाचार

## जल संसाधन मंत्री ने किया कोसी नदी एवं कटावरोधी कार्य का नीरीक्षण

(सत्य नारायण कामत दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ निर्मली सुपौल)। जलसंसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने गुरुवार को अनुमंडल में चल रहे। कटावरोधी कार्य का नीरीक्षण किया स निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदकों को कटावरोधी कार्य व तटबंध की मरम्मत का कार्य निर्धारित समय तत्परता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। कुनौली बतनाहा स्पर पर लगे कटाव तथा डगमारा चुटीयाही स्पर`.1 पर लगे कटाव का निरीक्षण करने के बाद विभाग के अधिकारियों साथ कई बिंदुओं पर चर्चा एवं दिशा निर्देश दिया स और दियारा इलाके में लगे कटावरोधी कार्य का निरीक्षण करने के दौरान जल संसाधन मंत्री ने तमाम अभियंताओं को चल रहे कटाव निरोधक कार्य को हर हाल में ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही चुटीयाही सिकरहटा के बीच में पिछले वर्ष जो कटाव (कटिंग) हुआ था उसमें बह रहे सिपेज को बन्द करने को कहा ताकि पानी का रिसाव न हो सके। मौके पर सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## गोस्वामी तुलसीदास जी ने जनमानस में आस्था और विश्वास स्थापित किया : डॉ अंजेश कुमार

(प्रिया कुमारी ब्यूरोचीफ अयोध्या टाइम्स पटना बिहार)बाढ़। राम भक्ति के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास ने भारतीय जनमानस में आस्था और विश्वास को फिर से स्थापित किया। उनकी भक्ति भावना लोकमंगल से ओतप्रोत है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र में भक्ति ,शक्ति, शील और सौंदर्य को लोक भाषा में विकसित किया और लोक शक्ति को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए उन्हें सर्वाधिक रूप सेशक्ति संपन्न बनाया। तुलसी युग दृष्टा और युग दृष्टा दोनों ही हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए अपने संपूर्ण साहित्य में प्रेम पर अधिकाधिक जोर दिया। वैष्णव और शैव मत को एक साथ जोड़ा। भक्ति और ज्ञान का, निर्गुण और सगुण का,

सन्यासी और गृहस्थ का आपसी मतभेद समाप्त किया। वास्तव में तुलसी एक लोक धर्मी और प्रयोग धर्मी संत के रूप में प्रतिष्ठित हुए। यह विचार आज संभावना चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजिततुलसी जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक सचिव तथा संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संरक्षक डॉ अंजेश कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जयंती समारोह का संचालन करते हुए संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संपादक प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने तुलसी के जीवन क्रम पर प्रकाश डाला तथा उनके संघर्ष को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सझा बाती पत्रिका के संपादक हेमंत कुमार ने तुलसी के प्रति काव्य पाठ किया। इस अवसर पर बाढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह योगाचार्य हरिनारायण प्रधान ,अरुण कुमार सिंह ,गोपी कृष्णआश्रम के संचालक ब्यास सुधीर कुमार ,सुरेश चंद्र प्रसाद सिंह ,रोहित कुमार सिंहबालमुकुंद शर्मा ,मुख्य वक्ता शशिभूषण प्रसाद सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक ने अपनी विद्वता पूर्ण शैली में गोस्वामी जी के उपलब्ध साहित्य और मानस विषयक प्रसंगों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह ने अपने उद्बोधन में तुलसी के प्रयोग के लिए प्रयोग के स्वभाव और अध्यात्म के बल पर ऊंचाई को पाने के विधाओं को उल्लेखित किया। अध्यक्षीय भाषण करते हुए प्रोफेसर डॉक्टर बालेश्वर चौधरी ने युवा पीढ़ी से राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा कहा कि आज राम को मानने से ज्यादा राम को जानने की जरूरत है ।नई पीढ़ी राम को जाने और सियाराम मय सब जग जानी। करो प्रणाम जोर जुग पानी के भाव का अनुपालन करें तो समाज का कल्याण और कुछ उत्तमआदर्श की सहज स्थापना हो सकती है। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्रधानाध्यापक भूपेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं का भी सम्मान किया गया। जयंती समारोह में बाढ़ के दर्जनों महानुभाव तथा वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। अहिंसा प्रशिक्षण से जुड़े कार्यकर्ता सनी कुमार सुधीर कुमार गुलशन तथा अणुव्रत आंदोलन के बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।



## दूसरी पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजवादी नेता स्व. मुन्ना वर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पांडे महाराजगंज जनादेश गोरेयाकोठी,सीवान। गोरेयाकोठी प्रखंड के भिट्ठी मे आयोजित गुरुवार को धर्मेंद्र कुमार वर्मा उर्फ मुन्ना वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया । वर्मा परिवार द्वारा स्थापित विभिन्न विद्यालयों द्वारा आयोजित समारोह में वक्ताओं ने यह संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर तपी प्रसाद उच्च विद्यालय तथा केशव ज्ञान वाटिका स्थित उनके समाधि पर कईं कार्यक्रम आयोजित हुए । सभा की अध्यक्षता करते हुए गोरेयाकोठी प्रखंड प्रमुख पति आशिक अंसारी ने कहा कि मुन्ना वर्मा एक संपन्न परिवार से आकर भी आजीवन गरीबों की लड़ाई लड़ते रहे। अभी उनका सपना अधूरा है। धर्मेंद्र वर्मा के पुत्र विवेक कुमार वर्मा ने कहा कि समाज में बदलाव की लड़ाई अभी अधूरी है ।हम आप सबों के सहयोग से उसे पूरा करेंगे । जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव वीरेंद्र यादव ने मुन्ना वर्मा के शिक्षा के क्षेत्र.में किए गए योगदान को याद किया। सभा में सरपंच जमालुद्दीन अंसारी , लालबाबू खरवार , प्रो. ओमप्रकाश श्रीवास्तव , उप सरपंच अनिरुद्ध तिवारी , जनार्दन शर्मा , आफताब आलम ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर तपी प्रसाद उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्भय कुमार सिंह आगत अतिथियों का स्वागत किया । विद्यालय की छात्र – छात्रा नीतू कुमारी , ज्योति कुमारी , अणु कुमारी , प्रतिभा कुमारी , शालू कुमारी , शिल्पी कुमारी , सीबी कुमारी , रेशमा कुमारी , विशाल कुमार ने मुन्ना वर्मा के व्यक्तित्व – कृतित्व पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रदर्शन के लिए विद्यालय के छात्रों रूपेश कुमार , सचित वर्मा , सावित्री कुमारी , रिया कुमारी , नेहा परवीन , नेहा खातून , वंदना कुमारी , सन्नी कुमारी , नेहाल कुमार को पुरस्कृत किया गया। रामाशीष वर्मा बालिका उच्च विद्यालय ने अपनी विद्यालयी पत्रिका प्रभा का अगला अंक स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार वर्मा पर निकलने की घोषणा की । इस सभा का संचालन उदय कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन कुमार विजेता ने किया।



## बागमती नदी के जल स्तर में वृद्धि अमनी पंचायत के हियादपुर में घुसा पानी


दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी प्रखंड के अमनी पंचायत स्थित वार्ड संख्या1के हियादपुर गांव में बागमती नदी तथा कोसी नदी में लगातार जल स्तर में वृद्धि हो रही है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को चिंता सता रही है। अब गांव तथा स्कूलों पर खतरा मंडरा रही है ।हियादपुर स्थित तिरासी टोला, मुसहरी टोला, मुसहरी, फुलवा शोलके लगभग 200 घर बाढ़ के तटबंध के अंदर है।

याद पुर गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हरे राम चौधरी ने बताया कि गांव में दाहिमान की स्थिति बनी हुई है ।सैकड़ों एकड़ लगी हुई फसलें डूब गई है ।जिससे गांव वालों की स्थिति दयनीय हो गई है। गांव वालों को ना ही एकमात्र सहारा है ।इसलिए दर्जनों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को नाव की व्यवस्था करने की मांग की है।



## सीतारामपुर एफसीआई तीन महीने से बंद, मजदूरों का हुआ बुरा हाल

नियामतपुर। सीतारामपुर एफसीआई लगभग तीन महीने से बंद रहने से एफसीआई के मजदूरों का हुआ बुरा हाल। बताया जाता है की सीतारामपुर एफसीआई पश्चिम बंगाल में 1 नंबर में गिना जाता है। यहाँ पर पूर्व बर्दवान और पश्चिम बर्दवान का ळट, डट का माल ट्रकों में लोड कर डीलर के माध्यम से राशन दूकानों में भेजा जाता है। मौजूदा हालात यह है कि तीन महीने से सीतारामपुर थ्ब् में काम बंद है कारण ट्रक एसोसिएशन की अपनी डिमांड है। इस संदर्भ में आसनसोल नगर निगम के स्थानीय 59 के पार्षद जाकिर हुसैन से पूछा गया तो उनका कहना अभी तक थ्ब् में काम करने वाले मजदूर हो या ट्रक एसोसिएशन के लोग अभी तक मुझे किसी ने कोई खबर नहीं दिया है न बुलाया है।



वही सीतारामपुर FCI के सम्बंध में भाजपा आसनसोल जिला नेता टिंकू वर्मा से पूछा गया तो उनका कहना था FCI से स्थानीय लोगों का रोजगार जुड़ा है। सीतारामपुर FCI गोदाम में लगभग 130 से अधिक मजदूर हर रोज लोडिंग अनलोडिंग का काम करते है। वे भी किसी न किसी पार्टी के यूनियन से जुड़े है। गोदाम में माल लाने ले जाने के लिये ट्रक भी है, पर वे भी अपने एसोसिएशन से जुड़े है। ट्रक एसोसिएशन की ओर से पूर्व बर्दवान माल ले जाने के लिये 10 हजार रुपया के करीब ट्रक पीछे भाड़ा डीलर से डिमांड किया गया है। वहीं डीलर पक्ष की ओर से 8,600 के करीब भाड़ा देने को कहा गया है। ट्रक एसोसिएशन और डीलर की आपसी खींचतान के कारण सीतारामपुर थ्ब् गोदाम बंद है । गोदाम के मजदूर और आसनसोल रेलवे यार्ड स्थित मालगाड़ी से उतारकर ट्रक में लोड करने वाले मजदूरों का भी बुरा हाल है। यहाँ भी लगभग 200 के करीब मजदूर भाई है। ट्रक एसोसिएशन और डीलर के साथ राजनीति प्रभाव से सीतारामपुर थ्ब् के मजदूरों का दयनीय अवस्था है।

## मशरक में मिनलर वाटर के प्लास्टिक जार मे 40 लीटर स्प्रिट शराब बरामद, धंधेबाज फरार

मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा गांव के बसवारी में थाना पुलिस और एएलटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर मिनरल वाटर के प्लास्टिक जार मे चालीस लीटर स्प्रिट शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर कवलपुरा पंचायत के कवलपुरा गांव में थाना पुलिस दरोगा



राजेश रंजन और एएलटीएफ टीम में जमादार अजय कुमार सिंह की अगुवाई में छापेमारी में रंधीर कुमार सिंह  पिता कृष्णानंद सिंह के घर के पीछे बासवारी से 40 लीटर  स्प्रिट शराब बरामद किया गया वही शराब धंधेबाज रंधीर कुमार सिंह पुलिस बल को आता देख फरार हो गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मशरक में बाइक दुर्घटना में पिता पुत्र घायल,सदर छपरा रेफर

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र



के सेमरी गांव के पास गुरूवार को दो बाइक की टक्कर मे बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। घायल की पहचान धोबवल गांव निवासी स्व नगीना साह का 65 वर्षीय पुत्र लालबाबू साह और लालबाबु साह का 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रुप में हुई। घायल ने बताया कि उसका दुकान गोढना बाजार पर है प्रतिदिन की भांति वो दुकान पर आ रहे थे तब तक अनियंत्रित बाइक ने ठोकर मार फरार हो गया।जहा ड्यूटी पर तैनातथ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर, वृद्ध लालबाबू साह को सिर पर ज्यादा जख्म के कारण सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## सतजोड़ा में कपड़े बेचने वाले से लदी ऑटो पलटी , तीन घायल

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को ऑटो पलटने में घायल तीन





लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां घायलों में तीन गंभीर घायल पश्चिम बंगाल के घोसवा थाना क्षेत्र के मृत्युंजय मंडल,सौमित मंडल, दीपांकर नय्या के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि वह ऑटो में सवार होकर मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से मशरक यदु मोड़ पर अपने डेरा पर आ रहें थे कि सतजोड़ा में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के मुरान पर पलट गई जिसमें तीनों घायल हो गए वही गंभीर रूप से घायल तीन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## अमनी मोड़ के पास दो शराबी गिरफ्तार

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स मानसी प्रखंड क्षेत्र



के अमनी गांव के पास उत्पाद पुलिस ने दो शराबी को गिरफ्तार किया। उत्पाद इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए शराबी की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा चुकी है ।एक शराबी मोरकाही थाना क्षेत्र के खुटहा गांव के रहने वाले हैं। तथा दूसरा दरभंगा जिले के रहने वाले हैं ।जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

